Harijans, Backward Classes and other deserving persons in rural as well as urban areas will be entitled to this relief provided that, in no case, will a family with one habitable kotha left get it. An amount of Rs 17,13,075 has been placed at the disposal of the Deputy Commissioners for this purpose.

Special grant to families who have lost their bread-winners. A family which has lost its bread-winners will be given a cash grant of Rs 200. An amount of Rs 1,000 has been placed at the disposal of Deputy Commissioners for this purpose.

Pumping out of standing waters from fields and abadis. The Irrigation Department was allowed to purchase additional pumping-sets worth Rs 2,13,371 in order to enable that department to drain out the flood waters.

Relief Test works. A sum of Rs 26,00,000 has been placed at the disposal of the Deputy Commissioners for the execution of Relief Test Works, in the flood affected areas.

Chief Minister's Relief Fund.— A sum of Rs 50,000 has been placed at the disposal of the Deputy Commissioner, Rohtak/Karnal/ Gurgaon/Sangrur out of the Chief Minister's Relief Fund for distribution in cash to deserving Harijans and members of backward classes, for the purchase of bedding and clothes.

Indian People Famine Trust.—A sum of Rs. 20,000 received from the Indian People Famine Trust, New Delhi was placed at the disposal of the Deputy Commissioners for utilization.

2. DROUGHT

Unfortunately some parts of the State have been visited by another calamity, i.e. drought this year. Scarcity conditions developed in certain parts of Hissar, Gurgaon, Mohindergarh and Rohtak Districts first in the months of June and July, 1963. The situation eased to some extent later on, on account of Monsoon rains in August and September, 1963. The scarcity conditions re-occurred in these areas due to failure of winter rains. The area affected by drought constitutes a compact region of these four districts. Number of affected

[Revenue Minister]

villages in which more than 25% crops had failed to mature is about 624. The districtwise details of these villages are as below :—

Sr. No.	Name of district	Name of Tehsil & Sub-Tehsil together with Number of total villages in the Tehsil.	Number of villages in which more than 25% crops had failed to mature
1.	Mohindergarh	1. Dadri (181)	136
		2. Mohindergarh (156)	154
		3. Narnaul (202)	53
			343
2.	Hissar	Bhiwani (208)	175
3.	Gurgaon	Rewari (426)	41
4.	Rohtak	1. Nahar Sub-Tehsil 2. Some Villages of Jhajjar Tehsil	65

In order to have first-hand knowledge of the situation in the scarcity-affected areas, Financial Commissioner, Revenue toured the affected areas of Mohindergarh District, Bhiwani Tehsil of Hissar District and Rewari Tehsil ofGurgaon District in the second week of January, 1964.

Despite drought conditions the general health of the people is satisfactory and there are no reports of epidemic or any special diseases among cattle. There have been no migration of people from the affected areas. 777 cattle died in the State due to drought conditions. Out of this 473 cattle died in the months of July and August, 1963 while 304 cattle died recently. These were mostly stray cattle.

The Government has taken all necessary measures for alleviating the sufferings of the people. Relief works such as construction of roads, construction and deepening of village ponds, tanks and kunds have been sanctioned to provide gainful employment to people in the affected areas. The amounts so far sanctioned for this purpose and other relief measures taken are given below :—

1. Construction of Roads

(a) Mohindergarh District

	Rs.
(i) Mohindergarh-Madhogarh-Satnali Badhara-Jitpura Road	..3,00,000
(ii) Satnali-Laharu Road	..2,00,000
(iii) Village link roads (Rs 1 lakh per Block for 8 Blocks)	..8,00,000
(b) Hissar District.	
(i) Kairu-Bahal-Jhompa Road	..1,50,000
(ii) Tosham-Siwani Road	..1,50,000
(iii) Bahl-Tosham Road	..4,00,000
(c) Gurgaon District	
(i) Nangal Mandi to Gobindpuri Road	..2,00,000
(ii) Village link roads in Khol and Rewari Blocks (Rs 1 lakh per Block)	...2,00,000
Total	...24,00,000

3. The Chief Engineer, P.W.D., B. & R., has been requested to take up earth work on the following roads in Rohtak District during the current financial year (1963-64) and spend Rs. 50,000 or even more out of the savings with him :—

(a) Nangawa-Kailawas .. 6 miles.
(b) Kosli-Guriana .. 4½ miles.
(c) Khanpur-Salawas .. 7½ miles.
(d) Nahar-Bahu .. 6 miles.

In order to provide employment to the drought-affected people in Bhiwani Tehsil, Deputy Commissioner, Hissar, has been asked to undertake earth work on the Sangani-Rodhan-Siwani Road (34 miles).

4. Construction of kunds in Bhiwani Tehsil, district Hissar ..Rs 2,00,000

5. Deepening and improvement of existing village tanks in Gurgaon District ..Rs 5,00,000

6. Deepening of village ponds in Nahar Sub-Tehsil of Rohtak District ..Rs 50,000

7. Soil Conservation Works (Contour Bunding) in Gurgaon, Hissar and Mohindergarh Districts ..Rs 75,000

8. Grant for the supply of fodder @ Rs 10 per cattle in Hissar District (Fodder worth Rs. 20, 330 was distributed in the month of June-August, 1963. Fodder worth Rs 27,000 was distributed on reappearance of scarcity conditions. Out of the remaining amount fodder is being supplied at subsidised rate of Rs 3 per maund) ..Rs 3,00,000

9. For subsidising cost of transportation of fodder in Mohindergarh District. ..Rs 3,00,000

10. Subsidy for fodder
Mohindergarh ..Rs 2 lac
Gurgaon ..Rs 1 lac
Rohtak ..Rs 1 lac

(At the rate of 50% of the price of the fodder at the distributing centre subject to a maximum of Rs 3 per maund)

Further demands of the Deputy Commissioners for the next financial year are under consideration of the Government.

11. Taccavi loan for the purchase of fodder ..Rs 47,50,000
12. Remission of Land Revenue as follows :—

(a) Where damage is more than 50%. .. Total Remission.

(b) Where damage is below 50% but more than 25% .. 75% remission

13. Additional works to provide employment in drought areas of following categories :—

(i) Village tanks
(ii) Village water works
(iii) Contour bunding and Soil Conservation Schemes
(iv) Tree plantations

[Revenue Minister]

Proposals for funds for these works have been received from the Deputy Commissioners and are under consideration of Government.

14. Priority to be given to rural electrification in these areas.

15. Division of blocks into Relief Circles and the opening of Fair Price shops and Fodder Depots in each circle so that villagers do not have to travel much to get fodder and other essential necessities.

16. Each such circle is also to have a programme of relief works. Formation of Relief Committees at block and District levels with non-official and official members to ensure better co-ordination between official and non-official agencies, to raise funds for relief and to enable non-official agencies to undertake relief measures.

17. An amount of Rs 25,000 has been sanctioned by the Chief Minister, Punjab, out of his Relief Fund for distribution amongst the destitute families of the drought-affected areas of Hissar District.

18. The Government of India, Ministry of Food and Agriculture has arranged for free supply of 1,000 maunds of hay from Himachal Pradesh, one wagon load dockage from Bombay to the Deputy Commissioner of Mohindergarh and 100 tons of hay from Army stock at Alwar to the Deputy Commsisioner, Gurgaon, for distribution in the drought-affected areas of these districts. In this connection, the Chairman, Indian People's Famine Trust has sanctioned a grant of Rs 61,000 from the Trust Fund to reimburse the expenditure initially incurred by the State Government in connection with the fodder so supplied by the Covernment of India.

COLD WAVE AND FROST

It is third calamity that has visited this State during this year. Government have already addressed all the Deputy Commissioners in the State to send us the figures of damage caused to crops by cold and frost and to send proposals for relief. An exact damage to crops can be assessed only after Girdawari from field to field which will take some time. However, instructions have been issued to all the Deputy Commissioners to suspend recoveries of taccavi loan in deserving cases in all such areas. Decision regarding remission of land revenue and abiana or other relief will be taken as and when Deputy Commissioners are able to assess the damage after proper girdawari.

DEMANDS FOR GRANTS

57—ROAD AND WATER TRANSPORT SCHEMES

Chief Minister (Sardar Partap Singh Kairon) : Madam, I beg tomove

> That a sum not exceeding Rs. 4,38,69,530 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1964-65 in respect of charges under head "57—Road and Water Transport Schemes".

Deputy Speaker : Motion moved—

> That a sum not exceeding Rs 4,38,69.530 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1964-65 in respect of charges under head "57-Road and Water Transport Schemes".

I have received notices of cut-motions from various hon. Members. They will be deemed to have been read and moved and can be discussed along with the main Motion.

1. **Comrade Gurbakhsh Singh** : That the demand be reduced by Rs. 100.

2. **Comrade Makhan Singh Tarsikka** : That the demand be reduced by Rs. 100.

3. **Shri Rup Singh Phul** : That the demand be reduced by Re. 1.

4. **Captain Rattan Singh** : That the demand be reduced by Re. 1.

5. **Chaudhri Ran Singh** :
6. **Sardar Pritam Singh Sahoke** :

That the demand be reduced by Rs 100.

श्री बलरामजी दास टंडन (अमृतसर शहर,पश्चिम) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज ट्रांस्पोर्ट विभाग के लिये मुख्य मंत्री साहिब ने 4 करोड़ और 38 लाख रुपए की मांग की है। ट्रांस्पोर्ट के बारे में इस हाउस के अन्दर सवालों के ज़रिए और उस के इलावा मोशन्ज़ के ज़रिए भी सरकार का ध्यान इस बात की तरफ दिलाने की कोशिश की गई है कि इसे ठीक ढंग से चलाने की कोशिश की जाए। इस बात में कोई शक नहीं कि पिछले चंद सालों में ट्रांस्पोर्ट विभाग में काफी सुधार और तरक्की हुई है लेकिन जिस तरीके से पंजाब सरकार इस महकमें को चला रही है, इस के अन्दर जो डिफेक्ट्स हैं अगर उन को ठीक न किया गया तो इस में काफी डिटीरियोरेशन होगी। आज इस महक्में के बारे में पंजाब के अन्दर जो सब से ज़्यादा बहस तलब बात चल रही है, जिस में हर आदमी हिस्सा ले रहा है वह यह है कि दिन बदिन महंगाई बढ़ रही है। इस का कई पहलू से इनसान की रोज़ाना जिंदगी के साथ ताल्लुक है। यहां पर होम मिनिस्टर साहिब ने जो कि फूड एंड सप्लाईज़ के भी मिनिस्टर हैं स्टेटमेंट दी थी कि सरकार बहुत से ऐसे मैयर्ज़ ले रही है जिस से आम आदमियों की शिकायात को दूर किया जा सकेगा। लेकिन जहां तक अमल करने का ताल्लुक है उस बात की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता। अगर लोगों की तरफ से सरकार को कोई प्रार्थना की जाए तो उस का कोई असर नहीं होता। हमारी सरकार ने आर्डर निकाले हैं कि व्यापारी हर चीज़ की प्राइस लिस्ट लगाएं। लेकिन इन बातों का तब असर हो सकता है अगर सरकार खुद मुनाफे की मनोवृत्ति को छोड़े। जब सरकार खुद ही मुनाफेखोर है तो दूसरों से कैसे उम्मीद की जा सकती है कि वह प्राइसिज़ को कम करने की कोशिश करें। सरकार की ज़िम्मेदारी है कि वह इन सब बातों को देखे और सब से पहले अपने आप को ठीक करे। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि पिछले सालों में ट्रांस्पोर्ट डीपार्टमेंट के हाउस में जो आँकड़े बताए जाते रहे हैं वह यह बताते हैं कि लगभग 15 से 20 प्रतिशत के करीब पंजाब रोडवेज़ वाले मुनाफा निकालते रहे हैं। जिस वक्त से सरकार ने ट्रांस्पोर्ट को अपने हाथ में लिया है उस वक्त से ले कर अब तक अगर देखा जाए तो पता लगता है कि हर साल इन का मुनाफा बढ़ा है और

[श्री बलरामजी दास टंडन]

माइलेज का रकबा भी बढ़ता रहा है और आज यह 18 प्रति शत और 20 प्रति शत के करीब प्राफिट निकाल रहे हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह मानी हुई बात है कि सरकार जितने काम करती है उस के पीछे यह स्पिरिट होती है कि लोगों का ज़्यादा से ज़्यादा फायदा हो। इस बात को मुख्य रखते हुए यह होना चाहिए कि जो भी सरकारी या सैमी गवर्नमेंट अदारे लोगों को फैसिलिटीज़ देने के लिये रन किए जाते हैं वह नो-प्राफिट नो-लॉस बेसिज़ पर हों। लेकिन हमारी सरकार ऐसा नहीं सोचती। मैं समझता हूँ कि एक मुनाफेखोर व्यापारी भी शायद उतना ज़्यादा मुनाफा लेने के लिए नहीं सोचता होगा जितनी कि पंजाब सरकार मुनाफाखोरी करने पर तुली हुई है। पहले लुधियाना से चण्डीगढ़ तक आने के लिये 2 रुपए 3 आने देने पड़ते थे लेकिन अब उसे 3 रुपए 1 आना देना पड़ता है। यानी एक रुपए के लग भग उस का किराया बढ़ा दिया है। जब सरकार की खुद ऐसी पालिसी है तो मुझे समझ नहीं आती कि कौन सा मारल पहलू रह जाता है जिस की बिना पर यह लोगों को कहें कि तुम मुनाफा कम लो। इसी तरह बिजली जो है इस पर सरकार के दो नए पैसे पर यूनिट खर्च आते हैं। सरकार को कहना चाहिए था कि हम आज तक इतना चार्ज करते रहे हैं अब कम करेंगे, but this Government has no such consideration इसके बाद अगर सरकार व्यापारियों के पास पहुँचती है और उनको कहती है कि वह कीमतें कम करें तो मैं समझता हूं कि सरकार के पास ऐसा कहने के लिए मारल ग्राउंड नहीं है। अगर मैं यह करूं कि मुझे तो मुनाफा ज़्यादा से ज़्यादा मिले और लोगों को यह कहता फिरूं और उपदेश करूं कि उनको मुनाफा कम लेना चाहिए और कीमतें कम करनी चाहिएं तो मेरे इस कहने का कोई असर नहीं हो सकता। यही हालात आज पंजाब में सरकार कर रही है कि खुद तो अपनी चीज़ों की कीमतें बढ़ा दी हैं, बसों के किराए बढ़ा दिए हैं जिस के खिलाफ आज सारे पंजाब में आवाज़ उठ रही है लेकिन दूसरों को उपदेश देते हैं कि अपनी कीमतें कम करो। यह निहायत अफसोसनाक बात है जो सरकार कर रही है। जिस बात का सरकार दूसरों को उपदेश देती है उस बात को पहले खुद करना चाहिए ताकि उसका लोगों पर अच्छा असर पड़े। यह तो इस बात का एक पहलू है अब मैं दूसरा भी अर्ज़ करता हूं। एक तरफ तो सरकार की बसें चलती हैं और दूसरी प्राइवेट ट्रांस्पोर्टेज़ हैं जिन के बारे में सरकार को पूरे अख्तियारात हैं कि जिनको चाहें ट्रकों और बसों के रूट परमिट्स दें। इसी हाउस के अन्दर यह बात कई दफा आ चुकी है कि इन अख्तियारात का सरकार ने अपने ज़ाती मुफाद के लिए इतना मिसयूज़ किया है कि शायद ही किसी और महक्में में ऐसा हुआ हो। इन रूट परमिट्स के देने के लिए सरकार ने कोई क्राइटेरिया फिक्स नहीं किए हैं कि किस को बसों और ट्रकों के परमिट्स देने हैं। सिर्फ उन लोगों को दिए जाते हैं जिनको सरकारी गद्दियां कायम रखने के लिए खरीदना होता है। आपको पता है और इस हाउस में यह बात कई दफा आ चुकी है कि इस हाउस के मैम्बरान को परमिट्स दिए जाते हैं जिन के पास न कोई बस है और न कोई ट्रक है और न वह यह काम

करते हैं सिवाए इस के कि वह इन परमिट्स को आगे पांच सौ सात सौ या हज़ार रुपए माहवार पर बेच देते हैं। उन मैम्बरान को दिए जाते जो किसी क्राइटेरिया के मातहत भी यह परमिट्स लेने के हकदार नहीं हैं उनको और उनके रिश्तेदारों को सिर्फ इस लिए यह परमिट्स दिए जाते हैं ताकि उनकी लायलटी को खरीद सकें और उनके सिर के ऊपर यह तलवार लटकती रहे कि चूंकि उनको चीफ़ मिनिस्टर साहिब ने पांच या सात हज़ार रुपए की आमदनी का साधन दिया है इस लिए उनको उनके अंगूठे के नीचे रहना है वरना उन से यह आमदनी का साधन छिन जाएगा। ऐसे हालात आज पंजाब में हो रहे हैं कि moral values of life जो हैं उनको गिराया जा रहा है और इस गिरावट को लाने के लिए इस ट्रांसपोर्ट को यूज़ करके सरकार अपनी पावर्ज़ का मिसयूज़ कर रही है। मैं पूछना चाहता हूँ कि यह सरकारी बैंचों पर बैठने वाले किस मुंह से लोगों को मौरैलिटी का उपदेश दे सकते हैं जब यह खुद मौरल गिरा रहे हैं और लोगों की मजबूरी, गरीबी, भूख और कमज़ोरी का नाजायज़ फायदा उठा कर उनको इस तरह एक रस्से से बांधने की कोशिश कर रहे हैं। मैं कहना चाहता हूँ कि अगर सरकार सच्चे दिल से इस धांधली को रोकना चाहती है तो सरकार कोई क्राइटेरिया बना कर यह परमिट्स दे और एक मैम्बर तो क्या अगर गवर्नमैंट भी चली जाती है तो भी उन क्राइटेरियन की उल्लंघना न करे। अगर सरकार ने ऐसा न किया, वैल्यूज़ आफ लाइफ को सामने न रखा, और अपनी पावर्ज़ का मिसयूज़ न रोका तो इस से सारी सोसाइटी खत्म हो जाएगी और सारे मौरल स्टैंडर्ड्ज़ खत्म हो जाएंगे जिन के नतायज बहुत हानिकारक निकलेंगे। इस चीज़ का दूसरा पहलू है वह यह कि जब भी इस सरकार को ज़रूरत पड़ती है चाहे इलैक्शन आ जाए या इन पर कोई और भीड़ पड़ जाए तो यह फौरन प्राइवेट आप्रेटर्ज़ के पास चले जाते हैं कि इतने लाख इकट्ठा करके दो। हर एक परमिट के पीछे सौ या दो सौ मुकर्रर कर देते हैं कि फी परमिट इतना इतना रुपया दो.....................................

उपाध्यक्षा : किसी सबूत के बगैर कोई बात न करें। (Please do not say anything without any proof for that.)

श्री बलराम जी दास टंडन : मैं सबूत भी दे सकता हूँ कि जब भी इस रूलिंग पार्टी पर कोई भीड़ आती है, चाहे कोई इलैकशन आ जाए या कोई और बात हो तो सब से पहले प्राइवेट आप्रेटर्ज़ विकटम बनते हैं और उन से फी परमिट एक मुकर्ररा रक्म वसूल की जाती है क्योंकि उनको उबलाइज किया होता है और कई आदमियों को पेंडंग रूटस दिए होते हैं। मिसाल के तौर पर शिमला का रूट है, कशमीर का रूट है जिस से हज़ार रुपया से भी ज़्यादा आमदनी फी माह उसे बेच कर ली जा सकती है। उन लोगों से फिर यह चन्दे वसूल करते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि अगर सरकार इस कुरप्शन को दूर करना चाहती है तो इस मिसयूज़ आफ पावर को रोके और इन परमिट्स को देने के लिए क्राइटेरिया बनाए या कुआप्रेटिव सोसाइटीज़ को यह काम दे। मैं तो यह कहता हूँ कि इन सब बुराइयों को दूर करने के लिये या सरकार फिर यह करे कि ट्रांसपोर्ट को नैश्नेलाइज़ किया जाए वरना पंजाब के

[श्री बलरामजी दास टंडन]

माथे पर यह हमेशा के लिये स्टिगमा बना रहेगा। फिर ट्रांसपोर्ट में एक और बात चलती है कि जो बड़ी-बड़ी जगहें हैं या जो मेन रूट्स हैं उन पर तो अच्छी बसें चलती हैं लेकिन जो छोटे रूट्स हैं उन पर ऐसी बसें चलती हैं जिन को लोगों को धक्का लगाना पड़ता है। यह हमारे लिए बड़ी शर्म की बात है कि जो मेन रूट्स हैं जिन पर ज़्यादा मुनाफा होता है उन पर तो अच्छी बसें चलाते हैं लेकिन जो छोटे रूट्स हैं जहां भी इसी स्टेट के लोग और टैक्स-पेयर बसते हैं जो पूरा किराया देते हैं जिनको ज़रूरी कामों के लिये आना जाना पड़ता है वहां धक्का लगाने वाली बसें चलाई जाती हैं। यह लोगों के साथ बड़ी भारी बेइन्साफी है जिसे जल्द दूर किया जाए इस के अलावा जो बस स्टैंड हैं वह बड़े-बड़े शहरों में ऐसी जगहों में बने हुए हैं जो बड़े कन्जैस्टिड एरियाज़ हैं और जहां से हो कर छोटे-छोटे बच्चे सकूलों को जाने के लिए गुज़रते हैं। इस से बड़ी दुर्घटनाएं होती हैं। लुध्याना और दूसरे बड़े बड़े शहरों में बस स्टैंड मेन रोडज़ पर ही बने हैं। इस तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिए और जो वहां पर बाई पासिज़ बने हैं उनके पास बस सटैंड बनाने चाहिएं ताकि नारमल ट्रैफिक डिस्टर्ब न हो और एक्सीडैंट्स भी न हों। इस के अलावा रेलवे क्रासिंगज़ पर बड़ी दिक्कत है और हर साल एक एक क्रासिंग पर लाखों नहीं करोड़ों मैन अवर्ज वेसट होते हैं क्योंकि वहां पर बसें काफी अर्सा तक रुकी खड़ी रहती हैं। एक रेलवे क्रासिंग पर अगर एक बस 15 मिनट रुकती है और उस में 52 सवारियां हैं तो उस से 13 मैन अवर्ज वेसट हो जाते हैं। आप अन्दाज़ा लगाएं कि कितनी बसें चलती हैं और कितने रेलवे क्रासिंग और कितना समय वेसट होता है। मैं अर्ज़ करूंगा कि ऐसे क्रासिंगज़ पर ओवरबरिजज़ बनाए जाएं ताकि लोगों का भी और देश का भी इतना वक्त वेसट न हो (घंटी) मैं सिर्फ दो चार मिन्ट में खत्म करता हूं। इस के अलावा मैं अर्ज़ करता हूँ कि जहां तक पंजाब रोडवेज़ के कर्मचारियों का संबन्ध है उनका बीहेवियर टोन अप करने की बहुत ज़रूरत है। प्राइवेट कंपनियां के जो मुलाज़म हैं उनका बीहेवियर उन से काफी अच्छा है और उस की वजह यह है कि उनको डर रहता है कि अगर उनकी शिकायत हुई तो कंपनी वाले उनको निकाल देंगे। लेकिन पंजाब रोडवेज़ के कर्मचारी मिसबीहेव करते हैं और ऐसी बहुत शिकायतें हमारे नोटिस में आई हैं कि वह सवारियों की बिल्कुल परवाह नहीं करते और बड़े रूड तरीके से पेश आते हैं। मैं समझता हूँ कि ट्रांस्पोर्ट मिनिस्टर इस तरफ ध्यान देंगे। जिन कर्मचारियों का बीहेवियर अच्छा हो तो उन्हें सरकार इनाम दे कर प्रोत्साहन दे, उन को एप्रीसिएशन सर्टीफिकेट देना चाहिए और जिन कर्मचारियों के विरुद्ध शिकायतें हों उन के विरुद्ध एक्शन लिया जाना चाहिए ताकि दूसरे लोगों को सबक मिल सके। अगर सरकार ने इस ओर कदम न उठाया तो मैं समझता हूं कि हमारा बीहेवियर का स्टेंडर्ड गिरता जाएगा और हम सम्भल नहीं सकेंगे। मैं मिनिस्टर साहिब से प्रार्थना करना चाहता हूँ कि इस तरफ टाप प्रायर्टी देने की जरूरत है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, कई जगहों पर बस स्टैंड बने हुए हैं जहां पर चार, पांच बसें खड़ी नहीं हो सकतीं। वहां पर लोगों को खड़े होने की बहुत मुश्किल है। लोगों को इस बारे में सहूलियत देनी चाहिए। बस स्टैंडों को एनलार्ज करना चाहिए। लोगों को सहूलतें दी जानी चाहिएं। कई बस स्टैंडों पर पानी, लैटरिन और बिजली का कोई प्रबन्ध नहीं है। यह चीज़ सफर करते वक्त 50 जगहों में नज़र आई है। कहीं पर इलैक्ट्रिसिटी नहीं है कहीं पर पानी का प्रबन्ध नहीं और अगर कहीं पर है तो उस को ठीक तरह से मेनटेन नहीं किया जाता है। जब भी यह चीज़ पी० डब्लयू० डी० के नोटिस में लाई जाती है तो वह कहते हैं कि हमारा काम नहीं है और जब इलैक्ट्रिसिटी डिपार्टमेंट के नोटिस में लाया जाता है तो वह कहते हैं कि हमारा यह काम नहीं है। नतीजा यह होता है कि वह चीज़ें प्रापरली मेनटेन नहीं की जातीं और मुसाफिरों को दिक्कतें पेश आती हैं। मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस ओर सरकार शीघ्र कदम उठाए। डिप्टी स्पीकर साहिबा, पेप्सू रोडवेज़ की बसों पर जो सामान छतों पर रखा जाता है उस के लिये टिकट इशू किए जाते हैं। यह इन्तज़ाम पैप्सू रोडवेज़ वाले करते हैं ताकि लोगों का माल कहीं भी बांट न सके। क्योंकि जो टिकट मुसाफिर को दिया जाता है वही टिकट मुसाफिर के सामान पर नत्थी कर दिया जाता है। लेकिन पंजाब रोडवेज़ में यह सिस्टम अभी तक लागू नहीं किया गया है। इस का नतीजा यह होता है कि आए दिन लोगों का माल दूसरे उठा कर ले जाते हैं। वह शिकायत करते हैं लेकिन कुछ बनता बनाता नहीं है। अगर यह सिस्टम पंजाब रोडवेज़ में लागू कर दिया जाए, इस से न सिर्फ जनता को ही लाभ होगा बल्कि सरकार की भी कई दिक्कतें दूर हो जाएगी। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि अगर यह छोटी छोटी ट्रांस्पोर्ट कम्पनियां यह सिस्टम एडाप्ट कर सकती हैं तो क्या यह सिस्टम पंजाब रोडवेज़ में लागू नहीं किया जा सकता? इस लिए मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस सिस्टम को पंजाब रोडवेज़ में टाप प्रायर्टी बेसिज़ पर लागू किया जाए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, सरकार रोज़ रोज़ किरायों में बढ़ौतरी करती रहती है लेकिन उन की टिकटें उन के मुताबिक नहीं होतीं उन पर स्टैम्प लगी नहीं होती। इस के बारे में एक मिसाल देना चाहता हूँ कि एक मुसाफिर को तीन रुपये 25 नए पैसे का टिकट दिया जाता है लेकिन टिक्ट पर 2.65 की स्टैम्प होती है। इस में कंडक्टर हेराफेरी करके ज़्यादा और कम कीमत पर बेच सकता है लेकिन मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि मुसाफिर के पास कोई ऐसा साधन नहीं होता जिस से यह देख सके कि वाकई उस ने ठीक किराया लिया है। वह किसी से 3–50 पैसे भी लिए जा सकते हैं। अगर इस के बारे में कोई चैक करने के लिए मुसाफिर के पास साधन हो तो वह चैक कर सकता है (घंटी) इस चीज को चैक अप करने के लिये सरकार को चाहिए कि हर एक बस जिस रूट में जा रही हो उस के अन्दर एक मोटे अक्षरों में टाइम टेबल तथा कीमतों की लिस्ट होनी चाहिए ताकि लोग उस लिस्ट से चैक कर सकें। मिसाल के तौर पर एक बस अमृतसर से जालन्धर को जाती है और दूसरी बस अमृतसर से रैया जाती है तो बीच में जितने स्टेशन आते हों उस के किराये की

[श्री बलरामजी दास टंडन]

लिस्ट वहां पर लगी होनी चाहिए ताकि लोग अपनी टिकट का किराया चैक अप कर सकें। इस तरह से कंडक्टर कोई भी वेरीएशन नहीं कर सकेगा।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, पंजाब के अन्दर जो तरक्की हुई है अगर हम उस को मैनटेन नहीं कर सके तो काम खराब हो जाएगा। (घंटी) अन्त में मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि छोटी रोड्ज़ पर जो बसें चलती हैं, उन के कर्मचारियों का बीहेवियर ठीक होना चाहिए। महंगाई के बारे में सरकार ने जो कदम उठाए हैं उन की तरफ ध्यान देना चाहिए। मैं समझता हूं कि जिन कर्मचारियों का बीहेवियर अच्छा हो उन को इनाम देना चाहिए। अगर सरकार ने इस तरफ ध्यान दिया तो मैं समझता हूं कि पंजाब की इज्जत और शान और बढ़ेगी। इतना कह कर अपनी सीट रिज्यूम करता हूँ।

श्रीमती सरला देवी शर्मा (बरसर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज इस हाउस के अन्दर ट्रांस्पोर्ट की डिमांड पर डिस्कश्न हो रही है और सरकार ने इस डिमांड पर चार करोड़ और कुछ लाख रुपए प्रोवाइड किए हैं। सब से पहले मैं पंजाब सरकार को इस बात की बधाई देती हूं कि पंजाब के अन्दर जितनी तरक्की हुई है, मेरे विचार में उतनी भारत के किसी अन्य स्टेट में नहीं हुई। मैं ने यू० पी० में देखा है, मद्रास में भी देखा, बम्बई के अन्दर भी जा कर देखा मैं ने हिन्दुस्तान की सब जगहों पर जा कर देखा लेकिन पंजाब जैसा ट्रांस्पोर्ट का सिस्टम कहीं भी दिखाई नहीं दिया। इस लिए मैं पंजाब सरकार को बधाई देना चाहती हूँ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारी सरकार ने इस तरफ काफी कदम उठाए हैं। सरकार ने डिस्ट्रिक्ट हैड क्वाटर्ज़ पर बड़े-बड़े बस स्टैंड बनवाए हैं, मुसाफरों को भी कई प्रकार की सहूलतें दी हैं और दी जा रही हैं लेकिन इस के साथ मैं थोड़ी सी बात करना चाहती हूँ। जहां पर मुसाफिरों को सहूलतें दी जा रही हैं और बस स्टैंड बनाए जा रहे हैं वहां पर ड्राइवरों के लिए रिटायरिंग रूम ज़रूर होना चाहिए ताकि सारी दिन मेहनत करने के बाद आराम तो कर सकें। उन को बसों की छतों पर ही आराम करना पड़ता है और सुबह उठ कर वह चल देते हैं...........

उपाध्यक्षा : आप कंडक्टरों को भी साथ कहें (The hon. Lady Member may also include conductors in it,)

श्रीमती सरला देवी : मेरा कहने का भाव दोनों के बारे में ही है। ड्राइवरों और कंडक्टरों को कोई सहूलतें नहीं दी जाती हैं। अगर सरकार ने लोगों की भलाई के लिये इतने काम किए हैं लेकिन इन के लिये कोई काम नहीं किया है। इस से ऐसा लगता है कि उन के लिये कोई अच्छा काम नहीं किया है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप के द्वारा इस हाउस में एक मिसाल देना चाहती हूँ। आप नंगल जा कर देखें सरकार ने ड्राइवरों और कंडक्टरों के रहने के लिए कोई क्वाटर्ज़ नहीं बनाए हैं। मैं ने श्री पल्टा साहिब के नोटिस में यह बात लाई थी और एक अफसर जिस का नाम भूल गई हूँ, वह अम्बाला में लगा हुआ है, जा कर यह बात नोटिस में लाई थी कि

नंगल से जो ड्राइवर देहली जाते हैं और देहली से नंगल चलते हैं उन्हें रात बसों की छतों पर ही काटनी पड़ती है और सुबह फिर चल पड़ते हैं। उन के रहने के लिये क्वाटर्ज़ होने चाहिएं। यह इन्तज़ाम बस स्टैंड पर ही होना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरे एक माननीय सदस्य, श्री बलरामजी दास टण्डन साहिब ने अपनी स्पीच में कहा है कि सरकार अपने आदमियों को रूट देकर आपोज़ीशन के लोगों को अपने साथ मिला रही है। और इस तरफ कुरप्शन बढ़ रही है। मैं अर्ज़ करना चाहती हूं कि माननीय सदस्य को इस बारे में पूरी जानकारी नहीं है। पंजाब सरकार ने शिमला से कालका तक और काश्मीर और जम्मू के पर्मिट को छोड कर खुले कर दिए हैं। किसी व्यक्ति के पास ट्रक हो तो वह जा कर रूट ले सकता है।

बाबू बचन सिंह : श्री बलरामजी दास टण्डन ने भी शिमला और काश्मीर की बात की है।

श्रीमती सरला देवी शर्मा : श्री बलारामजी दास टण्डन ने जनरल बात कही है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अर्ज़ करना चाहती हूं कि पंजाब रोडवेज़ को 2 करोड़ रुपया मुनाफा हुआ है। इस से ज़्यादा भी मुनाफा हो सकता है देश में इस वक्त बैंक नैश्नेलाइज़ करने की आवाज उठी हुई है। अगर बैंक नैश्नेलाइज़ हो जाएं तो समाजवाद की तरफ हमारा कदम होगा। इसी तरह से अगर ट्रांस्पोर्ट नैश्नेलाइज़ हो जाए तो मैं समझती हूँ कि हमें न सिर्फ मुनाफा ही होगा बल्कि लोगों के ऊपर टैक्स भी नहीं लगाना पड़ेगा (विघ्न) डिप्टी स्पीकर साहिबा, कांगड़ा ज़िले का एक चपड़ासी यहां पर काम करता है। उस की औरत बीमार थी। मैं उस को देखने के लिये उस के घर गई। मैं ने उसे पूछा कि आप को तनखाह कितनी मिलती है। उस ने जवाब दिया कि 75 रुपये मिलती है। उस में से 30 रुपये मन गंदम का आटा मिलता है और उस के पांच बच्चे हैं। मुझे पता नहीं कि वह किस तरह से गुज़ारा करता है। इस के साथ में अर्ज करना चाहती हूं कि टैक्सों के कारण ही कीमतें बढ़ी हैं। अगर ट्रांस्पोर्ट को नैश्नेलाइज़ कर दिया जाए तो सरकार को काफी मुनाफा होगा। इस से लोगों को टेक्स कम देना पड़ेगा। मैं समझती हूँ कि नैश्नेलाइज़ के बारे में बहुत प्रगतिशील कदम उठाया है। सरकार ने अभी तक 50 : 50 प्रतिशत बसें नैशनेलाइज़ की हैं। इस का मतलब यह है कि 50 प्रतिशत सरकार की बसें चलती हैं और 50 प्रतिशत प्राइवेट बसें चलती हैं। मैं समझती हूँ कि यह सिस्टम सब जगह पर नहीं लागू किया है। अगर आप फिरोजपुर तक जाएं। वहां पर आप को पता चलेगा कि वहां पर पंजाब रोडवेज़ की बसें कम चलती हैं और प्राइवेट बसें ज्यादा चलती हैं। (विघ्न)

4-00 p.m. | यह तो मेम्बर साहिब को पता होगा, उन्हों ने दलाली की होगी। मुझे तो पैसे लेने देने का पता नहीं है............................मैं यह प्रार्थना कर रही थी कि पंजाब रोडवेज़ ने जो 50 : 50 बेसिज़ पर किया है यह बहुत बड़ा कदम है। इस से पंजाब रोडवेज़ को ज़्यादा मुनाफा होगा। लेकिन इस में कुछ त्रुटियां हैं जो मैं आप

[श्रीमती सरला देवी]

के ज़रिये सरकार के ध्यान में लाना चाहती हूँ। कि आज कल छोटे-छोटे पुर्जे टूट जाने से बसों में बीस-बीस लिटर डीज़ल ज़्यादा जल जाता है और इस से भारी नुकसान होता है। मिसाल के तौर पर मैं बताना चाहती हूं कि एक बस रोपड़ से चलती है उस ने अम्बाले जाना होता है। उस में केवल एक छोटा सा रिंग डाला जाना चाहिये जो कि नहीं डाला जाता और उस कारण से उस में हर रोज़ बीस लिटर डीज़ल कंज्यूम हो जाता है जो कि चालीस रुपये का होता है। गवर्नमेंट ने नये नये नौजवान वर्कशापों में भरती किये हुए हैं जो कि फिटिंग अच्छी तरह नहीं कर सकते और उन का किया हुआ काम दो घंटे के बाद फिर खराब हो जाता है। पुराने तजरुबाकार मिस्तरी जो हैं वे पैसे ज़्यादा मांगते हैं इस लिये सरकार उन को नहीं रखती। इस लिये मैं सुझाव देना चाहती हूँ कि नए आदमियों के साथ साथ पुराने तजरुबाकार मिस्तरियों को भी रखना चाहिये जो कि नए आदमियों को अच्छी तरह से ट्रेन कर दें।

इस से अगली बात मैं यह कहना चाहती हूँ कि बस स्टैंड से बस चलती है। ड्राईवर वर्कशाप में जा कर कहता है कि इस की ब्रेक ठीक नहीं है। इस को ठीक कर दो लेकिन वर्कशाप वाले ब्रेक ठीक नहीं करते। मिसाल के तौर पर मैं अर्ज़ करूं कि एक दिन मैं नंगल से चंडीगढ़ आ रही थी। ड्राईवर ने नंगल वर्कशाप में अड्डा इन्चार्ज से जा कर कहा कि इस बस की ब्रेक काम नहीं करती इस को ठीक करवा दो लेकिन अड्डा इन्चार्ज कहने लगा कि चलो जब आओगे तो ठीक करवा लेना। बदकिस्मती से उसी दिन रास्ते में पुलिस चैकिंग के लिये खड़ी थी। पुलिस ने उस से ब्रेक लगाने के लिये कहा चूंकि ब्रेक ठीक नहीं थी वह 20 फर्लांग पर जा कर लगी। पुलिस वालों ने उस का जीप पर पीछा किया और चालान कर दिया। वह बेचारा मुझ से कहने लगा कि बहन जी मैं ने आप के सामने वर्कशाप वालों को कहा था कि ब्रेक ठीक कर दो लेकिन उन्हों ने नहीं की। इस में मेरा क्या कसूर है। चालान होने से जो जुरमाना उस गरीब को होगा वह तो वही देगा। पंजाब रोडवेज़ वालों ने तो वह देना नहीं है। इस तरह से उन गरीब लोगों के साथ ज़्यादती होती है।

रेलवे में जितने एक्सीडेंट होते हैं उन के बारे में एक बोर्ड या कमीशन बना हुआ है। वह बोर्ड उन लोगों को मुआविज़ा देता है जो कि ज़ख्मी होते हैं या हस्पताल में जाते हैं। हमारे ट्रांसपोर्ट डीपार्टमैंट ने कोई ऐसा बोर्ड नहीं बनाया हुआ जो कि ऐसे आदमियों को मुआवज़ा दे। मैं ट्रांस्पोर्ट मिनिस्टर साहिब से दरखास्त करूंगी कि जिस तरह से सम्भरबाल साहिब को चालीस हज़ार रुपया मुआविज़े का दिया गया है इसी तरह से जो भी आदमी मोटर एक्सीडैंट में इनवाल्व हो जाता है उस को मुआविज़ा मिलना चाहिये। न सिर्फ पंजाब रोडवेज़ अपने एम्लाईज़ को ही मुआविज़ा दे बल्कि जो भी पैसैंजर उस में इनवाल्व हो जाता है उस को मुआविज़ा मिलना चाहिये। क्योंकि उस में उन का तो कुछ दोष नहीं होता। यह भी पंजाब सरकार की तरफ से एक श्लाघायोग कदम होगा, ज़रूर उठाया जाना चाहिये।

मुख्य मन्त्री : ट्रिब्यूनल बना हुआ है और पैसे भी दिये जाते हैं आप को पता नहीं है ।

श्रीमती सरला देवी : अगर ऐसी बात है तो बड़ी खुशी की बात है। मुझे पता नहीं होगा मैं मानती हूँ । ऐसा ट्रिब्यूनल बना हुआ है जो कि लोगों को पैसे देता है तो बड़ी खुशी की बात है।

ड्राईवर लोग साढ़े पांच बजे घर से चलते हैं और छः बजे बस अम्बाले से ले कर वाया चंडीगढ़ खरड़, रोपड़, और नवांशहर होते हुए जालन्धर पहुँचते हैं। इतना लम्बा सफर कर के वे लोग सवा बजे के करीब जालंधर पहुँचते हैं लेकिन सवा दो बजे फिर उन को वापस भेजा जाता है। ट्रेजडी यह है कि रास्ते में बस जो पन्द्रह मिनट या आधा घंटा ठहरती है वह वक्त उन लोगों की ड्यूटी में से काट लिया जाता है। ऐसी बात नहीं होनी चाहिये । उन को उस वक्त भी ड्यूटी पर ही मानना चाहिये क्योंकि उस वक्त भी उन से पैसेंजर कुछ न कुछ पूछताछ करते ही रहते हैं। उन के उस काम की भी गिनती होनी चाहिये और उन की बोनस और तनखाह में बढ़ावा होना चाहिये ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, पंजाब सरकार ने चंडीगढ़ को बस द्वारा पंजाब में सब स्टेशनों से मिलाया हुआ है। सिर्फ दो बदनसीब ऐसे स्टेशन हैं जिन को नहीं मिलाया गया, एक तो ज़िला फिरोज़पुर में मुक्तसर है और दूसरा कांगड़ा ज़िला है जिस को डायरेक्ट चंडीगढ़ से नहीं मिलाया गया। मैं अर्ज़ करना चाहती हूं कि हमारे कांगड़े ज़िला को भी, मसलन हमीरपुर सब-डिवीज़न को डायरैक्ट चंडीगढ़ से मिलाया जाना चाहिये। मनाली और चंडीगढ़ का बस के द्वारा डायरैक्ट कनटेक्ट होना चाहिये। मैं ने सुना है कि हिमाचल प्रदेश से पंजाब का कुछ झगड़ा चल रहा है। वे कहते हैं कि सारे रूट हमारे होने चाहियें लेकिन पंजाब सरकार कहती है कि 50 : 50 हिस्सा होना चाहिये। आपस में फैसला कर के इस रूट को ज़रूर चलाया जाना चाहिये। सरकार ने पंचायतों और ब्लाक समितियों को उत्साह देने के लिये यह विश्वास दिलाया हुआ है कि जितनी भी सड़कें बनाई जाएंगी उन पर बसें ज़रूर चलाई जाएंगी। हमीरपुर सब-डिवीज़न में चीफ मिनिस्टर साहिब खुद जा कर देख आए हैं कि लोगों ने बड़े उत्साह के साथ पत्थरों को तोड़ कर बड़ी सुन्दर सड़कें बनाई हुई हैं। मैदानों में जो सड़क दो दिन में बनाई जा सकती है वह वहां पर पन्द्रह दिन में भी बनानी बड़ी मुश्किल होती है। फिर भी लोगों ने मेहनत कर के सड़कें बनाई हैं। हम ने कई बार लिख कर दिया है कि वह सड़कें बरसात में तबाह हो जाती हैं और रुपया गवर्नमैंट का लगता है। इस लिये उन पर बसें ज़रूर चलनी चाहियें। पिछले पी० टी० सी० ने मुझे और फूल साहिब को बुलाया था और उन्हों ने पूछा था कि हमें बताओ कि कहां कहां पर मोटर चलनी चाहिये। मैं यह महसूस करती हूं कि पहले भी कई दफा यही बात पूछी गई लेकिन अमल कुछ नहीं किया गया। अब शायद कुछ अमल इस

[श्रीमती सरला देवी]

बात पर हो जाए क्योंकि अब पी० टी० सी० साहिब दिलचस्पी लेने लगे हैं । मैं अर्ज़ करनी चाहती हूँ कि बिज्जड़ से होशियारपुर को बस चलती है। ढड़वाल का मिल्टरी एरिया है। बदकिस्मती से सड़कें कच्ची हैं। जब वर्षा होती है तो सड़कों के टूटने से बसें बंद हो जाती हैं। पिछले दिनों जब बारिश हो रही थीं सड़कें खराब हो रही थीं । फौज के सिपाहियों को वापस अपनी यूनिट में जाना था लेकिन बस बंद होने के कारण नहीं जा सकते थे। लाचार उन्हों ने हम से लिखवाया कि यह चिट्ठी हमारी यूनिट में लिख दो कि बारिश होने की वजह से और बसें बंद होने के कारण हम हाज़िर नहीं हो सके। वे डरते थे कि कहीं उन का कोर्ट मार्शल न हो जाए। बस बिज्जढ़ से तीस मील होश्यिारपुर तक आती है और तीस मील आगे नंगल जाती है। फिर उसी रास्ते से वापस तीस मील होश्यिारपुर आती है और तीस मील महारल से बिज्जढ़ पहुँचती है। होश्यिारपुर से सुजानपुर की तरफ सड़क बिल्कुल बनी हुई है। इस लिये मैं ट्रांस्पोर्ट मिनिस्टर साहिब से प्रार्थना करूंगी कि वह ज़िला कांगड़ा की तरफ खास तौर पर ध्यान दें।

इस के साथ ही साथ एक और बहुत ज़रूरी बात कहना चाहती हूँ । हमार लिए जो राशन पानी है वह भी दूसरे जिलों से आता है। उस के लिए हमें दो रुपया फी मन के हिसाब से ट्रक का खर्चा देना पड़ता है। मैं चाहूँगी कि जो हिल्ली एरियाज़ हैं और खास तौर पर ज़िला कांगड़ा यहां पर ज़रूर कुछ न कुछ कन्सैशन होना चाहिए क्योंकि यहां पर न नहरें चल सकतीं हैं, बिजली वहां नहीं है जो बिजली पैदा होती है वह हम दूसरों को ही देते हैं। इस लिये इन सभी चीज़ों की तरफ विशेष तौर पर ध्यान दिया जाए। (घंटी) आखिर में मैं अपने ट्रांस्पोर्ट मिनिस्टर साहिब का धन्यवाद करती हूँ कि उन्हों ने पंजाब में ट्रांस्पोर्ट को एक बड़े अच्छे ढंग से चलाया है और पंजाब इस सम्बन्ध में खूब तरक्की कर रहा है।

श्री ओम प्रकाश अग्निहोत्री (फगवाड़ा) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, सब से पहिले मैं ट्रांस्पोर्ट के कमर्शल विंग की बाबत कुछ कहना चाहता हूँ । आज पंजाब के अन्दर पठानकोट, अमृतसर, चंडीगढ़, गुढ़गांव, अम्बाला से जो बसें चल रही हैं वह मुख्तलिफ किस्म की चल रही हैं। तीन किस्म की वह बसें हैं....लेलैंड, मरसिडीज़ और डाज । डिपार्टमैंट ने जो नतीजा निकाला है वह यह है कि लेलैंड और मरसिडीज़ की बसें हैं उन पर माईल खर्चा 74 नए पैसे आता है लेकिन डाज की बसों पर 93 नए पैसे पर माईल खर्चा आता है। अब मैं आप के द्वारा ट्रांस्पोर्ट मिनिस्टर साहिब के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूँ कि जब लेलैंड और मरसिडीज़ की बसों पर माईल खर्च बहुत कम आता है तो क्या वजह है कि सरकार ने डाज की बसों को खरीदा है और पठानकोट और गुड़गांव के डिपुओं से वह आज भी चल रही हैं? क्या यह बात सही नहीं है कि इन बसों की एजंसी चीफ मनिस्टर साहिब के साहिबज़ादे के पास है इस लिए यह नुक्सान वाली बात भी की जा रही है?

उपाध्यक्षा : आप तो बहुत अच्छा बोलने वाले हैं। इस लिए आपस की बातों में न उलझिए। आप सुझाव दीजिए कि ट्रांस्पोर्ट के महकमे में क्या क्या नुक्स हैं और उन को कैसे दूर किया जा सकता है। ज़ाती बातों में न पड़िए। (The hon. Member is a good speaker. He should not enter into personal controversies. He should point out the draw-backs in the Transport Department and give suggestions to remove them. He should not be personal.)

श्री ओम प्रकाश अग्निहोत्री : मैं कोई पर्सनल बात नहीं कर रहा।

इस के बाद दूसरी बात यह है कि डाज की बसों की उम्र इस सरकार ने छः साल मुकर्रर की हुई है लेकिन इस के मुकाबिले में लेलैंड और मरसिडीज़ की उम्र आठ साल की है। इसलिये मैं आप के द्वारा यह कहना चाहता हूँ कि ट्रांस्पोर्ट डिपार्टमेंट इस तरह की लिहाज़न कार्यवाहियों को छोड़ दे और जो मुनाफे की बात है, जिस पर खर्च भी पर माईल कम आता है और जिस की उम्र भी ज़्यादा है उस तरह की बसों को मार्किट में लाए।

इस के अलावा मैं आप के द्वारा ट्रांस्पोर्ट मिनिस्टर साहिब के नोटिस में यह बात लाना चाहता हूं कि बसों पर और बस स्टैंड और शैड्स पर एडवर्टिज़मैंट्स वगैरा के लिए डिपार्टमैंट ने वक्त पर ठेका नहीं दिया था और वक्त पर ठेका न देने की वजह से सरकार को कोई 50,000 रुपए का नुक्सान हुआ है और यह नुक्सान मार्च, 1961 से लेकर अप्रैल, 1962 तक हुआ है। अगर डिपार्टमैंट के कर्मचारी चाहते तो वक्त पर यह ठेका दिया जा सकता था और इस तरह से सरकार लोगों के हित के लिए वह रुपया इस्तेमाल कर सकती थी। पब्लिक एकाऊंट्स कमेटी में अपनी रिपोर्ट के पैरा 48 में सफा 54 पर लिखा है:

> "It was pointed out in para 46 of the Audit Report, 1961 that Government suffered a loss as a result of delay in finalising the contract for the display of advertisements on Government transport buses, sheds, bus stands, etc. for the period up to 8th March, 1961. Similar delays in the issue of tenders and acceptance of contractsfor this advertisement contract were noticed in 1961 also resulting in further loss of more than half a lakh of rupees (with reference to the offer of Rs 0. 50 lakh received in January, 1961) as indicated below.."

It is stated further in this Report of the Public Accounts Committee.—

> "The Committee had made their recommendation in para 12 of the Fifteenth Report in regard to delay in the execution of the contract as pointed out in the Audit Report, 1961...
> ....The Committee recommend that in future it should be ensured that decisions on matters requiring immediate action should not be delayed."

मैं इस मिसाल के ज़रिए सिर्फ यही कहना चाहता हूँ कि डिपार्टमैंट की कोताही की वजह से, गफलत की वजह से सरकार को इस सिलसिले में काफी नुक्सान उठाना पड़ा जो कि एवायड किया जा सकता था।

[श्री ओम प्रकाश अग्निहोत्री]

इस के साथ ही थोड़े लफ्ज़ों में मैं आप को यह बताना चाहता हूँ कि इस डिपार्टमैंट में प्रोमोशंज़ कैसे होती हैं। जब हमारे ट्रैफिक मैनेजर बनने थे तो पब्लिक सर्विस कमिशन ने कुछ आदमियों का इन्टरव्यू लिया था इस में सरदार महेन्द्र सिंह बी. ए. एल. एल. बी. नम्बर वन पर था, रामसरन दास नम्बर दो पर था और गुरबचन सिंह माहिया तीसरे नम्बर पर था। माहिया साहिब की इस डिपार्टमैंट के मिनिस्टर साहिब के पास बड़ी भारी एप्रोच थी। उन्होंने किसी समय, किसी वक्त किसी जेल में उन के साथ जेल काटी होगी। इस लिये पब्लिक सर्विस कमिशन की रिकमेंडेशन को नज़र अन्दाज़ करके उन्हें इस तरह से नम्बर दे दिए गए कि सरदार महेन्द्र सिंह को रिज़ाईन करना पड़ा जो कि पहिले नम्बर पर था। उस ने अपने लैटर में, जो कि चीफ मिनिस्टर साहिब को ऐड्रैस किया, साफ तौर पर लिखा है कि आप ने पब्लिक सर्विस कमिशन की सिफारिशात को जो नज़र अन्दाज़ किया है यह पक्षपातपूर्ण है इस लिए मैं अपने इस ओहदे से अस्तीफा देता हूं – इसी तरह से वर्क्स मैनेजर की बाबत हुआ। उस के लिये पब्लिक सर्विस कमिशन ने लिखा कि फलां सब से काबिल आदमी है लेकिन उस को नज़र अन्दाज़ किया गया। इस सिलसिले में बहुत ज़्यादा न कहता हुआ यहीं पर इस बात को खत्म करता हूँ। इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है।

रिसोर्सिज़ एंड रिट्रैंचमैंट कमेटी की सिफारिशात के मुताबिक इन्होंने बड़े–बड़े शहरों में, ठीक है कि बस स्टैंडज़ पर रैस्ट रूम भी बना दिए, होटल भी बना दिए ताकि पब्लिक को आराम रहे। लेकिन पिछले दिनों यहां पर चंडीगढ़ के लावर्स होटल की चर्चा चली थी। मैं आप के द्वारा सरकार की सेवा में सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूँ कि सरकार का यह कोई घरेलू मामला नहीं है, यह पब्लिक की चीज़ है, पब्लिक की प्रापर्टी है। इस लिये इस मामला में ठीक तरह से आक्शन होनी चाहिए। जो हायर बिड हो उसी को इस तरह से ठेके देने चाहिएं और इस तरह से जो अपने आदमियों को पालने की स्पिरिट है उसे नजर अन्दाज़ कर देना चाहिए।

अब चीफ़ मनिस्टर साहिब हाऊस से चले गए हैं मैं उन्हें यह याद दिलाना चाहता था कि 17 तारीख को कामरेड बाबू सिंह के सवाल 4475 का जवाब देते हुए बताया था कि ट्रांस्पोर्ट वर्करज़ एक्ट के मातहत ट्रांस्पोर्ट डिपार्टमैंट के रनिंग स्टाफ को वह डबल ओवर टाईम दे रहे हैं। इस सिलसिले में गवर्नमैंट के लीगल रीमेंबरैंसर ने जो एक चिट्ठी लिखी थी उस की कापी मेरे पास मौजूद है। उस में उन्होंने साफ तौर पर लिखा है ....

"As the Motor Transport Workers Act, 1962, is not applicable to Government undertaking, S. O. No. 67 can be retained as it is."

मैं समझता हूँ कि जो बात चीफ मिनिस्टर साहिब ने कही थी वह इस लैटर की मौजूदगी में बिल्कुल गलत है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, पिछले दिनों जब मैं जालन्धर

गया तो ट्रांस्पोर्ट ग्राफिस के बाहर नोटिस बोर्ड पर कुछ लिखा हुग्रा पढ़ा। वहां पर नैशनल ट्रांस्पोर्ट यूनियन के जेनरल सैक्रेटरी समराह साहिब की तरफ से लिखा हुग्रा था कि ट्रांस्पोर्ट डिपार्टमैंट पहिले हमें जो ग्रोवरटाईम देता था वह देना बन्द कर दिया है। मैं ग्राप के द्वारा ट्रांस्पोर्ट मिनिस्टर साहिब से दरखास्त करना चाहता हूँ कि जब ट्रांस्पोर्ट ग्रापरेटर्ज़ एक्ट में भी ग्राठ घंटे की डयूटी लिखी हुई है ग्रौर 48 घंटों की भी है ग्रौर वह एक्ट सन् 1961 से सैंट्ल गवर्नमट ने लागू किया हुग्रा है तो जरूरी है कि वर्करज़ के जो ग्रोवरटाईम के पुराने ड्यूज़ हैं वह उन्हें जरूर मिलने चाहिएं। इस के ग्रलावा ट्रांस्पोर्ट वर्करज़ ऐक्ट के मुताबिक ग्राए दिन वर्करज़ हज़ारों शिकायात करते हैं खास तौर पर लेबर डिपार्टमैंट के मुताल्लिक करते हैं कि उन को छुट्टी नहीं मिलती, बोनस नहीं मिलता, तन्खाहें नहीं मिलतीं। इन कारणों से डिस्प्यूट्स पैदा होते हैं ग्रौर जब इन झगड़ों का ग्रापस में फैसला हो जाता है, ऐग्रीमैंट हो जाता है.................... मैनेजमेंट ग्रौर ऐम्पलाईज़ के दरम्यान...............हो जाता है तो उस रीकवरीज़ के सम्बन्ध में लेबर डिपार्टमैंट की तरफ से जल्दी सर्टिफिकेट इशू नहीं किए जाते। इस सिलसिले में मैं ग्राप के द्वारा दो मिसालें यहां पेश करना चाहता हूं कि छः छः महीनों से सर्टिफिकेटस लटक रहे हैं। ग्राज से दो साल पहिले लेबर डिपार्टमैंट को लेबर सैक्रेटरी से वह सर्टिफिकेट लेने पड़ते थे। उस वक्त लेबर कमिश्नर का दफ्तर ग्रम्बाला में होता था। उस वक्त भी एक मास से ज़्यादा ग्रर्सा नहीं लगता था लेकिन ग्रब मेरी हैरानी की हद नहीं रही ग्राज जब कि यहां चण्डीगढ़ में ही लेबर कमिशनर का दफ्तर है तो उस में क्यों छः छ महीने रिकवरी सर्टिफिकेट जारी करने में लग जाते हैं। इस सम्बन्ध में मैं ग्राप के द्वारा एक दो मिसालें सदन के सामने रखना चाहता हूं। एक निर्मल सिंह कन्डक्टर ग्रौर एक दिविन्दर सिंह पटियाला ट्रांस्पोर्ट एण्ड इन्जीनियरिंग कम्पनी, राम पुरा फूल के बुकिंग कर्ल्क ने इंडस्ट्रियल डिसप्यूट एक्ट की दफा 33 के तहत 1563, 1563 रुपए के रिकवरी सर्टीफिकेट जारी करने के लिये 24 सितम्बर, 1963 को लिखा था लेकिन ग्राज तक उन को डिपार्टमैंट की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। इतनी देरी हो रही है। फिर इसी तरह से रोहतक में लेबर कोर्ट ने एवार्ड दिया कि 250 रुपया का सुरजीत सिंह कन्डक्टर को जल्दी लेबर डिपार्टमैंट रिकवरी सर्टिफिकेट जारी करे लेकिन उस को वह ग्रभी तक जारी नहीं किया गया। इस लिए में ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर साहिब का ध्यान ग्राप के द्वारा दिलाना चाहता हूँ कि उन के महकमें के वरकरों के साथ लेबर डिपार्टमैंट की तरफ से बड़ी बे इनसाफी हो रही है। उस डिपार्टमैंट ने पिछले कुछ ग्रर्सा से धांधली मचा रखी है ग्रौर वह वर्करज़ के भले की बात सोचने के लिए तैयार भी नहीं है।

थोड़े दिनों की बात है मेरे हल्का में चहेडू के पास एक बस का हादसा हुग्रा था ग्रौर इसी तरह से ग्रभी बहन सरला जी ने बताया है कि डल्हौज़ी के रास्ता में बनी खेत के पास भी एक हादसा हुग्रा है जिस में कई ग्रादमी मर गए हैं। इस बारे में मैं यह कहना चाहता हूँ कि जो भी ग्रादमी हादसों की वजह से ज़ख्मी हों उन सब को

[श्री ओम प्रकाश अग्निहोत्री]

ही कम्पैंसेशन देनी चाहिए। यह नहीं कि सिर्फ एक आध को ही दी जाए। इन हादसों की ज़िम्मेवारी केवल ड्राइवर की ही नहीं होती इन के ज़िम्मेदार और ऐलीमेंट भी होते हैं। एक तो जो इन्सपैक्टोरेट स्टाफ होता है वह गाड़ियों की देखभाल ठीक तरह से नहीं करते। उन को अपने लिए और अपने रिश्तेदारों के लिए आने जाने के लिये फ्री पास मिल जाते हैं और वह गाड़ियां ठीक तरह से इन्सपेक्ट नहीं करते, इस कर के भी हादसे हो जाते हैं। इस के अलावा कई सड़कें कई गावों के बीच में से होकर जाती हैं और जब बसें वहां से गुज़रती हैं तो सड़कों के दोनों किनारों पर से माल मवेशी होते हैं और वहां बच्चे भी खेलते होते हैं जिस करके वहां एक्सीडेंट हो जाते हैं। इस लिए ऐसे गावों के पास बसों के आने जाने के लिये बाई-पास बनाए जाने चाहिएं। फिर मैं प्रावीडेंट का ज़िक्र करना चाहता हूँ। वर्करों का प्रावीडेंट वक्त से जमा नहीं कराया जाता।

उपाध्यक्षा : आप के अब 11 मिनट हो चुके हैं इस लिए आप जल्दी खत्म करें। दो मिनिट और आप बोल लें। (The hon. Member has taken 11 minutes. He may take another two minutes and wind up please.)

श्री ओम प्रकाश अग्निहोत्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं क्योंकि लेबर कलास को रिप्रीज़ेंट करता हूँ इस लिए मुझे थोड़ी देर के लिये उन की तकालीफ की बाबत कह लेने दीजिए।

उपाध्यक्षा : आप दो मिनट में खत्म करें। (Please wind up in two minutes.)

श्री ओम प्रकाश अग्निहोत्री : तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि गवर्नमैंट ने एक ट्राईपार्टी कमेटी बनाई थी। यह कमेटी 28 मई, 1960 को बनी थी और इस में ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के आदमी भी थे, ट्रांस्पोर्ट वर्कर्ज़ के नुमायंदे भी थे और कुछ सरकार के नुमायंदे भी शामिल हुए थे। उस कमेटी ने 29 जून, 1962 को इन चीज़ों के बारे में कुछ डिसीयन्ज़ लिए थे। बोनिस के बारे में उस ने फैसला किया था कि वर्कर्ज़ को एक महीने की तनखाह बोनस के रूप में मिलनी चाहिये। ग्रेडज़ बढ़ाने के बारे में भी उन्होंने सिफारिश की थी और रिटायरिंग एज के लिए उन्हों ने कहा था कि रिटायरिंग एज 60 साल होनी चाहिये। लेकिन मैं आप के द्वारा चीफ मिनिस्टर साहिब से कहना चाहता हूँ कि डिपार्टमैंट ने अभी तक उन को बोनस नहीं दिया। बल्कि डिपार्टमैंट की तरफ से कहा गया है कि वह बोनस नहीं देंगे बल्कि उस की जगह 70 फीसदी वर्करों को एफीशेन्सी रिवार्ड दिया है। इस से मैं समझता हूँ कि जब सरकार हमारी बनाई हुई कमेटी की सिफारिशात पर अमल नहीं कर रही तो प्राइवेट कम्पनियों वाले उस की सिफारिशात पर कब अमल करेंगे। इस बारे में मैं तो इस के लिए यही कहूँगा कि औरों को नसीहत और खुद मियां फसीहत।

फिर मैं अर्ज़ करता हूँ कि पैप्सू रोडवेज़ का एक बुकिंग कर्लक 6 महीने से अण्डर सस्पैन्शन है लेकिन उसे आज तक चार्जशीट नहीं किया गया। सरकार को किसी भी सरकारी कर्मचारी को सात दिन से ज़्यादा वक्त के लिये सस्पेण्ड नहीं करना चाहिए। अगर ज़्यादा देर के लिये सस्पेंड करना ज़रूरी हो तो उसे सस्पेन्शन के पीरियड में पूरी तन्खाह दी जाए और अगर वह सस्पेन्शन के बाद बहाल हो जाए तो उस से तन्खाह वापस न ली जाए और अगर वह वहाल न हो तो उस से उस की आधी तन्खाह वापस ले ली जाए। फिर मैं अर्ज़ करता हूँ कि आज इस महंगाई के ज़माने में एक वर्कर का घरेलू खर्च जिस की एवरेज चार आदमियों की फैमिली हो इस प्रकार है:—

		रुपए
आटा	...	28.50
दाल सब्ज़ी	...	20
घी वनस्पति	...	6
नमक मिर्च	...	3
किराया मकान	...	12.50
घर की सफाई का खर्चा	...	2
बिजली का खर्च	...	5
साबन का खर्च	...	5
तेल	...	2.50
दूध	...	16
चीनी	...	6
मुतफर्क	...	15
बच्चों की फीस	...	3—4

इन इखराजात में मैं ने बीमारी का खर्च और महमान आदि का खर्च शामल नहीं किया। इस तरह से एक वर्कर का एक महीने का खर्च 120 या 130 रुपए बनता है लेकिन आप उसे देते है कुल 100 या 125 रुपए। तो आप बताएं कि वह किस तरह से गुज़ारा कर सकता है। यह चीज़ उस सरकार के एहद में हो रही है जो सोशलिस्ट समाज लाने का नारा देती है। मैं कहता हूँ कि अगर इस ने यहां समाज-वाद लाना है तो इसे अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, जगीरदार और मुज़ारे और मालिक और मज़दूर की तमीज़ को दूर करना होगा बल्कि इसे बिलकुल मिटा देना चाहिए। मैं इन वज़ीर साहिबान और इन की मण्डली झुण्डली से पूछता हूँ इन में से कितनों ने अपने टूअर प्रोग्राम्ज़ में वर्कर के घर पर खाना खाया है। इन में से किसी ने नहीं खाया होगा क्योंकि यह जानते हैं कि इन्हें वहां उस के घर पर न कीमा मिल सकता है, न मुरग़े पके हुए मिल सकते हैं, न स्पशल दाल सबज़ी मिल सकती है और न ही इलेकशन के लिये फण्ड मिल सकता है। इस लिए यह हमेशा कारखानेदारों और पूंजी पतियों के खाना

[श्री ओम प्रकाश अग्निहोत्री]

खाते हैं जहां इन को इलेक्शन फण्ड मिलता है और उस के बदले में यह उन्हें कोटे और परमिट और खामी माल के लाइसेंस देते हैं। इस लिए मैं इन्हें चेतावनी देता हूँ कि अगर इन्हों ने वर्किंग कलास की बेहतरी और बहबूदी की तरफ कदम न उठाए तो मज़दूर हो कर कोई और रास्ता पकड़ने की कोशिश करेंगे।

श्री अमर नाथ शर्मा (कांगड़ा) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज जो ट्रांस्पोर्ट मिनिस्टर साहब ने इस सदन में ट्रांस्पोर्ट डिपार्टमैंट की डिमाण्ड पास कराने के लिये जो रेज़ोल्यूशन पेश किया है.........

श्री बनवारी लाल : आन ए प्वायंट आव आर्डर, मेडम। मेरी रिक्वेस्ट है कि यहां सदन के सामने जितनी भी डिमाण्डज़ आई हैं उन सब पर यह कहा जाता रहा है कि हरिजनों की भलाई के लिये बहुत कुछ किया गया है लेकिन हमें यह अफसोस से कहना पड़ता है कि जब हम उन पर कुछ कहने के लिए खड़े होते हैं तो हमें टाइम नहीं दिया जाता।

उपाध्यक्षा : आप बैठ जाएं मैं हरिजनों को सब से ज़्यादा समय देती हूँ। (The hon. Member may please resume his seat. I give the maximum time to Harijans.)

सरदार लछमन सिंह गिल : आन ए प्वायंट आव आर्डर मैडम।

उपाध्यक्षा : आप और किसी वक्त बोल लेना। क्यों वक्त ज़ाया करते हैं। (The hon. Member may speak on some other item. Why is he wasting the time?)

सरदार लछमन सिंह गिल : आप ने तो हमारी कभी कोई रिक्वेस्ट नहीं मानी। मैं आप से यह पूछना चाहता हूँ कि आप ने अभी यह जो फरमाइया है कि आप हरिजनों को सब से ज़्यादा वक्त देती हैं क्या इस हाउस में किसी के साथ कोई डिस्क्रिमिनेट्री ट्रीटमेंट किया जा सकता है?

श्री अमर नाथ शर्मा : तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि इस डिमाण्ड के ज़रिये जो रकम मन्जूर कराने के लिये मिनिस्टर साहब ने यह मोशन पेश की है इस पर बहस करते समय माननीय सदस्यों को देखना होगा कि आया इस महकमा ने कोई अच्छे काम भी किए हैं या नहीं किए। अगर अच्छे काम किये हैं तो इन्हें इस को पास कर देना चाहिए। हो सकता है कि काम करने में कोई त्रुटि रह जाए और कोई कमी रह जाए। अब देखना यह है कि पंजाब में दो किस्म की बातें चल रही हैं.............। और पंजाब सरकार ने अभी यह किया है कि वह अभी दस साल तक सरकार के साथ 50 : 50 बेसिज़ पर बसें चलाएं। उन लोगों और वर्कर्ज़ से हमदर्दी कर के सरकार ने उन के साथ यह पैक्ट किया है कि वह पचास फी सदी बसें चलाएं। दस साल के

बाद सारी बसें सरकार की होंगी। (विघ्न) प्राइवेट बस वालों को यह हक इस लिये दिया गया है.................(चौधरी नेत राम की तरफ से विघ्न) चौधरी नेत राम जी सुनने का भी गुरदा रखिये।

उपाध्यक्षा : चौधरी नेत राम जी मैं आप के समय से समय निकाल लूंगी। (I will deduct this time out of the time to be allotted to the hon. Member.)

श्री **अमर नाथ शर्मा** : जो निंदक है वह निन्दा ही करेगा, प्रशंसा सुन नहीं पाएगा। अच्छी बात को अच्छा कहना ही उचित होता है। । बुरी बात को बेशक बुरा कहें । मैं अर्ज़ करता हूँ कि पंजाब में 1949 में 3,239 मीलों पर बसें चला करती थीं। (विघ्न) अब जबकि सरकार ने यह काम कुछ अपने हाथ में लिया है तो आप 6,284 मील का सफर बसों के ज़रिये कर सकते हैं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक बात मैं उस रुपए की करना चाहता हूँ जो कि इन बसों पर सरकार ने लगा रखा है । आया यह रुपया कुछ प्राफिट दे रहा है? क्या यह अच्छी तरह से इस्तेमाल हो रहा है, सवारियां बढ़ी हैं उन को ज़्यादा आराम दिया जाता है? आप यह सुन कर खुश होंगे कि जितना पैसा सरकार ने रोडवेज़ की अपनी बसों पर लगाया है वह सारे का सारा खज़ाना में वापस कर दिया है। सिर्फ 152 लाख रुपया जो कि डिपरीसियेशन, इनशोरैंस और इम्पलीमैंटस वगैरह पर लगा हुआ है वह पड़ा है। 1962 में इस सर्विस ने 140 लाख रुपए का प्राफिट निकाला। जब इस तरह से काम चल रहा है तो मतलब यह है कि वह महकमा काबले तारीफ काम कर रहा है। उस की जितनी तारीफ की जाए थोड़ी है। हो सकता है कि इस महकमें में कुछ कमियां भी हों। इतना बड़ा महकमा है, इतने ड्राइवर, इतने कंडक्टर, बुकिंग क्लर्क, मिस्त्री, या दूसरे जो वर्कर हैं तो उन में कमी हो सकती है मगर यह कहना गलत है कि जो इस में रुपया लगा हुआ है उस को अच्छी तरह से सम्भाला नहीं जा रहा है। आप देखें जब 1956 में पैप्सू में अवामी हुकूमत बनी तो नैशने-लाइज़ेशन के सवाल पर यह किया गया कि 80 फीसदी हिस्सा स्टेट गवर्नमेंट का रखा गया और 20 फीसदी हिस्सा रेलवे का रखा गया। वहां भी प्राफिट हो रहा है। सवारी अच्छी है, बसें भी अच्छी हैं । सरकार ने दस साल के लिये उन लोगों को और काम करने की इजाज़त इस लिये दी है कि इस काम में करीब 12 हज़ार ड्राइवर, इतने ही कन्डक्टर और दूसरा अमला यानी कुल मिला कर 30 हज़ार के करीब लगे हुए थे उन की रोजी बनी रहे । सरकारी खज़ाने से पैसा लगाया और आहिस्ता आहिस्ता नैशनेलाइज़ करने का प्रोग्राम बनाया और उन कम्पनियों से 50: 50 बेसिज़ वाला कन्ट्रैक्ट बनाया । यह दस साल तक रहेगा। इस के अलावा एक तीसरी बस सर्विस है जिस में पंजाब सरकार के 40 फीसदी, हिमाचल प्रदेश के 40 फीसदी और रेलवे के 20 फीसदी हिस्से हैं। यह सर्विस पठानकोट से मनाली तक चलती है। उस में

ਹਨ । ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਇਕ ਤਾਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਨੁਕਸਾਨ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਬੇਗੁਨਾਹ ਲੋਕ ਰਗੜੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਮਰਕਜ਼ੀ ਸਰਕਾਰ ਵੀ ਐਡਮਿਟ ਕਰਦੀ ਹੈ, ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਵੀ ਐਡਮਿਟ ਕਰਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਜਨਤਾ ਵੀ ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਮੰਗ ਕਰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਨੂੰ ਐਕਸਾਈਜ਼ ਡਿਊਟੀ ਵਿਚ ਬਦਲ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਐਸਾ ਕਰਨ ਵਿੱਚ ਕਿਉਂ ਦੇਰ ਲਾਈ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ? ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਛੇਤੀ ਤੋਂ ਛੇਤੀ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਤਾਕਿ ਈਵੇਜ਼ਨ ਰੁਕੇ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਆਮਦਨੀ ਵਿਚ ਵਾਧਾ ਹੋਵੇ । ਜੇਕਰ ਕਾਰਖਾਨਿਆਂ ਵਿਚ ਮੌਕੇ ਤੇ ਹੀ ਚੀਜ਼ਾਂ ਤੇ ਐਡੀਸ਼ਨਲ ਐਕਸਾਈਜ਼ ਡਿਊਟੀ ਲਗਾ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੋ ਵਾਕਿਆਤ ਅਜ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਹੋ ਰਹੇ ਹਨ ਨਾ ਹੁੰਦੇ ਅਤੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਨੂੰ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਆ ਕੇ ਇਹ ਗੱਲਾਂ ਨਾ ਕਰਨੀਆਂ ਪੈਂਦੀਆਂ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਦਾਸ ਕਮੀਸ਼ਨ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਜਾਣ ਦੀ ਲੋੜ ਨਾ ਪੈਂਦੀ । ਆਬਕਾਰੀ ਮੰਤਰੀ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਯਾਦ ਹੋਵੇਗਾ ਕਿ 1960 ਵਿਚ ਵੀ ਤੇ 1962 ਵਿਚ ਵੀ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਨੈਸ਼ਨਲ ਮੋਟਰਜ਼ ਦਾ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਸਵਾਲ ਰੇਜ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਦਾ ਕਿਤਨਾ ਰੁਪਿਆ ਦਿੱਤਾ ਅਤੇ ਬਾਕੀ ਕਿਤਨਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਲ ਡਿਊ ਹੈ । ਮੈਂ ਤੁਹਾਡੀ ਅਜਾਜ਼ਤ ਨਾਲ ਇਹ ਵੀ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਸਵਾਲ ਪੀ. ਏ. ਸੀ. ਵਿਚ ਵੀ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ ਅਤੇ ਉਸ ਵਿਚ ਜੋ ਸਰਕਾਰੀ ਕਰਮਚਾਰੀ ਪੇਸ਼ ਹੋਏ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਦਾ ਜਵਾਬ ਦੇਣਾ ਅਵਾਇਡ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਸ ਦਾ ਜਵਾਬ ਉਹ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਲਿਖਕੇ ਭੇਜ ਦੇਣਗੇ ਲਕਿਨ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਇਹ ਜਵਾਬ ਆਇਆ ਕਿ :

"We cannot disclose the assessment of the Sales-tax. We seek protection".

How does the question of protection arise ? The matter is now before the Das Commission and the public.

Mr. Chairman : How does the Das Commission come into the picture ?

Chaudhri Darshan Singh : It was for reference only. I cannot say whether it is right or wrong, but the facts are facts. It is published in the Papers and is now before the public. ਮੈਂ ਦਾਹਵੇ ਨਾਲ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਨੈਸ਼ਨਲ ਮੋਟਰਜ਼ ਦੇ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਦੀ ਅਸੈਸਮੈਂਟ ਕਰਨ ਦੀ ਜੁਰੱਅਤ ਅਜ ਤਕ ਕੋਈ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਜਾਂ ਐਕਸਾਈਜ਼ ਦਾ ਅਫ਼ਸਰ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਿਆ ਹੈ । ਮੈਨੂੰ ਬੜਾ ਮਾਨ ਸੀ ਆਪਣੇ ਐਕਸਾਈਜ਼ ਐਂਡ ਟੈਕਸੇਸ਼ਨ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਤੇ ਕਿ ਉਸ ਦੇ ਅੰਡਰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ । ਉਹ ਬੜੀ ਗੁਡ ਰੈਪੂਟੇਸ਼ਨ ਰਖਦੇ ਸੀ ਲੇਕਿਨ ਉਹ ਇਸ ਮਾਮਲੇ ਵਿਚ ਬੁਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਫੇਲ੍ਹ ਹੋਏ ਹਨ । ਇਹ ਵੇਖ ਕੇ ਮੈਨੂੰ ਇਸ ਪਰੋਵਰਵ ਤੇ ਯਕੀਨ ਕਰਨਾ ਪਿਆ ਹੈ ਕਿ—

ਹਰ ਕਿ ਦਰ ਕਾਨੇ ਨਮਕ ਰਫ਼ਤ ਨਮਕ ਸ਼ੁਦ

ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ 1958-59 ਦਾ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਅਸੈਸ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ ਹੈ ਅਤੇ ਹੁਣ ਜਦੋਂ ਐਨਾ ਰੌਲਾ ਪਿਆ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੀ ਮਰਜ਼ੀ ਨਾਲ ਇਹ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਐਨੀ ਬਿਕਰੀ ਹੋਈ ਹੈ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਬਗੈਰ ਅਸੈਸਮੈਂਟ ਤੋਂ ਆਪਣੀ ਮਰਜ਼ੀ ਨਾਲ ਇਕ ਲੱਖ 38 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਿਆ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਦਾ ਜਮ੍ਹਾਂ ਕਰਾਇਆ ਹੈ । But, where is the sales-tax pertaining to years 1959-60 to 1963-64, which has neither been assessed nor paid ? Why has the Excise Minister taken no action on it ? How does he explain it now ? In the month of October, when the matter came before the Das Commission , the firm's Accountant Surinder P. Singh, went to the bank and deposited Rs. four lakhs.

ਕਾਮਰੇਡ ਮੱਖਣ ਸਿੰਘ ਤਰਸਿੱਕਾ: ਉਹ ਚੈਕ ਔਨਰ ਵੀ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ ਜਾਂ ਡਿਸਔਨਰ ਹੋਇਆ ਹੈ ?

[*Sardar Gurnam Singh; a Member of the Panel of Chairmen in the Chair.*]

ਚਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ: ਇਹ ਗੱਲ ਤਾਂ ਮਹਿਕਮੇ ਵਾਲੇ ਹੀ ਦੱਸ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਮੈਨੂੰ ਤਾਂ ਇਹ ਵੀ ਨਹੀਂ ਪਤਾ ਕਿ ਉਹ ਪਰੈਜ਼ੈਂਟ ਵੀ ਹੋਇਆ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ, ਡਿਸਔਨਰ ਹੋਣ ਦਾ ਸਵਾਲ ਤਾਂ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਪੈਦਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ (ਹਾਸਾ) ਇਹ ਚੀਜ਼ ਵੀ ਤਾਂ ਹੋਈ ਜਦੋਂ ਜਨਤਾ ਦੇ ਚੁਣੇ ਹੋਏ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਇਥੇ ਸਵਾਲ ਕੀਤੇ ਅਤੇ ਬਹੁਤ ਸ਼ੋਰ ਪਾਇਆ ਗਿਆ। ਮੈਂ ਆਬਕਾਰੀ ਮੰਤਰੀ ਜੀ ਨੂੰ ਇਹ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੀ ਇਹ ਰਕਮ ਉਸ ਵਕਤ ਹੀ ਜਮ੍ਹਾਂ ਕਰਾਈ ਜਾਣੀ ਸੀ ਜਦੋਂ ਕਿ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਪਰੋਟੈਸਟ ਕੀਤੇ ਅਤੇ ਸਾਰੇ ਕਾਗਜ਼ਾਤ ਦਾਸ ਕਮਿਸ਼ਨ ਵਿਚ ਗਏ ? Is it not a slur on the fair name of the Congress ; is it not a slur on socialism ; is it not a slur on the Government headed by Sardar Partap Singh Kairon, who has spent forty years of his life in public ? He is, I think, the oldest Member in the Vidhan Sabha. Is it also not a slur on the Excise Minister who has spent so many years of his life in jail ? Is this the type of socialism that you are going to bring ? I am not speaking from this side merely to oppose you, but only to set you right. I do not want that Congress should die. I want it to live, because it has got past history. Please set it on the right path. Look towards your officers. They are demoralised ; they have no initiative ; juniors dictate to the seniors, because they are favourites, because they are in the good books of certain persons. Even condemned officers are promoted. Complaints brought to the notice of the Ministers by the Opposition are not heeded to.

Mr. Chairman : Please continue in one language. That would be easier for the Reporters to record the proceedings.

ਚੌਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ: ਇਥੇ ਕਈ ਦੋਸਤ ਐਸੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੁਝ ਗੱਲਾਂ ਦੂਜੀ ਬੋਲੀ ਵਿਚ ਦੱਸਣੀਆਂ ਪੈਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਮੈਂ ਆਬਕਾਰੀ ਮੰਤਰੀ ਜੀ ਨੂੰ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਜੇਕਰ ਉਹ ਇਸ ਕਾਂਗਰਸ ਨੂੰ ਬਚਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਆਪਣੀ ਕਾਂਗਰਸ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਲਾਈਫ ਲਾਂਗ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਤਕਰੇ ਵਾਲੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰਨ। ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਵਿਚ ਤਾਂ ਹਰ ਮਾਮਲੇ ਵਿਚ ਵਿਤਕਰੇ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਇਕ ਜੂਨੀਅਰ ਅਫ਼ਸਰ ਨੂੰ ਫੀਅਟ ਕਾਰ ਦਾ ਪਰਮਿਟ ਦੇ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਹੈਡ ਆਫ ਦੀ ਡਿਪਾਰਟਮੈਂਟ ਨੂੰ ਇਨਕਾਰ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਕੀ ਇਹ ਸੀਨੀਅਰ ਅਫ਼ਸਰ ਨੂੰ ਡੀਮਾਰੇਲਾਈਜ਼ ਕਰਨਾ ਨਹੀਂ ਹੈ ? ਖੈਰ, ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਇਹ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਜੋ ਤੁਸੀਂ ਇੰਡਾਇਰੈਕਟ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਕਨਜ਼ਿਊਮਰ ਤੋਂ ਲੈਂਦੇ ਹੋ ਇਸ ਨੂੰ ਡਾਇਰੈਕਟ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਕਾਰਖਾਨਿਆਂ ਵਿਚ ਮੌਕੇ ਤੇ ਚੀਜ਼ਾਂ ਤੇ ਐਡੀਸ਼ਨਲ ਐਕਸਾਈਜ਼ ਡਿਊਟੀ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਲਾਓ ਤਾਕਿ ਇਵੇਜ਼ਨ ਨਾ ਹੋ ਸਕੇ, ਸਮਗਲਿੰਗ ਨਾ ਹੋ ਸਕੇ ਅਤੇ ਇਹ ਜੋ ਆਰਮੀ ਆਫ ਇੰਸਪੈਕਟਰਜ਼ ਰਖੀ ਹੈ, ਜਿਸ ਦਾ ਸਾਡੇ ਖਜ਼ਾਨੇ ਤੇ ਵੀ ਬੜਾ ਭਾਰ ਹੈ ਅਤੇ ਜੋ ਦੁਕਾਨਦਾਰਾਂ ਨਾਲ ਮਿਲ ਕੇ ਇਵੇਜ਼ਨ ਕਰਾਂਦੇ ਹਨ ਤੇ ਖਾਂਦੇ ਹਨ ਉਹ ਘਟ ਸਕੇ ਅਤੇ ਲੋਕ ਸੁਖ ਦਾ ਸਾਹ ਲੈ ਸਕਣ। ਜੇਕਰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾ ਕੀਤਾ ਤਾਂ ਮੈਂ ਦਾਹਵੇ ਨਾਲ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਤਨੇ ਮਰਜ਼ੀ ਇੰਸਪੈਕਟਰ ਰਖ ਲਉ ਇਹ ਇਵੇਜ਼ਨ ਨਹੀਂ ਰੁਕ ਸਕੇਗੀ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਮਨ ਵਿਚ ਹੈ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਮਨ ਵਿਚ ਵੀ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਜੇਬਾਂ ਪੈਸਿਆਂ ਨਾਲ ਭਰੀਆਂ ਰਹਿਣ। ਬਹੁਤ ਥੋੜ੍ਹੇ ਆਦਮੀ ਮਿਲਦੇ ਹਨ ਜੋ ਪੈਸੇ ਤੇ ਲੱਤ ਮਾਰ ਸਕਦੇ ਹਨ।

ਜਦੋਂ ਇਸ ਪੈਸੇ ਦੀ ਰੌ ਵਿਚ ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਬਹਿ ਜਾਂਦੀ ਹੈ, ਇਸ ਦੇ ਮੰਤਰੀ ਬਹਿ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਐਮ. ਐਲ. ਏਜ਼. ਬਹਿ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਫਿਰ ਜੇ ਉਹ ਸੌ ਰੁਪਿਆ ਲੈਣ ਵਾਲੇ ਇੰਸਪੈਕਟਰ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਅਫਸਰ ਵੀ ਇਸ ਪੈਸੇ ਦੀ ਰੌ ਵਿਚ ਬਹਿ ਜਾਣ ਤਾਂ ਹੈਰਾਨੀ ਦੀ ਗੱਲ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਮੰਤਰੀ ਜੀ ਨੂੰ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਘੱਟੋ-ਘੱਟ ਉਹ ਤਾਂ ਆਪਣੇ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦੀ ਇਸ ਰੌ ਦੇ ਪੈਦਾ ਹੋਣ ਦੇ ਕਾਰਨ ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰਨ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਦਾ ਹਲ ਇਹੋ ਹੈ ਕਿ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਨੂੰ ਛੇਤੀ ਤੋਂ ਛੇਤੀ ਐਡੀਸ਼ਨਲ ਐਕਸਾਈਜ਼ ਡਿਊਟੀ ਵਿੱਚ ਬਦਲ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ। The responsibility would be on the Central Government. You will get your share. Then, where lies the harm ? What is the hitch then ? With these words, I thank you, Sir.

पंडित चिरंजी लाल शर्मा (गनौर) : चेयरमैन साहिब, जो डिमांड हाउस के सामने पेश है वह एक सबजैक्ट नहीं है जिस पर बहुत कुछ कहने की ज़रूरत है। लेकिन जिस वक्त मैं आपकी जगह बैठा था तो चौधरी सुन्दर सिंह जी ने एक बात कही और उसके सिलसिले में गवर्नमैन्ट को और कांग्रेस को वार्निंग दी और कुछ हरिजनों के बारे में और कुछ दिहाती शहरी सवाल पैदा किया है कि टैक्सों का बोझ शहरों पर इतने करोड़ है और दिहातों पर इतने करोड़ है। मैं ज्यादा कंट्रोवर्सी में नहीं जाना चाहता। चेयरमैन साहिब, जब आज के मौजूदा हालात में देहातों की हालत बहुत ही खराब है। अभी 4, 5 महीने हुए हैं, देहातों में फ्लड्ज़ आए, आपत्ति आई। उस से बहुत संख्या में तबाही हुई। मकानात गिरे। वह सब तबाही देहातों में हुई। गरीब आदमियों की हालत पहले से बदतर हो गई। लेकिन एक सदस्य 4 साल से वजीर की कुर्सी पर बैठा रहा और उस ने देहातियों और शहरियों का झगड़ा इस हाउस में पैदा कर दिया है। मैं समझता हूं कि यह बात मुनासिब नहीं है। फैक्ट्स और फिगर्ज़ को एनेलाइज़ किया जाए तो पंजाब में ही नहीं बल्कि सारे हिन्दुस्तान में ज्यादातर जनता देहातों में रहती है। उन की हालत काबिले रहम है। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि पहले फसलें फ्लड्ज़ से तबाह हुईं और अब फ्रोस्ट से नुक्सान हुआ है और कई किस्म की आपत्तियां ज़मींदारों को 5, 6 महीनों के अन्दर आती हैं। उन को साल भर में 6, 7 महीने कड़ी मेहनत से काम करना पड़ता है और इसी बीच में कोई आपत्ति आ जए तो उन का बहुत नुक्सान होता है। जब तक वह फसल को इक्ट्ठी करके घर पर नहीं ले जाते उस वक्त तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि मिर्च की फसल बिल्कुल तबाह हो चुकी है और जब टैक्सों की बारी आती है तो शहरों की निस्बत देहातियों पर ज्यादा टैक्स लगाए जाते हैं। विघ्न (शोर)

चौधरी सुन्दर सिंह : घर की बात है।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : अगर एक आनरेबल मैम्बर कुछ अर्से के लिये वज़ीर रहा हो और उस ने ऐसा टैक्स लगाने की छूट दे रखी हो, तो यह ठीक बात नहीं है।

चेयरमैन साहिब, मैं प्रोहिबिशन के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं। अभी कुछ दिन हुए, मिनिस्टर साहिब ने असैम्बली के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा था कि हम शराब की फ्री सेल कर रहे हैं, शराब की कीमत घटा रहे हैं, जगह जगह पर दुकानें खोल रहे हैं, और एजंट भी

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]

रख रहे हैं। मेरी समझ में नहीं ग्राया कि सरकार एक तरफ तो महात्मा गांधी का नाम लेकर प्रोहिबिशन की दुहाई देती है ग्रौर दूसरी तरफ शराब की फ्री सेल कर रही है। यह कहते हैं कि शराब मिक्सड मिलती है इस लिये यह कदम उठा रहे हैं। शराब की बोतल सवा छः या साढ़े छः रुपये कर देने से प्योर शराब मिल जायेगी। मैं ग्रर्ज़ करना चाहता हूं कि शराब को तो छोड़िए, प्योर दूध, घी, मिर्च ग्रौर ग्राटा नहीं मिल रहा है तो इस का कहना ही क्या है। ग्रगर इसी बिना पर सरकार ग्रपनी पालिसी चेंज कर रही है तो ठीक बात नहीं है। मैं ग्रर्ज़ करना चाहता हूं कि 1948 में इल्लिसिट डिस्टीलेशन ग्रंडर दी एक्साइज़ एक्ट हुई थी। उसका बहुत ग्रच्छा ग्रसर हुग्रा था। मैं ग्रपने जिले की बात कह सकता हूं। जो गरीब ग्रौर मज़दूर ग्रादमी शाम को दो रुपये कमा कर एक रुपये या डेढ़ रुपये शराब पर खर्च कर देगा तो उसका बुरा हाल होगा। मैं सोनीपत ग्रौर रोहतक के बारे में ग्रर्ज़ करना चाहता हूं कि ग्रगर वहां पर यह प्रोहिबिशन न की जाती तो उन की हालत बहुत खराब होती। हमारे सामने महात्मा गांधी की तसवीर लटकी हुई है जिन के ऊपर सारे देश वासियों की श्रद्धा है। उस का नाम लेकर हकूमत ग्रगर प्रोहिबिशन लागू करे तो ग्रच्छी बात है। ग्रगर सरकार ने शराब की फ्री सेल कर दी तो इतना भयानक मसला बन जायेगा जिस का कोई ठिकाना नहीं है। इस लिए मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस बारे में सरकार कदम उठाने से पहले फुल डिटेल्ज़ में सोचे। (विघ्न) (बाबू बचन सिंह द्वारा विघ्न) मैं ग्रर्ज़ करना चाहता हूं कि सरकार को ग्रपनी पालिसी बदलनी नहीं चाहिये। इन को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिये। ग्रगर सरकार इस बारे में सहमत नहीं है तो इन को सुखना झील में डूब मरना चाहिये। मैं ग्रर्ज़ करना चाहता हूं कि प्रोहिबिशन पालिसी को लागू करना चाहिये। इस से लोगों का मौरल बढ़ेगा। The Government will have to discourage this policy that they are adopting. चेयरमैन साहिब, सरकार कहती है कि शराब में एलकोहल 80 से 60 डिग्री कर देंगे। इस को घटा देंगे। मैं ग्रपने जिले के बेसिज़ पर कह सकता हूं कि प्रोहिबिशन होनी चाहिये। ग्रगर सरकार ने ग्रपनी पालिसी चेंच कर दी तो मैं समझता हूं कि मौरल का भट्ठा बैठ जायेगा। मैं चाहता हूं कि प्रोहिबिशन सारी स्टेट में होनी चाहिये। लेकिन सरकार कहती है कि ग्रभी टेक चन्द रिपोर्ट का इन्तजार करना है। मैं ग्रर्ज़ करना चाहता हूं कि मैं भी प्रोहिबिशन एडवाइज़री कमेटी का मैम्बर हूं। कमेटियों में कुछ नहीं होता है लेकिन Facts are facts and they must be squarely faced. मैं फैक्ट्स के ग्राधार पर कह सकता हूं कि प्रोहिबिशन को प्रोत्साहन दिया जाए। इस से लोगों का मौरल बढ़ेगा।

चेयरमैन साहिब, मैं टैक्सों के बारे में ग्रर्ज़ करना चाहता हूं। लोगों के ऊपर हाउस टैक्स ग्रौर प्रापर्टी टैक्स लगे हुए हैं; डबल टैक्स लगे हुए हैं। इस के इलावा मरला टैक्स, ज़मीनों पर टैक्स, मकानों पर टैक्स, जीने पर टैक्स ग्रौर मरने पर टैक्स ग्रादि लगे हुए हैं जिन की संख्या काफी है। प्रापर्टी टैक्स जो लागू हुग्रा है वह स्टेट लेती है। हाउस टैक्स म्यूनिसिपल

कमेटी लेती है। लोगों के जज़बात पर बहुत बुरा असर पड़ता है क्योंकि सरकार भी टैक्स लेती है। कमेटियां भी टैक्स लगाती हैं और ज़िला परिषदें भी टैक्स लेती हैं। लोगों का यह एतराज सरकार को रिमूव करना चाहिये। कुछ दिन पहले मेरी कांस्टीच्यूऐंसी के लोगों ने मेरे से इस बारे में कहा था कि आप इस बात को वहां पर रेज़ करें कि कई किस्म के टैक्स दे रहे हैं, प्रापर्टी टैक्स दे रहे हैं, मरला टैक्स दे रहे हैं, मकानों के टैक्स दे रहे हैं। The Government should abolish the Sales tax and the Marla tax.

मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस सिलसिले में लोगों को मायूसी क्यों न हो। आप को मालूम है कि दो साल हुए यहां पर टैम्परेरी टैक्सेशन बिल पेश हुआ था और यहां पर पास भी हुआ। देहातों में ज़िला परिषद् और ब्लाक समितियां प्रोफैशनल टैक्स वसूल करती हैं। सब-इंस्पैक्टर्ज़ को दफा 30 के इख्तियार दिए गए हैं। मैं गनोर मन्डी की एक मिसाल इस सदन में रखना चाहता हूं। वहां पर श्री दुनी चन्द सब-इंस्पैक्टर या इंस्पैक्टर इस के लिये मुकर्रर हुआ। उस ने 1963-64 में लोगों के ऊपर प्रोफैशनल टैक्स लगाया। किसी पर 20 रुपये लगाये और किसी पर 18 या 16 रुपये लगाये। लेकिन बाद में पंचायत को कान्फीडैन्स में लेकर वह लिस्ट रात में ही गुम कर दी गई। वह लिस्ट एक भले आदमी के हाथ लगी। मैं ने वह लिस्ट देखी है। लेकिन रात ही रात में जिस को 28 रुपये टैक्स लगा था उस को 200 रुपये टैक्स लगाया गया और दूसरों को 100 रुपये लगाया गया। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि उस लिस्ट से दुगना, पांच गुना और छः गुना बढ़ा दिया गया। डिप्टी कमिश्नर या ऐस० डी० ओ० के नोटिस में यह बात लाई गई लेकिन कुछ न बना। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि यह रैगूलर अपील किस को लाई करती है ? क्या यह ब्लाक समिति के चेयरमैन को लाई करती है ? इस के बारे में लोगों को कुछ भी पता नहीं है। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि बी० डी० ओ० या छोटे अधिकारी भी उन के कहने पर ज्यादा टैक्स लगा रहे हैं। लोगों के साथ बहुत जुल्म हो रहा है। लोगों के साथ बहुत ज्यादती हो रही है। सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिये। जहां पर 28 रुपये टैक्स लगा था उस के ऊपर बाद में 200 रुपए टैक्स लगा रहे हैं और वसूल भी किया जा रहा है। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि गनोर के निवासी बहुत परेशान हैं। उन्हों ने बड़ी मेहनत से कमाया है और अधिकारी उन पर ज्यादा टैक्स लगा रहे हैं। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि वहां के लोग यह जुल्म बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन के दिलों में बहुत बेचैनी फैली हुई है। एक सब-इन्स्पैक्टर बुरा काम करता है लेकिन उस की बदनामी सरकार को झेलनी पड़ती है ; सारे लैजिस्लेटर्ज़ को बुरा सर्टीफिकेट मिलता है। मैं कहता हूं कि ऐसे आदमियों के खिलाफ कोई ड्रास्टिक एक्शन लेना चाहिये। उन को ससपैंड करो ; मैं पाज़ेटिव सबूत दूंगा।

Minister for Excise, Taxation and Capital : Is it the State tax that is being collected ?

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : अब मुश्किल यह है कि हमें यह पता ही नहीं है कि यह कौनसा टैक्स है। टैक्सों की इतनी भरमार है कि हमें मालूम ही नहीं पड़ता कि स्टेट टैक्स कौनसा है और सैंटरल टैक्स कौनसा है। सरकार ने टैक्सों का कुछ ठिकाना ही नहीं छोड़ा। शायद वह टैक्स ज़िला परिषद् का प्रोफैशनल टैक्स होगा। लेकिन हाथी के पांव में सब का

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]

पांव। हम तो स्टेट गवर्नमैन्ट को ही ज़िम्मेदार जानते हैं। टैम्परेरी टैकसेशन बिल इस हकूमत ने ही पास किया है वसूल वह करते हैं। सरकार ने लामहदूद अख्तियार ले रखे हैं। अभी सुबह यहां पर डिस्कस हो रहा था कि पचास म्यूनिसिपल कमिश्नरों को कानसे पकड़ कर निकाल दिया गया। यह मिसयूज़ आफ पावर है जो कि कभी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। मैं ज्यादा समय न लेता हुआ आप का धन्यवाद करता हूं और अपनी जगह लेता हूं।

श्री राम किशन (जालंधर शहर उत्तर-पूर्व) : चेयरमैन साहिब, यह जो 75,52,200 रुपये की डिमांड एक्साइज़ टैक्सेशन के सम्बन्ध में पेश हो रही है इस के बारे में मैं पांच सात बात हाउस में रखना चाहता हूं। इस में कोई शक नहीं है कि किसी भी राज्य की उन्नति के लिये उस की तमाम योजनाओं को पायाएतकमील तक पहुंचाने के लिये पैसे की ज़रूरत होती है और पैसा प्राप्त करने के लिये टैक्स लगाने पड़ते हैं। लेकिन अगर आज हम टैक्सेशन की ओवर-आल पिक्चर को देखें तो मालूम होगा कि हम 25 रुपये 66 नये पैसे पर कैपिटा के हिसाब से डायरैक्ट और इनडायरैक्ट टैक्स लगाने जा रहे हैं। अगर हम 13 साल के प्लानिंग प्रोग्राम को देखें तो हम ने तीन अरब 70 करोड़ रुपया पंजाब के अंदर इन्वैस्ट किया है और पांच करोड़ रुपये सालाना के हिसाब से एडीशनल टैक्स पिछले 13 सालों में वसूल किये हैं। लेकिन आज हम कहां तक पहुंचे हैं, जब कि हम थर्ड फाइव यीअर प्लान के चौथे साल में दाखिल हो रहे हैं हमारी पर्चेज़िंग पावर कम हो गई है, प्राइसिज़ बहुत ज्यादा राइज़ हो गई हैं और रुपये की कीमत बहुत गिर गई है। कहने का मतलब यह है हमें टैक्सेशन की ओवर आल पिक्चर को रिव्यू करना होगा। मैं डिटेल्ज़ में नहीं जाना चाहता लेकिन जहां तक हाई टैक्सेशन का सम्बन्ध है इसने कभी किसी कन्टरी को पे नहीं किया क्योंकि इस से इनवैस्टमैंट के अन्दर कमी हो जाती है और सेविंग के अन्दर कमी हो जाती है। जिस प्रकार के राज्य की हम स्थापना करना चाहते हैं और जो सामाजिक ढांचा हम कायम करने जा रहे हैं उस की राह में यह रोड़े अटकाता है। वैस्टरन कंट्रीज़ भी जो कि नान-सोशलिस्ट हैं उन्हों ने भी इस बात को माना है कि हाई टैक्सेशन में जितनी भी कमी हो सके करनी चाहिये ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा सहूलतें मिलें और गरीबों को ज्यादा रीलीफ मिले। हमारे प्लानिंग कमिशन ने इस सम्बन्ध में एक रीसर्च कौंसिल कायम की थी उस की रिपोर्ट पर कमिशन ने गवर्नमैन्ट आफ इंडिया को और दूसरी स्टेट्स को बड़े ज़ोर से रिकमैन्ड किया है कि अब वक्त आ गया है कि सारी टैक्सेशन की पालिसी को रिव्यू किया जाना चाहिये। संसार के सभी देशों ने इस फंडेमैन्टल असूल को माना है कि टैक्सेशन के अन्दर कमी की जानी चाहिये ताकि ज्यादा रुपया इन्वैस्ट हो। सात आठ प्रकार के टैक्स हैं जिन की तरफ मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। सब से पहले मैं सेल्ज़ टैक्स को लेता हूं। अगर आप सेल्ज़ टैक्स की फिगर्ज़ पर नजर मारें तो मालूम होगा कि पंजाब राज्य में दूसरे सब राज्यों से सेल्ज़ टैक्स की दर पर कैपिटा ज्यादा है। अगर हम नार्दर्न ज़ोन के प्रदेशों, अर्थात् जम्मू काशमीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में लागू सेल्ज़ टैक्स को भी देखें तो भी पंजाब में सेल्ज़ टैक्स पर कैपिटा सब से ज्यादा है। इसी परह से यदि हम स्टेट एकसाइज़ ड्यूटी को देखें तो वह भी पंजाब के अन्दर दूसरे सूबों से हायर है। अदर टैक्सेज़ ऐन्ड ड्यूटीज़ पर नजर मारने से पता चलता है कि पंजाब कंटरी में दूसरे दर्जे पर है। अगर

टोटल टैक्सिज़, जो यहां पर लगे हुए हैं, पर कैपिटा के हिसाब से देखें तो पंजाब तमाम स्टेट्स में से चौथे दर्जे पर आता है। महाराष्ट्र, गुजरात और वैस्ट बंगाल को छोड़ कर बाकी सब स्टेट्स में से पंजाब में पर कैपिटा टैक्सेशन ज्यादा है। एक तरफ तो हम पंजाब में इंडस्ट्रियलिस्ट्स को बुला रहे हैं और समाल सेविंग्ज़ के अंदर भी लोगों को इनवाइट करते हैं लेकिन दूसरी तरफ हम टैक्सेशन को ज्यादा से ज्यादा कर रहे हैं। हमारी पर्चेज़िंग पावर कम हो रही है। आज सरकार को इस तरफ तवज्जुह देनी चाहिये। 1948 से ले कर अगर हम पिछले सोलह साल के अरसे में जैनरल सेल्ज़ टैक्स पर नजर मारें तो पता चलेगा कि हम ने तकरीबन आठ दस बार इस की अमैन्डमैन्ट की हैं। और जब जब हम ने अमैंडमैंट की तब तब ज्यादा से ज्यादा कम्पलीकेशन्ज़ इस में पैदा हुई। टैक्स में ज्यादा इवेजन होता रहा है। यह दुरुस्त है कि टैक्स की रकम ज्यादा वसूल हुई है लेकिन अगर इस बात की छान बीन की जाये तो अब भी 40 परसैंट के करीब इवेजन हो रही है। अगर चालीस परसैंट की इवेजन मान ली जाये तो भी पांच करोड़ रुपये की इवेजन होती है क्योंकि higher the rate of taxation, higher the corruption and evasion इस सारी चीज़ को रोकने की बहुत ज्यादा आवश्यकता है। हमारे देश में एक टैक्सेशन इन्कवायरी कमेटी बिठाई थी। उस की रिपोर्ट में सेल्ज़ टैक्स के बारे में लिखा हुआ है :

> "Sales Tax.
> Among the taxes imposed by State Governments, land revenue and sales tax are the most important. "If few taxes raise so much revenue, "writes the Taxation Enquiry Commission, "few too have raised so many problems as the sales tax".

न केवल यह बल्कि फाइनैंस मिनिस्टर श्री टी० टी० कृष्णमाचारी और श्री देशमुख ने चैम्बर आफ कामर्स को एड्रैस करते समय जो कुछ कहा उस का निचोड़ यही निकलता है कि जहां तक सेल्ज़ टैक्स का ताल्लुक है,जो कि हर एक राज्य के लिये रैविन्यू की सब से पहली और बड़ी आईटम है, इस के बारे में देश में यूनीफार्म पालिसी होनी चाहिये और इस को सिम्पलीफाई करने की ज़रूरत है। उन्हों ने कहा कि टैक्सेशन स्टरक्चर को बदलने की ज़रूरत है। आज सेल्ज़ टैक्स की यह हालत है कि जो इवेजन होता है उस के सम्बन्ध में अगर कोई मिनिस्टर उठता है तो वह कहता है कि व्यापारी चोरी करता है या कोई और उठता है तो वह भी यही बात कहता है कि व्यापारी चोरी करता है, हालांकि व्यापारी चोर नहीं है। जहां तक सारे टैक्सेशन का ताल्लुक है बीस परसैंट व्यापारी की तरफ से आता है। मैं मानता हूं कि बुरे आदमी भी होते हैं लेकिन सब को यह बात कह देना अच्छा नहीं लगता। आज हमें इस बात पर विचार करने की ज़रूरत है कि सेल्ज़ टैक्स के स्टरक्चर को क्यों और किस लिये बदलने की ज़रूरत है। जहां तक सेल्ज़ टैक्स के मोड आफ रिएलाईज़ेशन का सम्बन्ध है, इस में भी थारो चेंज की ज़रूरत है। अगर यह समस्या हल हो जाये तो जो 75 परसैंट सेल्ज़ टैक्स की रिएलाईज़ेशन के सम्बन्ध में व्यापारियों को तकालीफ हैं वह दूर हो सकती हैं। यह इस वक्त इन्स्पैक्टर राज बना हुआ है। एक के बाद एक कई तरह से इन्स्पैक्टर आते हैं। कहीं सेल्ज़ टैक्स इन्स्पैक्टर है, कहीं शाप इन्स्पैक्टर है, कहीं प्योर फूड इन्स्पैकटर है, कहीं मार्किंग इन्स्पैक्टर है, कहीं प्रोफैशनल टैक्स का इन्स्पैक्टर है, कहीं प्रापर्टी टैक्स का इन्स्पैक्टर, पता नहीं किस किस ढंग से उन पर लगे हुए हैं। कई ढंग से व्यापारियों को उन के साथ बात करनी पड़ती है। कभी हिसाब किताब के सिलसिले में, कभी टैक्स की वसूली के सिलसिले में, फार्म भरते

[श्री राम किशन]

के सम्बन्ध में और इसी तरह से कई एक कामों के सम्बन्ध में एक आदमी तो उनको इन की ड्यटी पर लगाना पड़ता है कि रजिस्टर भरे, कचहरी में जाए और हिसाब किताब दिखाए कि कितना रुपया जमा किया है, कभी फार्म लगाए, कभी कुछ, कभी कुछ, यह सारा सिस्टम ही इतना काम्लीकेटिड हो गया है कि हर एक आदमी से किसी न किसी वक्त कोई न कोई गल्ती हो ही जाती है। अगर किसी ने सौ रुपया टैक्स का अदा करना होता है और किसी वजह से एक दो दिन की देरी हो जाती है तो पैनलटी के साथ उसे डेढ़ सौ रुपया अदा करना पड़ता है। न सिर्फ यह बल्कि अगर रीटर्न में दो दिन की देरी हो जाती है तो उस के मुताबिक उस पर पैनलटी लग जाती है। इतना ही नहीं, चेयरमैन साहिब, आप की मार्फत मैं मिनिस्टर साहिब का ध्यान इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि चार पांच साल हुए जिन लोगों ने सेल्ज़ टैक्स का हिसाब किताब दे दिया था, असैसमैन्ट हो गई थी, पैसे जमा करा दिये थे आज उन की बाबत जब आडिट आब्जैक्शन हुआ है तो उन को नोटिस आ गए हैं कि आप लोग उन आडिट आब्जैक्शनज़ के जबाब दो। यह काम अफसरों का है, इन्स्पैक्टरों और ऐक्साइज़ एंड टैक्सेशन अफसरों का है कि उनका जवाब दें। दुकानदारों ने तो चार पांच साल हुए पैसे जमा करा दिए थे। जितनी असैसमैन्ट हुई उसके मुताबिक उन्हों ने पैसे जमा भी करा दिये थे तो अब जब कि आडिट आब्जैक्शन हुए हैं तो क्यों उन्हें बीच में घसीटा जा रहा है? मैं कह नहीं सकता कि किस हद तक यह ठीक है लेकिन इस बात पर भी मिनिस्टर साहिब की तरफ से तवज्जुह दिए जाने की ज़रूरत है।

इतना ही नहीं, चेयरमैन साहिब, जहां तक फार्मों के सम्बन्ध में इन्स्ट्रक्शन्ज़ हैं, एक फार्म I है। उस के मुताबिक यह इन्स्ट्रक्शन्ज़ हैं कि किसी अफसर ने एक साल के अन्दर कितने व्यापारियों को अरैस्ट करवाया। जितनी ज्यादा बार और जितने ज्यादा आदमियों को उन्होंने अरैस्ट करवाया हो उस के मुताबिक उन को क्रैडिट दिया जाता है, उस के मुताबिक प्रोमोशन्ज़ होती हैं। यह इतना बदनुमा धब्बा है, पंजाब के नाम पर, पंजाब की गवर्नमैन्ट के नाम पर कि जो फार्म इस सम्बन्ध में है, उस में यह लिखा जाये कि जितनी ज्यादा अरैस्ट करवाएगा उतनी प्रोमोशन इन्स्पैक्टर और ई० टी० ओ० को मिलेगी। इस तरह से इस सम्बन्ध में उन को अरैस्ट करवाया जाता है, ज़लील किया जता है। चेयरमैन साहिब, जितनी व्यापारियों की ज़लालत इन वर्षों में इस महकमा के जरिये हुई है यह आगे कभी नहीं हुई थी। मैं कहता हूं कि दुनिया के अन्दर किसी मुल्क में, किसी राज्य के अन्दर इतनी बेइज्ज़ती ट्रेडर्ज़ की नहीं की जाती जितनी कि पंजाब राज्य के अन्दर की जाती है और मैं चाहूंगा कि मिनिस्टर साहिब इस तरफ फौरी तौर पर तवज्जुह दें। मैं इस सम्बन्ध में जापान की मिसाल देता हूं। जहां तक टैक्स को रिएलाईज़ेशन का सम्बन्ध है, वहां पर इस तरह के आर्डर्ज़ जारी किए हुए हैं कि जब कभी दफतर में कोई व्यापारी या टैक्स देने वाला जाता है तो वहां पर सब से पहिले उस के लिए उनकी तरफ से चाये का इन्तजाम किया हुआ है। वहां पर बाकायदा तौर पर यह हिदायत जारी की हुई है कि उन लोगों के साथ ह्यूमेन ट्रीटमैन्ट किया जाये। वहां पर assessed persons की इस तरह से इज्ज़त की जाती है और मान रखा जाता है। इसी तरह से यू० के० गवर्नमैन्ट की इन्स्ट्रक्शन्ज़ हैं। इस लिये आप के द्वारा मैं गवर्नमैन्ट से

यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह जो मौजूदा स्टील फ्रेम है इस को फौरन बदलने की ज़रूरत है। इस को ह्यूमेन लैवल पर ले जाने की ज़रूरत है। आखिर व्यापारियों का भी समाज के अन्दर कोई दर्जा है। वह भी सोसाइटी का एक अहम हिस्सा है और वह राज्य के अन्दर एक बहुत बड़ा हिस्सा इन्कम का कंट्रीब्यूट करते हैं। इसलिए मौजूदा हालात में इस सारे तरीके को बदलने की ज़रूरत है। जैसा कि मैं ने फार्म की बाबत ज़िक्र किया और दूसरी जो रुकावटें हैं, बन्दशें हैं, इन को दूर किया जाए तो न सिर्फ रैविन्यू ज्यादा होगा बल्कि सूबे में इस सम्बन्ध में खुशगवार ताल्लुकात पैदा होंगे। वक्त आ गया है कि इस सारे टैक्स स्टरक्चर को सिम्पलीफाई किया जाए और आप की मार्फत पूरे जोर के साथ मिनिस्टर साहिब को यह सुझाव देना चाहता हूं कि सेल्ज़ टैक्स के सम्बन्ध में एक बड़ी इम्पार्टैंट ऐक्सपर्ट कमेटी बैठाई जाए जो कि इन सभी चीज़ों को तरफ गौर करे और ध्यान दे कर इस को सिम्पलीफाई करने की बाबत मुनासिब सुझाव गवर्नमैन्ट के सामने रखे।

खुशी की बात है कि सेल्ज़ टैक्स के सिलसिले में सारे मुल्क के अन्दर एक यूनीफार्म पालिसी बनाने के सम्बन्ध में नार्दर्न ज़ोनल कौंसिल की मीटिंग में एक सुझाव रखा गया था। मैं कहूंगा कि उस को फिर जोर से पुट कीजिए, पूरे जोर के साथ वहां पर ले जाइए ताकि इसमें जो रुकावटें हैं, जो दिक्कतें हैं वह दूर हों और व्यापारियों को जिन मुश्किलात का सामना करना पड़ता है वह दूर हों। इस वक्त हालत क्या है? आप ड्रग्ज़ यानी दवाइयों को ही ले लें। जहां हमारे पंजाब राज्य में इन पर 7 परसैन्ट सेल्ज़ टैक्स लगता है वहां देहली, यू० पी० और राजस्थान के अन्दर एक से ले कर चार परसैंट तक लगता है। इतना ही नहीं, हर एक चीज़ पर, हर नैसेसेटी आफ लाईफ पर यहां पंजाब के अन्दर सेल्ज टैक्स लिया जाता है और दूसरी स्टेट्स के मुकाबिले में बहुत ज्यादा लिया जाता है। फूडग्रेन्ज़ पर सेल्ज़ टैक्स लिया जाता है; दूसरी चीज़ों पर लिया जाता है। आज के हालात के मुताबिक सरकार को काफी से ज्यादा रैविन्यू सेल्ज़ टैक्स से मिलता है। इस लिये इस सम्बन्ध में कुछ ज़रूरी सुझाव देना चाहता हूं कि जहां पर आज सारे मोड आफ एडमिनिस्ट्रेशन को बदलने की ज़रूरत है, जहां फार्मों को बदलने की ज़रूरत है वहां मैं तीन चार आल्टरनेटिब आप की मार्फत गवर्नमैन्ट को बताना चाहता हूं। उन में से किसी एक को वह अपना लें तो काफी हद तक हालत को बेहतर बनाया जा सकता है। जहां पर मैं ने टैक्सेशन स्टरक्चर को बदलने के लिये रिफार्म कमेटी बनाने का सुझाव दिया है वहां साथ ही जहां तक सेल्ज़ टैक्स का सम्बन्ध है, तीन चार सुझाव देता हूं।

(1) मुनासिब होगा कि सेल्ज़ टैक्स के सिलसिले में कोई लिमिट मुकर्रर कर दी जाए . . .हायर और लोअर। जिसकी इन्कम ज्यादा हो उस पर ज्यादा टैक्स लगा दिया जाये और कम आमदन वाले पर कम ; लाईसैंस फी लम्पसम की शक्ल में मुकर्रर कर देनी चाहिये जैसा कि साउथ की स्टेट्स के अन्दर है।

(2) अगर ऐसा नहीं करना तो सारी स्टेजिज़ पर लगा दीजिए। तीन चार स्टेजिज़ पर जो इस वक्त छः परसैंट के हिसाब से लिया जाता है उसको कम करके एक परसैंट लगाया जाए।

[श्री राम किशन]

(3) अगर यह भी नहीं करना चाहते तो सब से अच्छा तरीका यह है कि सोर्स पर ही सेल्ज़ टैक्स वसूल कर लिया जाये जैसा कि कपड़े की मैनूफैक्चरिंग के सम्बन्ध में किया हुआ है।

मैं समझता हूं कि इन तरीकों में से किसी को भी अपनाने में गवर्नमैंट को रत्ती भर भी दिक्कत नहीं आ सकती। मैं समझता हूं कि गवर्नमैन्ट किसी भी तरीके से गवर्नमैन्ट आफ इंडिया से बातचीत करके इस बात का फैसला कर सकती है। इस सम्बन्ध में तेरह चौदह चीज़ें तो सीधे तौर पर ली जा सकती हैं जिन पर ऐट सोर्स सेल्ज़ टैक्स लगाया जा सकता है जैसे बनस्पति घी है, सीमिंट है, कोयला और साफट कोक है आयरन एंड स्टील की सभी प्रोडक्ट्स हैं, बरतन हैं, पेपर न्यूज़प्रिंट और कार्डबोर्ड है, मोटर कारें, स्कूटर, ट्रक मोटर बाईक्ल और बाई-सिकल है, टिम्बर है, ऐलोपैथिक और होम्योपैथिक दवाइयां हैं, घड़ियां हैं, स्पोर्टस मैटिरियल है, कराकरी है, ड्राई फ्रूट्स हैं, चाय है। इस तरह की सभी चीज़ों को इस में कवर किया जा सकता है। वरना आज हालात क्या हैं? कहने की ज़रूरत नहीं है, चेयरमैन साहिब, कि जहां पहिले पंजाब स्टेट के अन्दर ड्राई फ्रूट के ज़रिये चार करोड़ रुपये सालाना की तजारत होती थी इस सेल्ज़ टैक्स की वजह से आज यहां की 80 परसैंट तजारत देहली में चली गई है। इस तरह से पंजाब इस से महरूम रह गया है। यही नहीं, ड्राज़ और मोटर पार्ट्स वगैरा की भी काफी से ज्यादा ट्रेड यहां से उठकर देहली में चली गई है क्योंकि वहां पर पंजाब की निस्बत कम सेल्ज़ टैक्स है। इस लिये मैं आप की मार्फत गवर्नमैन्ट पर इस बात के लिये जोर देना चाहता हूं कि इन सभी चीज़ों पर पूरी संजीदगी के साथ गौर करने की ज़रूरत है ताकि उन पर विचार करते हुए किसी न किसी तरह से ठीक नतीजों पर पहुंचा जा सके।

इस के अलावा पंजाब के अन्दर एक और टैक्स है और वह है प्रोफैशनल टैक्स। मैं इस सम्बन्ध में ज्यादा नहीं जाना चाहता; लेकिन एक बात ज़रूर कहना चाहूंगा कि मैं ने टैक्सेशन इन्क्वायरी कमेटी की रिपोर्ट को पढ़ा है, मैं डाक्टर कालादार और प्रोफैसर बी०के०वी० राओ के विचारों को पढ़ा है। दुनिया के अन्दर जितने भी मुल्क हैं, हिन्दुस्तान के अन्दर पंजाब राज्य ही एक ऐसा राज्य है जहां प्रोफैशनल टैक्स Gross Income पर लगाया गया है जिस में अखराजात यानी ऐक्सपैंडीचर को भी मुबरा नहीं किया गया... ग्रास इन्कम पर यह टैक्स लगाया गया है जब कि कोई भी टैक्स इस किस्म का हो वह नैट इन्कम पर ही लगाया जाता है। दुनिया के अन्दर किसी मुल्क में ऐसा नहीं है। हिन्दुस्तान की किसी स्टेट में ऐसा नहीं है। मुझे खुशी होगी अगर मिनिस्टर साहिब हिन्दुस्तान की किसी स्टेट की, दुनिया के किसी मुल्क की मिसाल दे सकें जहां पर इस तरह का यह प्रोफैशनल टैक्स लगाया गया हो। वैसे तो प्रोफैशनल टैक्स की ज़रूरत ही नहीं रहती लेकिन अगर किसी न किसी तरह से रखना ही है तो इसे ग्रास इन्कम पर नहीं नैट इन्कम पर लिया जाना चाहिये।

इस के बाद मैं प्रापर्टी टैक्स की तरफ आता हूं। जहां तक प्रापर्टी टैक्स का सम्बन्ध है यह सन् 1940 में, जब कि अनडिवाइडिड पंजाब में सर सिकन्दर हियात की हकूमत थी तब से लागू हुआ था। उस वक्त जो लिमिट मुकर्रर की गई थी वह 276 रुपये सालाना थी

ग्रौर रिपेयर के लिये 10 परसैंट ऐग्ज़ेम्पशन थी। पिछले 24 साल के अन्दर, ग्रगर ग्राप देखें तो ग्राप को पता लगता है कि कीमतें कितनी बढ़ गई हैं। लेबर की कीमत कितनी बढ़ गई है। सीमिंट, टिम्बर ग्रौर ग्रायरन एंड स्टील की कीमत कितनी चढ़ गई है। खास तौर से ब्रिक्स की कीमतों में किस कदर इज़ाफ़ा हुग्रा है। इस लिये जहां तक प्रापर्टी टैक्स का सम्बन्ध है यह जो लिमिट है इसे कम से कम दुगना कर देना चाहिये ग्रौर रिपेयर की ऐग्ज़ैम्पशन को तीन गुना कर दिया जाये। इसी तरह से विडोज़ के सम्बन्ध में जो लिमिट इस ऐग्ज़ेम्पशन की रखी हुई है उसको भी कम से कम तीन गुना बढ़ा देना चाहिये, बल्कि मैं तो समझता हूं कि इस टैक्स की ज़रूरत ही नहीं क्योंकि सरकार को बदले हुए हालात में जनता को हाऊसिंग के सिलसिले में इन्सेन्टिव देने की ज़रूरत है। जो सोशल्ज़िम के सम्बन्ध में प्रस्ताव पेश किया था उसके चौथे पैरे में लिखा गया है कि चौथी ग्रौर पांचवीं प्लैन के ग्राखिर तक इस हाऊसिंग की शार्टेज को दूर करना है। इस लिये मैं ग्रर्ज़ करूंगा कि वक्त ग्रा गया है कि ग्रगर पंजाब सोशलिस्ट स्टेट के सम्बन्ध में हिन्दुस्तान में बाकी सूबों के मुकाबिला में लीड लेना चाहता है

12.00 noon

तो रैज़ीडैंशल हाऊसिंग को प्रापर्टी टैक्स से मुस्तसना करार दिया जाए। इस से हाऊसिंग को इंसैन्टिव मिलेगा ग्रौर गरीब ग्रादमियों को लीड मिलेगी। ग्रौर सारा सिलसिला ग्रच्छी तरह से चल सकेगा।

चेयरमैन साहिब, जहां तक लिकर का सम्बन्ध है या एकसाइज़ ड्यूटी का सम्बन्ध है मैं इस संबंध में ग्रर्ज़ करना चाहता हूं कि पंजाब गवर्नमैन्ट इस बारे में ग्रपनी पालिसी बदलने जा रही है। हिन्दुस्तान की जो इस बारे में नैशनल पालिसी थी वह यह थी कि हम प्रोहिबिशन करेंगे लेकिन कुछ हालात बदले ग्रौर इन की वजह से गवर्नमैन्ट ने इस बारे में टेक चन्द कमेटी बैठाई ग्रौर ग्रभी टेक चन्द कमेटी की रिपोर्ट ग्राई नहीं। इस लिये मेरी गवर्नमैन्ट से दरखास्त है कि जब तक टेक चन्द कमेटी बैठी है ग्रौर इस की रिपोर्ट नहीं ग्रा जाती उस वक्त तक गवर्नमैन्ट को ग्रपनी पालिसी को बदलने की कोई ज़रूरत नहीं है। इस संबंध में मैं ग्राप की मारफत गवर्नमैन्ट से कहना चाहता हूं कि जहां तक ऐक्साइज़ ड्यूटी का संबंध है इस डिमांड के पीछे जो एक्सप्लैनेटरी नोट दिया हुग्रा है उस के ग्रन्दर यह लिखा हुग्रा है—

"....Country spirit, due to more consumption of country liquor....".

इस के मायने यह हैं कि गवर्नमैन्ट ने ग्रब समझ लिया है कि कन्टरी के ग्रन्दर ग्रौर पंजाब के ग्रन्दर इस के मुताबिक ग्रब लिकर की कंज़म्पशन होगी ग्रौर जो कोटा होल्डर्ज़ हैं उन के कोटे ग्रब डबल कर दिए गए हैं। मैं इस सम्बन्ध में कहना चाहता हूं कि यह वह चीज़ है जिस के लिए हमारी हज़ारों बहनों को जेल में जाना पड़ा था ग्रौर इस को रोकने के लिये हमारे देश के हजारों वालन्-टीयर्ज़ ने शराब की दुकानों पर पिकिटिंग की थी ग्रौर ऐसा करते हुए लाठियां खाई थीं। इसी चीज़ को रोकने के लिये गोलियों की बोछाड़ में उन्होंने पिक्टिंग की थी। इस के पीछे हमारा इतिहास है, इस के पीछे हमारी कहानी भरी पड़ी है। इस लिये मैं इन को कहना चाहता हूं कि इस तरह करके हमारे देश के इतिहास को बर्बाद न किया जाए। हम इस को बर्दाश्त नहीं करेंगे। ग्रगर ग्राप इस तरह से प्रोहिबिशन को स्करैप करते हैं हमारी ग्रांखों के सामने ग्रौर हमारे सामने एक नई फेवरिट क्लास पैदा कर रहे हैं यह हम किसी तरह भी बर्दाश्त नहीं कर सकते। वही गवर्नमैन्ट जो पहले प्रोहिबिशन लगाने का दावा करती थी ग्रब शराब को

[श्री राम किशन]

नई दुकानें अपनी फेवरिट क्लास को देगी। मैं मानता हूं कि इस में एक्साईज़ मिनिस्टर के बस की बात नहीं है। देखने की बात तो यह है कि यह गांधी जी की गवर्नमैन्ट है और यह हमारे जैसे हजारों वालन्टीयरों की कुर्बानियों की वजह से बरसरे इक्तदार आई है और यह अब अपनी फेवरिट क्लास को शराब की दुकानें दे रही है। यह चीज़ नाकाबिले बर्दाश्त है। [*Deputy Speaker in the Chair*] इस लिये, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप की मारफत गवर्नमैन्ट से अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस से पहले कि यह इस पालिसी को बदले यह सैंट्रल गवर्नमैन्ट से अपनी राये ले ले और जब तक टेक चन्द कमेटी की रिपोर्ट नहीं आ जाती यह इस बारे में कोई तबदीली अपनी पुरानी पालिसी में न लाएं। अगर यह इस ने बदल दी तो यह हमारे जज़बात के साथ खेलने वाली बात होगी और यह हमारे इतिहास को बर्बाद करने वाली बात होगी। इस को पुराने कांग्रेसी बर्दाश्त नहीं करेंगे। वैसे इन के पास हिम्मत है यह जो चाहें कर दें लेकिन मैं इन से यही प्रार्थना करता हूं कि यह ऐसा करके हमारे ज़खमखुर्दा जज़बात पर नमक न छिड़कें। हम इस को बर्दाश्त करने वाले नहीं हैं।

इस के बाद मैं स्टैम्प ड्यूटी ऐक्ट के बारे में कुछ अर्ज़ करना चाहता हूं जो 12 मिन्टों के अन्दर यहां पंजाब असैम्बली में से पास करवा लिया गया था और जिस के तहत स्टैम्प ड्यूटी 2 से बढ़ा कर 12 परसैंट कर दी गई थी और म्यूनिसिपल कमेटियों के अन्दर की जायदाद के लिए 3 से बढ़ा कर 13% कर दी गई थी। पिछले तीन चार सालों के आंकड़ों से पता चलता है कि इस ड्यूटी के बढ़ जाने से सिर्फ एक या डेढ़ लाख का गवर्नमैन्ट की आमदनी में इज़ाफा हुआ है लेकिन आप इस बात का अन्दाज़ा लगाएं कि इस से बदनामी कितनी हुई है, इस से इखलाक के अन्दर कितनी गिरावट आई है क्योंकि लोग इस बारे में झूठ बोलने लगे हैं। किसी आदमी की सौ रुपये की जायदाद होती है तो वह 30 या 40 रुपये लिखवा कर रजिस्टरी करवाता है। वह झूठ बोलता है, लम्बरदार झूठ बोलता है और विटनैसिज़ को झूठ बोलना पड़ता है। अगर सरकार इस स्टैम्प ड्यूटी में फिर कमी कर दे तो इस से उस के रैविन्यूज़ में कमी होने वाली नहीं। इस लिये मैं इसे कहूंगा कि यह इस को कम अज़ कम आधा कर दे। मैं कहता हूं कि गवर्नमैन्ट के रैविन्यूज़ में इस से कमी नहीं होगी बल्कि यह बढ़ेगा। फिर इस से लोगों को मकान बनाने के लिये इन्सैंटिव मिलेगा और गरीबों को रिलीफ मिलेगा और जो लोग छोटी इन्डस्ट्री चलाना चाहते हैं उन्हें ज़मीन लेने के अन्दर दिक्कत नहीं आयेगी।

इस के बाद फूडग्रेन्ज़ पर जो टैक्स है जो पहले 12 आने लगा था और उसके बाद यह डेढ़ रुपया कर दिया गया था, यह हटा देना चाहिये। यह टैक्स उस वक्त लगाया गया था जिस वक्त हम प्राइमरी ऐजूकेशन फ्री करने लगे थे। यह ठीक है कि प्रायमरी ऐजूकेशन ज़रूर फ्री होनी चाहिए लेकिन जहां पक प्राइवेट स्कूलों का संबंध है उन की मैनेजमैन्टस माली मुश्किलात के कारण यह फ्री नहीं कर पा रहीं। इस बारे में भी गवर्नमैन्ट को देखना चाहिये। लेकिन इस के साथ ही मैं कहता हूं कि अब वक्त आ गया है जब कि फूडग्रेन्ज़ की प्राइसिज़ इतनी बढ़ गई हैं कि यह लोगों की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। गवर्नमैन्ट को लोगों को रीज़नेबल रेट्स पर फूडग्रेन्ज़ और दूसरी नैसेसेटीज़ आफ लाईफ देनी चाहिएं। इस लिए पंजाब राज्य के अन्दर गवर्नमैन्ट को यह टैक्स लगा कर लोगों पर ज्यादा बोझ नहीं डालना चाहिए।

दूसरी चीज़ मैं आपकी मारफत, डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह कहना चाहता हूं कि सारे टैक्सों को रिव्यू करने की ज़रूरत है क्योंकि कुछ टैक्सिज़ ऐसे हैं जो एक ही आदमी को मुख्तलिफ शक्लों में देने पड़ते हैं, जैसे एक ही मकान पर हाउस टैक्स देना पड़ता है, प्रापर्टी टैक्स देना पड़ता है और उसी मकान पर मरला टैक्स भी देना पड़ता है। अब वक्त आ गया है जब सारे टैक्सों को मिला कर एक ही टैक्स कर देना चाहिये। अब इस तरह से चार पांच टैक्सों को लागू रखने से कोई फायदा नहीं होगा। यह ठीक है कि पंजाब राज्य के अन्दर आने वाले सालों के अन्दर पैसे की ज़रूरत है और सरकार की इन्कम बढ़ाने की ज़रूरत है। इस के साथ ही लोगों की हमदर्दी की ज़रूरत है और लोगों को साथ लेने की ज़रूरत है। इस लिए मैं यह चाहता हूं कि पंजाब सरकार यह देखें कि खाह अरबन टैक्सेशन है खाह रूरल टैक्सेशन है इन सब पर गौर करें ताकि हम किसी नतीजे पर पहुंचें। इस के लिए मैं सुजैस्ट करता हूं कि एक टैक्सेशन रिफार्म कमेटी बैठाई जाये जो ओवरआल पोज़ीशन को देखे। आज इस चीज़ की बड़ी ज़रूरत है। श्री टी० टी० कृष्णमाचारी ने अपनी गवर्नमैंन्ट को कहा है और दुनिया के इकानोमिस्ट्स का भी कहना है कि जब कोई टैक्सेशन लगानी हो तो इस बात को मद्देनज़र रखा जाए कि जिन लोगों पर उसका असर पड़ना है उन की कितनी आमदनी है और उनकी प्रचेज़िंग पावर कैसी है। इस लिए वह कमिशन देखे कि पंजाब राज्य में हालात कैसे हैं। आज पंजाब के अन्दर न वह हालात रूरल एरियाज़ में रहे हैं और न ही अरबन एरियाज़ में रहे हैं। रूरल एरियाज के अन्दर ज़मीन से फी कस आमदनी 184 रुपए हुई है तो उस पर 664 रुपये कर्ज़ा हो गया है। जहां तक अरबन एरियाज़ का संबंध है गवर्नमैंन्ट आफ इंडिया के फाइनांस डिपार्टमैंन्ट ने एक टैक्स रिफार्मज़ कमेटी बनाई हुई है और हाल ही में उसकी रिपोर्ट शाया की गई है जिस में उन्हों ने बताया है कि जहाँ तक अरबन एरियाज़ का ताल्लुक है वहां एक रुपये की कीमत घट कर 54 पैसे रह गई है। इस लिये मैं अर्ज़ करता हूं कि इन सारी चीज़ों को मद्देनज़र रखा जाए। जब आप एक सोशलिस्टिक स्टेट बनाने जा रहे हैं तो यह ज़रूरी है कि गरीब आदमियों को टैक्सों में रिलीफ दिया जाये और जो बड़े बड़े आदमी हैं और जो टैक्सों का जितना बोझ और बर्दाश्त कर सकते हैं, उन पर उतना बोझ डाला जाए। लेकिन अब तक हम ने जितनी टैक्सेशन लगाई है उस से छोटे आदमियों पर ज्यादा बोझ पड़ा है और जो बड़े आदमी हैं उन्हें उस से फायदा हुआ है।

इस के साथ ही इवेयन को रोकने की ज़रूरत है और इवेयन रोकने वाली मशीनरी बनाने की ज़रूरत है। आखिर में मैं यह कहना चाहता हूं कि उस मशीनरी में जो आदमी काम कर रहे हैं उन में भले आदमी भी हैं और बुरे भी हैं लेकिन इस बात को हमें नज़र अन्दाज़ नहीं करना चाहिये कि आज हालत यह है कि इवेयन को रोकने के लिए टैक्सेशन डिपार्टमैंन्ट के आदमियों के अलावा डिस्ट्रिक्ट एथारेटीज़ को भी अख्तियार हासल है। और उन के अलावा तमाम ज़िलों में 15 फ्लाइंग स्क्वैड्ज़ भी काम कर रहे हैं और इस के साथ ही कई पी. सी० एस० अफसरों को भी इस में ले जाने की कोशिश की जा रही है। यह सारे टैक्सिज़ के इवेयन को रोकना चाहते हैं लेकिन फिर भी यह रुकने में नहीं आ रहा। इस का मतलब यह है कि इस मशीनरी में कहीं कमज़ोरी आ गई है। इस लिए मैं गवर्नमैंन्ट से कहूंगा कि यह इसे ह्यूमेन वे में ढालने की कोशिश करें और इसे ज़रूर एफीशेंट बनाना चाहिए ताकि यह ज़्यादा से ज़्यादा

[श्री राम किशन]
टैक्स वसूल कर सकें और यह सारी मशीनरी सोशलिस्टिक आर्डर के मुताबिक होनी चाहिए। इस सारी मशीनरी को इस तरीका से बदलने की जरूरत है। उन्हें इन्स्ट्रक्शन्ज़ जारी की जायें कि वह जनता से अपना व्यवहार बदलें और ह्यूमेन तरीका से उन के साथ बर्ताव करें।

मैं चाहता हूं कि सरकार इन बातों की तरफ तवज्जुह दे जिन की तरफ मैं ने इन का ध्यान दिलाया है और आशा रखता हूं कि कुछ न कुछ हमदर्दाना गौर कर के लोगों को रिलीफ दिया जायगा। (तालियां)

ਕਾਮਰੇਡ ਜੰਗੀਰ ਸਿੰਘ ਜੋਗਾ (ਤਲਵੰਡੀ ਸਾਬੋ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਟੈਕਸੇਸ਼ਨ ਮਨਿਸਟਰ ਨੇ ਜਿਹੜੀ ਡਿਮਾਂਡ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ ਹੈ, ਅੱਜ ਅਸੀਂ ਇਸ ਤੇ ਬਹਿਸ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਤੁਸੀਂ ਜਾਣਦੇ ਹੋ ਕਿ ਪਿਛਲੇ ਟੈਕਸੇਸ਼ਨ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਅਫੀਮ ਤੇ ਬੰਦਸ਼ ਲਾਈ ਸੀ ਅਤੇ ਅਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਤੇ ਵਧਾਈ ਦਿੱਤੀ ਸੀ। ਪਰ ਅਜ ਦੁਖ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਪਹਿਲਾਂ ਤਾਂ ਅਫੀਮ ਦੀ ਇਕੋ ਹੀ ਦੁਕਾਨ ਹੁੰਦੀ ਸੀ ਅਜ ਪਿੰਡ ੨, ਸ਼ਹਿਰ ੨ ਅਫੀਮ ਦੀਆਂ ਦੁਕਾਨਾਂ ਖੁਲ੍ਹ ਗਈਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਸ਼ਰੇਆਮ ਅਫੀਮ ਵਿਕ ਰਹੀ ਹੈ। ਫਿਰ ਅਫੀਮ ਦੇ ਸਮਗਲਰ ਆਮ ਤੌਰ ਤੇ ਖੱਦਰ ਦੇ ਕਪੜਿਆਂ ਵਿਚ ਮਲਬੂਸ ਹੋ ਕੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਦੀ ਭੈੜੀ ਆਦਤ ਪਾ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਸ ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਸੈਂਟਰਲ ਸਰਕਾਰ ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਪਾਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਰਾਜਸਥਾਨ, ਮਧਪ੍ਰਦੇਸ਼ ਅਤੇ ਯੂ. ਪੀ. ਆਦਿ ਵਿਚ ਇਸ ਦੀ ਕਾਸ਼ਤ ਬੰਦ ਹੋਵੇ।

ਸ਼ਰਾਬ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਬਹੁਤ ਨਹੀਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਕਿਉਂਕਿ ਇਸ ਤੇ ਕਾਫੀ ਬਹਿਸ ਹੋਈ ਹੈ ਪਿਛਲਾ ਤਜਰਬਾ ਕੀ ਦਸਦਾ ਹੈ ? ਮਹਾਰਾਸ਼ਟਰ ਨੇ ਸ਼ਰਾਬ ਬੰਦ ਕੀਤੀ ਪਰ ਅੱਜ ਇਹ ਅਫੀਮ ਦੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਮਹਾਰਾਸ਼ਟਰ ਵਿਚ ਸ਼ਰਾਬ ਦੀ ਪਹਿਲੇ ਨਾਲੋਂ ਵੀ ਜ਼ਿਆਦਾ ਖੁਲ੍ਹੀ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਸਾਡੇ ਗੁਆਂਢੀ ਜ਼ਿਲ੍ਹੇ ਰੋਹਤਕ ਵਿਚ ਵੀ ਇਹ ਲਾਗੂ ਹੈ, ਪਰ ਜਦ ਤੱਕ ਪ੍ਰਚਾਰ ਆਦਿ ਨਾਲ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਮਨ ਨਹੀਂ ਬਦਲੇ ਜਾਂਦੇ ਤਦ ਤਕ ਬੰਦਸ਼ਾਂ ਲਾਉਣ ਦਾ ਆਪ ਦਾ ਤਰੀਕਾ ਕਾਮਯਾਬ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ। ਸਾਰੇ ਪੁਰਾਣੇ ਨੈਸ਼ਨਲ ਮੂਵਮੈਂਟ ਦੇ ਵਰਕਰਾਂ ਨੇ ਸ਼ਰਾਬ ਦੇ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਪਿਕਿਟਿੰਗ ਕੀਤੀ ਅਤੇ ਜੇਲ੍ਹਾਂ ਕਟੀਆਂ, ਜੁਰਮਾਨੇ ਦਿੱਤੇ ਪਰ ਬਾਵਜੂਦ ਇਸ ਦੇ ਅਸੀਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਸ਼ਰਾਬ ਵੱਲੋਂ ਨਹੀਂ ਮੋੜ ਸਕੇ। ਕਸਰ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਰਹੀ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਤਾਂ ਆਪਣਾ ਇਹ ਰਵੱਯਾ ਹੈ ਕਿ ਇਲੈਕਸ਼ਨਾਂ ਦੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਇਹ ਆਪ ਸ਼ਰਾਬ ਪਿਲਾਂਦੇ ਹਨ। ਫਿਰ ਜੋ ਠੇਕਿਆਂ ਦਾ ਸਿਸਟਮ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਚਾਲੂ ਕੀਤਾ ਹੈ ਇਹ ਵੀ ਗ਼ਲਤ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰਕੇ ਇਸ ਬੁਰੀ ਆਦਤ ਨੂੰ ਲੋਕਾਂ ਵਿਚੋਂ ਕੱਢਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਬਾਰੇ ਅਰਜ਼ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਬਜਟ ਵਿਚ ਸਭ ਤੋਂ ਵੱਡੀ ਮਦ ਹੈ ਅਤੇ ਤਕਰੀਬਨ 14 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਇਸ ਰਾਹੀਂ ਵਸੂਲ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਅਸੀਂ ਇਹ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਅਸੀਂ ਇਸ ਟੈਕਸ ਦੀ ਚੋਰੀ ਰੋਕ ਨਹੀਂ ਸਕੇ। ਅੰਗਰੇਜ਼ਾਂ ਵੇਲੇ 1946 ਵਿਚ ਇਹ ਟੈਕਸ ਸਿਰਫ 4 ਆਨੇ ਸੈਂਕੜਾ ਸੀ ਪਰ ਅੱਜ ਇਸ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਵਧਾ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ; ਮਗਰ ਜੋ ਤਰੀਕਾ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਅਖਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਸ ਨਾਲ ਬਹੁਤਾ ਬੋਝ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਤੇ ਪੈਂਦਾ ਹੈ, ਉਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਪਾਲੀਸੀ ਹੈ ਕਿ ਪ੍ਰਾਪਰਟੀ ਤੇ ਬਹੁਤ ਘੱਟ ਟੈਕਸ ਲਗਾਇਆ ਜਾਵੇ। ਜਾਇਦਾਦ ਟੈਕਸ 17 ਫੀ ਸਦੀ ਹੈ ਜਦ ਕਿ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ 53 ਫੀ ਸਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਦਾ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਦੀ ਖਰੀਦੋ ਫਰੋਖਤ ਤੇ ਬੜਾ ਅਸਰ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਵਕਤ ਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਹੁਣ ਪ੍ਰਾਪਰਟੀ ਵਾਲੇ

ਸਰਮਾਏਦਾਰ ਤੇ ਟੈਕਸ ਲਾਇਆ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਜੋ ਜ਼ਰੂਰਤ ਦੀ ਚੀਜ਼ ਖਰੀਦਣ ਵੇਲੇ ਭਾਰ ਪੈਂਦਾ ਹੈ, ਉਹ ਨਾ ਪਵੇ । ਜੇ ਦੂਜਿਆਂ ਸੂਬਿਆਂ ਵਿਚ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਟੈਕਸਾਂ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰੀਏ ਤਾਂ ਪਤਾ ਚਲਦਾ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਬਾਬਾ ਆਦਮ ਹੀ ਨਿਰਾਲਾ ਹੈ । ਇਥੇ ਸਭ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਟੈਕਸ ਹਨ । ਪੈਸੰਜਰ ਟੈਕਸ ਹੋਵੇ ਜਾਂ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਜਾਂ ਕੋਈ ਹੋਰ ਟੈਕਸ ਇਥੇ ਦੀ ਸ਼ਰ੍ਹਾ ਬਾਕੀਆਂ ਸੂਬਿਆਂ ਨਾਲੋਂ ਦੂਣੀ ਤੀਣੀ ਹੈ । ਇਸ ਪਾਸਿਉਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਰੀਲੀਫ ਮਿਲਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਇਸ ਤੋਂ ਬਿਨਾ ਅੱਜ ਲੋਕਾਂ ਤੋਂ ਟੇਢੇ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਬਹੁਤ ਟੈਕਸ ਲਏ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ, ਸਿੱਧੇ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਬਹੁਤ ਘੱਟ ਟੈਕਸ ਲਾਏ ਗਏ ਹਨ । ਇਹ ਇਸ ਕਰਕੇ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਸਿੱਧੇ ਟੈਕਸਾਂ ਰਾਹੀਂ ਮਾਰ ਸਰਮਾਏਦਾਰਾਂ ਤੇ ਪਰਾਪਰਟੀ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਪੈਂਦੀ ਹੈ ਤੇ ਟੇਢੇ ਟੈਕਸਾਂ ਦਾ ਭਾਰ ਗ਼ਰੀਬ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਤੇ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕਚੂਮਰ ਨਿਕਲ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਇਕ ਪਾਸੇ ਤਾਂ ਪੈਸੰਜਰ ਟੈਕਸ ਵਧਾ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਰੋਡਵੇਜ਼ ਦੇ ਕਰਾਏ ਵਧਾ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਹਨ । ਦੋਵੇਂ ਤਰ੍ਹਾਂ ਭਾਰ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਤੇ ਹੀ ਪੈਂਦਾ ਹੈ । ਬਜਾਏ ਇਸ ਦੇ ਕਿ ਰੋਡ-ਟ੍ਰਾਂਸਪੋਰਟ ਨੂੰ ਨੈਸ਼ਨਲਾਈਜ਼ ਕਰਕੇ ਆਮਦਨੀ ਵਧਾਉਂਦੇ ਮਗੋਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹੋਰ ਖੁਲ੍ਹ ਦੇ ਦਿੱਤੀ ਹੈ ਅਤੇ ਕਿਰਾਏ ਵਧਾ ਦਿੱਤੇ ਹਨ।

ਫਿਰ ਪ੍ਰੋਫੈਸ਼ਨਲ ਟੈਕਸ ਹੈ ਇਹ ਟੈਕਸ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਪਰੀਸ਼ਦਾਂ ਨੇ ਲਾਇਆ ਹੈ ਅਤੇ 50 ਰੁਪਏ ਤਨਖਾਹ ਲੈਣ ਵਾਲ ਜਾਂ ਮਜ਼ਦੂਰੀ ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਤੇ ਲਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਤੋਂ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਛੋਟ ਨਹੀਂ ਹੈ । ਅੱਜ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਸੋਸ਼ਲਿਜ਼ਮ ਦਾ ਨਾਅਰਾ ਲਾਉਂਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਬੜੇ ਦਾਅਵੇ ਵੀ ਕਰਦੀ ਹੈ ਪਰ ਨੀਤੀ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਅਪਣਾਉਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਸਰਮਾਏਦਾਰੀ ਨਜ਼ਾਮ ਹੋਰ ਪੱਕਾ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਗ਼ਰੀਬ ਦਾ ਖ਼ੂਨ ਨਚੋੜ ਰਹੀ ਹੈ । ਕਾਮਰੇਡ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਨੇ ਹੁਣੇ ਮਿਸਾਲਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਹਨ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਟੈਕਸ ਦੀ ਨੀਤੀ ਗ਼ਲਤ ਹੈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਪ੍ਰਾਪਰਟੀ ਟੈਕਸ ਲਾਉਣ ਦਾ ਤਰੀਕਾ ਵੀ ਗ਼ਲਤ ਹੈ । ਭੁੱਚੋ ਮੰਡੀ, ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਬਠਿੰਡਾ, 50 ਸਾਲ ਪਹਿਲਾਂ ਬਣੀ ਸੀ । ਉਥੇ 2,200 ਦੀ ਆਬਾਦੀ ਸੀ । ਉਥੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਆਮਦਨ ਨਹੀਂ ਹੈ; ਮਕਾਨ ਹੀ ਮਕਾਨ ਰਹਿ ਗਏ ਹਨ, ਇਕ ਪਿੰਡ ਦੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੈ; ਮਗਰ ਪ੍ਰਾਪਰਟੀ ਟੈਕਸ ਵੈਲਿਊ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਨਾਲ ਲਗਾ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਉਥੇ ਦੀ ਆਬਾਦੀ ਘਟ ਕੇ 1,700 ਰਹਿ ਗਈ ਹੈ । ਅਸੀਂ ਦੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਟੈਕਸਾਂ ਦੀ ਭਰਮਾਰ ਹੈ । ਹੁਣ ਸ਼ਰਾਬ ਦੇ ਠੇਕੇ ਨਹੀਂ ਹੋਣਗੇ, ਸਰਕਾਰੀ ਦੁਕਾਨਾਂ ਹੋਣਗੀਆਂ: ਮਗਰ ਨਾਲ ਹੀ ਰੱਖ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਕਿ ਡਿਪਟੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਜਿਸ ਨੂੰ ਚਾਹੇ ਦੁਕਾਨ ਦੇਵੇ । ਨਤੀਜੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਿਕਲ ਰਹੇ ਹਨ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਟਿਆਲੇ ਦੇ ਠੇਕੇਦਾਰ ਨਾਥ ਨੇ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਜ਼ਹਿਰ ਪਿਲਾ ਪਿਲਾ ਕੇ 15 ਆਦਮੀ ਮਾਰੇ ਸਨ । ਸਿਪਿਰਟ ਦੀ ਸ਼ਰਾਬ ਬਣਾ ਕੇ ਵੇਚਿਆ ਕਰਨਗੇ । ਹੁਣ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮਾਰਨ ਵਾਲੇ ਇਹ ਕਿੰਨੇ ਪੈਦਾ ਕਰ ਦੇਣ । ਸਰਕਾਰ ਆਪਣੀ ਨੀਤੀ ਬਦਲੇ । ਸ਼ਰਾਬ ਤਾਂ ਬੰਦ ਹੀ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਜੇ ਹਾਲੇ ਇਸ ਲਈ ਤਿਆਰ ਨਹੀਂ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸ ਦੀ ਬਾਕੀ ਚੀਜ਼ਾਂ ਵਾਂਗੂ ਆਮ ਸੇਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਅਤੇ 6½ ਰੁਪਏ ਨੂੰ ਕੋਈ ਵੇਚੇ । ਚੰਦ ਆਦਮੀਆਂ ਦੇ ਹੱਥ ਵਿਚ ਇਹ ਕੰਮ ਦੇ ਦੇਣਾ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗਾ । ਆਮ ਸੌਦੇ ਦੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕੋਈ ਵੇਚੇ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਵਿਚ ਵੀ ਜਿਹੜੇ ਵੱਡੇ ਵੱਡੇ ਵਪਾਰੀ ਨੇ ਜਾਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹੋਰ ਨੇ ਉਹ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਤੋਂ ਬਚ ਜਾਂਦੇ ਹਨ । ਇਸ ਲਈ ਕੋਈ ਅਜਿਹਾ ਤਰੀਕਾਕਾਰ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਨਾਲ ਇਹ ਨਾ ਬਚ ਸਕਣ। ਮੈਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੈਂ ਦਫਤਰ ਵਾਸਤੇ ਇਕ ਦਰੀ ਲੈਣ ਗਿਆ ਤਾਂ ਉਨਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਜੇਕਰ ਐਵੇਂ ਲੈ ਜਾਉ ਤਾਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਟੈਕਸ ਬਚ ਜਾਵਗਾ, ਨਹੀਂ ਤਾਂ 14 ਰੁਪਏ ਟੈਕਸ ਦੇਣਾ ਪਏਗਾ ।

[ਕਾਮਰੇਡ ਜੰਗੀਰ ਸਿੰਘ ਜੋਗਾ]

ਸੋ ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਵਪਾਰੀ ਖੁਦ ਹੀ ਇਸ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਦੀ ਚੋਰੀ ਕਰਦੇ ਨੇ । ਇਹ ਤਰੀਕਾ ਬਦਲਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । (ਵਿਘਨ)

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਤੁਸੀਂ ਫਿਰ ਦਰੀ ਲਿਆਂਦੀ ਕਿ ਨਹੀਂ ? (Did the hon. Member bring the carpet or not?)

ਕਾਮਰੇਡ ਜੰਗੀਰ ਸਿੰਘ ਜੋਗਾ : ਜੀ ਲਿਆਂਦੀ ਹੈ ਅਤੇ 14 ਰੁਪਏ ਟੈਕਸ ਵੀ ਭਰਿਆ ਹੈ।

ਪੰਡਤ ਭਗੀਰਥ ਲਾਲ : ਫਿਰ ਇਥੇ ਵਿਛਾ ਦੇਣੀ ਸੀ ।

ਕਾਮਰੇਡ ਮੱਖਣ ਸਿੰਘ ਤਰਸਿਕਾ : ਜਦੋਂ ਤੁਸੀਂ ਮਰੋਗੇ ਤਾਂ ਵਿਛਾ ਦਿਆਂਗੇ ।

ਕਾਮਰੇਡ ਜੰਗੀਰ ਸਿੰਘ ਜੋਗਾ : ਟੈਕਸ ਦੀ ਵਸੂਲੀ ਵੀ ਠੀਕ ਢੰਗ ਨਾਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਅਤੇ ਵਪਾਰੀ ਇਸ ਗੱਲ ਤੋਂ ਬਹੁਤ ਫਾਇਦਾ ਉਠਾਂਦੇ ਹਨ । ਛੋਟੇ ਛੋਟੇ ਵਪਾਰੀ ਲੱਖਾਂ ਰੁਪਏ ਇਕੱਠੇ ਕਰ ਲੈਂਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਫਿਰ ਉਹ ਆ ਕੇ ਵੱਡੀ ਮੰਡੀ ਵਿਚ ਕੰਮ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰਦੇ ਨੇ ਅਤੇ ਉਹ ਇਸ ਟੈਕਸ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਕਰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਹ ਦਸਦੇ ਹਨ ਕਿ 20 ਹਜ਼ਾਰ ਫਲਾਣੇ ਤੋਂ ਕਰਜ਼ਾ ਲਿਆ ਅਤੇ 20 ਹਜ਼ਾਰ ਫਲਾਣੇ ਪਾਸੋਂ ਲਿਆ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਹ ਇਨਕਮ ਟੈਕਸ ਦੀ ਸ਼ਰਾ ਤੋਂ ਬਚ ਜਾਂਦੇ ਹਨ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਕ ਨਹੀਂ, ਸੈਂਕੜੇ ਅਜਿਹੇ ਵਪਾਰੀ ਹਨ ਜੋ ਟੈਕਸ ਨੂੰ ਲੁਕਾਉਂਦੇ ਹਨ ।

ਜਿਥੋਂ ਤੱਕ ਅਫਸਰਾਂ ਦਾ ਸਬੰਧ ਹੈ ਮੈਂ ਇਹ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦਾ ਕਿ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦੇ ਸਾਰੇ ਅਫਸਰ ਬੇਈਮਾਨ ਹਨ ਪਰ ਕੁਝ ਅਜਿਹੇ ਅਫਸਰ ਜ਼ਰੂਰ ਹਨ ਜੋ ਪੈਸੇ ਇਕੱਠੇ ਕਰਦੇ ਹਨ । ਇਨਕਮ ਟੈਕਸ ਦਾ ਰੁਪਿਆ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਫੰਡ ਵਿਚ ਦਿਖਾ ਦਿੰਦੇ ਨੇ ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਉਹ ਆਪ ਵੀ ਵਪਾਰੀਆਂ ਨੂੰ ਚੋਰ ਬਜ਼ਾਰੀ ਲਈ ਸ਼ਹਿ ਦਿੰਦੇ ਨੇ । ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਇਨਕਮ ਟੈਕਸ ਨੂੰ ਲਕੋਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਇਕ ਅਜਿਹਾ ਮਾਮਲਾ ਹੈ ਜਿਸ ਤੇ ਸਾਡੇ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਧਿਆਨ ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ।

ਜਿਥੋਂ ਤੱਕ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਦਾ ਸਵਾਲ ਹੈ ਇਸ ਦੇ ਰੂਪ ਨੂੰ ਬਦਲਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਇਸ ਨੂੰ ਇਵੇਡ ਨਾ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕੇ । ਇਸ ਨਾਲ ਇਕ ਤਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਰੀਲੀਫ ਮਿਲੇਗਾ ਜੇਕਰ ਇਸ ਨੂੰ ਸੋਰਸ ਤੇ ਹੀ ਲਗਾਇਆ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਚੋਰ ਬਜ਼ਾਰੀ ਵੀ ਘਟ ਜਾਵੇਗੀ ।

ਰਜਿਸਟਰੀ ਦੀ ਫੀਸ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ । ਇਸ ਨਾਲ ਬਹੁਤ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਪਹਿਲਾਂ ਢਾਈ ਰੁਪਏ ਸੈਂਕੜਾ ਫੀਸ ਰਜਿਸਟਰੀ ਲਈ ਲਗਦੀ ਸੀ ਪਰ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਕੋ ਵੇਰ ਛੜੱਪਾ ਮਾਰਿਆ ਤੇ ਸ਼ਹਿਰੀ ਜਾਇਦਾਦ ਤੇ 13 ਰੁਪਏ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਅਤੇ ਦਿਹਾਤੀ ਜਾਇਦਾਦ ਤੇ 12 ਰੁਪਏ ਸੈਂਕੜਾ ਰਜਿਸਟਰੀ ਕਰਾਣ ਦੀ ਫੀਸ ਕਰ ਦਿੱਤੀ । ਇਸ ਨਾਲ ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ ਪਿਛਲੇ ਤਿੰਨ ਚਾਰ ਸਾਲਾਂ ਦੇ ਅੰਕੜੇ ਵੇਖੋ ਤਾਂ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਪੱਖ ਵਿਚ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਆਮਦਨ ਇਸ ਰੇਟ ਨੂੰ ਵਧਾ ਕੇ ਘਟੀ ਹੈ, ਵਧੀ ਨਹੀਂ । ਫਿਰ ਇਸ ਗੱਲ ਦੇ ਨਾਲ ਨਾਲ ਹੋਰ ਵੀ ਕਿੰਨੀਆਂ ਹੀ ਖਰਾਬੀਆਂ ਆ ਗਈਆਂ ਹਨ । ਇਕ ਤਾਂ ਇਹ ਕਿ ਲੋਕੀਂ ਅਦਾਲਤਾਂ ਵਿਚ ਜਾ ਕੇ ਝੂਠ ਬੋਲਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਸ ਜਾਇਦਾਦ ਦੀ ਕੀਮਤ ਘੱਟ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਰਜਿਸਟਰੀ ਦੀ ਜ਼ਦ ਤੋਂ ਬਚਿਆ ਜਾ ਸਕੇ । ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਨੁਕਸ ਹਨ ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਨੂੰ ਬਦਲਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਰੀਲੀਫ ਮਿਲੇ।

ਮੈਂ ਇਕ ਗਲ, ਜਿਥੇ ਹੋਰ ਗਲਾਂ ਕਹੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ, ਬੜੇ ਅਦਬ ਨਾਲ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਅਫੀਮ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਗੱਲ ਲਈ ਮੈਂ

ਤੁਹਾਨੂੰ ਮੁਬਾਰਕਬਾਦ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ਪਰ ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਇਹ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਸੈਂਟਰਲ ਸਰਕਾਰ ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੋ ਅਫੀਮ ਗਵਾਂਢੀ ਸੂਬਿਆਂ ਵਿਚੋਂ ਸਾਡੇ ਪਾਸ ਸਮਗਲ ਹੋ ਕੇ ਆਉਂਦੀ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਰੋਕਿਆ ਜਾਵੇ। ਇਸ ਲਈ ਅਸੀਂ ਰਾਜਿਸਥਾਨ, ਮਧ ਪ੍ਰਦੇਸ਼ ਅਤੇ ਯੂ. ਪੀ. ਸਰਕਾਰਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਲਿਖ ਸਕਦੇ ਹਾਂ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਰਕਾਰਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਨੋਟ ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਅਫੀਮ ਦੀ ਸਮਗਲਿੰਗ ਨਾ ਹੋਣ ਦੇਣ।

ਸ਼ਰਾਬ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਰੋਹਤਕ ਜ਼ਿਲ੍ਹੇ ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਤਜਰਬਾ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤਾ ਸੀ ਅਤੇ ਹੁਣ ਅਗਲੇ ਸਾਲ ਵੀ ਇਸ ਨੂੰ ਚਾਲੂ ਰੱਖਣ ਦੀ ਤਜਵੀਜ਼ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਤਜਰਬੇ ਤੇ ਤੌਰ ਤੇ ਇਸ ਨੂੰ ਰੋਹਤਕ ਵਿਚ ਬੰਦ ਕੀਤਾ ਸੀ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੋ ਤਿੰਨ ਹੋਰ ਜ਼ਿਲ੍ਹਿਆਂ ਵਿਚ ਵੀ ਇਸ ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਉ ਤਾਂ ਜੋ ਇਸ ਲਾਹਨਤ ਤੋਂ ਸੂਬੇ ਨੂੰ ਬਚਾਇਆ ਜਾ ਸਕੇ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਇੰਨਾਂ ਕਹਿ ਕੇ ਆਪ ਦਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

श्री रूप लाल मेहता : On a point of order, Madam. इस डिमांड को पास तो करना ही है लेकिन जो टैक्सेशन की पालिसी है उसे डिस्कस करने की जरूरत है। ठेका सिस्टम जो पहले था, बन्द किया जा रहा है। इस पर काफी आदमी बोलना चाहते हैं। इस पर सोच विचार के लिये समय होना चाहिए। इसलिये मेरी रिक्वेस्ट है कि टाईम आज आधे घंटे के लिये एक्सटेंड करने की मेहरबानी करें।

पंडित भागीरथ लाल : On a point of order, Madam मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि टाईम बढ़ाना चाहिए जैसा कि मेहता जी ने कहा है। पालिसी क्या है, यह तो गवर्नमेंट का काम है। यहां पर तो रकम पास करनी है। फिर भी पालिसी पर विचार करने के लिए मौका मिलना चाहिए और वक्त बढ़ाना चाहिए।

उपाध्यक्षा : Leader of the Opposition सरदार गुरनाम सिंह की क्या राए है ? (What is the opinion of the Leader of the Opposition, Sardar Gurnam Singh ?)

Sardar Gurnam Singh : I feel that the Leader of the House is not prepared to extend the time of the sitting of the House. It is, therefore, useless for me to say anything in this connection.

उपाध्यक्षा : मेरे पास जो टाईम शैड्यूल आया है उस के अनुसार 79 मिन्ट आपोजीशन वाले और 54 मिन्ट कांग्रेस बैंचों वाले बोले हैं। अभी बहुत से मेम्बरों ने बोलना है। मैं Leader of the House से दरखास्त करूंगी कि अगर वह एग्री करें तो हाउस का टाईम आधा घंटा एक्सटेंड कर दूं। (The schedule of time, put up to me, indicates that the Opposition and the Congress Benches have spoken for 79 and 54 minutes, respectively. Still a large number of Members wish to participate in the discussion. I would, therefore, request the Leader of the House to tell me if he is agreeable to the extension of the sitting of the House by half an hour.)

Chief Minister : Most humbly, I say, Madam, that it is not possible to extend the time of the sitting of the House. We have already fixed our

[Chief Minister]

programme for the Session. A Cabinet meeting is taking place at 3.00 p.m. There is also work to be done in between this period.

सरदार निरंजन सिंह तालिब : आज पंजाबी रिजनल कमेटी की भी तीन बजे मीटिंग है।

उपाध्यक्षा : आप पांच-पांच मिनट बोल लीजिए। मैं मित्तल साहिब से रिक्वेस्ट कर देती हूं कि वह अपने बोलने का वक्त कम कर लें। (The hon. Members may please speak for five minutes each. I would request the hon. Minister for Excise, Taxation and Capital to reduce his time for reply.)

श्री रूप लाल मेहता (पलवल) : आदरणीय डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज हम ने इस मांग को स्वीकार करना है और इस में लम्बी-चौड़ी रिडक्शन की ज़रूरत नहीं। सब से ज़रूरी है टैक्सेशन की पालिसी जिसके बारे में हम सोच-विचार कर रहे हैं। इसी पर काफी ध्यान देने की ज़रूरत है। मैं मानता हूं कि सरकार को काम चलाने के लिये टैक्सिज़ की ज़रूरत है और इस डिपार्टमेंट ने 31-12-63 तक 20 करोड़ से ज्यादा रुपए की फराहमी की है। पांच करोड़ से ज्यादा एक्साइज़ रैविन्यू हासल किया है, सेल्ज़ टैक्स की सरकार को भारी आमदनी है। सरकार की आमदन मैं मानता हूं कि डिवेल्पमैंट के कामों पर लगती है। इस से इन्कार नहीं किया जा सकता। लेकिन जहां तक इस तरीकाकार का ताल्लुक है जो सेल्ज़ टैक्स का सिस्टम है इस में आम तबदीली की जरूरत है। आस-पास की रियास्तों से सेल्ज टैक्स की दर मालूम करके इस ढंग से टैक्स लगाने चाहिएं कि यूनिफार्मिटी रहे। आज हरेक इस टैक्स के बरखिलाफ है। इस सूबे में टैक्स की दर 4 आने से 6 रुपये सैंकड़े तक बढ़ गई है और इससे 25 करोड़ रुपया इकट्ठा हो जाएगा। मैं समझता हूं कि आज इतनी दिक्कत हमारी सरकार को टैक्सों की वसूली में हो रही है, मैं यह बात इमानदारी से कहता हूं, कि जिस का कोई ठिकाना नहीं। सबसे बड़ी बात तो यह है जिस के मुताल्लिक मैं अपनी सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि टैक्सिज़ की वसूली का तरीका जो है वह निहायत ही नुकसदार है। अफसरान, जिन की ड्यूटी है टैक्सिज़ को लगाना, जैसे कि इन्स्पैक्टर्ज़ वगैरा यह लोगों से निहायत ही बुरी तरह से पेश आते हैं। बेशक हम इन को बड़ी बड़ी तनखाहें भी देते हैं मगर एक इन्स्पैक्टर से ले कर एक कमिश्नर तक जो लोगों से वसूली के मामले में व्यवहार किया जाता है वह निहायत ही भद्दा है। यह तरीका कार ठीक नहीं है। जब भी कभी टैक्सिज की वसूली के सिलसिले में अपीलें होती हैं, तो एक दुकानदार को जहां कहीं भी अपनी जवाबदेही के लिये जाना होता है, टैक्सेशन कमिश्नर के जहां भी जब उस की अपील सुनी जाती है, तो यह सब आफसरान बहुत बदसलूकी से पेश आते हैं जो कि एक आज़ाद हिन्दुस्तान में नहीं होना चाहिए। सरकार को इस तरीका कार को सुधारना चाहिए। इस के साथ ही सरकार की जो टैक्सिज़ के मुताल्लिक पालिसी है इस को भी रीवाइज़ करना चाहिये। यह बात भी माननी पड़ती है कि जो शख्स आज टैक्स की चोरी करता है वह सही मायनों में देश का दुश्मन है। लेकिन जो तनखाहदार मुलाज़िम इस महकमे में टैक्स की वसूली के लिये लगाये जाते हैं वह जिस तरीका से इन लोगों से पेश आते हैं उस से न सिर्फ टैक्सिज़ का ही नुकसान होता है बल्कि और भी कई बातों के लिये हमारी सरकार को शर्मसार होना पड़ता है।

दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि हमारे छोटे-छोटे बच्चे और देवियों ने पुलिस की लाठियां दिल्ली, अमृतसर और दूसरे बड़े-बड़े शहरों में इस लिये ही खाई थीं कि ठेका जात बन्द करो, शराबबंदी करो। वह दिन हम अभी तक भूले नहीं, वह अब भी हमारे याद हैं; मगर कितने अफसोस की बात है कि इतना कष्ट बर्दाश्त करने के बावजूद हम उसी चीज़ को रिपीट कर रहे हैं। आज फिर हम लोगों को सस्ती शराब और ठेके देने लगे हैं। हमारा ऐक्साईज़ रैविन्यू 5,09,90,000 रुपए के करीब है। अगर महज़ रैविन्यू की वसूली के मकसद को देखते हुए हम ऐसा करते हैं तो दूसरी तरफ जो इस का नुक्सान होता है उस को भी देखना होगा। इस से लोगों में शराब पीने की आदत बढ़ेगी। जिस उद्देश्य को सामने रखकर हम ने इस मुलक को आज़ाद कराने में बड़ी-बड़ी मूवमैंट्स चलाई, और शराब की बन्दी पर पिकिटिंग किया, हज़ारों आदमी जेलों में गए, उसी बात के खिलाफ आज हम जा रहे हैं। मैं कहता हूं ग़रीब तो शराब क्या पियेंगे? उन को तो रोटी तक नहीं मिलती। यह तो बड़े-बड़े अफसरान ज़्यादा शराब पीने लगे, जहां लोगों को पहले मेवा की डालियां दी जाती थीं आज उन लोगों को फ्रूट्स की बजाये दुनिया भर की, कीमती शराब की बोतलें रिश्वत के तौर पर पेश की जाती हैं, उन को अपनी बुराइयों को छुपाने के लिये भेंट की जाती हैं।

ਕਿ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾਂ ਹਾਂ ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਦੇ ਦੂਜੇ ਸੂਬਿਆਂ ਦੀਆਂ ਵਿਧਾਨ ਸਭਾਵਾਂ ਵਾਸਤੇ ਔਰ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਪਾਰਲੀਮੈਂਟ ਵਾਸਤੇ ਵੀ ਹਮੇਸ਼ਾ ਲਈ ਬੜੇ ਅਹਿਮ ਫੈਸਲੇ ਸਮਝੇ ਜਾਣਗੇ ਔਰ ਉਹ ਪਰੇਜ਼ੀਡੈਂਟ ਕੋਟ ਕੀਤੇ ਜਾਣਗੇ । ਇਸ ਲਈ, ਸਾਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਰਿਣੀ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ, ਕਿਉਂਕਿ ਇਸ ਨਾਲ ਸਾਡੀ ਇਸ ਸਭਾ ਦਾ ਤੇ ਨਾਲ ਹੀ ਇਸ ਸੂਬੇ ਦਾ ਨਾਂ ਉਚੱਾ ਹੁਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਹਾਉਸ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਦੇ ਵਕਾਰ ਨੂੰ ਵੀ ਉਚੱਾ ਚੁਕਿਆ ਹੈ ਜਿਸ ਨੂੰ ਕੋਈ ਵਾਰ ਗਿਰਾਉਣ ਲਈ ਸਰਦਾਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਕੈਰੋਂ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਐਡਮਿਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਨੇ ਕੋਈ ਕਸਰ ਨਹੀਂ ਛੱਡੀ । ਉਸ ਵਕਾਰ ਨੂੰ ਸ੍ਰੀ ਪਰਬੋਧ ਚੰਦਰ ਨੇ ਉਚੱਾ ਕਰਨ ਦੀ ਹਮੇਸ਼ਾ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਹੈ ਔਰ ਉਚੱਾ ਕੀਤਾ ਵੀ ਹੈ , ਜਿਸ ਨਾਲ ਇਸ ਸਦਨ ਦਾ ਮਾਣ, ਇਸ ਸਦਨ ਦੀ ਪਰਤਿਸ਼ਠਾ, ਇਸ ਸਦਨ ਦੀ ਡਿਗਨਿਟੀ ਔਰ ਇਸ ਦੇ ਰੀਗਾਰਡ ਨੂੰ ਬਣਾਇਆ ਹੈ । ਅਸੀਂ ਇਸ ਲਈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬੜੇ ਰਿਣੀ ਹਾਂ ਔਰ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਆਣ ਵਾਲੇ ਮੈਂਬਰ ਵੀ ਇਸ ਦੇ ਰਿਣੀ ਰਹਿਣਗੇ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੁਝ ਨਵੀਆਂ ਰਵਾਇਤਾਂ ਕਾਇਮ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ । ਔਰ ਮੈਂ ਆਸ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਰਵਾਇਤਾਂ ਕਾਇਮ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ, ਜੋ ਵੀ ਸਜਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਖਾਲੀ ਕੀਤੀ ਕੁਰਸੀ ਤੇ ਬਰਾਜਣਗੇ ਉਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਰਵਾਇਤਾਂ ਨੂੰ ਕਾਇਮ ਰਖਣਗੇ । ਵੈਸੇ ਤਾਂ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਸ ਕੁਰਸੀ ਤੇ ਬੈਠਣ ਦਾ ਆਪ ਦਾ ਹੀ ਹੱਕ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਇਸ ਬਾਰੇ ਪਹਿਲੇ ਪਰੈਜ਼ੀਡੈਂਟ ਵੀ ਮੌਜੂਦ ਹੈ ਔਰ ਅਸੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਹੀ ਬੈਠੋ। ਮੇਰੀ ਅਰਜ਼ ਹੈ ਕਿ ਕੋਈ ਵੀ ਇਸ ਕੁਰਸੀ ਤੇ ਬੈਠੇ ਸਾਡੀ ਉਸ ਅਗੇ ਇਹ ਪਰਾਰਥਨਾਂ ਹੈ ਕਿ ਸ੍ਰੀ ਪਰਬੋਧ ਚੰਦਰ ਨੇ ਜਿਹੜੀਆਂ ਰਵਾਇਤਾਂ ਕਾਇਮ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹੋਰ ਪੱਕਿਆਂ ਕਰੇ ਕਿਉਂ ਕਿ ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਸਾਡਾ ਸਦਨ ਹੈ, ਇਹ ਸਭ ਤੋਂ ਵੱਡਾ ਸਦਨ ਹੈ, ਇਸ ਤੋਂ ਵੱਡਾ ਇਸ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਕੋਈ ਨਹੀ । ਇਸ ਤੋਂ ਵੱਡਾ ਨਾ ਸਰਦਾਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਕੈਰੋਂ ਹੈ ਤੇ ਨਾ ਕੋਈ ਹੋਰ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਹ ਦਲੀਲ ਨਹੀਂ ਬਣਦੀ ਕਿ ਗੋਰਮੈਂਟ ਦੀ ਪਾਰਟੀ ਵਿਧਾਂਨਕ ਤੌਰ ਤੇ ਕਿਸੇ ਸਪੀਕਰ ਨੂੰ ਹਟਾ ਨਹੀਂ ਸ਼ਕਦੀ ਇਸ ਕਰਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਇਹ ਤਰੀਕਾ ਅਖਿਤਿਆਰ ਕਰ ਲਿਆ ਕਿ ਬੇਪਰਤੀਤੀ ਦਾ ਮਤਾ ਵਾਪਸ ਲੈ ਲਉ ਔਰ ਉਸ ਦੀ ਥਾਂ ਕੀਤਾ ਇਹ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਹਰਾਸ ਕਰਕੇ, ਥਰੈਟਨ ਕਰਕੇ ਔਰ ਡੀਮੌਰੇਲਾਈਜ਼ ਕਰਕੇ ਐਸੇ ਹਾਲਾਤ ਪੈਦਾ ਕਰ ਦਿੱਤੇ ਜਿਸ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਰੀਜ਼ਾਇਨ ਕਰਨਾ ਪਿਆ ਹੈ। ਐਸੇ ਹਾਲਾਤ ਸਰਦਾਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਨੇ ਪੈਦਾ ਕੀਤੇ ਹੋਏ ਨੇਂ ।

Shri Prabodh Chandra has been the greatest casualty of democracy in this House. As such, I condemn the present Government, the Ruling Party for this. With these words, I pay my compliments to Shri Prabodh Chandra for the stand which he has taken. I hope this controversy will now end, and we will concentrate ourselves to the problems facing the people of this State. Let us hope that we discharge our duties towards the people without any fear, threats or dictatorial attitude. With these words, I thank you, Madam, for the time you have given to me.

चौधरी नेत राम (हिसार सदर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज श्री प्रबोध चन्द्र ने अपना अस्तीफा दे कर के ऐसा सबूत दिया है कि अगर हाउस के आनरेबल मेम्बरान की मेजारिटी ने यह सेन्स ज़ाहिर की हो या किसी ढंग से उनका विरोध

• [चौधरी नेत राम]

किया हो तो स्पीकर साहिब का बना रहना ठीक नहीं । उन्होंने इस बात का सबूत दिया है । वैसे तो इस हाउस के अन्दर पंजाब की जनता ने इस सरकार को जिस दिन से चुन कर भेजा हुआ है तब से पंजाब की जनता यह आवाज़ उठा रही है, चाहे लोग रेलगाड़ी में सफर कर रहे हों, चाहे बस में सफर कर रहे हों; चाहे चबूतरे पर बैठे हों या पैदल जा रहे हों, हमें तो पंजाब के 90 फीसदी लोग यही कहते हैं कि पंजाब के अन्दर जो भ्रष्टाचार फैला हुआ है या कुरप्शन फैली हुई है वह पंजाब के मुख्य मन्त्री ने फैलाई है ।

उपाध्यक्षा : आपने श्री प्रबोध चन्द के बारे में जो कुछ कहना है वही कहें, मुख्य मंत्री के बारे में कुछ न कहें। (The hon. Member should not make any reference about the Chief Minister. He should confine his remarks to the resignation of Shri Prabodh Chandra.)

चौधरी नेत राम : मैं जम्हूरियत पर ही कहूंगा और स्पीकर साहिब के सम्बन्ध में ही कहूंगा और इधर-उधर नहीं जाऊंगा ।

मैं अपने विचार के अनुसार यह बात सदन के सामने रक्खूंगा कि स्पीकर जम्हूरियत के अन्दर चुनाव से मुकर्रर किया जाता है और इसी लिए वह स्पीकर माना जाता है और वह डिक्टेटर या मार्शल वगैरा नहीं कहलाता जैसा कि कई दूसरी स्टेट्स में होता है । स्पीकर साहिब इस लिए चुने जाते हैं ताकि जम्हूरियत कायम रहे क्योंकि हाउस के अन्दर जनता के चुने हुए नुमायंदे बैठते हैं और यह उनका प्रधान होता है और वह प्रधान सबको यकसां नज़र से देखे । जनरल चुनावों के बाद स्पीकर का चुनाव हुआ और उस चुनाव के अन्दर श्री प्रबोध चन्द्र जी स्पीकर चुने गए । उसके बाद उनका फर्ज़ हो गया कि वह सब को एक सी नज़र से देखें और उन्होंने इस बात का सबूत दिया कि वह सबको एक सी नजर से देखते रहे हैं और वह सदा सचाई की तरफ चलते रहे हैं । जहां सचाई ने आवाज़ उठाई उन्होंने उसका साथ दिया । मुझे इस बात के कहने में खुशी है कि उन्होंने असल में डैमोक्रेसी को इनसाफ के साथ चलाया और यहां पर दिखा दिया है कि जब स्पीकर के खिलाफ मैजारटी हो तो उसे नहीं रहना चाहिए । आज यह कहना गलत है कि हाउस में स्पीकर के प्रति मैजारटी विश्वास न रखती हो और उससे इख्तलाफ रखती हो तो वह उसके खिलाफ अदम एतमाद का प्रस्ताव ला सकती है । जिस तरह से उन पर चीफ मिनिस्टर की तरफ से दबाव डाला जाता रहा है वह उससे नहीं डरे। चीफ मिनिस्टर चाहता था कि वह लीडर आफ दी हाउस के कंट्रोल में रहें लेकिन वह उनका दुमछल्ला बन कर नहीं रहना चाहते थे । वह समझते थे कि इस तरह से यहां इस कुर्सी पर रहना अच्छी बात नहीं है क्योंकि वह स्पीकर की कुर्सी को चैलेंज था क्योंकि चीफ मिनिस्टर उनसे दबाव डालकर

काम लेना चाहते थे और उनसे अपनी मर्जी के मुताबिक काम कराना चाहते थे । यह चाहते थे कि जिसे वह कहें उसे बोलने दें और जिसे वह न कहें उसे न बोलने दें । लेकिन स्पीकर साहिब यह पसन्द नहीं करते थे । यह उन रवायात को कायम रखना चाहते थे जिनको गांधी जी के सच्चे भक्तों को रखनी चाहिएं । उन्हीं रवायात को कायम रखने का सबूत श्री प्रबोध चन्द्र जी ने दिया है ।

Deputy Speaker : Wind up please.

चौधरी नेत राम : स्पीकर साहिबा....

उपाध्यक्षा : मैं स्पीकर साहिबा नहीं हूं मैं तो डिप्टी स्पीकर हूं (I am not the Speaker. I am only a Deputy Speaker.)

चौधरी नेत राम : जब स्पीकर साहिब ने इस्तीफा दे दिया है और आप उस कुर्सी पर बैठी हैं तो आप ही स्पीकर हो गई हैं और गांधी जी ने भी तो कहा था कि स्त्री, हरिजन, किसान और मजदूर को तरक्की दी जाएगी और उन्हीं में से मुख्य मन्त्री और मन्त्री बनाए जाएंगे और स्पीकर बनाए जायेंगे । तो मैं उनकी बात कहता हूं । इसलिए आप स्पीकर साहिबा हो ही गई हैं, और मैं तो सुबह से यही बात कह रहा हूं । सरदार गुरनाम सिंह ने कहा है कि पंजाब के अन्दर कोई गलत रवायात को बनने नहीं दिया जाएगा तो मैं उम्मीद करता हूं कि स्पीकर भी स्त्री हो, मुख्य मन्त्री इस्तीफा दे दें और फिर मुख्य मंत्री भी स्त्री हो या हरिजन या मुसलमान हो जो अकलियत में हैं । इस तरीके से डैमोक्रेसी चलेगी और गरीबों का कल्याण होगा ।

Pandit Chiranji Lal Sharma : Madam, when Shri Prabodh Chandra was elevated to this Chair, I said a few words. So, if you permit me to say something now as well, I will take only two minutes.

उपाध्यक्षा : जो फैसला हो चुका हो उस पर रहना चाहिए । मेरा ख्याल था कि यह बहस आध घंटे में खत्म हो जाएगी मगर 54 मिनट लग गए हैं । तो अगर अब मैं आप को इजाजत दूं तो मोहन लाल जी को क्यों न दूं और अगर मोहन लाल जी को वक्त दूं तो श्री जगन्नाथ जी को क्यों न दूं ? (विघ्न) यह अच्छी बात न होगी । इस लिये मैं ने हाउस से दरखास्त की है कि हमारे पास एक बड़ा जरूरी मामला बहस के लिये है इस को शुरू किया जाए और इसी लिये हाउस का टाइम आधा घंटा ऐक्सटैंड भी कर दिया है । (We should stick to the decisions already taken. I thought that the House will be able to finish the present discussion in half an hour but it has taken 54 minutes. Now if I allow some time to the hon. Member I will have to give time to other Members as well. (*Interruptions*) It will not be proper. So I have requested the hon. Members to attend to the next very important item on the agenda. For this very reason I have extended the sitting by half an hour.)

PERSONAL EXPLANATION.

ਮੁੱਖ ਮੰਤੀ : ਆਨ ਏ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਪਰਸਨਲ ਐਕਸਪੇਲਨੇਸ਼ਨ, ਮੈਡਮ । ਮੈਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਹੈ ਕਿ ਡਾਕਟਰ ਬਲਦੇਵ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਨੇ ਜੋ ਇਤਨੀ ਸ਼ੁਹਰਤ ਰਖਦੇ ਹਨ, ਗਲਤ ਬਿਆਨੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਕਿ ਮੈਂ ਸਰਦਾਰ ਢਿੱਲੋਂ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਕਿਸੇ ਆਪਣੇ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਖੜ੍ਹਾ ਕੀਤਾ । (ਵਿਘਨ)

कामरेड राम चन्द्र : क्या आप इस बात से इनकार कर सकते हैं कि जो उम्मीदवार श्री ढिल्लों साहिब के खिलाफ खड़ा हुआ था वह सरदार नरायण सिंह शाहबाजपुरी का कुड़म था और पंजाब कांग्रेस का डैलीगेट था ?

चौधरी देवी लाल : इस में क्या शक है । (शोर)

ਮੁੱਖ ਮੰਤਰੀ : ਇਹ ਅੱਵਲ ਦਰਜੇ ਦੀ ਗਲਤ ਬਿਆਨੀ ਹੈ । (ਵਿਘਨ) ਮੈਂ ਕਰੜੇ ਲਫਜ਼ ਕਹਿਣ ਲਈ ਮਜਬੂਰ ਹੋ ਜਾਵਾਂਗਾ । (ਚੌਧਰੀ ਨੇਤ ਰਾਮ ਵਲੋਂ ਵਿਘਨ)

————

Resumption of Discussion on the Demand for Grant.

उपाध्यक्षा : कामरेड राम चन्द्र जी, आप एक पुराने पार्लिमैंटेरियन हैं । कम से कम बोलने से पहले चेयर से इजाज़त ज़रूर ले लिया करें । यह बड़ी ज़रूरी डिमांड है इस लिये आधा घंटा टाईम ऐक्सटैंड कर दिया है । Now I call upon Sardar Lachhman Singh Gill. (Comrade Ram Chandra is a seasoned parliamentarian. At least he must get the Chair's permission to speak. This is a very important demand, so I have extended the sitting by half an hour.) Now I call upon Sardar Lachhman Singh Gill to speak.

श्री जगन्नाथ : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, मैडम । इन लीडरों की स्पीचिज़ सुनने के बाद मैं इस कनकलूइयन पर पहुंचा हूँ कि श्री प्रबोध चन्द जी की जीत और चीफ मिनिस्टर साहिब की हार हुई है । आप का क्या ख्याल है ? (हंसी)

Deputy Speaker : It is not a point of order.

Pandit Chiranji Lal Sharma : Madam, Deputy Speaker, there has been....

Deputy Speaker : Will the hon. Member kindly resume his seat?

Pandit Chiranji Lal Sharma : Would you, Madam, kindly give me two minutes to speak about the resignation of Shri Prabodh Chandra from Speakership. I am a member of the Panel of Chairman and as such you may please give me only two minutes to express my views. I shall highly appreciate that.

उपाध्यक्षा : मेरा ख्याल है कि जितना मैं पैनल आफ चेयरमैन का ख्याल रखती हूं उस का आप को एहसास होगा । But once a decision always a decision. I am sorry. आप फिर कभी बोल लें । (I think the hon. Member realises the extent to which I keep in mind the Panel of Chairmen. But once a decision always a decision. I am sorry. He may have his say at some other time.)

Pandit Chiranji Lal Sharma : Madam, I am not g ing to flout the decision of the Chair. But I would request you to kindly permit me to say something on this matter because you yourself were pleased to remark in the very beginning that this is a very serious matter in the history of Punjab.

Deputy Speaker : But, Pandit Jee, I have always been getting help from you and to-day again I request you to come forward and help me.

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿੱਲੋਂ : ਮੈਂ ਇਕ ਕਲੈਰੀਫਿਕੇਸ਼ਨ ਲੈਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਸੀ । ਇਹ ਬੜੀ ਇੰਪਾਰਟੈਂਟ ਡੀਮਾਂਡ ਹੈ ਅਤੇ ਸਾਰਾ ਦਿਨ ਤਾਂ ਖਤਮ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ । ਜੋ ਅਧੇ ਘੰਟੇ ਲਈ ਹਾਊਸ ਐਕਸਟੈਂਡ ਕੀਤਾ ਹੈ ਇਹ ਕਾਫੀ ਨਹੀਂ ਹੈ । ਇਹ ਜ਼ਿਆਦਾ ਠੀਕ ਰਹੇਗਾ ਅਗਰ ਕਲ ਤੇ ਪਰਸੋਂ ਵੀ ਇਸ ਲਈ ਕੁਝ ਸਮਾਂ ਰਖ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਮੈਨੂੰ ਬੜੀ ਖੁਸ਼ੀ ਹੋਵੇਗੀ ਜੇ ਭਾਵੇਂ ਹੁਣ ਨਾਲੋਂ ਡਬਲ ਟਾਈਮ ਹਾਊਸ ਬੈਠੇ। ਪਰ ਬਿਜ਼ਨੈਸ ਐਡਵਾਈਜ਼ਰੀ ਕਮੇਟੀ ਨੇ ਫੈਸਲਾ ਕਰ ਦਿਤਾ ਹੈ ਤੇ ਹੁਣ ਮੇਰਾ ਵਸ ਨਹੀਂ । (I would be glad if the House sits for double the scheduled time, but since the Business Advisory Committee has already taken a decision in the matter, I am helpless.)

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿੱਲੋਂ : ਉਸ ਕਮੇਟੀ ਨੂੰ ਕੀ ਪਤਾ ਸੀ ਕਿ ਇਹ ਕੰਮ ਵਿਚ ਆ ਪੈਣਾ ਹੈ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਸਭ ਨੂੰ ਪਤਾ ਸੀ । (Every one knew it.)

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿਲ (ਜਗਰਾਉਂ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਅੱਜ ਅਸੀਂ ਬੜੀ ਅਹਿਮ ਮਦ ਤੇ ਬਹਿਸ ਕਰਨ ਲਗੇ ਹਾਂ ਜਿਸ ਨਾਲ ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਬੜਾ ਗਹਿਰਾ ਸਬੰਧ ਹੈ । ਇਥੇ ਦੀ 85 ਫੀ ਸਦੀ ਆਬਾਦੀ ਇਸ ਤੇ ਨਿਰਭਰ ਹੈ । ਇਰੀਗੇਸ਼ਨ ਡਿਪਾਰਟਮੈਂਟ ਅਤੇ ਡ੍ਰੇਨੇਜ ਡਿਪਾਰਟਮੈਂਟ ਬਹਿਸ ਅਧੀਨ ਮਹਿਕਮੇ ਹਨ । ਪਹਿਲਾਂ ਮੈਂ ਡ੍ਰੇਨੇਜ ਡਿਪਾਰਟਮੈਂਟ ਦੀ ਗਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ।

8-9 ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਫਲਡਜ਼ ਆ ਰਹੇ ਹਨ ਅਤੇ ਇਥੇ ਫਸਲਾਂ ਦਾ, ਜ਼ਮੀਨ ਦਾ ਅਤੇ ਅਨਾਜ ਦਾ ਬੜਾ ਭਾਰੀ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਹੁਣ ਦੇਖਣਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਨੁਕਸਾਨ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਵਿਚ ਕਿਸ ਹਦ ਤਕ ਕਾਮਯਾਬ ਹੋਈ ਹੈ । ਅਨਾਜ ਦੀ ਵਧ ਪੈਦਾਵਾਰ ਇਸ ਮੁਲਕ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਲਈ ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਅਤੇ ਡੀਫੈਂਸ ਲਈ ਵੀ ਬਹੁਤ ਅਹਿਮ ਹੈ । ਪੰਜਾਬ ਹੁਣ ਤਾਈਂ ਇਸ ਮੁਲਕ ਦਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਸਗੋਂ ਹੋਰ ਮੁਲਕਾਂ ਲਈ

[ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ]

ਵੀ ਅੰਨਦਾਤਾ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਪਰ ਹੁਣ ਇਹ ਹਾਲਤ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਆਪਣੇ ਜੋਗਾ ਵੀ ਅੰਨ ਨਹੀਂ ਪੈਦਾ ਕਰ ਰਹੇ । ਬਾਹਰ ਭੇਜਣ ਦੀ ਥਾਂ ਬਾਹਰੋਂ ਇਥੇ ਅਨਾਜ ਆਉਂਦਾ ਹੈ । ਅੰਨ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਦੇ ਰਸਤੇ ਵਿਚ ਸਭ ਤੋਂ ਵੱਡੀ ਰੁਕਾਵਟ ਭੈੜੀ ਡ੍ਰੇਨੇਜ ਦੀ ਰਹੀ ਹੈ ਅਤੇ ਫਲੱਡਜ਼ ਦੀ ਰਹੀ ਹੈ । ਇਸ ਵਿਚ ਸ਼ਕ ਨਹੀਂ ਕਿ ਹੜ੍ਹ ਨਾਗਹਾਨੀ ਆਫਤ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਪਰ ਫਿਰ ਵੀ ਸਰਕਾਰ ਕਿਸ ਮਕਸਦ ਲਈ ਬਣਾਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ? ਇਸ ਮਕਸਦ ਲਈ ਕਿ ਜੋ ਆਫਤਾਂ ਮੁਸੀਬਤਾਂ ਜਾਂ ਦਿੱਕਤਾਂ ਆਉਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰੇ 4-5 ਸਾਲ ਤੋਂ ਇਥੇ ਡਰੇਨੇਜ ਦਾ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਚਲ ਰਿਹਾ ਹੈ ਪਰ ਮੈਂ ਕਹੇ ਬਗੈਰ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਸਕਦਾ ਕਿ ਦੋ ਸਾਲ ਪਹਿਲਾਂ ਜੋ ਡਰੇਨੇਜ ਸਿਸਟਮ ਇਥੇ ਸੀ ਉਹ ਬੜਾ ਬੇਢੰਗਾ ਤੇ ਨਿਕੰਮਾ ਸੀ । ਕੋਈ ਸਕੀਮ ਨਹੀਂ ਬਣਾਈ ਲੈਵਲ ਨਹੀਂ ਦੇਖਿਆ, ਕੰਮ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿਤਾ । ਦਰਅਸਲ ਉਸ ਦੀ ਤਹਿ ਵਿਚ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਹਥ ਹੁੰਦਾ ਸੀ । ਨਾਲੀਆ ਬਣਾਈਆਂ ਗਈਆਂ ਇੱਰੈਸਪੈਕਟਿਵ ਆਫ ਦਾ ਲੈਵਲ ਆਫਿ ਦੀ ਲੈਂਡ । ਦੇਖਿਆ ਇਹ ਗਿਆ ਕਿ ਜ਼ਮੀਨ ਕਿਸ ਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਅਪੋਨੈਂਟ ਨੂੰ ਕਿਵੇਂ ਨੁਕਸਾਨ ਪਹੁਚਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਇਆ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਫਲੱਡਜ਼ ਨਾਗਹਾਨੀ ਆਫਤ ਹੋਣ ਦੇ ਥਾਂ ਮੈਨ ਮੇਡ ਆਫਤ ਹੋ ਗਏ ! ਸਾਰੀਆਂ ਡਰੇਨਾਂ ਇਕੋ ਵਕਤ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿੱਤੀਆਂ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਪਾਣੀ ਨੂੰ ਕਿਸੇ ਜਗ੍ਹਾ ਪਾਉਣ ਦਾ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਨਾ ਕੀਤਾ । ਜਿਥੇ ਪਹਿਲਾਂ ਫਲਡਜ਼ ਨਾਲ ਮਾਮੂਲੀ ਨੁਕਸਾਨ ਹੁੰਦਾ ਸੀ ਉਥੇ 10-15 ਪਿੰਡਾਂ ਦਾ ਪਾਣੀ ਇਕੱਠਾ ਹੋਕੇ ਇਕ ਜਗ੍ਹਾ ਹੀ ਚਲਾ ਗਿਆ । ਕਿਸੇ ਜਗ੍ਹਾ ਵੀ ਉਸ ਪਾਣੀ ਲਈ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । ਇਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਨਿਕਲਿਆ ਕਿ ਜਦੋਂ ਫਲਡਜ਼ ਆਏ ਤਾ ਜਿਥੇ ਪਿੰਡਾਂ ਨੂੰ ਮਾਮੂਲੀ ਨੁਕਸਾਨ ਪਹੁੰਚਣਾ ਸੀ ਉਥੇ 10,15 ਪਿੰਡਾਂ ਦਾ ਪਾਣੀ ਇਕੱਠਾ ਹੋਕੇ ਆ ਗਿਆ ਕਿਉਂਕਿ ਅਗੇ ਕੋਈ ਢਾਲ ਨਹੀਂ ਸੀ । ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਨਿਕਲਿਆ ਕਿ ਸਾਰੇ ਪਿੰਡ ਮੁਸੀਬਤ ਵਿਚ ਆ ਗਏ । ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਅਜ ਤੋਂ ਦੋ ਸਾਲ ਪਹਿਲਾਂ ਕੰਮ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ, ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਪਾਸ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਦੀ ਇਨਵੈਸਟੀਗੇਸ਼ਨ ਕਰਾਈ ਜਾਵੇ । ਮੈਂ ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਪਰਸਨਲ ਨਾਲੇਜ ਰਖਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਵਿਚ ਰੁਪਿਆ ਖੁਰਦ ਬੁਰਦ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਇਨਵੈਸਟੀਗੇਸ਼ਨ ਅਤੇ ਵਿਜੀਲੈਂਸ ਡੀਪਾਰਟਮੈਂਟ ਨੂੰ ਗੌਰਮੈਂਟ ਵਲੋਂ ਤਵੱਜੋ ਦਿਵਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਫੰਡਜ਼ ਹੋਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਜੋ ਫਲੱਡ ਦੇ ਮਸਲੇ ਨੂੰ ਹੱਲ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕੇ । ਅਤੇ ਇਸ ਨਾਂ ਹੇਠ ਮਾਲੀਆ ਦੇਣ ਵੇਲੇ ਲਾਈਸੰਸ ਦੇਣ ਵੇਲੇ ਹਰ ਗਰੀਬ ਆਦਮੀ ਪਾਸੋਂ ਰੁਪਿਆ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰੀ ਖਜ਼ਾਨੇ ਵਿਚ ਜਮ੍ਹਾਂ ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਪਰ ਅਫਸੋਸ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਜਦ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹਾਲਾਤ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਫੰਡਜ਼ ਨੂੰ ਜੋ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਸਰਕਾਰ ਪਾਸ ਹਨ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਵਰਤਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਤਾਂ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਫੰਡਜ਼ ਨੂੰ ਪ੍ਰਾਪਰਲੀ ਯੂਟੀਲਾਈਜ਼ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ । ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਤਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਬਿਹਤਰੀ ਤੇ ਖਰਚ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਜੋ ਇਥੇ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਵਲੋਂ ਜਾਂ ਹੋਰ ਸਰਕਾਰੀ ਕੰਮ ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਜਾਂ ਇਸ ਸਟੇਟ ਵਿਚ ਕਾਰੋਬਾਰ ਕਰਨ ਵਾਲੀਆਂ ਏਜੰਸੀਆਂ ਵਿਚੋਂ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸਲਬ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਅਜ ਇਸ ਗੱਲ ਨੂੰ ਦੋ ਸਾਲ ਹੋ ਗਏ ਹਨ। ਇਹ ਖੁਸ਼ੀ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਸ ਪਾਸੇ ਸੋਚਣਾ ਤਾਂ ਹੁਣ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਸ ਗਲ ਲਈ ਮੁਬਾਰਕਬਾਦ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਪਾਸੇ ਧਿਆਨ ਦੇਣਾ ਸ਼ੁਰੂ ਤਾਂ ਕਰ ਦਿਤਾ ਹੈ । ਪਲਾਨ ਬਣਾਏ ਅਤੇ ਐਸਟੀਮੇਟ

ਤਿਆਰ ਕੀਤੇ ਹਨ । ਅਤੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਸਾਰੇ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚੋਂ ਸੇਮ ਦੇ ਮਸਲੇ ਨੂੰ ਹੱਲ ਕਰਨ ਲਈ ਕਾਫੀ ਰੁਪਏ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ । ਉਸ ਇੰਜੀਨੀਅਰ ਨੂੰ ਵੀ ਦਾਦ ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਜਿਸ ਨੇ ਇਸ ਪਾਸੇ ਧਿਆਨ ਦਿਵਾਇਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਪਾਸੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਅਜ ਤੋਂ ਦੋ ਸਾਲ ਪਹਿਲਾਂ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਮਨਿਸਟਰ ਦਾ ਧਿਆਨ ਦਿਵਾਇਆ ਸੀ । ਤਿੰਨ ਚਾਰ ਸਾਲ ਪਹਿਲਾਂ ਤੋਂ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਚਲੀ ਆ ਰਹੀ ਹੈ ਤੇ ਹੁਣ ਜਾ ਕੇ ਇਕ ਪਰੋਗਰਾਮ ਚਾਕ ਅਉਟ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਕੈਬਨਿਟ ਨੇ ਇਸ ਨੂੰ ਦੇਖਿਆ ਹੈ । ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਨੇ ਇਸ ਗੱਲ ਨੂੰ ਲਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਜਿਥੇ ਮੇਰੀ ਇਹ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਬਣਦੀ ਹੈ ਕਿ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਕਰਾਂ ਉਥੇ ਇਹ ਵੀ ਫਰਜ਼ ਬਣ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਢੀਲ ਨਾਲ ਮਨਿਸਟਰ ਨੇ ਕੰਮ ਲਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਪਾਸੇ ਤਵੱਜੋ ਦਿਤੀ ਹੈ ਕਿਉਂ ਕਿ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦਾ ਵਜ਼ੀਰ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਨਾਲ ਤਅੱਲਕ ਰਖਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਸੋਚਦਾ ਤਾਂ ਹੈ . . . . (ਵਿਘਨ)

ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜੋ ਸਕੀਮ ਬਣਾਈ ਸੀ ਉਸ ਦੇ ਚਲਣ ਨਾਲ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਸੈਟਿਸਫੈਕ-ਸ਼ਨ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਜੇਕਰ ਉਸ ਨੂੰ ਵਾਰ ਲੈਵਲ ਤੇ ਚਲਾਇਆ ਜਾਵੇ । ਇਸ ਤੇ 60 ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦਾ ਐਸਟੀਮੇਟ ਸੀ । ਇਸ ਨੂੰ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਦੋ ਸਾਲ ਤੋਂ ਵਧ ਅਰਸੇ ਤਕ ਨਹੀਂ ਰਹਿਣ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ, ਸਗੋਂ ਇਸ ਨੂੰ ਛੇਤੀ ਹੀ ਮੁਕੰਮਲ ਕਰ ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕੇਵਲ ਦੋ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ, ਹਰ ਸਾਲ 30 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਇਸ ਤੇ ਖਰਚ ਕਰਕੇ । ਮੈਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਹੈ ਕਿ ਮੈਂ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਜਗ੍ਹਾ ਘੋਲ ਵਿਚ ਲਗਾ ਹੋਇਆ ਸਾਂ ਅਤੇ ਹਾਜ਼ਰ ਨਹੀਂ ਸਾਂ, ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਜਨਰਲ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਅਤੇ ਦੂਜਿਆਂ ਮਹਿਕਮਿਆਂ ਬਾਰੇ ਦਸਦਾ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਕਈ ਅਜਿਹੀਆਂ ਮੱਦਾਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਰੁਪਿਆ ਬਚਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਸੀ । ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਡੀਪਾਰਟਮੈਂਟ ਐਸੇ ਸਨ ਜਿਨਾਂ ਨੂੰ ਕਰਟੇਲ ਕਰਨ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ । ਉਨਾਂ ਦਾ ਖਰਚ ਬਚਾ ਕੇ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਵਿਚ ਇਸ ਮਦ ਤੇ ਵਾਰ ਲੈਵਲ ਤੇ ਖਰਚ ਕਰਨ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ । ਇਸ ਦਾ ਖਰਚ ਡਿਸਟ੍ਰਿਕਟ-ਵਾਈਜ਼ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ । ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੇਰਾ ਇਹ ਸੁਝਾਵ ਹੈ ਕਿ ਫਰਜ਼ ਕਰੋ ਇਕ ਡਰੇਨ ਬਣਾਉਣ ਦੀ ਪਲਾਨ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸ ਨੂੰ ਪਹਿਲਾਂ ਇਹ ਵੇਖ ਕੇ ਕਿ ਜਿਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚੋਂ ਕਢਣੀ ਹੈ ਫਿਰ ਇਸ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਸਿਰੇ ਤਕ ਪਹੁੰਚਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਖਾਸ ਖਿਆਲ ਰਖਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਦਾ ਪਾਣੀ ਆਖਰ ਵਿਚ ਕਿਸ ਥਾਂ ਤੇ ਸੁਟਿਆ ਜਾਣਾ ਹੈ । ਪਰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ, ਜਿਸ ਨਾਲ ਕਿ ਤਬਾਹੀ ਬਹੁਤ ਹੁੰਦੀ ਹੈ । ਜੇਕਰ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਇਹ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾ ਲਿਆ ਜਾਵੇ ਕਿ ਇੰਨਾ ਪਾਣੀ ਇਸ ਡਰੇਨ ਵਿਚ ਸੁਟਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਸ ਨੂੰ ਪਰਲੇ ਸਿਰੇ ਤਕ ਪਹੁੰਚਾਇਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਹੀ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਫਾਇਦਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਹ ਵੀ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦਾ ਕਿ ਇਕੋ ਵੇਰ ਹੀ ਸਾਰੀਆਂ ਡਰੇਨਾਂ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ ਅਤੇ ਮੁਕੰਮਲ ਇਕ ਵੀ ਨਾ ਹੋ ਸਕੇ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ 10 ਡਰੇਨਾਂ ਬਨਾਉਣੀਆਂ ਹਨ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਕੇਵਲ ਤਿਨ ਡਰੇਨਾਂ ਹੱਥ ਵਿਚ ਲਉ ਅਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤਿੰਨਾਂ ਤੇ ਵਾਰ ਲੈਵਲ ਤੇ ਕੰਮ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਜਿਸ ਸਿਰੇ ਤੋਂ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋਣੀ ਹੈ ਅਤੇ ਜਿਥੇ ਜਾ ਕੇ ਪਾਣੀ ਨੂੰ ਸੁਟਿਆ ਜਾਣਾ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖ ਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਉਸਾਰੀ ਨੂੰ ਹੱਥ ਵਿਚ ਲਿਆ ਜਾਵੇ । ਇਕ ਗਲਤ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਡਰੇਨ ਨੂੰ ਬੇਸ ਕਰ ਕੇ ਅਸੀਂ ਫਲਡਜ਼

[ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ]

ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਰੋਕ ਸਕਦੇ । ਫਿਰ ਉਸ ਦਾ ਨੈਚੂਰਲ ਫਲੋ ਵੇਖਕੇ ਇਸ ਸਾਰੀ ਡਰੇਨ ਨੂੰ ਇਕ ਸਾਲ ਵਿਚ ਪੂਰਾ ਕਰ ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਸਿਰੇ ਤਕ ਜ਼ਰੂਰ ਪਹੁੰਚਾ ਦਿਉ ਅਤੇ ਇਹ ਸਾਰਾ ਕੰਮ ਮੌਨਸੂਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਹੋ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਨਾਲ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਕਰੈਡਿਟ ਵਧੇਗਾ ਅਤੇ ਮਾਣ ਵਧੇਗਾ । ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦੇ ਮਨਿਸਟਰ ਇਕ ਮੰਨੀ ਹੋਈ ਸ਼ਖਸੀਅਤ ਹਨ । ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਪਾਸੇ ਧਿਆਨ ਜੇਕਰ ਦੇਣ-ਗੇ ਤਾਂ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਵਲੋਂ ਮੈਂ ਪੂਰੀ ਜ਼ਿੰਮੇਦਾਰੀ ਨਾਲ ਬੋਲਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੇ ਦਿਲ ਵਿਚ ਵੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮਾਣ ਵਧੇਗਾ। ਇਹ ਪਰੋਗਰਾਮ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਕਿ ਇਤਨਾ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਇਸ ਨਾਲ ਅਛੇ ਰੀਜ਼ਲਟ ਨਹੀਂ ਨਿਕਲਦੇ । ਇਨਾਂ ਮੌਨਸੂਨਾਂ ਵਿਚ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਗਲਤੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਅਤੇ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਇਆ । ਡਰੇਨਾਂ ਦਾ ਕੰਮ ਹਾਫ ਡਨ ਰਿਹਾ। ਕੁਝ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਵਿਚ ਡਰੇਨਾਂ ਦਾ ਕੰਮ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਅਤੇ ਸਿਰੇ ਤਕ ਨਹੀਂ ਪਹੁੰਚਾਇਆ ਗਿਆ । ਇਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਇਆ ਕਿ ਜਿੰਨੇ ਪਿੰਡ ਟੇਲ ਤੇ ਰਹਿ ਗਏ ਸਨ ਬਰਬਾਦ ਹੋ ਗਏ । ਇਹ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੀ ਇਕ ਪਾਲਿਸੀ ਸੀ । ਮੈਂ ਚਾਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਗਲ ਵਲ ਖਾਸ ਧਿਆਨ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ। ਮਨਿਸਟਰ ਦੇ ਰਾਹ ਵਿਚ ਜੋ ਰੁਕਾਵਟ ਇਸ ਸਬੰਧੀ ਹੈ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਵਾ ਲੈਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਅਤੇ ਕੈਬੀਨਟ ਵਿਚ ਜਾਕੇ ਇਸ ਕੰਮ ਲਈ ਮੈਕਸੀਮਮ ਰੁਪਿਆ ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । (ਘੰਟੀ) ਮੈਂ ਇਕ ਦੋ ਮਿੰਟਾਂ ਵਿਚ ਹੀ ਖਤਮ ਕਰ ਦਿਆਂ ਗਾ । ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਅਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮਸ਼ਕੂਰ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਿਛਲੇ ਦਸ ਸਾਲ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਅਨੁਭਵ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮਸਲੇ ਨੂੰ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਬੇਸ ਤੇ ਹੱਲ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਡੀਸੈਂਟਰ-ਲਾਈਜ਼ ਕਰਨ ਦੇ ਯਤਨ ਕੀਤੇ ਹਨ ਕਿ ਆਪਣੇ ਇਲਾਕੇ ਦੀ ਡਰੇਨ ਨੂੰ ਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਲੋਕਾਂ ਰਾਹੀਂ, ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਸੁਸਾਇਟੀਆਂ ਰਾਹੀਂ। ਇਥੇ ਇਕ ਗੱਲ ਦਾ ਧਿਆਨ ਰਖਣ ਦੀ ਲੌੜ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਡਰੇਨ ਦੀ ਬੇਸ ਕੀ ਹੈ, ਲੈਂਥ 120 ਫੁਟ ਹੈ ਤੇ ਗਹਿਰਾਈ ਤਕਰੀਬਨ 8 ਫੁਟ ਹੈ ਅਤੇ ਪਾਣੀ ਕੇਵਲ ਦੋ ਤਿੰਨ ਫੁੱਟ ਤਕ ਹੀ ਚਲਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਨਾਲ ਮਸਲਾ ਹਲ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ। ਇਸ ਲਈ ਮੇਰੀ ਮੁਅੱਦਬਾਨਾ ਅਰਜ਼ ਹੈ ਕਿ ਪਾਣੀ ਫਸਲਾਂ ਦੇ ਆਉਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਚਾਲੂ ਕੀਤਾ ਜਾਇਆ ਕਰੇ ਅਤੇ ਡਰੇਨਾਂ ਵਿਚ ਨਿਕਾਸ ਪੂਰਾ ਰਖਿਆ ਜਾਵੇ । ਇਹ ਅਸੀਂ ਸ਼ੁਰੂ ਤੋਂ ਕਹਿੰਦੇ ਆ ਰਹੇ ਹਾਂ । ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਇਸ ਪਾਸੇ ਧਿਆਨ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ।

ਫਿਰ ਬਰਿਜ ਹੋਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਕਿ ਆਉਣ ਜਾਣ ਵਾਲੇ ਆਦਮੀਆਂ ਨੂੰ ਸਹੂਲਤਾਂ ਮਿਲ ਸਕਣ । ਜਿਸ ਕਿਸੇ ਨੇ ਛਕੜਾ ਜਾਂ ਗੱਡਾ ਫਸਲ ਦਾ ਇਕ ਥਾਂ ਤੋਂ ਮੰਡੀ ਵਿਚ ਲਿਜਾਣਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਮੁਸ਼ਕਲ ਪੈਂਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਪਾਸੇ ਤਵੱਜੋ ਘਟ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ । ਇਹ ਕਿਹਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਬਰਿਜਾਂ ਤੇ ਕਈ ਕਰੋੜ ਦਾ ਖਰਚ ਹੋਵੇਗਾ । ਪਰ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਸ ਤਰਾਂ ਕੂਲ੍ਹਾਂ ਤੇ ਪੁਲ ਹਨ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਅਤੇ ਕਾਂਗੜੇ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਲਕੜੀ ਦੇ ਪੁਲ ਥੋੜੇ ਖਰਚ ਤੇ ਬਣਾਏ ਜਾ ਸਕਦੇ ਹਨ । ਮੇਰਾ ਆਪਣਾ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਹੈ ਕਿਉਂ ਕਿ ਮੈਂ ਆਪ ਵੀ ਇੰਜੀਨੀਅਰਿੰਗ ਦਾ ਕੰਮ ਜਾਣਦਾ ਹਾਂ, ਇਸ ਲਈ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਕ ਪੁਲ 2500 ਰੁਪਏ ਦੇ ਕਰੀਬ ਬਣ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਅਤੇ ਇਸ ਦੀ ਲਾਈਫ 15 ਸਾਲ ਤਕ ਹੈ ।

ਇਕ ਅਰਜ ਮੈਂ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਹ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿੰਨੀਆਂ ਵੀ ਡਰੇਨਾਂ ਦੀਆਂ ਪਟੜੀਆਂ ਹਨ ਵੈਲ ਕੰਸਟਰਕਟਿਡ ਨਹੀਂ। ਜਿਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਦ ਪਾਣੀ ਦਾ ਰਸ਼ ਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਹ ਡਰੇਨਾਂ ਨੂੰ ਤੋੜ ਦਿੰਦਾ ਹੈ। (ਘੰਟੀ) ਮੇਰੀ ਰਾਏ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਪਟੜੀਆਂ ਦੇ ਦੋਹਾਂ ਪਾਸਿਆਂ ਤੇ ਘਾਹ ਅਤੇ ਦਰਖਤ ਲਗਾ ਦੇਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ। ਘਾਹ ਲਗਾਣ ਨਾਲ ਇਕ ਤਾਂ ਸੀਪੇਜ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕੇਗੀ ਅਤੇ ਡਰੇਨ ਕਟ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕੇਗੀ। ਦੂਜਾ ਦਰਖਤਾਂ ਦੇ ਨੁਕਤਾ ਨਿਗਾਹ ਨਾਲ ਵੀ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਇਕਾਨੌਮੀ ਵਿਚ ਮਦਦ ਅਤੇ ਗਰਮੀਆਂ ਵਿਚ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਸਹੂਲਤ ਮਿਲੇਗੀ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਰੀਗੇਸ਼ਨ ਦੀ ਮੱਦ ਤੇ ਮੈਂ ਇਕ ਦੋ ਸੁਝਾਉ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਜਿਹੜੇ ਮੈਂ ਇਕ ਦੋ ਮਿੰਟ ਵਿਚ ਦਸਕੇ ਆਪਣੀ ਤਕਰੀਰ ਖਤਮ ਕਰਾਂਗਾ। ਜਿਸ ਮੰਗ ਨੂੰ ਅੱਜ ਅਸੀਂ ਪਾਸ ਕਰਨ ਲਗੇ ਹਾਂ ਇਹ ਮਹਿਜ਼ 4 ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦੀ ਮੰਗ ਹੈ ਜਿਸ ਨੂੰ ਖਰਚ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਜਾਂ ਇਸ ਖਰਚ ਦੇ ਪ੍ਰਬੰਧ ਵਾਸਤੇ ਅਸੀਂ ਦੋ ਚੀਫ ਇੰਜੀਨੀਅਰਜ਼ ਰੱਖੇ ਹੋਏ ਹਨ। ਮੈਂ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਸੈਂਟਰਲ ਪੀ. ਡਬਲਿਊ. ਡੀ. ਦੀ ਮਿਸਾਲ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ 60 ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦਾ ਬਜਟ ਹੈ ਔਰ ਕੰਟਰੋਲਿੰਗ ਅਥਾਰਿਟੀ ਇਕੋ ਹੀ ਚੀਫ ਇੰਜੀਨੀਅਰ ਹੈ। ਸਾਡਾ ਬਹੁਤਾ ਖਰਚ ਤਾਂ ਇਸ ਪਰੋਵੀਯਨ ਵਿਚੋਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਹਾਈ ਆਫੀਸਲਜ ਤੇ ਹੀ ਹੁੰਦਾ ਹੈ, ਜਿਹੜਾ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ। ਇਹ ਪੈਸਾ ਇੱਰੀਗੇਸ਼ਨ ਪਰਪਜ਼ਿਜ਼ ਲਈ ਹੈ ਔਰ ਇਸ ਤੇ ਹੀ ਖਰਚ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਪਰ ਮੈਂ ਦੇਖਦਾ ਹਾਂ ਇਸ ਵਿਚੋਂ ਕਾਫੀ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹਿੱਸਾ ਇਨ੍ਹਾਂ ਹਾਈ ਆਫ਼ੀਸ਼ਲਜ਼ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਵਗੈਰਾ ਤੇ ਖਰਚ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਆਫੀਸਰਜ਼ ਦਾ ਕੰਮ ਸਰਕਾਰ ਅਤੇ ਪਬਲਿਕ ਦਾ ਤਾਲਮੇਲ ਕਰਨਾ ਹੀ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਇਕ ਚੀਫ ਇੰਜੀਨੀਅਰ ਹੋਵੇ, ਦੂਸਰੇ ਨੂੰ ਭਾਵੇਂ ਜੁਆਇੰਟ ਇੰਜੀਨੀਅਰ ਜਾਂ ਸੁਪਰਿੰਟੈਂਡਿੰਗ ਇੰਜੀਨੀਅਰ ਅਤੇ ਅਸਿਸਟੈਂਟ ਇੰਜੀਨੀਅਰ ਵਗੈਰਾ ਰਖਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ, ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਵਡੇ ਅਹੁਦੇ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰਕੇ ਇਸ ਖਰਚੇ ਤੋਂ ਬਚਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਅਮਲਾ ਇਤਨਾ ਹੈ ਕਿ 15,15 ਮੀਲ ਤੇ ਇਕ ਇਕ ਸੁਪਰਿੰਟੈਂਡਿੰਗ ਇੰਜੀਨੀਅਰ ਲਗਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਅਤੇ 15 ਮੀਲ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਜੇ ਦੂਸਰੀ ਨਹਿਰ ਆ ਗਈ ਤਾਂ ਦੂਸਰਾ ਸੁਪਰਿੰਟੈਂਡਿੰਗ ਇੰਜੀਨੀਅਰ ਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਸਿਸਟਮ ਸਮਝ ਨਹੀਂ ਆਇਆ। ਮੈਂ ਇਸ ਲਈ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ ਇਸ ਪਾਸੇ ਤਵੱਜੋ ਦੇਣ।

ਆਖਿਰ ਵਿਚ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦੇ ਡਰੇਨੇਜ ਦੇ ਅਫਸਰਾਂ ਦਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਨੂੰ ਸਮਝ ਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਇਸ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਡਰੇਨੇਜ ਦਾ ਬੜੀ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪ੍ਰਬੰਧ ਕੀਤਾ। ਜੇ ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਵਿਚ ਕੰਮ ਹੁੰਦਾ ਰਿਹਾ ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਦੋ ਸਾਲ ਦੇ ਅੰਦਰ ਕੋਈ ਡਰੇਨ ਐਸੀ ਰਹਿਣੀ ਨਹੀਂ ਚਾਹੀਦੀ ਜਿਹੜੀ ਮੁਕੰਮਲ ਨਾ ਹੋਵੇ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਸ਼ਬਦਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਆਪ ਦਾ ਸ਼ੁਕਰੀਆ ਅਦਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿ ਮੈਨੂੰ ਬੋਲਣ ਦਾ ਮੌਕਾ ਦਿਤਾ।

Sitting of the Sabha

उपाध्यक्षा : बहुत से मेम्बरान ने अभी बोलना है। मैं चाहती हूं कि यह हाऊस की सिटिंग एक घंटे तक बढ़ा दी जाये। तो क्या मैं इस को हाऊस

[उपाध्यक्षा]

की सैन्स समझूं । (A number of hon. Members have yet to speak, therefore, I want to extend the sitting of the House by an hour. May I consider it to be the sense of the House ?)

Voices : Yes, Yes.

RESUMPTION OF DISCUSSION ON THE DEMAND FOR GRANT

कंवर राम पाल सिंह (पुंडरी) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज एक बहुत ही अहम डिपार्टमेंट इस हाउस के सामने पेश है । चाहिये तो यह था कि यह डिमांड बगैर किसी क्रिटिसिज़्म के पास हो जाती । सब से पहले तो मैं यह बता देना चाहता हूं और मुझे खुशी है कि गवर्नमैंट इस मसले की तरफ काफी ध्यान दे रही है । मुझे ऐसा महसूस हो रहा है कि इस स्टेट में इरीगेशन का मसला सब से अहम और ज़रूरी है । हमारी पंजाब स्टेट एक एग्रिकल्चरल स्टेट है और ऐसी स्टेट में सब से ज़्यादा ज़रूरी होता है कि इरीगेशन की पूरी पूरी फैसिलिटीज़ होनी चाहियें । मगर दूसरे महकमों की तरफ जब हम देखते हैं तो मालूम होता है कि यह रकम दूसरे महकमों की निसबत बहुत कम है । आज इस महकमे के सामने इतने अहम मसले हैं जिन की ओर इस सरकार को जल्दी से जल्दी ध्यान करना चाहिये । इन तमाम बातों को देखते हुए हमारी सरकार को सब से ज़्यादा रकम इस हैड को ही देनी चाहिये थी । आज हमारे चीफ मिनिस्टिर साहिब बार बार यही एलान करते हैं कि मैं ने ऐग्रिकलचर की प्रोडकशन को बढ़ा देना है, लेकिन जब तक पानी की पूरी पूरी फैसिलिटीज़ न होंगी तो प्रोडकशन बढ़ कैसे सकती है ? लेकिन ऐसी बात कोई इस बजट में दिखाई नहीं पड़ती ।

सिंचाई तथा विद्युत मंत्री : देखिये, 37,73,00,000 से ज़्यादा रुपया इस साल हम खर्च करने जा रहे हैं ।

कंवर रामपाल सिंह : खैर, जो भी दिया है वह अच्छा है । मगर मैं इरीगेशन मिनिस्टिर का ध्यान इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि अगर इरीगेशन मिनिस्टर की तरफ से पूरी सहूलतें मिलें तो ज़मींदारों की ज़िंदगी बहुत अच्छी तरह से गुज़र सकती है । लेकिन यह बात देखने में आई है कि जितनी भी इरीगेशन की फैसिलिटीज़ उन को मिलनी चाहियें उतनी मिल नहीं रहीं । इस के बारे में यह मसला पिछले सैशन में भी आया है, हमारे हां हर साल फसलें तबाह होती हैं, इस दफा तो लोगों को इतनी भी उम्मीद नहीं है कि 20% फसलें उन को मिलेंगी । इसके अलावा टाईम की कमी की वजह से इस मसले की ज़्यादा डिटेल में नहीं जाता । मैं मंत्री साहिब का ध्यान अपने इलाके की ड्रेन्ज़ा की तरफ दिलाना

चाहता हूं । इस मामले पर पिछले बजट सैशन में बड़ी जबरदस्त बहस हुई थी और यह बात बिलकुल अच्छी तरह से बाजेह कर दी गई थी कि हमारा इलाका फलड एरीया है, ड्रेन्ज़ का काम जो भी शुरू किया था वह अच्छी तरह से तै नहीं हुआ । मैं ने यह भी कहा था कि सरकार को ड्रेन्ज़ का काम जल्द अज़ जल्द करना चाहिये मगर कोई परवाह नहीं की गई । फ्लडज़ के ज़माने में जो उन की हालत थी आज भी वह वहीं की वहीं है । मैं मिसाल के लिये दो ड्रेन्ज़ का नाम लेता हूं, वह एक है पूंडरी ड्रेन और दूसरी है सालवान ड्रेन । आज तक यह रेत से अटी पड़ी है । सरकार ने इन को दरुस्त करवाने की कोई तजवीज़ नहीं की ।

एक बात मैं वज़ीर साहिब से यह भी अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि हमारा इलाका फ्लडज़ की मेहरबानी से बिलकुल तबाह होता जा रहा है । पिछली दफा जब 1962 में चौधरी साहिब करनाल रैस्ट हाउस में थे तो इन्हों ने एक मीटिंग बुलाई थी और उस मीटिंग में लोगों को एशोरैंसिज़ दी थीं और कहा था कि हमारे इलाके में शैलो ट्यूबवैल्ज़ लगाये जाएंगे ताकि पैदावार बढ़ सके, मगर आज तक सरकार ने ट्यूबवैल्ज़ लगाने का कोई इंतज़ाम नहीं किया । हमारी ज़मीन दिन बदिन खराब होती जा रही है, बहुत सी दरखास्तें भी दी गईं मगर कोई ख्याल नहीं किया गया । इस के मुताल्लिक अगर आप कहें तो मैं प्रूफ दे सकता हूं, मगर इस वक्त टाईम नहीं है ।

एक बात मैं लैंड रैक्लेमेशन के महकमे की करना चाहता हूं वह यह कि यहां एक मुलाज़िम को चेंज करके रोड रैक्लेमेशन के महकमे में भेज दिया, उसे वहां पर 100—110 रुपये महीना की तनखाह मिलती थी, मगर अब इस नये महकमे में उसकी तनखाह 80/- रह गई है । इस गरीब का खाह मखाह में नुकसान हुआ है । या तो इसे वापिस भेज दिया जाये या जो तनखाह इसे पहले मिलती थी वह मिलनी चाहिये । इन अलफाज के साथ मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं ।

लाला हलिरा राम (घरौंडा) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज की जो डिमांड है वह बहुत ज़रूरी डिमांड है क्योंकि जहां तक फलड का ताल्लुक है, उससे रोहतक

1.00 p.m.

और करनाल का एरिया तबाह हो जाता है । हमारे यहां खादर का एरिया बहुत ज्यादा है जिस को वजह से बाढ़ के दिनों में चार-चार पांच-पांच मील तक पानी इस कदर जमा हो जाता है कि लोगों का आना जाना बिल्कुल ही बन्द हो जाता है । मैंने चौधरी साहिब को एक सुझाव दिया था कि अगर जमुना पर एक बांध बना दिया जाए तो पानी छोटी जमुना में जा सकता है और वह एरिया बच सकता है । लेकिन अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया ।

एक बात मैं ने यह भी कही थी कि वह इलाका बहुत गरीब है इस लिये उस को उठाने के लिये सरकार कुछ करे । मैंने एक सुझाव दिया था कि अगर बिजली के कुछ ही खम्भे वहां पर लगा दिये जाएं तो बिजली आसानी से वहां पहुंच सकती है ।

[लाला रुलिया राम]

जब पिछले दिनों बाढ़ आई तो मैंने रोहतक जा कर देखा कि आइ. पी. एस. साहिब, फलैचर साहिब, एस. ई. साहिब, पानी के अन्दर किश्तियों में 8-8 मील का दौरा कर रहे हैं। लेकिन हमारे यहां के चीफ इंजीनियर साहिब जिन्हें हम सिघू साहिब कहते हैं, वह कुछ नहीं करते और उन की सुस्ती की वजह से पंजाब गवर्नमेंट का इतना नुकसान होता है जिसका ठिकाना नहीं है। मैं नहीं समझता कि क्या पंजाब की गवर्नमेंट के पास इनके अलावा और कोई आदमी ही नहीं है जो इस महकमें के काम को वहां पर संभाल सके। वह चंडीगढ़ के अन्दर टांगों पर टांगें रख कर सोते रहते हैं और उधर दुनिया मरती रहती है, इलाका तबाह होता रहता है और पंजाब का बहुत नुकसान होता है। इस लिये मेरी पंजाब गवर्नमेंट से यह दरखास्त है कि वहां पर कोई काबल आदमी लगाया जाए। तभी वहां के लोगों का भला हो सकता है।

एक बात मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमारे यहां एक गांव मुलाक है जहां की एक चौथाई ज़मीन सैलाब की वजह से खराब हो गई है। इस लिये जो रेह का महकमा है उसे इस तरफ लगाया जाए ताकि वह ज़मीनों पर जो रेह आ जाती है उसे खत्म कर सके। (घंटी) एक इन्द्री ड्रेन है जो करनाल से गुज़रती है और वह ब्योंत के पास से निकलती है। तो क्या होता है इसका, डिप्टी स्पीकर साहिबा वह मैं आप को बताना चाहता हूं कि एक मित्रा साहिब कर्नल वहां पर बैठे हुए हैं, वह उस इन्द्री को तोड़ देते हैं और उस की वजह से उनका गांव तो बच जाता है लेकिन और तमाम देहात तबाह हो जाते हैं। और यही नहीं कि वह गांव बचा लेते हैं बल्कि यह कह कर कि उनकी तबाही हो गई 5-4 हज़ार रुपया भी मिनिस्टर साहिब से मिल कर ले जाते हैं (घंटी) और डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारे यहां के इलाके का बेड़ा गर्क हो जाता है।

ਭਗਤ ਗੁਰਾਂ ਦਾਸ ਹੰਸ (ਹਰਿਆਨਾ 'ਐਸ. ਸੀ.') : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹਰ ਸਾਲ ਫਲਡਜ਼ ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਔਰ ਹਰ ਸੈਸ਼ਨ ਵਿਚ ਸਪੀਚਾਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ। ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਚੋਆਂ ਨੇ ਖਰਾਬ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ, ਉਸ ਵਲ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ ਜਦ ਕਿ ਮੈਨੂੰ ਫਖਰ ਹੈ ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਤੇ ਕਿ ਉਥੋਂ ਭਾਖੜਾ ਦਾ ਪਾਣੀ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਦੂਸਰੇ ਇਲਾਕਿਆਂ ਨੂੰ ਸੈਰਾਬ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਵਿਚ ਸ਼ਕ ਨਹੀਂ ਕਿ ਭਾਖੜਾ ਇਕ ਤੀਰਥ ਹੈ —ਸਾਨੂੰ ਉਸ ਤੇ ਫਖਰ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਮੈਂ ਅਪੀਲ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਜਿਸ ਇਲਾਕੇ ਦੀ ਵਜ੍ਹਾ ਨਾਲ ਦੂਸਰੇ ਇਲਾਕਿਆਂ ਨੂੰ ਲਾਭ ਹੁੰਦਾ ਹੈ, ਉਸਨੂੰ ਇਗਨੋਰ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ। ਔਰ ਜਿਹੜਾ ਨੁਕਸਾਨ ਚੋਆਂ ਨਾਲ ਹੋਇਆ ਹੈ ਜਾਂ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਉਸਦਾ ਇਲਾਜ ਕਰਕੇ ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਚੋਆਂ ਦੀ ਮਾਰ ਤੋਂ ਬਚਾਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕੰਢੀ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ 80, 85 ਪ੍ਰਤੀਸ਼ਤ ਲੋਕ ਵਸਦੇ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਲ ਧਿਆਨ ਦਿਤਾ ਜਾਏ ਔਰ ਪਹਾੜੀ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਕੂਲਾਂ ਦਾ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਕੀਤਾ ਜਾਏ। ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਢੋਲਬਾਹ ਜਨੌੜੀ ਵਿਚ ਜਿਹੜੀਆਂ ਕੂਹਲਾਂ ਬਣੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾ ਲਈ ਅਗਰ ਕੁਝ ਰਕਮ ਮਖਸੂਮ ਕੀਤੀ ਜਾਏ ਤਾਂ ਉਹ ਇਲਾਕਾ ਸੈਰਾਬ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਉਥੇ ਨਾ ਤਾਂ ਸਿੰਜਾਈ ਦਾ ਕੋਈ ਪ੍ਰਬੰਧ ਹੈ ਨਾ ਨਹਿਰਾਂ ਹੀ ਉਥੇ ਚਲ ਸਕਦੀਆਂ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਉਥੇ ਬਿਜਲੀ ਦਿਤੀ ਜਾਏ ਔਰ ਟਿਊਬ ਵੈਲਜ਼ ਲਗਾਏ ਜਾਣ ਤਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਫਾਇਦਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ।

ਮੈਂ ਇਹ ਵੇਖਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਲੀਡਰ ਝਗੜਾ ਕਰਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਵਲ ਕਾਫੀ ਤਵੱਜੁਹ ਦਿਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਐਸੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਬਾਬਤ ਮੈਂ ਫਖਰ ਨਾਲ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਰੇ ਦੇ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਨਾਲ ਹਨ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਬੜੇ ਬੜੇ ਪੁਲ ਅਤੇ ਨਹਿਰਾਂ ਬਣਾਈਆਂ ਹਨ ਮਗਰ ਮੈਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ 15 ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਰੌਲੀ ਪਾ ਰਹੇ ਹਾਂ ਕਿ ਨਸਰਾਲੇ ਚੋ ਤੇ ਪੁਲ ਬਣਾ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਮਗਰ ਕੋਈ ਗ਼ੌਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ। ਜਦੋਂ ਅਸੀਂ ਮੀਟਿੰਗ ਵਗ਼ੈਰਾ ਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਾਂ ਤਾਂ ਐਕਸ. ਈ. ਐਨ. ਸਾਹਿਬ ਜਾਂ ਐਸ. ਈ. ਸਾਹਿਬ ਕਹਿ ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਏਸ ਸਾਲ ਬਣਾ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਲੇਕਿਨ ਬਣਦਾ ਫੇਰ ਵੀ ਨਹੀਂ। ਕਈ ਦਫਾ ਆਰਡਰ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਪਰ ਗੱਲ ਉਥੇ ਦੀ ਉਥੇ ਹੀ ਰਹਿੰਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਪਾਸੇ ਵਲ ਧਿਆਨ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਜਦੋਂ ਅੰਗਰੇਜ਼ ਦਾ ਰਾਜ ਸੀ ਉਦੋਂ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਅਨਾਜ ਦਾ ਤੋੜਾ ਸੀ ਲੇਕਿਨ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਨਹਿਰਾਂ ਅਤੇ ਟਿਊਬਵੈਲ ਲਗਾਕੇ ਅਨਾਜ ਦੀ ਕਮੀ ਪੂਰੀ ਕੀਤੀ। ਲੇਕਿਨ ਜਿਹੜੇ ਪਛੜੇ ਹੋਏ ਇਲਾਕੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਖਿਆਲ ਰਖਣਾ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਦੇ ਵਿਚ ਨਹਿਰਾਂ ਨਹੀਂ ਜਾ ਸਕਦੀਆਂ ਉਥੇ ਟਿਊਬਵੈਲ ਲਗਾਉਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ ਤਾਕਿ ਸੂਬੇ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧ ਸਕੇ। ਸਾਡਾ ਇਲਾਕਾ ਦੋ ਸੌ ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਚੋਆਂ ਨੇ ਘੇਰਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ, ਉਥੋਂ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਉਤਸ਼ਾਹ ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਤਾਕਿ ਉਹ ਫਸਲ ਜ਼ਿਆਦਾ ਉਗਾ ਕੇ ਦੇਸ ਦੀ ਉਸਾਰੀ ਦੇ ਵਿਚ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹਿੱਸਾ ਪਾਉਣ। ਮੈਂ ਇਕ ਵਾਰੀ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਆਪ ਦੀ ਰਾਹੀਂ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਦਾ ਧਿਆਨ ਇਸ ਪਾਸੇ ਦਿਵਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜਾ ਹਿੱਲੀ ਏਰੀਆ ਦਾ ਹਲਕਾ ਹਰਿਆਣਾ ਹੈ ਉਥੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਸਹੂਲਤ ਨਹੀਂ ਜਿਸ ਨਾਲ ਉਹ ਆਪਣੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧਾ ਸਕਣ। ਉਥੇ ਟਿਊਬਵੈਲ ਲਗਾਏ ਜਾਣ ਔਰ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਆਪ ਟਿਊਬਵੈਲ ਲਗਾਉਣ ਵਾਸਤੇ ਕਰਜ਼ੇ ਵੀ ਦਿਤੇ ਜਾਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ। ਇਤਨਾ ਕਹਿਕੇ ਮੈਂ ਆਪ ਦਾ ਸ਼ੁਕਰੀਆ ਅਦਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक (सोनीपत) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज हाउस के सामने इतना अहम मसला पेश हुआ है जिस का ताल्लुक पंजाब की बेशतर आबादी से है। लेकिन टाइम बहुत थोड़ा है इस लिये मुझे समझ नहीं आती कि कौन से प्वायंट का कान पकड़ूं और कौन से प्वायंट की दुम पकड़ूं, क्या करें और क्या न करें। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जिस वक्त इस डिमांड की तरफ हम देखते हैं जो हमारे मंत्री महोदय ने पेश की है और कागजात की तरफ देखते हैं जिन पर वह हर साल स्कीम्ज छाप कर लाते हैं तो दिल चाहता है कि वज़ीर साहिब को बधाई पेश करूं लेकिन जब प्रैक्टिकल चीज़ों की तरफ देखते हैं और हर साल जो मुसीबतें हमारे ऊपर आती हैं उन की तरफ देखते हैं और जो इस वक्त नागहानी मुसीबत हमारे ऊपर नाजिल हुई है पानी की कमी की वजह से उस का ख्याल करते हैं तो उस वक्त यह फीलिंग होती है कि अपनी तरफ से बधाई देनी तो एक तरफ रही बल्कि वह दोस्त जो बधाई पेश कर रहे हैं वह भी वापिस ले लूं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह जो मुसीबत है यह मेरे ऊपर नहीं और पंजाब के किसान के ऊपर नहीं बल्कि मैं समझता हूं कि पंजाब की मुसीबत सारे हिन्दुस्तान की मुसीबत है। इस डिमांड का दो चीजों के साथ ताल्लुक है। एक तो यह कि पंजाब की जो हर साल हढ़ों से तबाही होती है उस से कैसे बचाया जाए और दूसरी तरफ जो स्लोगन डबल प्रोडक्शन का मुख्य मन्त्री साहिब ने दिया है उस से इस का बहुत ताल्लुक है क्योंकि मेरे ख्याल में अगर किसान

[चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक]

को फसल के लिये पानी नहीं मिलता तो इन का स्लोगन इन के पास ही रह जाएगा। डिप्टी स्पीकर साहिबा, ज्यों, ज्यों रेनी सीज़न पास आता जा रहा है और फलड्ज़ का जिक्र आता है तो हमारे मंत्री महोदय का ब्लड बायल करने लग जाता है। हर बार यहां पर एलान किया जाता है कि अगले साल पंजाब में फलड किसी जगह पर भी नहीं आने देंगे लेकिन मुसीबतें हर साल आती हैं और उन का कोई इलाज नहीं होता। डिप्टी स्पीकर साहिबा, ऐसा क्यों होता है। इस की दो तीन वजूहात हैं। मैं तो यह समझता हूं कि हमारी जो ड्रेनेज की प्लैनिंग है वह डिफैक्टिव है और हमारी हकूमत इस प्राब्लम को हैंडल करने में बिल्कुल फेल हुई है क्योंकि जो प्लैनिंग होती है उस के अंदर बहुत पार्टी पालिटिक्स चलती है और कई किस्म की लोकल पालिटिक्स आ कर खड़ी हो जाती हैं। जिस का नतीजा यह होता है कि जो इंजीनियरिंग के तरीके से ड्रनेज़ का सिस्टम होना चाहिए वह नहीं रहता। इस लिये जो ड्रेन्ज़ बनाई जाती हैं वह नाकाम साबत होती हैं। एक दिन किसी साहिब ने कहा कि plans of drainage are defective तो वहां एक इंजीनियर साहिब बैठे हुए थे तो उन्होंने कहा कि यह तो हकूमत चलाने वालों के ब्रेन्ज़ डिफैक्टिव हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह बात समझ में नहीं आती कि यह गवर्नमेंट क्यों बरबादी करने पर तुली हुई है। अगर इस मसले को प्रापरली हैंडल किया जाए, अगर इंजीनियरिंग प्वायंट आफ व्यू से प्लैन्ज़ बनाए जाएं तो हर साल करोड़ों रुपए की फसल तबाह न हो। इस के अलावा, डिप्टी स्पीकर साहिबा, हम ने देखा है कि जब फसल का मौसम आता है उस वक्त अगर पानी की ज़रूरत पड़े तो हमारे मंत्री महोदय खड़े हो कर अपनी मजबूरी और लाचारी ज़ाहिर कर देते हैं और कह देते हैं कि मैं पानी कहां से लाऊं, जमना का लैवल नीचे चला गया है। मैं कहता हूं कि जब पंजाब के किसान को अनाज पैदा करने के लिये पानी नहीं मिलता तो देहली के बागात को पानी क्यों दिया जाए। वह पानी पंजाब के किसान को क्यों नहीं दिया जाता। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन चीज़ों में कुरप्शन भी इतनी ज़बरदस्त है कि उस ने लोगों के कान पकड़वा दिये हैं। पंजाब के अंदर बगैर रिश्वत के किसी को भी पानी नहीं मिल सकता। अगर कोई मेम्बर यह बात कन्फीडैन्स के साथ कह दे कि पंजाब के किसान महकमा इरीगेशन से बगैर रिश्वत दिये पानी ले सकते हैं तो मैं मान जाऊंगा कि कुरप्शन नहीं है। अगर मैं ने अपनी लिंक ड्रेन तैयार करनी है तो उसके अन्दर कुरप्शन चलती है। लाबी के अन्दर एक दोस्त ने एक सवाल करके हमें हैरान कर दिया कि what is wrong with corruption? It is very well going on, very well with every member of the ruling party. इसके साथ उन्होंने मिसाल भी दी कि आज अगर पंजाब में एलान किया जाए कि कुरप्शन वाले आदमी को चौराहे पर ऐग्ज़ीक्यूट किया जाएगा तो उस ने बताया कि रूलिंग पार्टी के हर कुम्बे में से कम से कम एक राजपूत और मरहट्टा ज़रूर निकलेगा इस मामला में। (हंसी) मैं अर्ज करता हूं कि जितने एलान यह कुरप्शन को दूर करने के करते हैं उतनी ज्यादा यह कुरप्शन दिन बदिन बढ़ती जा रही है। अगर इसी तरह इस हकूमत ने कुरप्शन दूर करनी है तो भगवान ही जानता है कि इस देश का क्या हश्र होगा और यह जम्हूरियत कितने दिन तक जिन्दा रहेगी। लोगों को यह कहते हैं कि माइनर इरीगेशन करो और

ट्यूबवैल्ज़ लगाओ लेकिन इन ट्यूबवैल्ज़ का भी अगर आप हाल देखें तो किसान रोते फिरते हैं। जहां पर बिजली है वहां उन को इन्हें चलाने के लिये बिजली वक्त पर नहीं मिलती है अगर बिजली 24 घंटे आती है तो 72 घंटे बन्द रहती है और उस के बाद आती है कभी आ जाती है कभी फेल हो जाती है और ट्यूबवैल्ज़ चलते नहीं हैं। आप इस महकमे को कभी अटोनोमस कहते हैं कभी कुछ कहते हैं, वह तो जो मर्जी आप कहें लेकिन गरीब किसानों की हालत पर तो तरस खा कर इस तरफ ध्यान दें और उन की यह तकलीफ दूर करें। इसके अलावा, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अर्ज़ करता हूं कि इस महकमा में खास तौर पर हायर लैवल पर कोई को-आर्डीनेशन नहीं है, और वह हो भी कैसे सकती है? इस के बारे में मैं आप को एक मिसाल देता हूं कि इन का सबडिवीज़न गुड़गांव में है, डिवीज़न बराड़ा में है और जो सरकल आफिस है वह रोपड़ में है। यानी पंजाब के एक सिरे पर तो सबडिवीज़न है और दूसरे सिरे पर सरकल आफिस है। अगर कोई ऐमरजैंसी आ जाती है तो इनका ऐस. डी. ओ. पहले बराड़ा को दौड़ेगा और फिर रोपड़ की तरफ भागेगा और इस भाग दौड़ के दौरान लोगों का बेड़ा ग़र्क हो जाएगा। फिर आप जमना बांध को ले लें। पिछली दफा जब वह टूटने लगा तो हमारे कहने पर वहां ऐस. डी. एम., आर. एम., ऐस. डी. ओ. नहर और ऐस. ई. गए। मैं ने उन को कहा कि यह बांध टूटने वाला है इस का इन्तज़ाम करो लेकिन ऐस. ई. साहिब कहने लगे कि मैं ज़िम्मेदार हूं यह नहीं टूटेगा। हम ने तीन दफा उन को बुलाया कि यह टूटने वाला है लेकिन कोई प्रोटैक्टिव मैयर्ज़ नहीं किए गए और नतीजा यह हुआ कि रसूलपुर तहसील सोनीपत के पास उसमें 300 फुट का शिगाफ हुआ और वह अभी तक उसी तरह टूटा पड़ा है। अब पता चला है कि उस डिवीज़न को ही खत्म किया जा रहा है। पता नहीं काम कैसे चलेगा? उस के टूटने से हज़ारों एकड़ ज़मीन लोगों की बरबाद हो गई है लेकिन उनको कोई मुआवज़ा देने का नाम नहीं लेते। (घंटी) इसी तरह पानीपत में महमूदपुर गांव के पास ड्रेन नं. 2 पर एक साइफन तैयार किया गया है। बरसात में जब पानी आया तो वह साइफन दो घंटे भी स्टैंड नहीं कर सका और वाश आफ़ हो गया और एक बेचारा लालू हरिजन उसमें भर गया। जब उस साइफन की पड़ताल की तो पता चला कि उस में सीमेंट का तो नाम भी नहीं था, कोरा रेत ही उस में से लगाया हुआ निकला। एक्स. ई. ऐन. ने अपने किसी आदमी को ठेका देकर उसे खटा दिया और गरीब लोग खाहमखाह बरबाद हो गए और एक गरीब हरिजन भी उस में बलि चढ़ गया।

उपाध्यक्षा : दिल तो नहीं चाहता कि आपको रोकूं लेकिन घड़ी नहीं मानती। (I do not want to stop the hon. Member but my watch says that his time is over.) (*laughter*)

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक : वैसे तो मैंने अभी अपनी स्पीच शुरू भी नहीं की है लेकिन अगर आप का हुकम है तो मैं अभी बैठ जाता हूं।

उपाध्यक्षा : पेश्तर इसके कि मैं किसी मैम्बर साहिब को काल अपोन करूं, मैं एक बात आई. पी. एम. साहिब से कहना चाहती हूं। मुझे बताया गया है कि मेरे पी. ए.

[उपाध्यक्षा]

साहिब उन की मोटर के नीचे आ चले थे क्योंकि असेम्बली से लेकर होस्टल तक लाइट का कोई इन्तजाम नहीं है और वहां घुप अंधेरा रहता है। मेहरबानी करके वह वहां लाईट का इन्तज़ाम करें।(Before I call upon any other Member to speak I want to say one thing to the hon. I. P. M. I have been told that my P. A. had a narrow escape from being run over by his Motor Car because the part of the road from Assembly Secretariat to the Hostel is without light and there is always pitch-dark at night. I would request him that he may kindly make arrangements of light on that part of the road.)

श्री ज्ञान चन्द (शिमला) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह बहुत जरूरी मद है और मुझे खुशी होती अगर मैं पंजाब सरकार को इस पर विधाई पेश कर सकता, लेकिन जहां तक पहाड़ी इलाकों का ताल्लुक है अपनी पड़ोसी स्टेट हिमाचल प्रदेश को देखने से ऐसा मालूम होता है कि पंजाब सरकार का, जहां तक इस मद का ताल्लुक है, इन इलाकों की तरफ कोई ध्यान नहीं है। आज स्टेट में फ्लड कंट्रोल किया जा रहा है और उस के लिए तरह तरह के साधन सोचे जा रहे हैं लेकिन मैं अर्ज करता हूं कि जब तक आप पानी को सोर्स पर कंट्रोल नहीं करेंगे चैकडैम बगैरा बना कर, दरख्त लगा कर उस वक्त तक चाहे आप लाखों नहीं करोड़ों रुपये खर्च करते जाएं फ्लड कंट्रोल नहीं होगा। फ्लड कंट्रोल का सही तरीका यह है कि आप वहां के नदी नालों पर चैक डैम बनाएं और ज्यादा से ज्यादा दरख्त लगाएं। मैं बताना चाहता हूं कि पहाड़ी इलाकों में छोटे छोटे चैक डैम्ज लगाने के लिए और मेजर और माइनर इरीगेशन के सिलसिले में पिछले कुछ सालों में क्या कुछ किया गया है। दूसरे प्लान में इस मद के तहत 13 करोड़ 16 लाख रुपया खर्च होना था लेकिन इस रकम में से शायद 20 लाख रुपया पहाड़ी इलाकों पर खर्च नहीं हुआ है। पहाड़ी इलाकों की आबादी सारे पंजाब की आबादी का दसवां हिस्सा है और अगर एरिया के लिहाज़ से देखा जाए तो यह पंजाब का पांचवां हिस्सा है। वैसे तो पंजाब सरकार बार-बार ऐलान करती है कि पहाड़ी इलाकों की उसे बड़ी चिन्ता है लेकिन जो आंकड़े आप को मैं ने बताए हैं और बताने लगा हूं उन से यह बात कतई जाहिर नहीं होती है। मैं ने 'पंजाब ऑन दी मार्च, 1964' में देखने की कोशिश की कि इस मद के नीचे सरकार वहां क्या खर्च कर रही है। तीसरे प्लान में पंजाब सरकार ने इस मद के तहत सारा 31 करोड़ 51 लाख रुपया खर्च करना है और अब तक प्लान के तीन साल गुजर चुके हैं। मैं समझता हूं कि इस रकम में से कम से कम पंजाब सरकार ने अब तक 15 करोड़ तो खर्च किया होगा। इस में से मैंने यह देखने की कोशिश की है कि पहाड़ी इलाकों पर कितना खर्च किया है। तो यह कहते हैं :—

> "Under this Programme, various lift Irrigation sehemes in hilly and semi-hilly areas and various tanks and bunds in Mohindergarh and Gurgaon Districts were proposed to be taken up. By the end of 1963-64 a sum of Rs. 44.21 lakhs is anticipated to be incurred on these schemes."

यह कहते हैं कि पहाड़ी इलाकों पर और महेन्द्रगढ़ और गुड़गांव के ज़िलों पर तीन साल खत्म होने के बाद भी 44 लाख रुपए के करीब रकम खर्च करेंगे। मेरा ख्याल है कि इस में से 20 लाख ही पहाड़ी इलाकों के हिस्सा में आएगा। इस रफ्तार से अगर देखें तो इस तीसरे प्लान के दौरान पहाड़ी इलाकों पर इस मद के नीचे 30 लाख से ज़्यादा रुपया खर्च नहीं करेंगे। जब इस प्लान में इस मद के नीचे 31 करोड़ रुपया रखा है तो सरकार उसका सिर्फ एक फीसदी उन पहाड़ी इलाकों पर खर्च कर रही है जिन की आबादी सारे पंजाब की आबादी का 10 फीसदी और एरिया 20 फीसदी है। मैं पंजाब सरकार से और खास तौर पर मंत्री जी से दरखास्त करूंगा कि जो पहाड़ी इलाका पंजाब में है, उस की तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिए। हमारे इलाके के साथ हिमाचल प्रदेश का इलाका मिलता है। उस प्रदेश के जराए भी बहुत कम हैं। उस की तरफ ध्यान करें तो पता चलता है कि वहां पर काफी तरक्की हुई है। मैं मानता हूं कि पंजाब में तरक्की हुई है जिस का नाम सारे हिन्दुस्तान में रोशन है। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि पहाड़ी इलाके को इग्नोर न किया जाए। कम से कम इस का हिस्सा तो इस इलाके को मिलना चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहिबा, दो साल हुए, चौधरी रणबीर सिंह मेरे इलाके में गए। उन्होंने वहां के हालात को देखा। उन्होंने कहा था कि घग्गर पर बांध तैयार किया जाएगा, इस से इलाके को पानी मिल सकेगा, बिजली भी मिल सकेगी। पंजाब सरकार ने शायद एलान भी किया था। मैं ने यह बात आल इंडिया रेडियो पर भी सुनी थी कि वहां पर डैम तैयार किया जाएगा। इस के लिये 3-4 करोड़ रुपया प्रोवाइड किया गया है। लेकिन 2 साल के अर्से में 2 हज़ार रुपया भी खर्च नहीं हुआ है। मुझे पता नहीं कि इस के बारे में सरकार क्या सोच रही है, (घंटी) वैसे हमारी सरकार हमेशा दावा करती है कि हम हिल्ली एरिया के लिये बहुत कुछ कर रहे हैं और लोगों को उम्मीदें बंधवा रहे हैं लेकिन इस की तरफ कोई खास ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि कम से कम वहां पर जितना इन का हिस्सा बनता है उतनी डिवैल्पमेंट तो करें। ज़्यादा की हम बात नहीं करते। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जब तक पहाड़ी इलाकों की तरफ ध्यान नहीं दिया जाएगा उस वक्त तक फ्लडज़ पर कंट्रोल नहीं किया जा सकेगा।

(इस समय उपाध्यक्षा ने चौधरी इन्द्र सिंह मलिक को बोलने के लिये कहा।)

Shri Sagar Ram Gupta: On a point of order, Madam.

उपाध्यक्षा : क्या आप का प्वायंट आफ आर्डर कट मोशन के बारे में है। अगर यह है तो यह कट मोशन एक दिन पहले आनी चाहिए। (Does the hon. Member want to raise a point of order in connection with the cut motion; if so, this cut motion should have been received here one day earlier.)

श्री सागर राम गुप्ता : मेरा इस बारे में प्वायंट आफ आर्डर नहीं है। मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह है कि क्या उस इलाके के लोगों को जहां पर कि फैमिन फैला हुआ है, उस इलाके के हालात बताने के लिये वक्त नहीं दिया जाएगा और जो बैकवर्ड इलाके को रिप्रिज़ेंट करते हैं क्या उन को टाइम नहीं दिया जाएगा ? (विघ्न)

उपाध्यक्षा : सबसे पहले मैं कोशिश करती हूं कि जिन को अभी तक अपने ख्यालात का इज़हार करने के लिये मौका नहीं मिला, उन को काल अपौन करती हूं। उस के बाद मैं हर एक ग्रुप के एक मेम्बर को काल अपौन करती हूं। जिस तरह से माननीय सदस्य ने बोलने का तरीका अपनाया है वह मुनासिब नहीं है। सरदार दरबारा सिंह जी, आप माननीय सदस्य को बिठाने की कोशिश करें ताकि सदन की कार्यवाही अच्छी तरह से चल सके। (I try to call upon those Members to speak first who have not got an opportunity to express their view so far. Thereafter I call upon one Member from each group. The hon. Member has not adopted a proper methed of speaking. I would request Sardar Darbara Singh Ji to try to make the hon. Member resume his seat, so that the business of the House is carried on smoothly.)

चौधरी इन्द्र सिंह मलिक (सफीदों) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, इरीगेशन डिमांड पर आज बहस जारी है। यह बहुत बड़ी डिमांड है, क्योंकि इस पर 85 प्रतिशत ज़मींदारों का इनहसार है। अगर ज़मींदार खुशहाल होंगे तो सारा पंजाब खुशहाल होगा। लेकिन बदकिस्मती हमारे पंजाब के सूबे की है। हर साल 1955 से 1963 तक फ्लडज़ नुकसान करते रहे हैं। उस से जो नुकसान हुआ है, मैं पेश करता हूं। 1955 में 36 करोड़ रुपए; 1956 में 2 करोड़ के लगभग, 1957 में 2 करोड़ 36 लाख रुपए; 1958 में 35 करोड़ 85 लाख रुपए, 1959 में 2 करोड़ 33 लाख रुपए, 1960 में 21 करोड़ 54 लाख रुपए, 1961 में 9 करोड़ 70 लाख रुपए, 1962 में 39 करोड़ 34 लाख रुपए और 1963 में 5 करोड़ 97 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि सफीदों का इलाका खासकर, हर साल फ्लडज़ की जद में आता रहा है। करनाल की तरफ से इंद्री ड्रेन आती है, उस को काट दिया जाता है। इस से हमारा इलाका बर्बाद किया जाता है। इन्द्री ड्रेन का पानी, नाई नाला ड्रेन, पवाना ड्रेन से गुज़र कर एनटा साइफन से गुज़रता हुआ रोहतक की तरफ जाता है लेकिन इस ड्रेन को कभी साफ नहीं किया गया है। जिस की वजह से हर साल यह ड्रेन ओवर फलो करती है। साईफन भी जो हैं उन की कैपेसिटी थोड़ी है और उन में पानी भी हर साल ज्यादा आता है। मैं सुझाव देता हूं कि साइफन और ड्रेन की कैपेसिटी को बढ़ाने की जरूरत है। मिमनाबाद से मुआने तक ड्रेन बना कर हांसी ब्रांच में पानी डाला जा सकता है जिस से सफीदों का इलाका बच सके। जब हर साल पानी ज्यादा आता है तो हांसी ब्रांच में 3 कट किये जाते हैं। यह कट डिफरेंट आर. डीज़. पर किये जाते हैं। यह अन्दाज़न 60, 65 और 74 हज़ार आर. डी. पर काटे जाते हैं। इन कटस पर हर साल बहुत रुपया खर्च किया जाता है। इस में पर्मानेंट इन्लैटस लग जाएं ताकि फ्लडज़ का पानी शीघ्र निकल जाए। उसी वक्त उन को खोल दिया जाए और हांसी ब्रांच से पानी का निकास हो सके।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, माइनर इरीगेशन स्कीम के बारे में हमारे इलाके में जींद डिस्ट्रीब्यूटरीज़ की रीमौडलिंग के लिए इस साल 8 लाख रुपए रखे हैं। इस लिये मैं सरकार

को बधाई देता हूं लेकिन जरूरत इस बात की है कि निडानी माइनर, सफीबाद माइनर, रोज़ला माइनर, हार्ट माइनर, इन की ऐक्सटैंशन का काम है वह इस साल में मुकम्मल किया जाए ताकि इस इलाके के देहातों की जो बारानी ज़मीन है उस को पानी मिल सके।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं ने काल एटैंशन और एडजर्नमैंट मोशन के ज़रिये सरकार का ध्यान इस तरफ कई बार दिलाया है कि इस साल हरियाना की नहरों में पानी की क्राप्स और शूगरकेन की क्राप्स को बहुत भारी नुक्सान हुआ है। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि वहां पर पानी की सप्लाई बहाल की जाए। अगर पानी कम है तो किसी एक नहर को मुकम्मल तौर पर चालू कर दिया जाए। उस के बाद दूसरी नहर को चलाया जाए ताकि उस नहर पर बसने वाले ज़मींदारों को पूरा फायदा पहुंच सके। आधी सप्लाई से किसी नहर के माइनर में या उन के मोघाजात में पानी की पूरी सप्लाई नहीं मिलती और इरीगेशन के लिये पानी न मिलने से उस इलाके की फसलों को बहुत नुक्सान होता है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरे इलाके में सेम की वजह से जमीन बर्बाद हो रही है। उस ज़मीन की रीकलेमेशन करने की ज़रूरत है। हांसी की तरह सफीदों में रीक्लेमेशन के लिए स्टाफ भेज कर काम शुरू कराया जाए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस साल तालाबों के लिये मवेशियों को पीने के लिए पानी देने के लिये स्पेशल मोघे नहीं दिये गए। यह काम पहले स्पैशल आउटलैट्स से किया जाता रहा है लेकिन इस साल मौजूदा मोघों से ही पानी दिया गया। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं। कि इस तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिए ताकि लोगों की यह तक्लीफ दूर हो सके। मवेशियों को पानी पीने के लिये स्पेशल आउटलैट्स से पानी दिया जावे।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, शिफ्टिंग आफ आउटलैट्स और वाराबन्दी की दरखास्तें एक्स. ई. एन. के पास आती थी। इस के लिए सरकार की तरफ से एक सरकुलर भी जारी हुआ था कि एक्स. ई. एन. इन केसिज़ को डिसाइड करेगा। लेकिन बहुत अफसोस से कहना पड़ता है कि यह केसिज़ अब भी एस. ई. के पास जाते हैं। इस तरह से बहुत डीले होती है और लोगों को काफी देर सस्पैंस में रहना पड़ता है। मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि सरकार इस विषय में दोबारा सर्कुलर जारी करे। इस में हिदायत होनी चाहिए कि इन केसिज को एक्स. ई. एन. डिसाइड करे। (घंटी)

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं एक मिनट में ही अपनी स्पीच खतम कर दूंगा। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस महकमे के चौधरी लहरी सिंह, उस के बाद प्रोफैसर शेर सिंह वज़ीर रहे हैं। उन्होंने लोगों की काफी तक्लीफें दूर कीं। लोग उन की काफी प्रशंसा करते हैं। मैं चौधरी रणबीर सिंह, जो कि आज कल इस महकमा के इन्चार्ज हैं, से प्रार्थना करना चाहता हुं कि वह लोगों की तक्लीफों को दूर करें ताकि लोग भी उन की प्रशंसा करें। मैं इतना कह कर अपनी सीट रीज्यूम करता हूं।

श्री प्रताप सिंह बख्शी (पालमपुर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज आबपाशी की मद जो इस सदन के सामने पेश हुई है मैं उस सिलसिले में अमूमन तमाम पहाड़ी इलाकाजात

[श्री प्रताप सिंह बख्शी]
और खसूसन जिला कांगड़ा के अन्दर जो खामियां हैं उन के मुतअल्लिक अर्ज करना चाहता हूं। इस वक्त तक इस मद के बारे में बहुत सारे मेम्बरान ने यह बताया है कि उन के खेतों को पानी तो मिलता है बल्कि खेत पानी में डूब जाते हैं। परन्तु पहाड़ी इलाकाजात, जहां से पानी की रवानगी होती है, वहां पर पंजाब सरकार ने आबपाशी की तरफ जरा भी तवज्जोह नहीं दी। देश के स्वतन्त्र होने के पश्चात् जिला कांगड़ा में तहसील नुरपुर में सिधारता और डेरा गोपीपुर में सब्बाहार कूल्हों की तामीर शुरु हुई और लाखों रुपया उन की तामीर पर खर्च किया गया। लेकिन मुझे अफसोस के साथ सिंचाई मन्त्री साहिब के नोटिस में यह बात लानी पड़ती है कि बावजूद लाखों रुपया खर्च करने के उन कूल्हों में पानी की ज़रा भी रवानी नहीं हुई। वह सारे का सारा रुपया बरबाद और ज़ाया हुआ। जिला कांगड़ा में राजाओं महाराजाओं के वक्त की पुरानी कूल्हें हैं। मैं आप की विसातत से सरकार की तवज्जोह इस अमर की तरफ दिलाना चाहता हूं कि उस को इन कूल्हों की तरफ ज़्यादा से ज़्यादा ध्यान देना चाहिए और उन में पानी की रवानी बाकायदा जारी रहनी चाहिये ताकि लोग खेती के लिये पानी की ज़रूरत को पूरा कर सकें। इस के साथ साथ मैं यह भी अर्ज करना चाहता हूं कि मेरे हलका नुमायंदगी के अंदर पालमपुर में बैजनाथ कूल्ह की तामीर में बहुत हद तक कामयाबी हुई है। पानी भी रवां हुआ है लेकिन वह पानी लोगों की ज़रूरत के मुताबिक नहीं है। जितना पानी लोगों को मिलना चाहिये उतना नहीं मिल रहा। सिंचाई मन्त्री को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए और यत्न कर के इस कूल्ह में भी पानी की ज़्यादती करनी चाहिए क्योंकि जो देहात उस की टेल की ज़द में आते हैं वे पानी से महरूम रह जाते हैं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, देश आजाद होने के पश्चात कांगड़ा जिला के बहुत से देहात में बिजली मुहैया की गई है। बिजली के ज़रिये वाटर लिफटिंग स्कीम से लोगों के खेतों में पानी डाला जा सकता है। इस की तरफ खास तवज्जोह देने की आवश्यकता है। बल्कि मैं तो यह कहूंगा कि बाकायदा उस इलाके का सरवे करवाया जाना चाहिये और जहां पर आसानी से नई कूल्हें तामीर की जा सकती हैं वहां पर वह तामीर की जानी चाहिये, जहां पर कूल्हें तामीर नहीं हो सकतीं वहां पर वाटर लिफटिंग और चैक डैम के द्वारा लोगों के खेतों में पानी डाला जाना चाहिये। जबकि हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब अन्न की पैदावार को दुगना करना चाहते हैं यह समय है कि सिंचाई मन्त्री जी इस ओर खास तवज्जोह दें।

मेरे इलाके में एक कूल्ह कृपाल चंद नाम की है। उस की एक्सटेंशन का नकशा भी बन चुका है और एस्टीमेट भी बन चुका है। सरवे भी हो गया है लेकिन दुःख के साथ कहना पड़ता है कि इस की तामीर को अमली जामा नहीं पहनाया गया। मैं आप की विसातत से सिंचाई मन्त्री जी से कहना चाहता हूं कि इस कूल्ह से सैंकड़ों एकड़ ज़मीन सैराब होने वाली है जिस से पैदावार बढ़ेगी, इस लिये इस की एक्सटेंशन की तरफ जल्दी से जल्दी कार्यवाही की जानी चाहिये। वाटर लिफटिंग स्कीम के ज़रिये से पहाड़ी इलाकाजात के खेतों में पानी आसानी से दिया जा सकता है। इस तरफ कोशिश करने में किसी तरह की कसर नहीं उठा रखनी चाहिये। कूल्हों के हैड को नये सिर से बनाया जाना चाहिये। इस सम्बन्ध में ज़्यादा से ज़्यादा रुपया खर्च किया जाना चाहिये। राजाओं, महाराजाओं के वक्त की जो पुराने कूल्हें हैं उन के हैड ज़्यादा मज़बूत बनाए जाने चाहिएं ताकि लोग अगर अपनी ज़रूरत

के मुताबिक अनाज के सिलसिले में खुद कफील न बन सकें तो कम से कम अपनी ज़रूरियात अनाज को किसी हद तक तो पूरा कर सकें। इन अलफाज़ के साथ मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं।

ਕਾਮਰੇਡ ਭਾਨ ਸਿੰਘ ਭੌਰਾ (ਧੂਰੀ, ਐਸ. ਸੀ.): ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਅਜ ਜਿਹੜੀ 470 ਰੁਪਏ ਦੀ ਮੰਗ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਬ ਨੇ ਸਾਡੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖੀ ਹੈ ਉਸ ਉਪਰ ਕੁਝ ਕਹਿਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਮੈਂ ਇਹ ਗਲ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਕੰਮ ਲਈ ਬਹੁਤ ਘਟ ਰੁਪਿਆ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਚੰਗਾ ਹੁੰਦਾ ਜੇ ਕਰ ਸਿੰਚਾਈ ਮੰਤਰੀ ਸਾਹਿਬ ਬਜਟ ਵਿਚੋਂ, ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਇਕ ਅਰਬ ਤੋਂ ਵੀ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ, ਇਸ ਪਵਿੱਤਰ ਕੰਮ ਲਈ ਹੋਰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਰੁਪਿਆ ਰਖਦੇ ਤਾਂ ਜੋ ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਉਸ ਆਫ਼ਤ ਤੋਂ ਛੁਟਕਾਰਾ ਮਿਲਦਾ ਜਿਸ ਦਾ ਇਸ ਨੂੰ ਹਰ ਸਾਲ ਸਾਹਮਣਾ ਕਰਨਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ।

ਕੈਨਾਲ ਡੀਪਾਰਟਮੈਂਟ ਵਲ ਮੈਂ ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਦਾ ਧਿਆਨ ਦਵਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਇਰਰੈਗੂਲੈਰੀਟੀਜ਼ ਹਨ। ਕਰਮਚਾਰੀ ਬਿਲਕੁਲ ਨਹੀਂ ਵੇਖਦੇ ਕਿ, ਸਮੇਂ ਦੀ ਮੰਗ ਕੀ ਹੈ, ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਸਮੇਂ ਅਨੁਸਾਰ ਕਿਹੜੀ ਹੈ। ਇਕ ਪਾਸੇ ਤਾਂ ਮੁਖ ਮੰਤਰੀ ਸਾਹਿਬ ਪ੍ਰੋਡਕਸ਼ਨ ਨੂੰ ਡਬਲ ਕਰਨ ਦਾ ਨਾਅਰਾ ਲਗਾਉਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮਹਿਕਮਾ ਬਿਲਕੁਲ ਉਲਟ ਕੰਮ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਕੋਰੇ ਨਾਲ ਫਸਲਾਂ ਮਾਰੀਆਂ ਗਈਆਂ ਤਾਂ ਉਦੋਂ ਨਹਿਰ ਵੀ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਤੀ ਗਈ। ਮਕੈਨੀਕਲ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਨਹਿਰਾਂ ਬੰਦ ਕੀਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਲੋੜ ਨੂੰ ਧਿਆਨ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਰਖਿਆ ਗਿਆ। ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਅਜਿਹੇ ਅਫਸਰਾਂ ਦੇ ਖਿਲਾਫ਼ ਡ੍ਰਾਸਟਿਕ ਐਕਸ਼ਨ ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਲੋੜ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਵੇਖਦੇ ਜਾਂ ਫਸਲਾਂ ਦੀ ਲੋੜ ਨੂੰ ਮੱਦੇ ਨਜ਼ਰ ਨਹੀਂ ਰਖਦੇ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਨਹਿਰਾਂ ਬੰਦ ਕਰਕੇ ਜਿਹੜਾ ਨੁਕਸਾਨ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਹ ਪੂਰਾ ਹੋਣ ਵਾਲਾ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਨਹਿਰਾਂ ਦਾ ਪਾਣੀ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਲਗਾਤਾਰ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ। ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਝਗੜੇ ਵੀ ਬਹੁਤ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਫਸਲਾਂ ਸੁਕ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ ਪਰ ਮਾਮਲਾ ਉਨਾਂ ਕੋਲੋਂ ਫਿਰ ਵੀ ਉਸੇ ਰੇਟ ਤੇ ਲਿਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਪਾਣੀ ਘਟ ਮਿਲੇ ਜਾਂ ਪੂਰਾ, ਮਾਮਲਾ ਉਹੋ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਮੰਗ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਜਾਣਨ ਲਈ ਕਿ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕਿੰਨਾ ਪਾਣੀ ਮਿਲਿਆ ਹੈ ਮੀਟਰ ਸਿਸਟਮ ਲਾਗੂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਮੀਟਰ ਲੱਗੇ ਹੋਣ ਤਾਂ ਪਤਾ ਲਗ ਜਾਵੇਗਾ ਕਿ ਕਿਸ ਨੇ ਕਿੰਨਾ ਪਾਣੀ ਵਰਤਿਆ ਹੈ, ਉਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਉਸ ਪਾਸੋਂ ਮਾਮਲਾ ਲਿਆ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

7. The motive behind this crime as alleged by the complainant was that he had given evidence against Mohinder Singh in a murder case in which Mohinder Singh had been awarded life imprisonment. Mohinder Singh had recently come out of jail on his furnishing a security bound for Rs. 20,000. It was to seek revenge for the evidence given by Gurbachan Singh against Mohinder Singh that the firing was resorted to on 1st March, 1964 and it was not alleged that it had any connection with the differences which Shri Trilochan Singh Riasti, M.L.A., may have with his opponents. All the accused in this case have been arrested and the investigation will be finalised shortly.

8. Shri Trilochan Singh Raisati, M.L.A., submitted an application to higher authorities which was got enquired into by the Assistant Superintendent of Police, Faridkot, who reported after enquiries that the apprehensions of Shri Trilochan Singh Riasti, M.L.A., were unfounded. Shri Jaswant Rai Kochhar one of his supp orters had given to him a distorted version and had related an exaggerated story of what he had observed in the Dharamsala in Jaitu on 13th August, 1963 where Mandal Congress elections were briskly on. There were tens of scores of people collected in the Dharamsala to cast their votes and Shri Riasti was accompanied by his supporters. Besides, there were as many as four constables armed with rifles stationed there for security measures. There was, therefore, no immediate apprehension of the breach of peace.

PRESENTATION OF REPORTS

THE PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE

Chairman Public Accounts Committee (Comrade Ram Chandra) : Sir, I beg to present the Twentieth Report of the Public Accounts Committee on the Appropriation Accounts of the Punjab Government for the year 1961-62 and Audit Report, 1963.

(ii) THE PUNJAB GRAM PANCHAYAT (AMENDMENT) BILL, 1964

ਸਭਾਪਤੀ ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਨਲ ਕਮੇਟੀ (ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਰਲਾ ਰਾਮ) : ਮੈਂ ਪੰਜਾਬ ਗਰਾਮ ਪੰਚਾਇਤ (ਸੋਧਨਾ) ਬਿਲ ਤੇ ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਨਲ ਕਮੇਟੀ ਦੀ ਰਿਪੋਰਟ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

[I beg to present the Report of the Punjabi Regional Committee on the Punjab Gram Panchayat (Amendment) Bill.]

सभापति हिंदी प्रादेशिक समिति (श्री अमर नाथ शर्मा) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं हिन्दी प्रादेशिक समिति की, पंजाब ग्राम पंचायत (संशोधन) विधेयक पर, रिपोर्ट पेश करता हूं ।

[Madam, I beg to present the Report of the Hindi Regional Committee on the Punjab Gram Panchayat (Amendment) Bill.]

(iii) THE PUNJAB PANCHAYAT SAMITIS AND ZILA PARISHADS (AMENDMENT) BILL, 1964

ਸਭਾਪਤੀ, ਪੰਜਾਬੀ ਰੀਜਨਲ ਕਮੇਟੀ (ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਰਲਾ ਰਾਮ) : ਮੈਂ ਪੰਜਾਬ ਪੰਚਾਇਤ ਸੰਮਤੀਆਂ ਅਤੇ ਜ਼ਿਲਾ ਪਰੀਸ਼ਦ (ਸੋਧਨਾ) ਬਿਲ ਤੇ ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਨਲ ਕਮੇਟੀ ਦੀ ਰਿਪੋਰਟ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

[I beg to present the Report of the Punjabi Regional Committee on the Punjab Panchayat Samitis and Zila Parishads (Amendment) Bill.]

सभापति हिंदी प्रादेशिक समिति (श्री अमर नाथ शर्मा) : मैं पंजाब पंचायत समितियों तथा जिला परिषदों (संशोधन) विधेयक पर हिन्दी प्रादेशिक समिति की रिपोर्ट पेश करता हूं ।

[श्री अमर नाथ शर्मा]

[I beg to present the Report of the Hindi Regional Committee on the Punjab Panchayat Samitis and Zila Parishads (Amendment) Bill.]

No Confidence Motion

कामरेड राम चन्द्र (नूरपुर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं प्रस्ताव पेश करता हूं कि यह सदन सारे मन्त्री मंडल में अविश्वास प्रकट करता है:—

(Madam, I beg to move—
That this House expresses its want of confidence in the Ministry as a whole.)

इस सिलसिले में मैं यह कहना चाहता हूं कि यह मन्त्री मण्डल anti-social, anti-socialistic और anti-democratic है ।

Anti-social इस लिए कहा है कि इनके अहदेहकूमत में सूबे में लालेसनेस का दौर दौरा है । कहा जाता था कि पंजाब में एक खूबसूरत औरत गहनों से लदी हुई जहां चाहे अकेली जा सकती थी लेकिन आज यह हालत है कि औरतों की जान और इज्ज़त महफूज़ नहीं है । ट्रेन में हैडमिस्ट्रेसिज़ का कतल हुआ और अब तक कुछ पता मुजरम का न लगा । इतने पर ही बस नहीं, लड़कियों पर बेतहाशा मोलेस्टेशन करने के वाक्यात हुए और होते हैं और रोक थाम के लिए कोई खास कार्रवाई नहीं होती । फिर लालेस एलीमेंट ज़ोरों पर है । आप अगर पिछले तीन साल के अदादो शुमार देखें तो पता चलता है कि औरतों पर हमले और मोलेस्टेशन के केसों की तादाद 121 की बजाए 300 से बढ़ गई है । इसलिए मैंने कहा है कि यह हकूमत ऐंटी-सोशल है जहां पर anti-social element पलते हैं, और उन का दौर दौरा है ।

यह सोशलिज़म का दावा करते हैं और इनका नारा है कि यह सोशलिज़्म में विश्वास रखते हैं लेकिन अमल में सरमाएदारों, जागीरदारों और लैंडलार्डज़ को मज़बूत करने में यह सरकार लगी रहती है । और दूसरी तरफ सूबे में मज़दूरों की यह हालत है कि गरीब लोग पिस रहे हैं मंहगाई के नीचे । आज सूबे में महगाई इस कदर फैली हुई है कि जिसका अंदाज़ा नहीं । इसके लिए कौन ज़िम्मेदार है ? मिनिस्टर या हकूमत ? मैं तो यह कहूंगा कि पंजाब, जो अनाज की ग्रेनरी था, आज वहां पर लोगों के अपने खाने के लिए अनाज नहीं है । और देश भर में अनाज की कमी तथा महंगाई के लिए मैं यह समझता हूं कि पंजाब गवर्नमेंट ज़िम्मेवार है । राशन के डिपो पर कतारें खड़ी होती हैं । और जो आटा मिलता है उसमें सुंडियां और दूसरे कीड़े पड़े हुए मिलते हैं । अगर पंजाब में यह हालत है तो दूसरी जगहों पर क्या हो सकता है ।

मैं महंगाई के मुतअल्लिक अर्ज़ कर रहा था । इसके बारे में मेरे पास अदादो शुमार आपके सामने रखने को हैं : Tribune dated 14 जुलाई, 1964 में 11 मार्च, 1964 की खबर है ; इसमें स्टेट किया गया है कि—

> "The unweighted index number of wholesale prices in Punjab (base October-December, 1949-50) stood at 138.6 on February 14 against 135.8 recorded a week earlier."

It is further stated :

"Compared with the corresponding weeks of the last month and last year, the index number marked a rise of 4.4 and 16.1 points, respectively. The weighted index number of primary wholesale prices of 21 important agricultural commodities (base: 1952-53-100) grown in Punjab stood at 161.5 as against 152.4, recorded a week earlier."

यानी 1952 में जिन वस्तुओं की कीमत 100 थी आज 161 हो गई है । और जैसा कि ट्रिब्यून में लिखा है ।

"Compared with the corresponding weeks of the last month and last year the index number marked a rise of 17.2 and 50.3 points, respectively."

तो, मैडम, मैं यह कहता हूं कि यह हकूमत सूबे को रोटी कपड़ा नहीं दे सकी । अनाज का ज़खीरा इस सूबे में होने के बावजूद भी महेन्द्रगढ़ और दूसरे इलाकों में कहत पड़ा हुआ है ।

यही हाल खांड का है । आज आप जितनी चाहें खांड ब्लैक मार्किट में मिल सकती है लेकिन कीमतन आसानी से डिपो से खांड नहीं मिल सकती । डिपुओं पर क्यूज़ लगे होते हैं । मैं आप से कहना चाहता हूं कि हमें 14 हज़ार टन खांड मिलती है और पहले भी 14,000 टन माहवार का कोटा था । फिर क्या वजह है कि आज 14 हज़ार टन माहवार कोटा मिलने पर भी राशनिंग की ज़रूरत पड़ी, कंट्रोल की ज़रूरत पड़ी और चीनी नहीं मिल रही, और तो और गुड़ भी नहीं मिल रहा । इन हालात में क्लास IV के मलाज़मों की हालत ना काबले ब्यान है । 60 या 70 रुपए माहवार लेने वाले दो चार या छः आदमियों के कुम्बे की परवरिश कैसे कर सकते हैं ? इसी लिए यह कहना ठीक है कि गवर्नमेंट एंटी सोशलिस्टिक है । इस राज का नतीजा यह निकल रहा है कि सूबा कंगाल हो गया है ।

तीसरी बात एंटी-डैमोक्रेटिक की है । मैं एंटी डैमोक्रेटिक इसलिए कहता हूं कि हर तरीके से इस सूबे में हकूमत की ताकत एक हाथ में मरकूज़ हो कर रही है । ताकत एक आदमी के हाथ में आ रही है । एक बड़ी फॉरेन स्यासी शख्सियत के मुतअल्लिक यह कहा गया है कि वह अपनी इच्छा के मुताबिक जब चाहती जुलम की टूटियां खोल और बन्द कर देती थी वह व्यक्ति हुकम देता था कि जुलम के दरों को खोल दो । उस का नतीजा यह होता था कि हज़ारों को जेलों में डाल दिया जाता था, फांसी पर लटका दिया जाता था और गोलियों का शिकार बना दिया जाता था । आज हमारे सूबा में भी यही हाल है । चीफ मिनिस्टर का इशारा हो जाए कि इससे इन्तकाम लेना है तो ला की सारी मशीनरी हरकत में आ जाती है, जुडीशियल मशीनरी हरकत में आती है और झूठे मुकद्दमे बनाए जाते हैं । बिना वजह के उन्हें ऐसे केसिज़ में फांसा जाता है और फिर जब मुकद्दमे में जान न हो तो वापस ले लिया जाता है । पुलिस गज़ब ढाती है । नादर शाही फरमान हो जाता है कि फलां को जेल में भेज दो बस फिर सब कुछ बना लिया जाता है । It is an anti-democratic Government एक ही शख्स के लिए ही सब कुछ किया जाता है ;

[कामरेड राम चन्द्र]

रूलिंग पार्टी और तमाम मिनिस्टर उस शख्स के सबसर्वीएंट हो गये हैं। एक ही शख्स अपने अगराज़ के लिए सारे सूबे की ताकत और मशीनरी को इस्तेमाल कर रहा है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अर्ज़ करूंगा कि यह सरकार anti-social, anti-socialistic और anti-democratic है। इन चीज़ों के लिए क्या ज़राए इस्तेमाल किए गए हैं, मैं अब उनकी तरफ आना चाहता हूं।

पहली चीज़ जो मैं कहनी चाहता हूं वह यह है कि इस सरकार ने कंटरोल्ड तजारत का इस्तेमाल ग्रुप हितों के लिए किया, जोकि निहायत नाजायज़ और नामुनासिब ढंग है। अपने धड़े के लिए कोटाजात और परमिट्स का इस्तेमाल किया गया। अपने परिवार के लोगों को और पार्टी के स्पोर्टर्ज़ को पहले एक कोटा दिया जाता है फिर दूसरा दिया जाता है, इसके बाद तीसरा दिया जाता है। एक एक शख्श को कई तरह के कोटे देकर मालामाल किया। मैं और क्या कहूं मिनिस्टर साहिबान के रिश्तेदारों को, जो आज तक खांड की तजारत नहीं करते थे, चीनी की सिंडीकेट का मैम्बर बनाया गया, और उसी कमेटी का चेयरमैन भी बनाया गया जहां उनकी 1,000 रुपया महीना की आमदनी है। (आवाज़ें : कौन मनिस्टर हैं वह ?) यहां पर होम मनिस्टर साहिब बैठे हुए हैं। मैं कहता हूं कि वह खुद ही बताएं कि आया यह बात सही नहीं है कि सिंडीकेट का चेयरमैन मनिस्टर साहिब के रिश्तेदारों में से है ? इस तरीका से इस सरकार ने तजारत को कंट्रोल करने की कोशिश की है और उसका फायदा महज़ अपने रिश्तेदारों को ही पहुंचाया गया।

दूसरी चीज़ जो इस सिलसिले में मैंने कहनी है वह यह है कि मुलाज़मों को डीमारेलाईज़ करने में भी इस सरकार का हाथ है। आज सर्विसिज़ को इतना डीमारेलाईज़ किया गया है कि जिसकी मर्ज़ी हो इज़्ज़त उतार दो, जिसको चाहो बना दो, कोई बोलने तक की भी जुरअत नहीं रखता। मैं इसके मुतअल्लिक ज़्यादा नहीं कहना चाहता, एक दो मिसालें ही नमूने के तौर पर दूंगा। सरविसिज़ में सिनीआरेटी और जुनीआरेटी का कोई सवाल नहीं है। मैं समझता हूं कि इस से बेहतर हालत तो अंग्रेज़ी हकूमत की ही थी। मगर आज उन लोगों को तरक्कियां ही दी जाती हैं जो इनके खास और चाहेते हैं। खास तौर पर उनको सज़ायें दी जाती हैं जो इनके इशारों पर नहीं नाचते। तरक्कियां वह पाते हैं जो इनके कहने पर नाजायज़ काम करते हैं, मुल्क के लोगों से गद्दारी करते हैं। सरकार अपनी मन मानियों को करने और रखने के लिए जुडीशरी को भी अपने हाथ में रखे हुए है ; इसको ऐग्ज़ैक्टिव से अलहदा करने का नाम तक नहीं लेती। अगर इनके दिल में कानस्टीच्यूशन का ज़रा भी खौफ होता तो क्या वजह थी कि जुडीशरी को ऐग्ज़ैक्टिव से अलग न किया जाता, जबकि इसके मुतअल्लिक हमारे विधान में डायरैक्टिव प्रिंसिपल मौजूद हैं। मगर यह आज तक बार बार कहने के बावजूद भी जुडीशरी को अलग नहीं कर पाए। यह लफज़ों के तो पाबंद हैं मगर अमल करने के पाबंद नहीं। यह बात इस तरह ज़ाहिर होती है कि जब हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले आते हैं, वे इनके खिलाफ होते हैं। उनके सम्बन्ध में सरकार की यह राय है कि हम इन फैसलों की क्या परवाह करते हैं जबकि इस हाउस में हमारी ठोस मेजारिटी है ; हम इन फैसलों को नहीं मान सकते। लेकिन यह बात शायद यह भूल ही

गये हैं कि जब इस सूबा की और गवर्नमेंट बनेगी तो यह बात हिसटरी में आयेगी कि यहां की सरकार कितनी करप्ट थी, कितनी गलत बातों पर चलने वाली थी, क्या इनके असूल थे। आज कोई एक नहीं दरजनों की शक्ल में हमारे सामने सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के फैसले हैं। श्री कपूर के फैसले को देखें, गरेवाल का फैसला हमारे सामने है, डाक्टर प्रताप सिंह के फैसले को आप लें, कामरेड मक्खन सिंह तरसिका के फैसले को लें। एक नहीं, कई मुकदमात हैं जो एक दूसरे से बढ़कर हैं। अगर इन का मकसद जुडीशरी पर दबाव डालने का न होता तो आज जो केस पंजाब से बदल कर सहारनपुर या यू०पी० की तरफ ले जाये जा रहे हैं यह न ले जाये जाते। मैं पूछता हूं कि ऐसे हालात जब किसी सरकार के हों तो क्या वह राज्य सिंहासन पर, हकूमत की मसन्दों पर बैठने के हकदार हैं। आज इनकी बदइन्तज़ामी के नतीजा के तौर पर मेरे बहुत से दोस्तों को जेल में जाना पड़ा। यह खुद गलत काम करते हैं और हमायत भी ऐसे लोगों की हो करते हैं। नाजायज़ बातों के लिए हमारे मुल्क का कान्स्टीच्यूशन हमें इजाज़त नहीं देता। मगर इन्होंने अपनी गद्दियों को मज़बूत करने के लिये क्या कुछ नहीं किया। ग्राम रक्षा दल बनाया गया एक प्राईवेट फौज इन्होंने तैयार की, महज़ अपने लोगों को पालने की गर्ज़ से। आप हैरान होंगे कि जब मैं ने एक सवाल किया कि आया केन्द्रीय सरकार की आज्ञा के अनुसार रक्षा दल और होम-गार्ड्ज़ को इकट्ठा कर दिया जायेगा, तो इसके जवाब में कहा गया था कि हां इनको एक कर दिया जाएगा मगर अब कहा गया है कि यह दोनों महकमे एक सैक्रेटरी के मातहत हो गये हैं इसलिए इंटैग्रेट हो गये हैं। क्या दो चार महिकमों को एक सैक्रटरी के सपुर्द कर देने से कभी इंटैग्रेशन हुआ करती है ? मगर डैमोक्रेसी को बालाये ताक रखते हुए यह अपनी मन-मानियां किये जा रहे हैं। मैं यह बात यहां पर याद दिला देनी चाहता हूं कि जब शेख अब्दुल्ला ने कश्मीर में हकूमत पर कबज़ा करने के लिये इसी प्रकार के यत्न किये तो इससे सैंटर को भी खतरा पैदा हो गया था, कि वह वहां का नवाब बनना चाहता था। आज इस स्टेट में भी ऐसी ही बातें हो रही हैं। रक्षा दल की शक्ल में जो प्राईवेट फौज बनाई गई है वह बिल्कुल इसी तरह से है कि जैसे कोई मुगल स्लतनत का बादशाह कमज़ोर हो जाता था तो सूबेदार ऐसे मौका पर जो उनकी मर्ज़ी में आये करते थे। ऐसी हालत यहां पैदा हो चुकी है कि सरदार प्रताप सिंह महाराजा प्रताप सिंह बनने के खवाब ले रहा है और अपनी फौज तैयार कर रहा है।

इस मुद्दा को हासल करने के लिए एक और चीज़ यह की गई है कि अगर कोई आफीश्यल चीफ मिनिस्टर के निजी हित में गलत कार्रवाई करने से इन्कार करता है तो उसका मुलाज़मत में रहना दुशवार हो जाता है। आज इस बात को कौन नहीं जानता कि स्पीकर जैसी एक जिम्मेवार हस्ती को अगर इस स्टेट के चीफ मिनिस्टर की मर्ज़ी के खिलाफ रूलिंग देने पर यहां इस तरह के हालात हो सकते हैं तो आप बताएं इस स्टेट के दूसरे लोग कहां महफूज़ कहे जा सकते हैं। मैं कहता हूं कि स्पीकर की बलैक मेलिंग को तो आप छोड़ें, यहां पंडित जवाहर लाल और इंदरा गांधी को ब्लैक मेल करने की कोशिश की जाती है। 51,000 रुपए का चैक जन हित निधी के लिये दिया गया था। मगर एफीडेविट में इस चैक के साथ इन्द्रा जी का नाम इसलिए घसीटा गया ताकि पंडित जी और इन्द्रा गांधी पर दबाव पड़े और वह बदनामी के डर से मजबूर होकर सरदार प्रताप सिंह की रक्षा को आयें। (Shame, shame.) सवाल तो इतना ही है कि

[कामरेड राम चन्द्र]

एक आदमी चाहता है कि उस के हाथ में ताकत हो और इसको जैसे भी चाहे वह इस्तेमाल करे । चीफ मिनिस्टर का जब भी इलेकशन होता है तो उसके खिलाफ हर दफा पैटीशनज़ होती हैं जिन में बड़ी बड़ी कारगुज़ारियां की जाती हैं । 1957 में जो पैटीशन हुई थी उसकी मैं एक मिसाल आपके सामने रखता हूं । यह पैटीशन गुरमेज सिंह ने की । उसने अपनी हार की वजह यह बताई कि अगर संता सिंह हरिजन खड़ा रहता तो हालात और होने थे मगर इस स्टेट के चीफ मिनिस्टर ने इसके कागजात मैजिस्ट्रेट को कहकर नामुनासिब तौर पर रद्द करवा दिये । इस पैटीशन की जो अमूर तनकीह बनाई गई उनमें से ज़रूरी मैं आपके सामने रखना चाहता हूं ।

प्रथम--संता सिंह की उमर नोमिनेशन फार्म दाखिल करने के समय 25 साल थी या नहीं । 2--नोमिनेशन फार्म संता सिंह ने खुद दिया या नहीं दिया । 3--क्या इस मरहला पर सवाल उठाया जा सकता है कि संता सिंह के कागज़ात नामज़दगी नामुनासिब तौर पर रद्द किए गए थे । 14 अक्तूबर, 1958 को ट्रिब्यूनल के सामने स० प्रताप सिंह और गुरमेज़ सिंह के वकीलों ने इस बात पर इत्तफाक किया कि तनकीह नं० 3 यानी इस बात का फैसला पहले कर दिया जाए कि आया इस मरहला पर संता सिंह की नामज़दगी की नामंज़ूरी का सवाल उठाया जा सकता है या नहीं । संता सिंह की उमर का सवाल बाद के ग़ौर के लिए छोड़ा गया । इस का मतलब यह था कि सरदार प्रताप सिंह इस समय तक मानते रहे कि संता सिंह ऐगजिस्ट करता था । मगर जून, 1959 में सरदार प्रताप सिंह ने, जो चीफ मिनिस्टर थे, संता सिंह को गुम कर दिया और कहा कि वोटरों की फैहरिस्त में जिस संता सिंह का जिक्र है वह और है । इस पर ट्रिब्यूनल ने अपने फैसला में लिखा --

> "The issues in the case were framed on 23-7-57. Neither at that time nor later did the respondent amend the pleadings. It is significant that in the written statement there is no denial of the allegation that Santa Singh is the son of Hazara Singh."

जब उसने कहा कि संता सिंह का नाम वोटरों में मौजूद नहीं है तो ट्रिब्यूनल को सुनकर बड़ी हैरानी हुई । जब उस आदमी ने फार्म दाखिल किया, उसकी उजरदारी हुई और फार्म की नामंज़ूरी भी की गई, उस वक्त तो मान लिया कि संता सिंह है लेकिन बाद में यह कहा गया कि संता सिंह है ही नहीं । जो कुछ ट्रिब्यूनल की रिपोर्ट में दिया गया है, वह मैं पढ़ कर सुनाना चाहता हूं--

> "Santa Singh hismelf was not produced before the Tribunal by either party. The respondent contended that the petitioner had kept him out of the witness box while the petitioner stated that after the criminal complaint which will be referred to in detail presently Santa Singh was under the control and custody of the respondent. The question is which of the versions is true................"

सरदार प्रताप सिंह के आदमियों ने कहा कि दूसरी पार्टी वालों ने संता सिंह को गुम किया और दूसरे कहते हैं कि सरदार प्रताप सिंह के आदमियों ने गुम किया । इस सम्बन्ध में ट्रिब्यूनल ने लिखा है --

> ".......Up to the 9th February, 1959, Santa Singh was supporting the one of the petitioner. He swore two affidavits,—one on the 10th February, 1958, which was attested by P.W. 20. tehsildar and another on the 9th

February, 1959, which was attested by another tehsildar, P.W. 19. Both these affidavits were also attested by P.W. 8. Along with this latter affidavit, he handed over certain documents (which were later filed in the Tribunal but not exhibited). The tehsildars, P.W· 20 and P.W. 19, gave evidence admitting their attestation and signatures but they showed great hesitation in giving evidence, perhaps, on account of the fear that the respondent is occupying a responsible position in the Government of the State."

यह इस चीज को साबित करता है कि --

There is terror in the State and even the Officers are not free to state facts in the Courts.

उसके बाद उन्होंने कहा कि सन्ता सिंह तो है ही नहीं । मैं डीटेल में नहीं जाना चाहता, सिर्फ मुख्तसिर तौर पर बताना चाहता हूं । चीफ मिनिस्टर ने स्टेट के छोटे से छोटे आदमी को, डराईवर तक को झूठी गवाही देने के लिए भेजा । मैं यहां पर ट्रिब्यूनल की रिपोर्ट में से कोट करना चाहता हूं कि कुन्दन सिंह ने क्या कहा—

"Kundan Singh was examined on the 18th July, 1959, as P.W. 17 and in his evidence (Q.10) when he was asked where Santa Singh was at the time of deposition he said that he was at Bharowal, still living in his house and that he had seen him at Fatehabad in Taxi No. P.N.F. 5054 along with Mohinder Singh, Private Secretary (Political), to the respondent."

यानी जो चीफ मिनिस्टर का प्राइवेट सेक्रेटरी है वह उस आदमी को टैक्सी में लिए फ़िरता है जो गुम बताया जाता है । यह ठीक है । डराईवर ने बाद में यह कहा कि मेरी टैक्सी नहीं गई लेकिन, डिप्टी स्पीकर साहिबा, वाकयात यह हैं कि चीफ मिनिस्टर ने इस गवर्नमैंट के डराईवर्ज़, चपड़ासियों और सैक्रेटरियों से शर्मनाक काम लिए हैं जो कानून के बिलकुल खिलाफ हैं । आगे जा कर जज ने लिखा है--

"........It seems to me that after having heard the entire evidence on behalf of both the sides there is secret hand working behind the scenes, influencing the witnesses who came to give evidence and keeping Santa Singh from the witness box with a view to keep the Tribunal in the dark as to the identity of this Santa Singh. The cumulative effect of all the circumstances is that Santa Singh is withheld from the Tribunal by the influence of the respondent's men who are very zealous to safeguard the interests of the respondent..........."

जो आदमी इस तरह के काम करता रहा हो और जानबूझ कर गवाह को छिपाया हो तो क्या ऐसे काम करने वाला इस स्टेट का चीफ मिनिस्टर रह सकता है ? क्या वह इस ओहदे के काबिल है ?

मैं संता सिंह की बात कर रहा था । ट्रिब्यूनल ने आगे चल कर लिखा कि उसका सेविंग अकाउंट मौजूद है, रेडियो लाइसेंस मौजूद है, उसके नाम पर बिजली का कनैक्शन मौजूद है, लेकिन इस सब के बावजूद जब तक संता सिंह न हो और उसकी गवाही के जरिए उम्र साबित न हो तब तक ट्रिब्यूनल सरदार प्रताप सिंह के खिलाफ फैसला नहीं कर सकता ।

"This is a fit case in which the successful party should be deprived of his costs..........."

[कामरेड राम चन्द्र]

"......Some untenable issues have been raised in the case by the respondent and the scope of the issues was enlarged by raising new contentions, which resulted in the protraction of the trial of the case.........."

इन्होंने ऐसे एतराज़ात उठाए जिनकी वजह से मुकद्दमा लम्बा हो गया।

"......I have also held that the respondent was responsible for not making the evidence of Santa Singh available before the Tribunal. For these reasons, I think, it is but just that the respondent should be deprived of his costs notwithstanding his success........."

He says that Sardar Partap Singh was responsible for not making that witness available before the Tribunal.
जो चीफ मिनिस्टर ऐसे हीनियस क्राइम कर सकता है उसको क्या हक है कि वह इस ओहदे पर रहे ?

श्री यशपाल : यह गज़ट किस डेट का है।

कामरेड राम चन्द्र : यह 4 दिसम्बर, 1959 का है। एक रुपया 10 पैसे खर्च कर के लिया है। ज़रूरत पड़े तो तुम भी ले आ सकते हो। (हंसी) मैं आपको यह बताना भूल गया, डिप्टी स्पीकर साहिबा, कि मशहूर इंजीनियर मिस्टर क्लेयर और डिप्टी सुपिरिन्टेंडेंट पुलिस श्री छबील दास दोनों ने खुदकशी करके अपनी जान गँवा दी और उन मौतों का बोझ चीफ मिनिस्टर पर है। दोनों दयानतदार अफसर थे।

उपाध्यक्षा : आप कितना टाइम और लेंगे ? (How much more time will the hon. Member take ?)

कामरेड राम चन्द्र : बस जी कोई 10 मिनट लूंगा। मैं कह रहा था कि इनके रिजीम में उन्हें खुदकशी करनी पड़ी। मैं डिटेल में न जा कर यह बतलाना चाहता हूं कि कुछ सच्चे अफसरों को तो यहां खुदकशी करनी पड़ती है, मगर कुछ खुशामदी अफसरों को नाजायज़ तौर पर तरक्की दी जाती है। मैं लेबर कमिश्नर का ज़िक्र करना चाहता हूं। उसका ग्रेड 650 से 1,250 होता था, लेकिन मार्च 1962 में 800—1,800 कर दिया गया और साथ ही 100 रुपया माहवार का पर्सनल अलाऊंस भी दिया और एक साल के बाद यह कहा गया कि 100 रुपया और दिया जाएगा। यह सब सिर्फ एक आदमी को खुश करने के लिए किया गया और यही नहीं उसके साथ यह कंडीशन लगाई गई कि यह ग्रेड जब तक यह अफसर रहेगा तब तक रहेगा। अगर दूसरा अफसर आएगा तो ग्रेड वही पहले वाला होगा। एक स्टेट प्रैस लायज़ां अफसर दिल्ली में इन्होंने लगाया। जब उसको लगाया गया तो सारे कानून और पाबन्दियों को तोड़ दिया गया। उम्र की भी माफी हो गई और मैडीकल मुआयना की भी ज़रूरत नहीं रही और उसे 500 से 800 के ग्रेड में लगा दिया गया। उसके बाद उसे तरक्की दी गई और उसके बाद 200 रुपए माहवार उसे कनवेंस और एंटरटेनमेंट एलाऊंस दिया गया और अगले साल यह एलाऊंस 400 रुपया कर दिया गया। फिर सात आठ महीने के लिए उस आदमी को प्राईवेट नौकरी करने की

11.00 A.M.

इजाज़त दे दी गई और दोबारा जब वह फिर आया तो कहा गया कि उसे *ex post facto* छुट्टी पर ट्रीट किया जाए और उस को पिछली सर्विस का बैनिफिट दिया गया।

Not I, Madam, but the Audit Department is responsible for bringing out these facts before us.

तीसरी सब से ज़्यादा जो बेईमानी की चीज़ है वह यह बात है कि इलैक्शन कमिश्नर का दफ्तर ज़ाती मुफाद उठाने के लिए इस्तेमाल किया गया। डिप्टी स्पीकर साहिबा, Deputy Chief Electoral Officer का ग्रेड पहले 300–850 था। इन्होंने नए आदमी का ग्रेड 800–1,000 कर दिया ताकि अपना नाजायज़ काम निकाल सकें। फिर कहा गया कि this is a personal grade for him. उस के बाद नवम्बर, 1959 में फिर उस स्केल को बदला गया और 300–1,000 कर दिया और उसी में उसे फिक्स कर दिया। फिर 1960 में 1,000—1,500 का उस का स्केल कर दिया। उस वक्त वह 880 रुपया ड्रा कर रहा था। लेकिन नए स्केल के मुताबिक उस को 1,250 रुपए माहवार दिए गए। इसी लिए तो इलैक्शन में 34 वोटों पर जीतते हैं। जब आडिट वालों ने पूछा कि यह ग्रेड इस तरह से इतनी बार क्यों बदला गया तो कहने लगे कि यह उस का पर्सनल ग्रेड है, जब नया आदमी एप्वाइंट किया जाएगा तो उसे वही पुराना ओरिजनल स्केल दिया जाएगा। 18 मई, 1961 को फिर उस के ग्रेड को चेंज करके 800–1,000 कर दिया तो फिर मेरा कहने का मतलब यह है कि गवर्नमैंट मशीनरी को अपने ज़ाती अगराज़ के लिए इस्तेमाल करने के लिए इस तरह की हेरा फेरियां की जाती हैं।

अब इस के बाद मैं ट्रांस्पोर्ट की तरफ आता हूं। सच्चर वज़ारत में लाला जगत नारायण ने गवर्नमैंट की यह पालिसी बनाई थी कि ट्रांस्पोर्ट को नैशनलाईज़ करना है। मगर इन्हों ने ट्रांस्पोर्टरज़ से यह वायदा किया कि हम नैशनलाइज़ेशन नहीं करेंगे अगर सब प्राईवेट ट्रांस्पोर्टरज़ फी परमिट कुछ रुपया चीफ मिनिस्टर साहिब के लिए रख दें।

आज चीफ मिनिस्टर के धड़े की तरफ से चारों तरफ से यह नारे लगाए जा रहे हैं कि बैंक्स को नैशनेलाईज़ किया जाए और फूडग्रेनज़ की ट्रेड को नैशनेलाइज़ किया जाए। लेकिन डिप्टी स्पीकर साहिबा, चूंकि इनके पास ट्रांस्पोर्टरज़ से पैसे आते हैं इस लिए इन्होंने ट्रांस्पोर्ट को अब तक नैशनालाइज़ नहीं किया। पैसेंजर ट्रांस्पोर्ट को तो इन्होंने नैशनालाइज़ नहीं किया मगर कांगड़े की गुडज़ ट्रांस्पोर्ट को नैशनेलाइज़ कर रहे हैं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, अपने दोस्तों को परमिट देना और उन के नाजायज़ इस्तेमाल की बातें तो थीं लेकिन इस के अलावा एक और नाजायज़ ढंग से पैसा कमाने का तरीका मुख्य मंत्री साहिब ने सोचा। वह यह है कि मुख्य मंत्री साहिब के लड़के ने एक मोटर और ट्रक्स की एजेंसी ले ली और तमाम सूबे के ट्रांस्पोर्टर्ज़ को मजबूर किया कि वह ट्रक और बसें उस एजेंसी की मारफत लें। इस तरह से इन्होंने लाखों रुपया कमाया। इस के अलावा पंजाब सरकार ने डिपो बना दिए हैं जहां तमाम बसें उसी मेक की थीं जो चीफ मिनिस्टर साहिब के लड़के फिरोखत करते थे। इस से भी कई लाख रुपए इन्होंने बनाए। इस लिए I say that there can be no Government which is more anti-national and anti-socialist. This Government is making money for its relatives,

[कामरेड राम चन्द्र]

supporters, etc. This Government stands in the way of nationalization of industries.

मैं कहता हूं कि यह गवर्नमैंट डिसग्रानेस्ट है, एंटी-सोशलिस्ट है, ग्रौर blood sucking capitalists की सपोर्ट करने वालों की गवर्नमैंट है।

इस के साथ ही यह एक एडवेंचरस गवर्नमैंट है जो रक्षा दल को बना कर उस रोज़ की इन्तज़ार कर रही है कि अगर इंडिया में कोई ऐसी गड़बड़ का मौका आये तो यहां पर महाराज प्रताप सिंह का राज हो जाए। जब रूलिंग पार्टी के मेम्बरान मुझे बाहिर मिलते हैं तो कहते हैं कि कामरेड साहिब आप सच कहते हैं लेकिन क्या किया जाए कल ही एक सदस्य ने कहा था कि हमारी बातों की तरफ ध्यान इस लिए नहीं दिया जाता कि हम जोर से कुछ नहीं कहते। इस समय मुझे एक शेर याद आ गया है :—

खूब कहा शाहे जरमनी ने यह पोप से

वाज़ हम भी कहते हैं लेकिन दहाने तोप से।"

मैं उन दोस्तों से कहता हूं कि आओ हमारे साथ शामिल हो जाओ तो फिर आप की सब शिकायतें और डर दूर हो जाएंगे। बस इतना कह कर मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं।

(At this stage Comrade Makhan Singh Tarsikka rose to speak)

Deputy Speaker : Motion moved—

That this House expresses its want of confidence in the Ministry as a whole.

कामरेड राम चंद्र : मैडम, मैं जानना चाहता हूं whether any resolution needs to be seconded or not.

Deputy Speaker : There is no such rule with me.

I seek the help and co-operation of the hon. Member Comrade Ram Chandra.

Comrade Ram Chandra : Madam, I am prepared to give you my utmost co-operation. But my only question is whether the motion of No-Confidence that I have moved needs to be seconded by some other hon. Member of the House.

श्री यशपाल (जालन्धर शहर, उत्तर पश्चिम) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज कामरेड राम चन्द्र ने जो मोशन हाउस में पेश की है बिलकुल इसी तरह की एक मोशन आज से छः महीने पहले इसी हाउस में पेश की गई थी। लगातार तीन दिन तक उस पर बहस होती रही, आपोज़ीशन के मैम्बर्ज़ ने अपनी बातें कहीं, कांग्रेस पार्टी वालों ने अपनी बातें कहीं और गवर्नमैंट ने अपनी सफाई पेश की और जिस दिन वोटिंग होनी थी उस दिन आपोज़ीशन वाले हाउस छोड़ कर भाग गए। खैर, यह उन की अपनी इच्छा है। कोई बैठना चाहे तो बैठा रहे। न बैठना चाहे तो उन पर कोई पाबन्दी नहीं लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि छः महीने के बाद फिर उसी तरह की आज जो यह मोशन मूव की गई है उस की ज़रूरत क्या थी ?

यह ठीक है कि आपोज़ीशन को हक होता है कि वह मोशन लाए और यह ज़ाबते की बात है कि जब नियत तादाद में मैम्बर खड़े हो जाएं तो मोशन एडमिट हो जाती है, दिन मुकर्रर

हो जाते हैं और बहस हो जाती है मगर मैं ज़ाबते की बात नहीं करता, मैं तो व्यवाहारिक बात करता हूं। कामरेड राम चन्द्र ने मोशन मूव करते हुए भाषण दिया, उसमें इस मोशन के मूव करने की जो बजूहात पेश कीं उनमें मुझे कोई भी नई बात मालूम नहीं हुई, जो इन दिनों में हुई हो। सब से ज्यादा ज़ोर उन्हों ने इस बात पर दिया कि चीफ मिनिस्टर साहिब के खिलाफ 1957 में कोई पिटीशन हुई थी और उसके बारे में ट्रिब्यूनल ने कोई बात लिख दी थी, मैं सोच रहा था कि शायद ट्रिब्यूनल ने अब 1963 में या 1964 में कोई ऐसी बात लिख दी हो इसी लिए मैंने उनको टोका कि मेहरबानी करके यह तो बता दें कि यह गज़ट जो आप कोट कर रहे हैं किस तारीख का है। उन्होंने बताया कि यह फैसला 1959 का है और उसके साथ ही उन्होंने भोलेपन से व्यंग करते हुए यह भी कह दिया कि यह 10 पैसे में हर कहीं मिल सकता है। मैं उन से सिर्फ यह पूछना चाहता हूं कि क्या वह 4 साल पहले 10 पैसे नहीं खर्च कर सकते थे जो आज 1959 की कबरें खोद रहे हैं। वह पहले 10 पैसे नहीं खर्च सकते थे, या इसको पढ़ नहीं सके या वह ए. बी. सी. ही भूल गए थे जो उन्हें आज 4 साल बाद ख्याल आया ? 1959 के बाद 1962 में उन्होंने इसी कांग्रेस के नाम पर इलैक्शन लड़ा और कांग्रेस टिकट पर ही कामयाब हो कर आए हैं। (शोर) इसमें कांग्रेस का ही सवाल नहीं बल्कि 1959 के बाद 1962 में इन्हीं कामरेड साहिब ने सरदार प्रताप सिंह कैरों को अपना लीडर तसलीम किया और दो बरस तक उनकी लीडरशिप के नीचे काम करते रहे हैं। उस वक्त उनको क्या 10 पैसे खर्च करने का ख्याल नहीं आया ? नहीं, उस वक्त तो चुनावो लड़ने और किसी तरह मैम्बर बनने का सवाल था। (शोर) आज से 6 महीने पहले जब यहां पर इस पिंगलवाड़ा अपोज़ीशन की तरफ से नो कन्फीडैंस मोशन पेश की गई...... (शोर)

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬਖਸ਼ ਸਿੰਘ : ਆਨ ਏ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਆਰਡਰ। ਕੀ ਇਹ ਪਿੰਗਲ-ਵਾੜਾ ਲਫਜ਼ ਠੀਕ ਹੈ ? (ਸ਼ੋਰ)

उपाध्यक्षा : मैं कई दफा कह चुकी हूं कि मैम्बर साहिबान कोई ऐसी बात न करें जिस से तलखी पैदा हो। Please help me to maintain the dignity of this House. (I have requested the hon. Members several times that they should not say such things as would create bitterness in the House.) Please help me to maintain the dignity of this House.

श्री यशपाल : मैं यह वापिस लेता हूं अगर आप कहती हैं। (शोर)

चौधरी देवी लाल : आपने तो कहना ही है, दो लाख के इश्तहार जो मिलते हैं अखबार के लिए। (शोर)

आवाजें : वापिस लो, वापिस लो। (शोर)

श्री यशपाल : मैंने डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपकी ख्वाहिश का एहतराम करते हुए यह लफ्ज़ वापिस ले लिया है लेकिन मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि कभी इनकी तरह स्मगलिंग नहीं करता रहा हूं। (शोर)

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿਲੋਂ : ਮੈਨੂੰ ਯਸ਼ ਸਾਹਿਬ ਦਾ ਬੜਾ ਏਹਤਰਾਮ ਹੈ। ਉਹ ਮੇਰੇ ਪੁਰਾਣੇ ਸਾਥੀ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮੂੰਹ ਤੋਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਲਫਜ਼ ਆਉਣ ਸ਼ੋਭਾ ਨਹੀਂ ਦੇਂਦੇ ਹਨ।

श्री यशपाल : अगर शोभा की बात है तो पता नहीं अशोभनीय बात कौनसी है। क्या स्मगलिंग करने वालों से मिल कर चुनाव लड़ना या उन्हें सपोर्ट देना शोभा की बात है? वैसे पिंगलवाड़ा लफ़्ज़ खालिस स्यासी लफ़ज़ है। यह अनपार्लियामैंट्री नहीं है।

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों : क्या मैं पूछ सकता हूं कि इनका किस से मकसद है स्मगलिंग की बातें करने का ? कौन किस की इमदाद करता है और वह किधर बैठा है ? (शोर)

श्री यशपाल : मैं आपकी सेवा भी करूंगा, अभी बैठिए। मैं अर्ज़ कर रहा था कि पिछले सितम्बर में जब नो–कन्फीडेंस मोशन यहां पेश हुई थी तब इन कामरेड साहिब ने इस मोशन के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का ही साथ दिया था और इसी लीडर में विश्वास किया था। इतने साल तक तो उनको यह बात समझ नहीं आई लेकिन आज अचानक पता नहीं कैसे आ गई है। यह कहते हैं कि अब यह पार्टी dishonest anti-socialistic, anti-democratic वगैरा 2 न जाने क्या क्या है। मैं समझता हूं कि उस शख्स से बढ़ कर एंटी डेमोक्रेटिक और कोई नहीं हो सकता जिस ने यह लिख कर दिया हो कि वह कांग्रेस का वफादार रहेगा और अगर कांग्रेस छोड़ेगा तो मैम्बरी भी छोड़ेगा लेकिन कांग्रेस तो छोड़ दी मगर मैम्बरी से बराबर चिपटा रहे। यह कांग्रेस को एंटी-डेमोक्रेटिक होने का ताना कैसे दे सकते हैं? (शोर) मैं कामरेड जी की बड़ी इज्ज़त करता हूं, वह मेरे भाई हैं और इन्होंने देश के लिए बड़ा काम किया है। उनको एक अच्छी मिसाल कायम करनी चाहिए थी। मुझे समझ नहीं आया कि 6 महीने के बाद नो–कन्फीडैंस मोशन कैसे और क्यों मूव कर दी जब कि .....

बाबू बचन सिंह : महंगाई बहुत बढ़ गई है, यह क्या कम है ?

श्री यशपाल : बाबू जी कहते हैं कि मंहगाई बहुत बढ़ गई है इस लिए यह मोशन लाए हैं। इस बात से कौन इन्कार करता है कि महंगाई नहीं बढ़ी है लेकिन कामरेड जी ने तो महंगाई का ज़िक्र इस तरह सरसरी तौर पर किया जैसे रात को मामूली मच्छर काट जाता है। (हंसी) ठीक है, मैं इन्कार नहीं करता कि महंगाई बढ़ी है, लेकिन क्या इस सारी महंगाई की कुल ज़िम्मेदारी पंजाब सरकार पर ही है ? मैं अर्ज़ करता हूं कि यह महंगाई का मसला अकेले पंजाब का या सिर्फ हिन्दुस्तान का ही नहीं है बल्कि यह अंतराष्ट्रीय समस्या है। सारी दुनियां में चीज़ों की कीमतें बढ़ रही हैं। अब सवाल यह है कि क्या पंजाब सरकार ने इस महंगाई को रोकने के लिए कोई कदम उठाए हैं या नहीं। पिछले दिनों जब महंगाई के मसले पर इस हाउस में बहस हो रही थी उस दिन आपोज़ीशन के सारे के सारे मैम्बर गैर हाज़िर थे, सिर्फ दो चार बिखरे बैठे थे, अगर इनको इस बात से कोई दिलचस्पी होती तो उस बहस में पूरा हिस्सा लेते। उस दिन होम मिनिस्टर साहिब ने 20/22 कदम बताए जो महंगाई को रोकने के लिए उठाए गए। उन्होंने यह भी कहा कि आप भी बताएं कि कौनसे और कदम उठाए जा सकते हैं, हम उठाएंगे, लेकिन आपोज़ीशन की तरफ से कोई भी ठोस तजवीज़ पेश नहीं की गई। आज कहते हैं कि नो-कान्फीडैंस मोशन इसलिए पेश की है क्योंकि महंगाई बढ़ गई है। महंगाई तो 6 महीने पहले भी थी। (शोर) इस बात

पर जब गौर हो रहा था तो इन्होंने कोई ठोस तजवीज़ पेश नहीं की। आप देखें बजट पर बहस होती रही है, और भी अभी कई मदों पर बहस होगी लेकिन इनकी तरफ से इस बारे में एक भी तजवीज़ नहीं दी गई है और न दी जाएगी कि किस तरीके से महंगाई रोकी जा सकती है। मैं तो कहता हूं कि यह सारी की सारी आपोज़ीशन एंटी-डेमोक्रेटिक है और बगैर किसी असूल की है। Opposition means which opposes the least आपोज़ीशन डैमोक्रेसी का ज़रूरी अंग है और यह जमहूरी गाड़ी का दूसरा पहिया होता है और बगैर दो पहियों के गाड़ी चलती नहीं है। लेकिन आपोज़ीशन वाले हमारे दोस्त समझते हैं कि आपोज़ीशन करने के उनका दूसरा कोई काम नहीं है। आपोज़ीशन का काम अपोज करना नहीं, सलाह मशविरा देना होता है, जैसे दो भाई हैं—एक बड़ा और दूसरा छोटा। उन्होंने अगर मकान बनाना हो तो बड़ा भाई उसका नक्शा बना लेता है और फिर दोनों भाई मिल कर उसे इम्प्रूव करने के लिए सोच विचार करते हैं कि कौनसी लकड़ी लगे कैसा रंग करें ईंटें कहाँ से आएं, बाकी मसाला कहां से आए और कैसे आए। जब सारी बात सलाह मशविरा के बाद तै हो जाती है तो फिर इकट्ठे हो कर उसका निर्माण करते हैं। सरकार में कांग्रेस की पोज़ीशन बड़े भाई की है और जो वह सूबे के निर्माण का नक्शा तैयार करते हैं वह इस सदन में इन छोटे भाइयों के सामने पेश कर देते हैं कि बताओ किस तरीके से देश की बेहतरी हो सकती है, सजैशनज़ दो। बजाए इस के कि यह सरकार को इन निर्माण के कामों में मदद दें यह सारे के सारे रुकावटें पैदा करते हैं। बजाए इसके कि यह कहें कि लो हम ईंटें ला देते हैं, मसाला ला देते हैं और अगर पैसे नहीं तो मज़दूरी कर देते हैं यह उलटा ईंटें ही मारनी शुरू कर देते हैं। मैं कहता हूं कि इस एंटी डेमोक्रैसी आपोज़ीशन की वजह से ही तो पंजाब उतनी तरक्की नहीं कर सका जितनी कि हम करना चाहते हैं। जब यह सरकार कोई निर्माण का काम करती है और स्टेट की भलाई का काम करती है तो इनको रंज होता है कि हमारा आपोज़ीशन का काम ही खत्म हो चला.... (शोर)

सरदार लच्छमन सिंह गिल : यह आप बोल रहे हैं या दो लाख रुपए के इशितहार बोल रहे हैं ? (शोर)

श्री यशपाल : मैं आप की तरह ठेकेदार नहीं हूं ; जिस का साथ देता हूं खुल्लम खुल्ला देता हूं चोरी छुपे नहीं..... (शोर)

सरदार लच्छमन सिंह गिल : मैं भी आपकी तरह (* * * *) नहीं हूं (शोर)......

श्री यशपाल : इस शोरोगुल को नज़र अंदाज करके मैं अपनी बात पर आता हूं आखिर पिछले छः महीने के बाद कौनसी ऐसी नई बात हो गई है जिसकी वजह से यह परेशान होकर ऐसी बातें कर रहे हैं। कामरेड साहिब ने एक बात और कही कि अगर कांग्रेस वाले इनकी यह आवाज़ नहीं सुनेंगे और बगावत नहीं करेंगे तो लोग बगावत कर देंगे। मैं सोच रहा था कि आया पिछले 6 महीने के बाद कोई ऐसा वाक्या हुआ है जिस से मालूम हो कि लोगों ने कांग्रेस के खिलाफ बग़ावत शुरू कर दी है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप को याद होगा कि जब आपोज़ीशन वाले यहां आए तो उन में कुछ नए भी आए थे। उन्हें बात करने का मौका मिल गया है। वह कहते थे कि सारे का सारा

*Expunged as ordered by the Chair.

[श्री यशपाल]

पंजाब कांग्रेस के खिलाफ हो गया है। वह चैलेंज करते थे। बार बार चैलेंज करते थे किसी भी जगह पर इस्तीफा देकर हमारे साथ चुनाव लड़ लें। उनका दावा था कि कांग्रेस हारेगी। इस्तीफा तो किसी ने क्या देना था लेकिन एक उप-चुनाव आ गया। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जिस सीट पर अभी इलैक्शन हुई है वहां पहले अकाली जीतकर असेम्बली में आया था। उस ने कांग्रेस को हराया। वह साढ़े सात हज़ार वोटों से जीता था। उन के लिए वह अच्छा मौका था। वह जगह 2 पर, चिल्ला कर शोर मचाते रहे कि कांग्रेस लोगों के दिलों से निकल चुकी है। लोगों का कांग्रेस के ऊपर भरोसा नहीं रहा। कांग्रेस गैर मकबूल हो गई है। और पता नहीं क्या कुछ कहते रहे। यह बात सब जानते हैं कि जब इलैक्शन हुए तो उस वक्त एक यूनाइटिड फ्रंट बना ताकि इकट्ठे हो कर कांग्रेस को शिक्सत दे सकें। वह कहते थे कि इक्ट्ठे न होने के कारण ही कांग्रस को वोटें चली जाती हैं और हमारी वोटें बंट जाती हैं। इस लिए हमें शिक्सत होती है; हमें इकट्ठा होना चाहिए। अगर इकट्ठे होंगे तो कांग्रेस को हरा सकेंगे। इस बिना पर यूनाइटिड फ्रंट बना। उस यूनाइटिड फ्रंट में आधी दर्जन पार्टीज़ थीं और इस में दो दर्जन से ज़्यादा लीडर शामिल हुए। यह सारी पार्टीज़ इक्ट्ठी हुई और मिल कर कांग्रेस को हराने के लिए यत्न करने लगे ताकि कांग्रेस को शिकस्त हो जाए। आखिर यह पार्टीज़ इकट्ठी कैसे हो सकती थीं? किस बिना पर इकट्ठी हो सकती थीं। अगर इन का कोई सिद्धांत होता तो लोग इन को पसन्द करते। बहरहाल यूनाइटिग फ्रंट बनाया गया है, ताकि कांग्रेस को शिकस्त दे सकें। लेकिन कुछ ही दिनों में दो फ्रंट बन गए। इस फ्रंट ने दोनों को काफी समझाया कि एक ही कैंडीडेट कांग्रेस के बखिलाफ खड़ा किया जाए। लेकिन दरअसल यूनाइटिड फ्रंट एक यूनाइटिड फ्राड है, फ्राड बहुत जल्द बेनकाव हो गया। गिल साहिब को मनाने लगे, मास्टर तारा सिंह को मनाने लगे। इस फ्रंट में फिरकापरस्त अकाली, फिरकापरस्त जन संघी और कामरेड राम चन्द्र जो कि कांग्रेसी असूलों पर डटे रहने का दावा करते हैं, वह सब इस में शामिल हुए ताकि वह कांग्रेस को हरा सकें। लेकिन वह फ्राड ज़्यादा देर तक टिक न सका। वह दीवार खड़ी न रह सकी और सारा ढांचा गिर पड़ा। कामरेड राम चन्द्र जो कि अपने आप को सोशलिस्ट कहते थे वह भी कांग्रेस को छोड़ कर इनके साथ ढेर हो गए। क्या यह डेमोक्रेसी है? अगर वह डेमोक्रेसी में विश्वास रखते हैं तो उन्हें विधान सभा से इस्तीफा दे देना चाहिए था। उन्हें उस कसम का पास होना चाहिए था जो उन्होंने ली थी। वह आपोज़ीशन में जा कर बैठ गए और बोलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस फ्रंट ने मास्टर तारा सिंह और गिल साहिब को मनाने की कोशिश की। यह भी कहा कि दीदार सिंह को और कहीं दीदार करा देंगे। यह बातें किसी से छुपी हुई नहीं हैं। लेकिन आखिरकार जिसके कोई असूल होते हैं, वह ही जीतता है। असूलों से टकराने वाला बेअसूल गठजोड़ ज़रूर टूट जाता है। टूटता ही नहीं वह पाश 2 हो जाता है। सारे पंजाब में इस बात की चर्चा थी कि यह फ्रंट कांग्रेस का मुकाबला करेगा लेकिन कांग्रेस की पहली ही टक्कर में ऐसा नतीजा निकला कि इनकी उमीदें पर पानी फिर गया।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन्हों ने दो कैंडीडेट्स खड़े किए। वहां पर इन्होंने काफी कोशिश की लेकिन पट्टी में लोगों ने इन का साथ नहीं दिया। यह कहते थे कि लोग कांग्रेस के खिलाफ हो गए हैं लेकिन जनता ने इतना क्लीयर कट फैसला दिया है। वहां पर आधी दर्जन पार्टियां इक्ट्ठी हुई और दो दर्जन से ज्यादा इन के लीडर इक्ट्ठे हुए। इन्होंने 5 लाख रुपए दास कमीशन में खर्च करने के लिए इक्ट्ठा किया था, वह भी वहां खर्च कर दिया। इलैक्शन हुई और कांग्रेस को 52 प्रतिशत वोटें मिलीं। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि लोगों का कांग्रेस के ऊपर पूरा एहतमाद है। आपोज़ीशन के दोनों उम्मीदवारों को मिला कर भी 48 प्रतिशत से अधिक वोटें नहीं मिलीं। यहां पर जनता ने क्लीयर फैसला दिया है। इलैक्शन होते हैं, कैंडीडेटस खड़े होते हैं और इलैक्शन में जीतते भी हैं और हारते भी हैं लेकिन इस तरह क्लीयर मैजारिटी रेटो कहीं ही मिलती है। (विघ्न) (शोर)

कुछ आवाजें : कोई 34 वोटों से जीता और जाली वोटें भी निकली थीं।

श्री यशपाल : यह देखने का अपना अपना नज़रिया है। मैं अर्ज़ कर रहा था कि पट्टी में जनता ने फैसला दिया है कि कौन सी पार्टी ठीक है। फिर कौन सी ऐसी बात हो गई है, कौन सी ऐसी नई तबदीली आ गई है, कौन से नए वाक्यात हो गए हैं जिस की बिना पर वोट आफ नो-कान्फीडैंस मूव करने की ज़रूरत पड़ी। (विघ्न) इतनी बात ज़रूर हो गई है कि कांग्रेस की तरफ से कुछ मैम्बर उधर चले गए हैं और उन्हों ने एक पार्टी बनाई है। यह नई पार्टी बन कर आई है। उन्होंने एलान किया था कि बजट सैशन के अन्दर कांग्रेस सरकार को उल्टा देंगे। डिप्टी स्पीरकर साहिबा, वह प्रजातन्त्र पार्टी बनी। इस पार्टी में पहले 15, 16 मैम्बर आए। उस के बाद ऐलान किया गया कि 20 दिसम्बर, 1963 को 20 और मम्बर प्रजातन्त्र पार्टी में शामिल हो जाएंगे। फिर कहा 2 जनवरी, 1964 को 4 मैम्बर आ जाएंगे। वह कहते थे कि बजट सैशन तक सरदार प्रताप सिंह कैरों अकेले रह जाएंगे और बाकी इधर आ जाएँगे। वह ऐसी बातें सोचते थे। (विघ्न) (शोर)

गृह मन्त्री (श्री मोहन लाल) : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, मैडम। मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह है कि जब इस मोशन के मूवर साहिब बोल रहे थे तो कांग्रेस बैंचों की तरफ से कोई इंट्रप्शन नहीं हुई। लेकिन अब बार २ इंट्रप्शन हो रही है। यह मुनासिब बात नहीं है। हमारी बात तो यह मानेंगे नहीं। मैं आप से प्रार्थना करना चाहता हूं कि हाउस के माहौल को ठीक रखने के लिए आप इन को इंट्रप्शन करने से रोकें।

उपाध्यक्षा : मुझे अफसोस से कहना पड़ता है कि श्री यशपाल को प्रोवोक नहीं करना चाहिए। यह मुनासिब बात नहीं है। मैं ने पहले शुरू में ही कहा था कि कोई प्रोवोक करने वाली बात न करें। (I am sorry to point out that Shri Yash Paul should not provoke. It is not proper. I said in the beginning that nothing should be said which may provoke others.)

गृह मन्त्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, उन की तरफ से पर्सनल हमले हों और हम चुप रहें। हमें भी उन का जवाब देना होगा। मैं मानता हूं कि कांस्टीच्यूशन में फ्रीडम आफ स्पीच की इजाज़त है; उन की मर्ज़ी है जिस तरह से कहें। हमें एतराज़ नहीं है।

[गृह मन्त्री]

लेकिन हमें हक हासिल है कि हम उस का जवाब दें। इस में किसी को प्रोवोक करने की कोई बात नहीं है।

उपाध्यक्षा : मैं हाउस के समस्त मैम्बरों से अपील करती हूं कि कोई ऐसी बात न करें जो कि किसी की फीलिंग्ज़ को दुख दे। (I appeal to all the hon. Members of the House that nobody should say anything which injures the feelings of others.)

श्री यशपाल : मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि मैं किसी को भी प्रोवोक नहीं करना चाहता हूं। मैं सिर्फ सच्ची बात कहता हूं। और सच्ची बात हमेशा कड़वी होती है। मैं फिर कहना चाहता हूं कि मेरा किसी को प्रोवोक करने का इरादा नहीं है। अगर मैं सच्चाई की बात कहता हूं तो नैचुरली उन को बुरी लगेगी।

सरदार गुरनाम सिंह : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, मैडम। मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह है कि मूवर साहिब ने बहुत अच्छी ज़बान में कहा। उस ने बड़ी संजीदगी से अपनी स्पीच दी। श्री यशपाल मिनिस्टर रह चुके ह। हम उन को कुछ भी नहीं कह सकते। वह जिन लफ्ज़ों में चाहें कह लें। अगर पंडित मोहन लाल उन से इस तरह से कहने की बात करें तो उन की भी मर्ज़ी है। एक चीज़ मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जब हम इस तरह से बातें करेंगे तो यह महसूस न करें।

श्री यशपाल : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं फिर अर्ज़ करना चाहता हूं कि मेरा किसी को प्रोवोक करने का कोई इरादा नहीं है। अलबत्ता मैंने सच्ची बात तो करनी ही है। अगर उस पर कोई नाराज़ होता है तो मैं क्या कर सकता हूं। मैं अर्ज़ कर रहा था कि बजट सैशन के अन्दर कांग्रेस की मिनिस्ट्री को उखाड़ने के खवाब ले रहे थे। इन्होंने सारा ढांचा तैयार कर रखा था। इन्होंने तो मंत्रियों की लिस्ट तैयार कर ली थी। इन्होंने शैडो कैबिनेट तैयार कर ली थी। लेकिन चीफ मिनिस्टर के बारे में ही फैसला रह गया था। चीफ मिनिस्टर बनने पर झगड़ा हो भी सकता था क्योंकि उस के लिए ज़्यादा कैंडीडेट्स थे। (विघ्न) लेकिन इन की उम्मीदों पर पानी फिर गया। डिप्टी स्पीकर साहिबा, वह यहां चंडीगढ़ में अपनी मिनिस्टरी बनाने के लिए अरमानों की बारात ले कर आए और अब अपनी तमन्नाओं का जनाज़ा लेकर वापिस जा रहे हैं। अब उन की तमन्नाओं का जनाज़ा निकल रहा है तो उन का परेशान होना ज़रूरी था।

उपाध्यक्षा : पंडित मोहन लाल जी, आपका क्या ख्याल है, क्या तमन्नाओं का जनाज़ा लफ्ज़ कहने की इजाज़त होनी चाहिए। [What does the hon. Home Minister Shri Mohan Lal think? Should the hon. Member be allowed to use the words 'Tammanaon Ka Janaza' (dead body of sentiments?)

श्री यशपाल : क्या यह लफ्ज़ अनपार्लियामैंटरी हैं ?

उपाध्यक्षा : मैं समझती हूं कि यह अनपार्लियामैंटरी नहीं है लेकिन ऐसे लफज कहने शोभा नहीं देते । (I think that although these words are not unparliamentary yet it does not appear to be desirable to use them.)

श्री यशपाल : मैंने कौनसी ग़ल्ती की है? मैं पूछता हूं (विघ्न) मैं ने कौनसी गलत बात कही है?

उपाध्यक्षा : मैं ने कहा है कि यह शोभा नहीं देता। (I have held that it does not look nice.)

श्री यश पाल: मैं ने कहा है कि इन की तमन्नाओं का जनाज़ा निकला है। अगर यह गलत बात है तो बता दीजिये। (*Interruptions*)

(*Repeated interruptions*)

Deputy Speaker : I will not tolerate any interruptions.

श्री यशपाल: कम्युनिस्ट पार्टी की तरफ से जो ग्राउंड दी गई है, अब मैं उस की तरफ आता हूं। उस में उन्होंने तीन बातें लिखी हैं जो कि नई हैं। बाकी बातें वही हैं। आखिर में जो इन्होंने 13, 14 और 15 नम्बर पर तीन बातें लिखी हैं। मैं उनका ज़िक्र करता हूं :

"(13) The Ministry failed to check smuggling, black marketing and maintain law and order in the State ;

(14) The Ministry failed to curb the forces of right reaction which are opposed to the National accepted policies and failed to curb the commun al forces ;

(15) The Ministry has lost the confidence of the majority population and every class of inhabitants of the State. The replacement of such an anti-people Ministry is most urged demand of the day. Hence this motion is moved."

अब मैं इन तीन बातों का निहायत नर्म लहजे और सुलझी हुई भाषा में जवाब दूंगा। (विघ्न)

एक आवाज़ : पन्द्रहवीं भी पढ़ दो। (विघ्न)

श्री यशपाल : वह भी पढ़ दी है। इन्हों ने यह लिखा है कि इस मिनिस्टरी में लोगों का कानफीडैंस नहीं रहा। लोगों का कानफीडैंस कितना है वह तो पट्टी की इलैक्शन में साबत कर दिया है। इस लिये इन का यह इल्ज़ाम निहायत बेहंगम मालूम देता है। (विघ्न) कम्युनिस्टों ने इल्ज़ाम लगाया है कि यह मिनिस्टरी सूबे में स्मगलिंग को रोकने में नाकाम रही है, कम्युनल फोरसिज़ का साथ देती है और ब्लैक मार्किट को नहीं रोक सकी। इस सम्बन्ध में मैं इन का ध्यान इन के अपने ही अखबार की तरफ दिलाता हूं और किसी की तरफ नहीं। आप यह जानते हैं कि पट्टी के चुनाव में कम्यूनिस्ट पार्टी ने संत फतह सिंह ग्रुप के कैंडीडेट की सपोर्ट की थी। मैं इस सम्बन्ध में आप के सामने मोटे मोटे शब्दों में छपे 'नवां ज़माना' अख़बार का हवाला देना चाहता हूं। यह अखबार 1964 का है, पुराना नहीं है। इन्होंने कहा कि कम्यूनिस्ट पार्टी पट्टी चुनाव में सन्त फतह सिंह ग्रुप के कडीडेट की हिमायत करेगी, क्यों करेगी यह बात मैं पढ़ कर सुनाना चाहता हूं।

[श्री यशपाल]

"ਨਿਰਸੰਦੇਹ, ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਸੰਤ ਗਰੁਪ ਨਾਲ ਕਈ ਵਡੇ ਮਤਭੇਦ ਹਨ। ਕਈ ਸਵਾਲਾਂ ਉਤੇ ਇਸ ਦਾ ਸਟੈਂਡ ਜਮਹੂਰੀ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਮਾ: ਤਾਰਾ ਸਿੰਘ ਦੇ ਅਕਾਲੀ ਦਲ ਵਾਂਗ ਇਹ ਫਿਰਕੂ ਲੀਹਾਂ ਉਤੇ ਜੱਥੇਬਦ ਹੋਇਆ ਹੈ ਅਤੇ ਧਰਮ ਨੂੰ ਰਾਜ ਨੀਤੀ ਨਾਲ ਜੋੜਦਾ ਹੈ ...."

यह मेरे अल्फाज़ नहीं हैं। यह कम्यूनिस्ट पार्टी के ओफिशियल आरगन के अल्फाज़ हैं। उस रेज़ोल्यूशन के अल्फाज़ हैं जो कि इन की कौंसिल ने पास किया। अब यह खुद मानते हैं कि संत फतह सिंह का ग्रुप कम्यूनल है, फिरकाप्रस्त है, जमहूरी नहीं है (विघ्न)

(कामरेड शमशेर सिंह जोश प्वायंट आफ आर्डर पर उठना चाहते थे। हाउस में बहुत शोर था और डिप्टी स्पीकर ने सरदार जय इन्द्र सिंह को श्री यश पाल के पास से उठा कर दूसरी जगह पर भेज दिया।)

Comrade Shamsher Singh Josh : On a point of order, Madam. The hon. Member, Shri Yash, should not be allowed to mis-quote the decisions of any political party. Either he should quote in full or he should not mis-inform the House. I categorically say that he is mis-quoting the Communist Party.

उपाध्यक्षा : कामरेड साहिब, जो कुछ अखबार में लिखा वह वहीं पढ़ रहे हैं। अगर आप को यह शिकायत है कि लिखा कुछ और है और वह पढ़ कुछ और रहे हैं तो दोनों चीज़ें मुझे भेज दीजिये मैं देख लूंगी।

(Shri Yash Pal is reading what is printed in the Newspaper. If, however, Comrade Shamsher Singh Josh feels that he is not correctly reading it he may send both the papers to me and I will look into the matter.)

Comrade Shamsher Singh Josh : The hon. Member is not reading the sentence in full. I, therefore, seek your protection.

उपाध्यक्षा : सारा पढ़ दो : (The hon. Member should read out the whole of it). (*Interruptions*).

श्री यशपाल : मैं सारा ही पढ़ दूंगा लेकिन ज़िम्मेदारी इन की है। इन का अपना अखबार है। मैं ने अपने पास से कुछ नहीं कहा। अगर आप कहेंगे तो सारा ही पढ़ दूंगा। (विघ्न)

उपाध्यक्षा : आप इस को हाउस की टेबल पर ले कर दें। (The hon. Member may place this paper on the Table of the House.)

श्री यशपाल : मैं ले कर दूंगा। मैं अर्ज़ कर रहा था कि कम्यूनिस्ट पार्टी ने अपने रेज़ोल्यूशन में खुद माना है कि संत फतह सिंह ग्रुप कम्यूनल है और एंटी नैशनल है, फिरकू है और उस को स्पोर्ट करते हैं। उस ग्रुप के कैंडीडेट का साथ देते हैं जिस को अपने अखबार में कंडेम करते हैं। और इल्ज़ाम लगाते हैं कांग्रेस पर, कि यह कम्यूनल है और एंटी डैमोक्रेटिक है। (कांग्रेस पार्टी की तरफ से थंपिंग) (विघ्न) अब और देखिए। यह अखबार अकाली पार्टी का है। "प्रभात" में खुद मास्टर तारा

सिंह जी लिखते हैं (विघ्न) आप ज़रा इतमीनान रखिये। मास्टर तारा सिंह जी लिखते हैं..........यह अखबार भी 1964 का है, 1959 का नहीं है।

"कांग्रेसी तो आप जनता को काफी तरीकों से लूट रहे हैं और तुम्हारा उम्मीदवार गुरदवारे को सीधा लूट रहा है। दरबार साहिब की जगहों और मकान पर कब्ज़ा, वहां भैंसें रखना और भैंसों के लिए रखे नौकरों को लंगर से रोटी खिलवाना और दूध फरोख्त कर के रकम इक्ट्ठी करना। इस जैसी नंगी कुरप्शन तो यह सरकार या कांग्रेस भी नहीं कर रही। आप लोगों का चोर बुरा कि गुरु का चोर?"

मास्टर जी ने लिखा है कि इस किस्म की नंगी कुरप्शन तो यह सरकार या कांग्रेस भी नहीं कर सकती। और उस कैंडीडेट को कम्यूनिस्ट पार्टी स्पोर्ट करती है? (विघ्न) (आवाज़ें)

Deputy Speaker: Please wind up.

श्री यशपाल: मैं जल्दी ही खत्म कर दूंगा। आगे उन्हों ने लिखा है:

"अगर आग लगे तो पानी डाल कर बुझाओ। अगर किश्ती में आग लग जाए तो क्या बने? पानी डालने से तो किश्ती डूब जाएगी। अगर पापों से मन मैला हो तो गुरद्वारा में जा कर गुरु के शब्द से मन पवित्र करो। लेकिन जो गुरद्वारा में बैठ कर चोरी करें वह किस जगह जा कर मन पवित्र करें?"

यह मास्टर तारा सिंह जी का विचार उस कैंडीडेट के बारे में है जिस को हमारे कामरेड भाई स्पोर्ट करते हैं। (विघ्न) यह कहते हैं कि कांग्रेस वाले स्मगलिंग को रोकने में नाकाम रहे हैं। (विघ्न) डिप्टी स्पीकर साहिबा, थोड़ा सा वक्त लग जाएगा लेकिन बड़ीदिलचस्प बात है इस लिये सुनाना ज़रूर चाहता हूं। यह भी मास्टर तारा सिंह जी के अपने कलम से है:

"मुझ से एक साहिब ने कहा कि अब तो आप संत ग्रुप के उम्मीदवार सरदार दीदार सिंह पर एतराज़ करते हैं कि वह स्मगलिंग करता है पिछली बार जब सरदार हज़ारा सिंह खड़ा हुआ था तो आप ने क्यों यह एतराज़ न किया था?"

(विघ्न)

यानी जब वह स्मगलिंग करता था तो उस वक्त भी उस को स्पोर्ट करते थे आगे लिखते हैं:

"मैं ने जवाब दिया कि आप बड़े गुनाहागार हैं कि आपको उस वक्त मालूम था कि सरदार हज़ारा सिंह स्मगलिंग करता तो आप ने क्यों मुझे नहीं बताया? उस वक्त तो मुझे बताया गया था कि सरदार हज़ारा सिंह स्मगलिंग छोड़ चुका है।"

यानी जो छोड़ देता है उस को माफ कर दिया जाता है। (विघ्न) जो बात मैं खास तौर पर ध्यान में लाना चाहता हूं वह यह है। वे लिखते हैं:

"अब तो स्मगलिन्ग से भी बात ऊपर चली गई है। यह स्मगलिंग श्री अकाल तख्त के इहाता के अंदर उस मकान में हो रहा है जिस में श्री अकाल तख्त के ग्रंथियों का लंगर तैयार होता था और गुरद्वारा की हतक की जा रही है इस जगह स्मगलिंग इस वास्ते की जा रही है कि वहां पुलिस नहीं जाती। पुलिस को तो इतना कुछ गुरद्वारे का एहतराम है लेकिन इन स्मगलरों

[श्री यशपाल]

को इतना भी नहीं है कि यहां बठ कर तो स्मगलिंग न करें। मुझे मालूम है कि इस ज़िला में बहुत लोगों ने स्मगलिंग को अपना व्यापार बना रखा है । लेकिन वे गुरद्वारे की बेहुरमती तो नहीं करते।" (विघ्न)

यह है तारीफ इन के अपने कैंडोडेट को और इल्ज़ाम लगाते हैं कांग्रेस पर, और मिनिस्टरी पर (विघ्न) आगे लिखा है :

"वैसे तो लोग शराब पीते हैं। लेकिन अगर कोई गुरद्वारे के अंदर शराब पी कर भी जाए तो वही शराब पीने वाले उस की बुरी तरह दुरगत बनाते हैं। इन लोगों ने तो गुरद्वारे को स्मगलिंग का अड्डा बना रखा है, जैसे कोई गुरद्वारे के अन्दर शराब की भट्टी लगा ले।"

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह है मास्टर तारा सिंह जी के विचार उस कैंडीडेट के बारे में जिस को इन्होंने स्पोर्ट किया।

(*Interruption*) (*Noise*) (*Voices of points of order*)

उपाध्यक्षा : श्री जै इन्द्र सिंह, आप का क्या प्वायंट आफ आर्डर है ? (What is the point of order of Shri Jai Inder Singh?)

ਸਰਦਾਰ ਤਾਰਾ ਸਿੰਘ ਲਾਇਲਪੁਰੀ : ਮੈਂ ਪਹਿਲੇ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਆਰਡਰ ਤੇ ਖੜਾ ਹੋਇਆ ਹਾਂ।

उपाध्यक्षा : बदकिस्मती से मैं ने पहले आप को नहीं देखा था इस लिए सरदार जै इन्द्र सिंह को काल अपान कर लिया था। उसके बाद आप के प्वायंट आफ आर्डर को सुन लूंगी। (Unluckily I did not see Sardar Tara Singh Layallpuri first. Therefore I called upon Sardar Jai Inder Singh. I will listen to the point of order of the former after the latter has finished.)

ਸਰਦਾਰ ਜੈ ਇੰਦਰ ਸਿੰਘ : On a point of order, Madam, ਮੇਰਾ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਆਰਡਰ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਅਲਜ਼ਾਮ ਪੜ੍ਹੇ ਹਨ ਇਹ ਮਾਸਟਰ ਤਾਰਾ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਵਲੋਂ ਲਗੇ ਹਨ, ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿਲ ਨੂੰ ਕੋਈ ਹਕ ਨਹੀਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਰਦੀਦ ਕਰਨ। ਅਗਰ ਤਰਦੀਦ ਕਰਨਗੇ ਤਾਂ ਜਸਟਿਸ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ ਜੀ ਕਰਨਗੇ।

उपाध्यक्षा : सरदार जै इंदर सिंह, इस का जवाब किस ने देना है, किसने नहीं देना यह देखना आप की ज़िम्मेदारी नहीं है। (It is not the responsibility of the hon. Member Sardar Jai Inder Singh to see as to who has to reply to it or not to reply to it.)

श्री चांद राम:–(ऐस. सी. सालावास) डिपटी स्पीकर साहिबा, अभी अभी मेरे मुहतरिम भाई सरदार गुरनाम सिंह जी ने इस हाउस में जूडीशरी और एग्ज़ैक्टिव की सैंपरेशन के बारे काफी कुछ कहा। यह ठीक है कि हमारे संविधान में पालिसी के तौर पर कहा गया है कि जूडीशरी को एग्जेकिटव से अलग किया जाये। इस में कोई शक नही, मैं यह बात मानता हूं। मगर हमारे संविधान में जहां यह बातें कही गई हैं वहां और भी बाते कही गई हैं जिन की इस से भी ज्यादा अहमीयत है। हाल ही में श्री गजेंद्र गडकर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस का प्रैस में एक ब्यान शाया हुआ है (At this stage Shrimati Dr. Parkash Kaur occupied the Chair.) । मैं अपने मुहतरिम बज़ुर्ग

का इस तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं, पता नहीं किस नजरिये से उन्हों ने इस मामले में एक ही पक्ष को लिया है, यह ठीक है कि देखने के शीशे अलग अलग होते हैं किसी का कैसा होता है और किसी का कैसा, आप न जाने किस शीशा से देखते हैं कि किसी की तारीफ करते नहीं थकते और किसी की बुराई करते नहीं थकते । मैं आपका ध्यान, डिपटी स्पीकर साहिबा, इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि हमारी सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने जो कहा इस की इंटरप्रेटेशन यह किसी और तरीका से निकाल सकते हैं, मगर दर असल इस की इंटरप्रेटेशन जो निकाली जा सकती है वह यही हो सकती है । आज चंद लार्डज़ या अपर कलास के कुछ प्रसैंटेज के लोगों को छोड़ कर बाकी लोगों की जरूरियाते जिंदगी पूरी नहीं होती तो इन का डैमोक्रेसी पर विशवास नहीं रहेगा । एक तरफ तो तमाम जनता को रोटी कपड़ा देने का सवाल है और दूसरी तरफ कुछ अपर कलास के लोगों की लार्डशिप बरकरार रखने का सवाल है। एक तरफ लोगों की तकलीफें दूर करने की फिक्र में काम करने का सवाल है और दूसरी तरफ उन मुकद्मों में इनसाफ देने की बात है जो मुकद्मे अकसर जायदाद या इसके बटवारे के होते हैं । अब आप खुद ही देख लें कि लोगों की भूख, गरीबी, तंगदस्ती और लाचारी के मुकाबले में यह मुकद्में क्या चीज़ हैं । यह जो ज्यूडीशरी और एग्ज़ेकिटव की सैपेरेशन का नारा लगाया जाता है यह तो चंद अपर कलास के लोगों का मासिज़ को इगनोर करने का इक खिलौना है । आप तो एक रिटायर्ड जज हैं, अगर मैं उनको पंजाब की एक एक कोर्ट में ले जाऊं, आप देखें कि काम हो कैसे रहा है । जजिज़, शेश्न जजिज़ में किसी के मुताल्लिक यहां परसनल नहीं होना चाहता, मैं पूछता हूं कि आया जो कनसैशन्ज़ की बात है, आया वह सब को बराबर का मिलता है या नहीं, आप तो इलैक्टिड रीप्रिज़ैंटेटिव के दरमियान में भी काम करते हैं इस सारी बात को बखूबी समझते होंगे । यहां पर क्रिमिनल कोरट्स के बारे में कहा गया कि वह भी ज्यूडीशरी का एक पार्ट है । लेकिन मैं सिविल जजों के बारे में कहना चाहता हूं । आज भी सैकड़ों नहीं, हज़ारों मुकदमें 30,30 सालों से हाईकोर्ट में पैंडिंग हैं लेकिन उनके फैसले नहीं हो रहे । मेरा कहना तो यह है कि अगर यही हाल जस्टिस का रहे तो लोगों को फायदा नहीं हो सकता है । कहा भी है कि जस्टिस डिलेड इज़ जस्टिस डिनाईड ।

इंडिया में हमारे यहां हाइकोर्ट्स में ब्रिटिश सिस्टम फालो किया जाता है और हमारे देश की कोर्टस, कोर्टस आफ जस्टिस नहीं बल्कि कोर्टस आफ ला हैं । लेजिस्लेचर जिस ला को बनाती है उसी को यह हाईकोर्ट्स इंटरप्रेट करते हैं । हमारे एक मुहतरिम दोस्त ने कहा कि जुडीशल मैजिस्ट्रेट्स ने टेनेंट्स को बेदखल कर दिया । मैं नहीं समझता कि जहां गरीब किसानों को, हरिजनों को डिप्रैस्ड क्लासिज़ को हैवनाट्स को खत्म किया जाता हो वहां यह डेमोक्रेसी कैसे चल सकती है । मैं बतला देना चाहता हूं कि अगर डैमोक्रेसी नहीं रही तो यह जुडीशरीज़ और यह ऐग्जैक्टिवज़ कैसे चल सकते हैं । हमारे यह तो फिर भी इस गवर्नमैंट ने एक स्टैंडर्ड मेनटेन किया है और यहां डैमोक्रेसी सकसेसफुली चल रही है लेकिन दूसरे मुल्कों में जो अभी अभी अज़ाद हुए हैं अगर उनकी हालत देखी

[श्री चांद राम]

जाए तो पता चलेगा कि उनके यहां क्या क्या टैंडेंसीज़ चल रही हैं। धाना जो अभी अभी आज़ाद हुआ है वहां पर प्रेज़ीडैंट ने चीफ जस्टिस को डिसमिस कर दिया। यह आज वर्लड का ट्रेंड चल रहा है। तो यह जो यहां कहा जा रहा है कि हमारी जुडीशरी ऐक्ज़ैक्टिव की गुलाम है यह उस ओर इशारा है। अगर हम आपकी इस बात को तोलें तो यही मालूम होता है कि डैमोक्रेसी को खत्म करने का जो ट्रेंड है, उसकी बातें की जाती हैं। मैं किसी के ज़ाती पक्ष को ले कर कोई बात नहीं कहता लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि मुल्क की जुडीशरी और हाईकोर्ट्स क्या कानशैंस से काम करते हैं? अगर एक कमीशन बिठाया जाए तो उसका वरडिक्ट यही होगा कि यह अबव अप्रोच नहीं हैं। और वह अनकरप्टीबल नहीं है। जहां पर इंसाफ देने वालों के बारे में लोगों की यह राय हो वहां पर आप कैसे कह सकते हैं कि जुडीशरी को ऐग्जैक्टिव से स्पीडीली सैपेरेट कर दें। और जो अपनी डैस्टनी के आप मालिक हैं वह कैसे कह सकते हैं कि इनको इंडैपैंडैंट कर दिया जाए। ताकि जुडीशरी पर कोई टीकाटिप्पणी न कर सके इस लिए मैं उनसे जो इस क्लास के रहे हैं और जज साहब, लीडर आफ दी आपोज़ीशन जो इस क्लैन के रहे हैं जो यह कहते हैं कि जुडीशरी को इंडैपैंडैंट कर दो, उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या वह इनसे यह पूछेंगे कि जसटिस तेज़ी से दो और ऐसी जसटिस दो कि जिस पर हरफ न आए? चेयरमैन साहबा, मैं यह कहना चाहता हूं कि आज जुडीशरी को इंडीपैंडैंट करने के बारे में जनता की राय पूछी जाए न कि चन्द ऐसे आदमी जो मजिस्ट्रेसी में रहे हैं उनका कहना माना जाए। (विघ्न) चेयरमैन साहबा, यहां यह कहा गया कि पंजाब से कुछ मुकदमे बाहर गए। लेकिन मैं पूछता हूं कि उनके ले जाने वाले कौन थे? वही जो यहां एडमिनिस्ट्रेशन में रहे हैं और जिन्होंने कानशैंस से काम नहीं किया। और जब गवर्नमैंट ने उनसे पूछा कि तुमने खराबी की है तो वह मुकदमें कोर्ट में ले गए। यहां पर इन मुकदमों की चर्चा करके कुछ पालिटिकली इंट्रैस्टिड लोग, और कुछ एम० एल० एज़० साहबान यह दिखाना चाहते हैं कि यहां तो उन लोगों को फैसला नहीं मिल सका लेकिन दूसरी स्टेट में जब कुछ मुकदमे गए तो उनको फैसला मिला। लेकिन यह बात कहकर वे इस सरकार के साथ न्याय नहीं करते। उन्हें चाहिए था कि सरकार के अच्छे काम को अच्छा कहते और जिन अफसरों ने सरकारी मशीनरी का पुर्ज़ा रह कर भी कानशैंस से काम नहीं किया उनको खराब कहते लेकिन उल्टा उन्होंने आरोप लगाया है। यह न्याय नहीं है। और अगर वह सच कहते तो उन्हें पता चलता कि पंजाब का ऐडमिनिस्ट्रेशन हिन्दुस्तान की दूसरी स्टेट्स के मुकाबले में निहायत अच्छा और शानदार है (प्रशंसा)। यह ठीक है कि कुछ अफसरों को इम्प्रूव करने की ज़रूरत है और सोशलिस्ट निज़ाम के मुताबिक ढलने की ज़रूरत है लेकिन अधिकतर हमारे यहां ऐडमिनिस्ट्रेशन बहुत अच्छा है। मैं खुद उन आदमियों में से हूं जो यह चाहते हैं कि स्टेट का ऐडमिनिस्ट्रेशन और जितना अच्छा हो सके, किया जाए।

मुझे अपने कालेज के दिनों की बात याद आती है। जब हम किसी सोसाइटी में या क्लब में बोलते थे तो मैं कहता था कि यहां पर तो हम आदर्शवाद की बात

करते हैं लेकिन जब हमीं लोग ऐडमिनिस्ट्रेशन की मशीनरी में पहुंच जाते हैं तो वहां पर आदर्श याद नहीं रहता। इसलिए यह ज़रूरी है कि ऐडमिनिस्ट्रेशन में रह कर भी आदर्शवादी बनना चाहिए। लेकिन मैं देखता हूं कि यहां पर कानून बनते हैं और हमारी सरकार सोशलिज़्म लाने के लिए बहुत ज़रूरी अहकाम जारी करती है लेकिन अफसोस होता है जब सिक्योरिटी आफ लैंड टेन्योर ऐक्ट में यह बात खोजी जाती है कि इसमें कहां कहां लूपहोल्ज़ हैं जिससे टैनेंट्स इजैक्ट हो सकें। और जो ला बनता है वह लूपहोल्ज़ के बिना तो होता नहीं। लूपहोल्ज़ सारे प्लग नहीं होते। तो जैसा कि मैंने अभी कहा था कि हमारे यहां के क़ोर्ट्स, कोर्ट्स आफ ला हैं कोर्ट्स आफ जस्टिस नहीं। वह दिन कब आएगा जब यह हमारे साबका जस्टिस गुरनाम सिंह यह कहेंगे कि वह कोर्ट्स आफ जस्टिस भी बनेंगी। जब वह कोर्ट्स आफ जस्टिस बन जाएंगी तब ज्यूडीशरी को एग्ज़ैक्टिव से अलहदा करने का फायदा हो सकता है। मैं समझता हूं कि जो लोग आज जस्टिस की कुर्सी पर बैठे हुए हैं वह अपना यह ऐटीच्यूड न बनाएं कि लॉ में फ्ला कहां है, आजकल तो लॉ की इन्टरप्रेटेशन की जाती है इन्साफ जो नैचुरल जस्टिस होता है उस की तरफ कौन जाता है। चेयरमैन साहिबा, हम तो यह चाहते हैं कि इस मुल्क में जुरायम कम हों, मुकदमें बाज़ी कम हो, हम चाहते हैं कि वकीलों को अहमियत कम हो जाए और वह पेश न हो। हम डीसेंट्रेलाइज़ेशन चाहते हैं। इसे लिए हम ने पंचायती राज कायम किया है ताकि इन्साफ लोगों के दरवाज़े पर पहुंच जाए। हम चाहते हैं कि वकील जो बारीकियां निकालते हैं उन को मौका ही न मिले ऐसा करने का और यह अदालतें ही न रहें। हम चाहते हैं कि बगैर ला की इन्टरप्रेटेशन के हमारी पंचायतें लोगों को नैचुरल जस्टिस दें। जब कोई आदमी गरीब नहीं रहेगा, हर आदमी का स्टैंडर्ड आफ लिविंग ऊंचा होगा, जब लोग परेशान नहीं होंगे, जब लोग एग्रीवड नहीं होंगे तो फिर वह कोर्ट्स में जाएंग क्यों? कोर्ट्स में तब तक लोग जाते रहेंगे जब तक कुछ आदमी प्राप्टीं रखते हैं और कुछ आदमी गरीब हैं। ऐसी हालत में उन की एक दूसरे के खिलाफ जदोजहद जारी रहेगी। लेकिन, चेयरमैन साहिबा, हमारी सरकार आज सोशलिज्म की तरफ जा रही है, यह चाहती है कि सब को बराबर के मौके मिलें, जायदाद की तकसीम हो। तो ऐसी हालत में जो हम ऐसा समाज बनाने जा रहे हैं, उस में जब एक्सप्लौयटेशन नहीं होगी तो फिर कोर्ट्स की अहमियत क्या होगी। मैं समझता हूं कि हमें यहां पर हालात इस किस्म के पैदा करने चाहिएं कि हमारे सूबे में कोर्ट्स आफ ला न फैसला करें बल्कि लोगों की जमीर फैसला करे कि क्या ठीक है और क्या गलत है। चेयरमैन साहिबा, जो क्रिमीनल केसिज को डील करते हैं उन में अगर किसी जगह बईमानी होती है, या बेकायदगी होती है तो सरकार का डंडा उन पर है जिस का उन को कुछ खयाल रहता है और वह कोशिश करती है कि वे ठीक तरह से काम करें।

बाबू बचन सिंह : हां डंडे की बात के साथ हम आप से सहमत हैं।

श्री चांद राम : डंडा मैं इस लिए कह रहा हूं कि वह ठीक से काम करें। यह ठीक है कि विधान में लिखा हुआ है कि ज्यूडीशरी को सैपेरेट किया जाए

[श्री चांद राम]

लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि इस से भी ज्यादा ज़रूरी बातें जो विधान में हैं जिन का आदमी के रोज़ाना जीवन से ताल्लुक है क्या वह सब हम ने पूरी कर ली हैं। संविधान में यह लिखा है कि स्टेट्स में जो मीनज़ आफ प्रोडक्शन हैं उन को ऐसे ढंग से तकसीम किया जाए कि सब को बराबर बराबर मिलें। क्या यह हम पूरा कर पाए हैं? इसी तरह संविधान में है कि सब को एजुकेशन में और दूसरे जीवन स्तर को ऊचां करने वाले कामों में बराबर के मौके मिलें। क्या वह पूरा कर दिया है। इन बातों की तरफ इन का ध्यान नहीं जाता। इनको तो ज्यूडीशरी को सैपेरेट करने की ही चिंता लगी हुई है। यह समझते हैं कि ज्यूडीशरी को अलग करने से छू मंत्र से जायदाद भी तकसीम हो जाएगी, और सब सिलसिला ठीक हो जाएगा। चेयरमैन साहिबा, दरअसल इन को गरीबों के साथ कोई हमदर्दी नहीं है। यह जो अपर क्लास के लोग हैं यह लॉ का सहारा ले कर गरीबों को दबा कर रखना चाहते हैं। हमारी सरकार जो है इसे गरीबों के साथ हमदर्दी है और हम संविधान के मुताबिक गरीबों को ऊंचा उठाने की ओर बढ़ रहे हैं। मैं अपोज़ीशन के भाइयों को कहना चाहता हूं कि जब हमारा नैशनल कैरैक्टर ऊंचा हो जाएगा, जब हमारी ज़मीर ऊंची हो जाएगी तब ज्यूडीशरी को एग्ज़ेक्टिव से अलग करने की स्टेज आएगी चेयरमैन साहिबा, अब मैं कुछ पुलिस के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं। मेरे एक दोस्त ने ज़िक्र किया था कि कलानौर में पुलिस की कस्टोडी में एक हरिजन मारा गया। मैं हैरान हूं कि अगर कोई इंडीविजुअल मारा जाता है तो उस का नाम लेने से हरिजनों की कैसे खराबी होती है। इन लोगों ने तो हरिजनों को गाजर मूली समझ रखा है। यह समझते हैं कि हम हरिजन जो मारा गया है उस का यहां चर्चा कर के पंजाब के सारे हरिजनों के जज़बात को उभार कर अपना पुलिटीकल मतलब निकालेंगे। वरना इन को हरिजनों के साथ कोई हमदर्दी नहीं है, यह उन की गरीबी के साथ पुलिटीकल मज़ाक करते हैं। चेयरमैन साहिबा, पंजाब के हरिजन काफी सियाने हो चुके हैं। वह इन की चालों में नहीं आ सकते। वह हमेशा सरकार के साथ रहते हैं और यह सरकार हरिजनों की हमदर्द ही नहीं बल्कि दिल से उन को सहूलतें देना चाहती है और जमीनें देना चाहती है। पिछली दफा जब हरिजनों को मकान बना कर देने के लिए यहां पर टैम्परेरी टैक्स का बिल लाया गया तो इन लोगों ने उसे पास करने में रिज़ेंटमेंट ज़ाहिर की और वाक-आउट करके चले गए और बाहिर जल्सों में उस के खिलाफ बोले। भला क्या पहाड़ टूट पड़ा था अगर साल भर के लिए हरिजनों को ऊपर उठाने के लिए थोड़ा सा टैक्स लगा दिया गया था। लेकिन इन को मालूम होना चाहिए कि वह मुल्क भी हैं जो गरीबों को फायदा पहुंचाने के लिए सरमाएदारों को गोली से उड़ाते हैं कहाँ वह मुल्क और कहां हम जो कानून के ज़रिए, रूल्ज़ के ज़रिए, peacefully and by persuasion यहां समाजवाद ला रहे हैं। इस पार्टी ने anti-touchability Act पास किया लेकिन क्या हम इन पार्टियों पर भरोसा कर सकते हैं कि वह हरिजनों की भलाई कर सकती हैं जो मनुस्मृति में चार वर्ण

बनाए हैं उनको कहते हैं ठीक हैं और उनको कायम रखना चाहते हैं मैं ज्यादा न कहता हुआ यही अर्ज करूंगा कि यह जो हमारा पंजाब है इसमें आहिस्ता आहिस्ता यह सब कुछ हो जाएगा और separation of judiciary भी वक्त आने पर हो जाएगी । मैं यह नहीं कहता कि हमारा एडमिनिस्ट्रेशन परफैक्ट है इस में काफी गुंजायश है टोन अप करने की । हाउस चाहे जितनी मर्जी लैजिसलेशन पास करे और ग्रांट्स मन्जूर करे लेकिन इस सारी चीज की इम्पलीमेंटेशन तो सरकारी मशीनरी पुलिस ने और दूसरी ऐग्जैक्टिव मशीनरी ने करनी है । उनके ऐटीचयूड पर सारी चीज मुनहसर है । जुडीशरी की सैपेरेशन होगी और होनी चाहिए, इसे मैं मानता हूं लेकिन कब होगी? इसकी ऐसी स्टेज जब आएगी कि जब ऐसा करने की कलाईमेट पैदा होगी और लोग समझ लेंगे कि उनको अब जुडीशरी पर आस्था है, भरोसा है और अब वहां लाज़ की इंटरप्रेटेशन ही नहीं, social and economic justice मिलता है और लैजिस्लेचर की जैसी इन्टैंनशन है समाजवाद लाने के लिए है उसके मुताबिक इन्टरप्रेटेशन होती है । जब ऐसी स्टेज आ जाएगी यह सैपेरेशन हो ही जाएगी लेकिन पहले हम सबको अपना ऐटीच्यूड बदलना पड़ेगा ताकि यह सारी चीज़ें की जा सकें । इन शब्दों के साथ मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं और अपनी जगह लेता हूं ।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा (गनौर) : चेयरमैन साहिबा, मेरा बोलने का तो विचार नहीं था लेकिन मेरे भाई चांद रास ने जो ऐम. ए. एल. ऐल. बी. है और अगर मैं गलती नहीं करता तो उन्हों ने ऐडवोकेट का लाइसैंस भी लिया हुआ है हमारी लाइयरज़ की गैरत को उभारा है, वुकला को कहा है कि वह हेरा फेरी करते हैं ।

चेयरमैन : जिस सैंस में उन्हों ने ऐसा कहा है उसी सैंस में आप उसे लें । (The hon. Member should take it in the sense in which it has been said.)

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : मैं आपकी विसातत से बड़े अदब के साथ अर्ज़ करना चाहता हूं कि only the wearer knows where the shoe pinches.

चेयरमन : वह खुद भी वकील हैं । अगर शु पिंच करेगा तो वह भी महसूस करेंगे ही ।(हंसी) (He is himself a lawyer. If the shoe pinches he will also feel that.)

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : भाई चाँद राम मेरे गाँव के हैं मेरे दोस्त हैं, साथी हैं और वकील हैं लेकिन आज तक जहाँ तक मैं जानता हूं उन्हों ने कभी अदालत में पेश हो कर किसी केस की पैरवी नहीं की है ।

श्री चांद राम : मैं सरविस तो करता हूं ।

आवाज़ें : सरदार प्रताप सिंह की ? (शोर)

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : मेरे दोस्त ऐक्स जस्टिस गुरनाम सिंह जी ने इस डीबेट को ओपन करते हुए separation of judiciary from the executive के लिए कहा और उसके लिए बड़ी मुदल्लल दलायल दीं। इन्हों ने सरकार के पक्ष को डीफेंड करने की कोशिश की और इस चीज़ का विरोध किया। मैं नहीं समझ पाया कि वह किस किस्म की आरगूमैंट्स कहाँ से ले आए। यह एक ऐसी चीज़ है जिसको करने के लिए हमारे विधान में डायरैक्टिव है। और वह विधान वह है जो हम अपोजीशन वालों ने नहीं बनाया, इसी सरकार ने बनाया है, नेहरू सरकार ने बनाया है और इसी कांग्रेस सरकार ने बनाया है जिस में यह ले डाउन किया है कि :

that judiciary should be saparated from the executive.

मैं तो कंस्टीच्यूएंट असैम्बली का मैम्बर नहीं था लेकिन यह भाई जो सामने बैठे हैं इनके नुमांयदे वहां थे। खैर मैं अर्ज़ करना चाहता हूं मैं इस चीज को यहीं छोड़ता हूं। कि इस सैपरेशन आफ जुडीशीरी के लिए 1886 में पहली बार कांग्रेस ने प्रस्ताव पास किया था। आप अंदाज़ा लगाएं कि इस बात को किए आज 78 साल हो गए हैं। यह combination of judiciary and executive जो है यह हमें मुगल ज़माने की याद दिलाता है। मुगल जमाने के बाद ईस्ट इन्डिया कम्पनी आई उस वक्त भी यह बात चलती रही और 1947 तक अंग्रेज़ सरकार ने यह कम्बीनेशन चलाया। उस के बाद यह कांग्रेस सरकार जिस की पार्टी ने 1886 में यह प्रस्ताव पास किया था कि judiciary should be separated from the executive। आज तक इसी कम्बीनेशन को कायम रखे हुए है।

आवाजें : यह कांग्रेसी 1886 के थोड़े हैं 1947 के बाद के है (हंसी)।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : 1893 में जब कांग्रेस का अजलास लाहौर में हुआ तो वहाँ पर भी कहा गया :

> 'The Congress passed its first resolution condemning that system of combination of judicial and executive functions in 1886. The resolution was reaffirmed at the subsequent sessions and eventually came to be repeated year after year as an omnibus resolution. The ninth Congress session held at Lahore in 1893 described the evil as one of the greatest stigmas on the British rule in India and fraught with incalculable harm to all classes of the community throughout the country.'
>
> The Congress agitation was successful in bringing the question from more academic plane to the range of practical politics, and creating influential opinion, both official and non-official, in support of the proposed reform. The Viceroy, Lord Dufferin, described the proposed reform as a 'counsel of perfection to which the Government were ready to subscribe.'

यह कांग्रेस का प्रस्ताव है। इस के बाद मैं अर्ज़ करना चाहता हूं और कोट करता हूं :

> "Two of the former Secretaries of State, Lord Kimberley and Lord Cross, admitted that the combination of functions was 'contrary to the right principle', and separation was necessary in the interest of good administration.'

इस के अलावा चेयरमैन साहिबा, मैं अर्ज करना चाहता हूं कि 1903 में कांग्रेस के अजलास में अपने प्रेजीडैंशल एड्रैस में श्री लाल मोहन घोश ने कहा :

'Nothing is more calculated to create discontent and disaffection than the belief that justice is not evenly and impartially administered. It is equally unquestionable that it cannot be impartially administered if the functions of prosecutor and judge are combined in the same person. The present combination of these two incompatible functions has been condemned by almost everyone whose opinion is worth anything.'

As early as 1893 Sir Richard Garth declared that the anomalous position of the district magistrate was 'liable to tempt him to use his influence and power for good many improper purposes'.

चेयरमैन साहिबा, मैं ने इंस्टांसिज़ कोट की हैं । 1886 में प्रेज़ीडैंट के अड्रेस में कांग्रेस ने सब से पहले डिमांड की थी । इस के बावजूद कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने पब्लिक के नुमाइंदों ने इस आगस्ट हाउस में जुडीशरी और एग्जैक्टिव को सैपेरेट करने के लिए अपना डिफैंस पेश किया । This defedce of theirs is not proper.

चेयरमैन साहिबा, एक सवाल के जवाब में सरकार ने बताया है कि पंजाब में 10 ज़िलों के अन्दर जुडीशरी सैपेरेट है मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में 7 स्टेटों में जुडीशरी एग्ज़ैक्टिव से सैपेरेट है । मुझे पता नहीं लगता कि यहां पर जुडीशरी को एग्ज़ैक्टिव से सैपरेट क्यों नहीं किया जा रहा है । पंजाब में आजकल एडमिनिस्टरेशन कैसी है इस के बारे में हर एक को पता है । यहां की हालत किसी से छुपी हुई नहीं है ।

चेयरमैन साहिबा, आज पंजाब में क्या हो रहा है । मैं इस के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं कि पंजाब से 16 केसिज़ दूसरी स्टेटों में तबदील किए गए । यह केस सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांस्फर किए हैं । उन केसिज़ का क्या हशर हुआ, यह बात इस सदन को अच्छी तरह से मालूम है । इस में ज्यादा डिटेल्ज़ में नहीं जाना चाहता हूं । चेयरमैन साहिबा, हमारे ज़िले में श्री हंस राज डिस्ट्रक्ट एन्ड सैशन जज थे । वह बहुत अच्छे आदमी थे । वहां पर श्री नत्था सिंह एस० एच० ओ० हुआ करते थे जो कि मर्डर्ज़ केसिज़ में पेश होते थे । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि श्री हंस राज बहुत अच्छे जज थे ।

Almost every case investigated by Shri Natha Singh led to acquittal in his Court.

चेयरमैन साहिबा, वह आलिम थे और वह अच्छा इन्साफ करते थे लेकिन यहां पर आजकल क्या हो रहा है । अब कोई आदमी सूप्रीम कोर्ट मे जाए । वहां पर एक लाइन लिखने की जरूरत है कि लार्डशिप पंजाब का मुख्य मन्त्री मेरे खिलाफ है । लार्डशिप उसी वक्त इजाज़त दे देता है कि केस ट्रांस्फर कर दिया जाए । चेयरमैन साहिबा, इन हालात के होते हुए मेरे काबिल दोस्त इस किस्म के आर्गूमैंट्स इस सदन में पेश करे कि पंजाब की एडमिनिस्ट्रेशन ठीक चल रही है और इस बिना पर जूडीशरी

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]

एग्जैक्टिव से सैपरेट नहीं होनी चाहिए । यह सुनकर बहुत मायूसी होती है । एक चीज़ उन की तरफ से डिमांड की गई है । हम उस का समर्थन करते हैं । लेकिन अब ऐसी बात हो गई है कि आपोज़ीशन की तरफ से जुडीशरी को सैपरेट करने के लिए मांग की जाती है तो उन की तरफ से माँग ठुकरायी जा रही है । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि यह कांग्रेस की डिसाइडिड पालिसी है । अगर आपोज़ीशन वाले कहते हैं कि इस वक्त दिन है तो यह जरूर कहेंगे कि अभी रात है । यह कभी ठीक बात नहीं करेंगे । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि यह जायज़ डिमांड है । अगर यह ठीक नहीं समझते तो हमें रीज़न से कनविंस कराएं । यहां पर इस बारे में अच्छे रीज़न नहीं दिए जाते हैं ।

The Government have admitted on the floor of the House that they intend separating judiciary from the executive, but they have not been able to do so simply because the Home Minister could not convene a meeting of the Deputy Commissioners. The principle has been accepted, but that is being opposed by an hon. Member, a very senior Member of the House.

चेयरमैन साहिबा, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस बारे में हमारे काबिल लीडर आफ दी आपोज़ीशन ने अपनी स्पीच में काफ़ी मिसालें कोट कीं ।

He had the privilege of being a Judge of the High Court and as such had a better experience of the working of judiciary both as a judge and a lawyer.

मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि वह बड़े आलिम हैं उन को इस बारे में काफी वाकफीयत है । उन्हों ने सदन में काफी मिसाले और अथारिटीज़ कोट की है ।

चेयरमैन साहिबा, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि ज़िला कपूरथला में जुडीशरी एग्जैक्टिव से अलैहदा है । फगवाड़ा ज़िला कपूरथला में है । वहां पर एक सब-जज ने आर्डर पास किए और उस के बाद डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट ने लिख दिया कि

"That the accused should not be produced for remand before the Judicial Magistrate, but before the S.D.O. (Civil)." This Sub-judge was transfered. The matter was referred to hon. Chief Justice, D. Falshaw. He asked who was the District Magistrate who passed this order, particularly when judiciary was separated there from the executive.

डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट को क्या हक हासिल है कि यह केस एस. डी. ओ. सिविल के पास पेश किया जाए ? मुझे यह बात मेरे काबिल दोस्त पंडित ओम प्रकाश अग्निहोत्री ने सुनाई थी ? It is a matter of principle.

चेयरमैन साहिबा, मैं किसी पर ज़ाती हमला नहीं कर रहा हूं । यह बात हमारी सरकार भी मानती है कि केसों में डीले होती है । हम इस के बारे में सदन में बार २ रिपीट करते हैं लेकिन delay defeats equity.

चेयरमैन साहिबा, हम बार बार सरकार के नोटिस में लाते हैं। रिपीट करते हैं, मांग करते हैं और इस के बारे में हकूमत मानती भी है। फिर इस का सरकार क्यों विरोध कर रही है? बहाने क्यों बनाए जा रहे हैं कि तजुर्बा किया जाएगा? मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस के बारे में तजुर्बे किए जा चुके हैं। हिन्दुस्तान की 7 स्टेट्स में जूडीशरी एग्ज़ैक्टिव से सैपेरेट हो चुकी है। ऐसी बातें यहां पर क्यों कही जा रही हैं? मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि लोगों को यहाँ पर इन्साफ नहीं मिलता और मजबूर हो कर सुप्रीम कोर्ट के दरवाज़े खटखटाने पड़ते हैं। मैं इन से पूछना चाहता हूं कि यहाँ के लोगों को इन्साफ प्राप्त करने के लिए कब तक दूसरी स्टेट्स में जाना पड़ेगा। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि हमारी हकूमत जुडीशरी को ऐग्ज़ैक्टिव से सैपेरेट नहीं करना चाहती। About this, a lot has been said and now less said the better.

Chairman : Kindly wind up.

पंडित चिरंजी लाल शर्मा: आज जिस ने डिमांड्ज़ पर डिस्कशन ओपन की है उस ने 50 मिनट लिए हैं।

Chairman : The hon. Member has taken 16 minutes.

पंडित चिरंजी लाल शर्मा: मैं ने अभी तक 11, 12 मिनट ही लिए हैं।

चेयरमैन: आप इस पर टाइम वेस्ट न करें। आप दो तीन मिनट में अपनी स्पीच वाइंड अप कीजिए। (The hon. Member may not waste his time. He should wind up his speech in two or three minutes.)

पंडित चिरंजी लाल शर्मा: चेयरमैन साहिबा, मैं अपने इलाके के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं। मैं सोनीपत के लोगों की तकलीफ सदन के सामने रखना चाहता हूं। होम मिनिस्टर साहिब इस वक्त यहाँ पर मौजूद हैं। मैं उन से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस तरफ खास ध्यान दें। सोनीपत के अन्दर कोर्ट्स 1 और डेढ़ मील के अन्दर फैली हुई है। वहाँ के लोगों की हमेशा माँग रही है कि कोर्ट्स को एक जगह पर इकट्ठा किया जाए। दो तीन बार उन कोर्ट्स को इकट्ठा करने के लिए ज़मीन भी एक्वायर हो चुकी है। नक्शे भी तैयार हो चुके हैं। लेकिन किसी ज़मीन पर किसी का इंट्रैस्ट होता है और दूसरी ज़मीन पर दूसरे का इंट्रैस्ट होता है। इस का नतीजा यह होता है कि स्कीमें बनी बनायी ही रह जाती हैं और वहां पर अभी तक बिल्डिंग तैयार नहीं हो सकी है। वहां के लोगों को एक कोर्ट से दूसरी कोर्ट में भागना पड़ता है। इस के साथ मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि वकीलों को एक कोर्ट से भाग कर दूसरी कोर्ट में जाना पड़ता है क्योंकि उन के

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]

केसिज डिफरैंट कोर्ट्स में लगे हुए होते हैं । उन को इतनी थकावट महसूस हो जाती है जितनी कि लोगों को जाखू की चढ़ायी चढ़ने से महसूस नहीं होती है । इस का नतीजा यह होता है कि लोगों के केसिज़ वक्त पर प्लीड नहीं किए जा सकते और इन हालात में केसिज़ सत्यानाश हो जाते हैं । सरकार बड़ी बड़ी योजनाएं बनाती है और उन को इम्पलीमैंट भी करती है । यह लोगों की जैनुयन डिमांड है । मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि सोनीपत के अन्दर जो कोर्ट्स स्कैटर्ड हैं उन को एक जगह पर कंसौलीडेट किया जाए ताकि लोगों की इनकंनवीनियेंस न हो ।

चेयरमैन साहिबा, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि आज जेल डिपार्टमैंट के कर्मचारियों की तंखाह के बारे में एडजर्नमैंट मोशन और काल एटैंशन मोशन्ज़ इस सदन में पेश हुईं । इस सिलसिले में मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि पुलिस और जेल डिपार्टमैंट के कर्मचारियों की तंखाहों में डिस्पैरिटी बर्ती जा रही है ।

I was given to understand that the jail employees were at par with the police staff.

हमारी सरकार ने पुलिस कमीशन की रिपोर्ट को पुलिस कर्मचारियों तक ही लागू करने का फैसला किया है और जेल डिपार्टमैंट के कर्मचारी जो कि पहले पुलिस एंप्लाईज़ के बराबर ट्रीट किए जाते रहे हैं उन को इग्नोर किया जा रहा है । कई बार जेल डिपाटमैंट के कर्मचारी हमारे पास अपने ग्रीवैंसिज़ शो करते हैं । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि उन की duties and responsibilities भी एक जैसी हैं । उन के साथ सौतीली मां जैसा सलूक नहीं किया जाना चाहिए । मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस ओर सरकार ध्यान दे और जेल डिपार्टमैंट के कर्मचारियों के ग्रीवैंसिज़ को दूर करने की कोशिश करे ।

चेयरमैन साहिबा, मैं पी. एस. आईज़. के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं । पी. एस. आइज़. ला ग्रैज्युएट होते हैं । सब इंस्पैक्टर के मुकाबले में इन की ज़िम्मेदारियां ज्यादा होती हैं । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि P. S. I. should be independent of the Police influence. उन की तंखाह 150 रुपए रखी है । वह ला ग्रैज्युएट होता है और उन्हों ने 16 साल कालिज में स्पैंड किए हैं और उस के बाद उस को 150 रुपए मिलते हैं । यह तंखाह उन की थोड़ी है । यह सरकार के लिए कोई शोभा देने वाली बात नहीं है । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि पी. एस. आइज़. पुलिस डिपार्टमैंट के अन्डर नहीं होने चाहिएं । उस के लिए एक अलैहदा डिपार्टमैंट होना चाहिए । वह लीगल रीमैम्बरैंसर के अधीन या किसी सैपरेट डायरैक्टर के अधीन होने चाहिए । In a sense they represent the prosecution. वह एक साइड को पेश करते हैं । लेकिन इन के ऊपर एस. पी. का डंडा होता है ।

अगर उन के ऊपर पुलिस का डंडा होगा तो वह डिस्पैंसेशन आफ जसटिस नहीं कर सकते इस लिए यह ज़रूरी है कि इन को पुलिस डिपार्टमैंट के अंडर नहीं रखना चाहिए । मैं इस ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि इस को शीघ्र ही एल. आर. के या इन के लिए कोई अलैहदा डिपार्टमैंट स्थापित कर देना चाहिए ताकि वह पुलिस के इन्फुलैंस में न आ सकें ।

चेयरमैन साहिबा, अदालतों में इन्साफ बिकता है । मैं यह नहीं कहता कि मैजिस्ट्रेट पैसे लेते हैं । मैं कहता हूं कि रोज़ाना यह होता है कि नाज़िर और अहलमद कहते हैं कि दो दस्ते कागिज़ ले आओ । उन से पूछो कि भई तुम्हारे पास कंटिन्जैंसी के पैसे होते हैं । तो वे कहते हैं कि हमें कंटिन्जैंसी से मिलता ही कुछ नहीं है । आप लेजिस्लेटर्ज़ हैं हकूमत तक हमारी बात पहुंचाइये । हमें स्टेशनरी नहीं मिलती, कागज़ नहीं मिलता, पैंनसिल नहीं मिलती, कलम दवात नहीं मिलती । तब तक किसी को ज़मानत ही तय नहीं होती जब तक कि दो चार रुपये ले न लिये जाएं । कभी रैडक्रास है, कभी एन० डी० एफ़० है और कभी कुछ और कभी कुछ । इस लिये मैं आप के द्वारा सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि जहां तक मुकदमात का ताल्लुक है, मोटेशन्ज़ का ताल्लुक है स्ट्रिक्ट आर्डर्ज़ जारी किये जाने चाहियें कि any Magistrate or Revenue Officer who encourages this practice will be severely dealt with. क्या यह कुरप्शन नहीं है ? रीडर कहते हैं कि क्या करें । मजबूरन मंगवाने पड़ते हैं ।

इस से आगे मैं बी० डी० ओज़० के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं जिस को डीवैल्पमैंट का महकमा कहते हैं । बीस बीस गांव का एक ब्लाक बना रखा है । इस को पंचायती राज कहा जाता है । वह कुछ नहीं करते, गांव में पार्टी बाज़ी पैदा करते हैं और सरपंचों को आपस में भिड़ाते हैं । यह लोग बैठे बातें घड़ते रहते हैं । यह सूबे के एक्सचैकर पर बहुत बड़ा बोझ है । यह तो अच्छा किया कि बी० डी० ओज़ से जीपें वापस ले ली गई हैं वरना रोज़ाना इन का कल्चरल प्रोग्राम चला करता था । जब डी० सी० का ओवर आल चार्ज है, डी०डी०पी०ओ० हैं तो फिर इन लोगों की क्या ज़रूरत है । इन को खत्म करना चाहिये । चूंकि समय थोड़ा है इस लिये मैं अपनी स्पीच को बंद करता हूं । शुक्रिया ।

12-00 noon

श्री सागर राम गुप्ता (भिवानी) : चेयरमैन साहिबा, वैसे तो वास्तव में मैं लेबर के नुमाइंदे के तौर पर इस हाउस का मेम्बर हूं । ज़यादा लेबर की डीमांड पर कहना चाहूंगा । फिलहाल पुलिस की और जेनरल एडमिनिस्ट्रेशन की डीमांड ज़ेरे बहस है और आपोज़ीशन के मैम्बरान ने बहुत कुछ कहा है । उन के जवाब में एक दो शब्द कहना चाहूंगा । जहां तक जैनरल एडमिनिस्ट्रेशन का ताल्लुक है यह तो मैं मानता हूं कि कहीं कहीं पर

[श्री सागर राम गुप्ता]

कुछ कमज़ोरियां ज़रूर होती हैं । बहरहाल हमारा सूबा दो करोड़ की आबादी का है इस लिये सरकार की लिमीटेशन्ज़ होती हैं और खास तौर पर उस वक्त जब कि आप जानते हैं कि आपोज़ीशन में कुछ ऐसे ग्रुफ हैं जो जान बूझ कर इस स्टेट में ऐजीटेशन्ज़ क्रिएट करवाते रहते हैं । इन हालात में अगर कहीं कहीं जैनरल एडमिनिस्ट्रेशन में कमी है तो मैं ज्यादा मुनासिब नहीं समझता कि आपोज़ीशन वाले नुक्ता चीनी करें । इस की बजाए मैं उन से कहूंगा कि ज़रा वे भी अपने ग्रेबां में मुंह डाल कर देखें और सरकार के साथ कोआप्रेट करने की कोशिश करें । इस सम्बन्ध में मैं एक मिसाल देना चाहता हूं आप जानते हैं कि जगाधरी हमारे सूबे का एक बहुत इम्पार्टेंट लेबर सैंटर है और वहां पर एक बहुत बड़ी पेपर मिल है । कुछ पिछले दिनों हमारे इसी हाउस की एक पार्टी ने जिस का नम्बर इस हाउस में कंस पिकुअसली बहुत कम है वहां के मज़दूरों के पीसफुल एटमसफियर को डिस्टर्ब करने की कोशिश की । हज़ारहा मज़दूर जो पिछले दस पन्द्रह साल से आई० एन० टी० यू० सी० को चाहते हैं उन को डीट्रेक्ट करने की कोशिश की गई और कई तरह के हथकंडे इस काम के लिये इस्तेमाल किये गए । मैं पंजाब के होम मिनिस्टर साहिब जो कि लेबर का पोर्टफोलियो होल्ड करते हैं मुबारकबाद देता हूं कि जिन की हिम्मत के साथ उन की कोशिशों को नकारा बना दिया गया ।

इस के इलावा ज्यूडीशियरी को एग्ज़ैक्टिव से अलहदा करने की बात कही गई । मैं इस बारे ज्यादा कहने की ज़रूरत नहीं महसूस करता । दूसरे मैम्बर साहिबान ने काफी कुछ कहा है । लेकिन एक बात कहना चाहता हूं कि—

The very fact that the Constitution has included in the directive principles that judiciary should be separated from the executive, it is not at all necessary to do it immediately.

डायरेक्टिव प्रिंसीपल्ज़ बहुत से कॉंस्टीच्यूशन में दिये गए हैं । मैं कहूँगा कि हमारी सरकार डायरेक्टिव प्रिंसीपल्ज़ को अचीव करने की पूरी पूरी कोशिश करे लेकिन साथ ही मैं आपोजीशन को यह सलाह दूंगा कि वे इस बात को न भुलाएं कि हमारी अज़ादी को आए अभी पन्द्रह सोल्ह साल ही हुए हैं । सरकार डायरेक्टिव प्रिंसीपल्ज़ को अचीव करने की कोशिश कर रही है । लेकिन जब तक हालात मुनासिब न हों जाएं उस वक्त तक यह नुक्ताचीनी करना कि डायरेक्टिव प्रिंसीपल्ज़ को अचीव क्यों नहीं किया गया, मुनासिब नहीं है । मेरा लेबर कोर्टस से काफी वास्ता पड़ता है । रोज़ाना मज़दूरों की नुमायंदगी करने के लिये हाज़िर होता हूं । मैं ने देखा है, आप यकीन मानिये कि लेबर कोर्ट्स एम्पलायर्ज़ के गैस्ट हाउस में जा कर अपनी कोर्ट होल्ड करती हैं । एम्पलायर्ज़ की होस्पिटैलिटी को एंटरटेन करती हैं । अभी मेरे नोटिस में आया कि एक लेबर कोर्ट के स्टेनो ने जो नोटस एक केस में गवाहान के लिये थे वह गुम कर दिए । ऐसी हालत में कहना कि कोर्ट्स पर एग्जेक्टिव का कोई कंट्रोल न रहे, यह देश की जनता के साथ पाप करने के बराबर होगा, बुराई होगी, अच्छाई न होगी । मैं इस बारे में ज़्यादा नहीं कहना चाहता कि उन का कैरेक्टर कैसा है लेकिन अभी हालात माफिक नहीं हुए ।

हमारा देश दो अढ़ाई सौ साल तक गुलाम रहा है अभी तक वही ज़हनियत चली आ रही है। वह आहिस्ता आहिस्ता ठीक होगी। अभी हालात ऐसे नहीं हुए कि फौरी तौर पर ज्यूडीशियरी को एग्जेक्टिव से अलग कर दिया जाए।

मैं लेबर, एग्रीकल्चर और फैमिन रीलीफ पर ही ज्यादा बोलना चाहता हूं। इस से पहले कि मैं कुछ सुजैशन्ज़ लेबर पालिसी के मुताल्लिक सरकार को दूं दो चार बातें ज़रूरी प्वायंट आउट करना चाहता हूं ताकि उन की तरफ वह ध्यान दे सके। पहली बात तो यह है कि जो स्टैटिस्टीकल एबस्ट्रेक्ट आफ पंजाब, 1963 दिया गया है इस के सफा 158 को आप देखेंगे तो इस में दिया है कि इनक्रीज़ इन फैक्टरीज़ कितनी हुई है और वर्कर्ज़ एम्पलायड कितने हुए। 1957 में कुल 2,285 फैक्टरीज़ रिजिस्टर्ड थीं लेकिन 1962 में उन का नम्बर 4405 हो गया। इस का मतलब यह हुआ कि रिजिस्टर्ड फैक्टरीज़ में 93 परसैंट इनक्रीज़ हुई है। लेकिन इस के बिलमुकाबिल वर्कर्ज़ की तादाद 1957 में 97,642 थी जो कि 1962 में 1,43,706 हो गई। गोया वर्कर्ज़ की तादाद में 47 परसेंट इनक्रीज़ हुई। हम कोशिश कर रहे हैं कि देश में एम्पलायमेंट ज्यादा से ज्यादा बढ़े इस के लिये इंडस्ट्रीयलाईज़ेशन को आगे ले जाना चाहते हैं। लेकिन जब तक इंडस्ट्रियलाईज़ेशन से लेबर एम्पलायमेंट को इनसैनटिव नहीं मिलेगा तब तक सही मकसद सरकार हासिल नहीं कर सकेगी। सरकार यह मानती है कि man is not for the machine but the machine is for the man. जहाँ फैक्टरीज़ की तादाद में 93, 94 परसेंट इज़ाफा हुआ है वहाँ वर्कर्ज़ की तादाद में कुल 47 परसेंट इज़ाफा हुआ है। क्या यह गलत होगा अगर मैं कहूं कि सरकार ऐसी फैक्टरीज़ लगा रही है जिस से कि लेबर इनसैंटिव नहीं मिलता जो कि ज्यादा एम्पलाएमैंट दिलाने वाली नहीं है स्टेट को इंडस्ट्रियलाईज़ करना है तो लाज़मी तौर पर हमें फैक्टरीज़ को बढ़ाना है। ठीक है। लेकिन इस के साथ साथ जिस बात की तरफ मैं आप के द्वारा गवर्नमैंट का ध्यान दिलाना चाहता हूं वह यह है कि इन्डस्ट्रियल पालिसी को इस ढंग से फ्रेम किया जाये जिस से हम ऐम्पलाएमैंट अपरचूनिटीज़ ज़यादा से ज़यादा प्रोवाईड कर सकें।

दूसरी बात जिस का मैं यहां पर वर्णन करना चाहता हूं वह एक बहुत इम्पार्टैंट बात है जिसकी तरफ फौरी तौर पर ध्यान देने की ज़रूरत है और वह यह है कि पंजाब के अन्दर वर्कर की जो एवरेज अर्निंग है वह घटी है, बढ़ी नहीं। यहाँ पर मैं फिर स्टैटिस्टीकल ऐब्स्ट्रैक्ट आफ पंजाब, 1963 के सफा 182 का हवाला देना चाहता हूं जिस में वर्कर्ज़ के वेजिज़ और अर्निन्ग्ज़ का वर्णन करते हुए अदादोशुमार दिए गए हैं। आप इस का मुलाहिज़ा फरमाएं तो मालूम होगा कि ऐग्रीकल्चरल इन्डस्ट्रीज़ के लिहाज से जहां सन् 1960 में एनुअल ऐवरेज अर्निन्ग 532 रुपये थी वहां सन् 1961 में यह घटकर 527 हो गई। फूड इन्डस्ट्रीज़ में जहां 1960 में यह 810 रुपये थी वहां 1961 में घटकर 619 तक चली गई.....अन्दाज़ा लगाइए कि इस में किस कदर कमी

[श्री सागर राम गुप्ता]

हुई है । लैदर इन्डस्ट्री में एक वर्कर की ऐनुअल ऐवरेज अर्निंग जहां सन् 1960 में 1993 रुपये थी वहाँ बजाए बढ़ने के यह 1961 में 1961 हो गई । इसी तरह वुड एंड कार्क इन्डस्टरी में आमदन 1960 में 1635 थी जो 1961 में कम होते होते 939 तक पहुंच गई । तो आप अन्दाज़ा लगाएं कि वर्करज़ की ऐनुअल ऐवरेज अर्निंग किस कदर डाऊन गई है । इसी तरह से दूसरी इन्डस्टरी में भी हुआ जब इस के मुकाबिले में, यह मेरे अपने कहने की बात नहीं, प्राईस इंडैक्स भी बहुत बड़ा है । जिस बात पर मैं जोर देना चाहता हूं वह यह है कि जब ऐवरेज अर्निंग कम होती जा रही है तो उस के मुकाबिले में, प्राईस इंडैक्स बढ़ता जा रहा है । तो सरकार को, मैं समझता हूं, इस तरफ जरूर ध्यान देना चाहिये कि कैसे वर्करज़ की अर्निंग को बढाया जा सके । मैं मानता हूं कि सरकार ने अब तक पंजाब में 21 इन्डस्टरीज़ में मिनिमम वेजिज़ लागू कर दिए हुए हैं लेकिन जब मैं उन मिनिमम वेजिज़ को, जो सरकार ने ऐडवाइज़री कमेटीज़ की सिफारिशात पर लागू किए है, देखता हूं तो मैं खास तौर पर महसूस करता हूं कि जो मिनिमम वेजिज़ फिकस किए जा रहे हैं वह आज के हालात को देखते हुए बहुत कम फिक्स किए जा रहे हैं । आप देखेंगी, चेयरमैन साहिबा, कि किसी इन्डस्ट्री में 65 रुपये मिनिमम वेज है, किसी में 60 रुपए और किसी में इस से कुछ ज्यादा और अगर ज्यादा से ज्यादा हद करके किसी इन्डस्टरी में मिनिमम वेजिज़ फिक्स किए हैं तो वह 75 रुपये माहवार हैं । लेकिन आज अगर मिनिमम वेज की सोल्हवीं इंडियन लेबर कान्फ्रैंस ने जो एक फैमिली की मिनिमम रिक्वायरमैंट्स को देखते हुए जो नार्म तय किया है, उसके साथ मुकाबिला किया जाए तो वह बिल्कुल नैगलिजिबल है । इस सोल्हवीं इंडियन लेबर कान्फैन्स ने जो नार्म ले डाऊन किया है वह 125 रुपए है यानी 125 रुपये से कम में गुज़ारा हो ही नहीं सकता । यहां पर मैं एक और बात का भी ज़िक्र करना जरूरी समझता हूं । मैं नहीं कहता बल्कि हाईएस्ट कोर्ट आफ दी लैंड ने यह कहा है :

"The industry which cannot pay even the minimum wage to its workers has no right to exist on this land."

जिस इंडस्टरी में वर्करज को इस नार्म से भी कम मिनिमम वेज मिले उस सिलसिले में अगर मैं यह कह दूं तो बेजा न होगा कि अगर हालात इसी तरह से चलते रहे तो हमारे देश के अन्दर टी०बी० और इसी तरह की कई एक और बीमारियाँ ज्यादा बढ जाऐंगी जो मज़दूरों के बीवी बच्चों की जानें जल्दी ले लें । इस लिए मैं चाहूंगा कि इस तरफ फौरी तौर पर ध्यान दिया जाए। जब हम देश में प्लैनिंग करना चाहते हैं, डिवैल्पमैंट करना चाहते हैं तो मैं पूछता हूं कि यह प्लैनिंग और डिवैल्पमैंट हम किस के लिए करते हैं ? उन दो करोड़ लोगों के लिए जो कि हमारे सूबे में बसते हैं । अगर यह दो करोड़ लोग भूखे रहें, नंगे रहें, इन के बच्चों को तिब्बी मदद न मिले, खाने को रोटी न मिले, पहनने को कपड़ा न मिले तो हमारी सारी प्लैनिंग और डिवैल्पमैंट राएगां हो सकती है । हम देखते हैं कि इस वक्त भी हमारे देश में एमरजैंसी चल रही है हम चाहते हैं कि देश में प्रोडक्शन बढ़े, हम चाहते हैं

कि वर्करज़ ज्यादा हैल्दी हों, हम चाहते हैं कि उन में ऐफीशैंसी बढ़े । जब हम यह सब कुछ चाहते हैं तो सरकार का पहला फर्ज़ बन जाता है कि वह इस बात को एन्श्योर करे कि हर एक को मुनासिब वेज मिले, हरेक को मुनासिब पैसे मिलें........ चाहे वह सरकार के अपने मुलाज़िम हों और चाहे वह दूसरी इन्डस्टरीज़ में काम करते हों । उसका फर्ज़ है कि सब को मुनासिव पैसे दिलवाए जिस से उन का गुज़ारा आसानी से हो सके।

जहाँ तक सरकार की जनरल लेबर पालिसी का ताल्लुक है, मैं समझता हूं कि मौजूदा हालात में वह सैटिस्फैक्टरली वर्क कर रही है। अगर इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स की तरफ देखा जाए तो इस पर ज्यादा कुछ तो नहीं कहना चाहता लेकिन एक बात जरूर कहूंगा कि सरकार को इस बात की अब जरूरत नहीं होनी चाहिये कि वह मज़दूरों के हित में और ज्यादा कानून बनाए क्योंकि कानून तो आगे ही बहुत काफी बने हुए हैं । पार्लियामैंट ने भी बनाए हुए हैं और स्टेट असम्बली ने भी पास किए हुए हैं । लेकिन मैं इस मौके पर लेबर मनिस्टर साहिब से पुरज़ोर यह दरखासत जरूर करूंगा कि वह इस सम्बन्ध में एक हाई पावर्ड कमेटी कान्स्टीच्यूट करें जो लेबर लाज़ को देखे, इन की इम्प्लीमैंनटेशन को देखे । इस वक्त देखने में आया है कि लेबर लाज़ की प्रापर एनफोर्समैंट नहीं हो रही, उन की ठीक तौर पर इम्प्लीमैंटेशन नहीं हो रही..... एवार्डस और सैटलमैंट्स के सिलसिले में ठीक प्रकार से उन को लागू नहीं किया जा रहा सरकार की यह कोशिश होती है कि इन्डस्ट्रियल वर्करज़ और मालिकान के झगड़ों को, जहां तक हो सके, नैगोशिएशंज़ से सुलझाना चाहिये । यह एक बहुत अच्छी बात है । नैगोशीएशंज़ से अगर नहीं सुलझते तो मीडीएशन से सुलझाया जाए । यह भी निहायत अच्छी बात है । उस से भी अगर झगड़ा न सुलझ पाए तो आर्बिटरेशन में जाए और आखिर में ही ऐडजूडीकेशन का सिलसिला शुरू हो । लेकिन अगर देखा जाए तो मालूम होता है कि मुश्किल से दो परसैंट ऐसे डिस्प्यूट्स हैं जो कि नैगोशीएशन लैवल पर सैटल हुए, मुश्किल से दस बारह परसैंट ऐसे डिस्प्यूट्स होंगे जो कन्सीलीएशन लैवल पर सैटल हुए या होते हैं । आर्बिटरेशन को तो सचमुच पंजाब के अन्दर कोई ऐम्पलायर मानता ही नहीं है हालांकि लेबर की तरफ से साफ तौर पर यह आफर दी जाती है कि बेशक आप अपने ही किसी भाई को आर्बिटरेटर मुकर्रर कर लें, चैम्बर आफ कामर्स के किसी मेम्बर को या किसी दूसरी फैक्टरी के मैनेजर को आर्बिटरेटर मुकर्रर कर लें लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि मालिकान इस बात को तस्लीम ही नहीं करते । लेबर्ज़ के जो ऐम्पलायर्ज़ है वह आर्बिटरेशन को नहीं मानते। जरूरत है कि लेबर के साथ मालिकान का टरीटमैंट ठीक तरह से एन्श्योर करने के लिए.. .सज़ा तो नहीं कहूंगा....उन पर सरकार मुनासब लिमिटेशंज़ ज़रूर लगाए। आखिर सरकार उन को सैकड़ों किस्म का कोटा देती है, बिजली देती है और कई तरह से मदद करती है । इसलिए मैं पुरज़ोर दरखास्त करूंगा कि सरकार ऐम्पलायर्ज़ पर इस तरह से कुछ पाबन्दियां जरूर लगाए जिस से उन के लेबर के साथ जो झगड़े

[श्री सागर राम गुप्ता]

होते हैं, डिस्प्यूट्स होते हैं वह आर्बिटरेशन तक ही तह हो जाएं और ऐडजूडीकेशन में न जाना पड़े । मैं समझता हूं कि सरकार के इंडस्टरीज़ डिपार्टमैंट और लेबर डिपार्टमैंट में इस बारे में ज़यादा से ज़यादा कोआर्डीनेशन होनी चाहिए । मैं मानता हूं कि ऐडजूडीकेशन में डिस्प्यूट्स हल हो जाते हैं, ज़यादा तादाद में हल हो जाते हैं लेकिन आई. ऐन. टी. यू. सी. या आम मज़दूर इस ऐडजूडीकेशन को पसन्द नहीं करते । वह क्यों ? वह इस लिए कि ऐडजूडीकेशन में बहुत ज़यादा टाईम लग जाता है । खास तौर पर लेबर को बहुत ट्रबल होती है । उसको निहायत परेशानी का सामना करना पड़ता है । साल साल, दो दो साल लग जाते हैं । केस पहिले लेबर ट्रिब्यूनल में जाता है । वहां से हाई कोर्ट में और हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में । इस तरह से उन की जान ही निकल जाती है । गरीब बेचारे की तो जान ही निकल जाती है और फिर नतीजा क्या होता है ? मज़दूर हार गया तो मालिक तालियां बजाता है, मज़दूरों को और दबाने की कोशिश करता है और अगर मालिक हार गया तो फिर मालिक यह सोचता है कि अब की दफा वह चोट मारूंगा कि ठहर न सके । मैं समझता हूं कि आर्बिटरेशन बिल्कुल नुमायां तरीका है इंडस्ट्रियल रीलेशंज़ में मज़दूरों को राहत दिलाने का । मेरी कंसिडर्ड ओपीनियन ही नहीं बल्कि आबज़रवेशन है कि मालिकान आम तौर पर आर्बिटरेशन को नहीं मानते । मैं तजवीज़ करूंगा कि सरकार इस सम्बन्ध में कोई मज़बूत पालिसी बनाए कि जो मालिक आर्बिटरेशन को तस्लीम नहीं करता....इंडस्ट्रियल रीलेशंज़ को कायम रखने के लिए आर्बिटरेशन को नहीं मानता उसके खिलाफ कोई न कोई ऐक्शन लिया जाए ।

जहां तक लेबर लाज़ के मुताबिक मिनिमम वेजिज़ की एनफोर्समैंट का ताल्लुक है, बड़े दुख से कहना पड़ता है कि प्राइवेट एंटरप्राईज़ तो एक तरफ, मिनिमम वेजिज़ की सैटलमैंट में ज़यादा उलंघना हमारी पब्लिक एंटरप्राईज़िज़ करती है । आप जानती हैं कि आज हमारी सरकार मिक्स्ड इकानोमी के असूल पर चल रही है । बहुत सी पब्लिक ऐंटरप्राज़िज़ जारी की गई हैं । लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि वहां पर मज़दूरों को और भी ज़यादा दबाया जाता है । हज़ार हज़ार, दो दो हज़ार रुपया माहवार पाने वाले अफसर जहां तक लेबर लाज़ का सम्बन्ध है, कानून को समझते ही नहीं । पिछले रोज भी यहां पर ज़िक्र किया गया था कि यहां पर पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ में, कैपीटल प्राजैक्ट ऐडमिनिस्ट्रेशन में मिनिमम वेजिज़ मुकर्रर हुए हुए चार साल हो गए हैं । मई सन् 1960 में मिनिमम वेजिज़ लागू होने थे लेकिन आज मई सन् 1964 आने वाला है लेकिन कैपीटल प्राजैक्ट ऐडमिनिस्ट्रेशन में मिनिमम वेजिज़ अभी तक एम्पलाईज़ को देने स्वीकार नहीं किए । कई मीटिंग्ज़ हो चुकी हैं । आखिर हार कर यह फैसला करना पड़ा है कि कैपीटल ऐडमिनिस्ट्रेशन को सैक्शन 80 का नोटिस दिया जाए । या तो वह मिनिमम वेजिज़ लागू कर दें नहीं तो मजबूर हो कर सिवल कोर्ट में जाना पड़ेगा । जहां तक इस बात का ताल्लुक है कि कानून में कछ कमी है इस बारे में मैं ने पहले भी कहा है कि ज़यादा कानून नहीं बनाए जाने

चाहिएं लेकिन जितने पहले बने हुए हैं उन की स्ट्रिक्ट इम्पलीमेंटेशन और एनफोर्समेंट होनी चाहिए (घंटी की आवाज़) चेयरमैन साहिबा, मुझे पांच दस मिनिट और दीजिए क्यों कि आप ने देखा है कि केवल मैं ही मैम्बर हूं जो लेबर के मुताल्लिक कह रहा हूं । मैं ने अभी कुछ ज़रूरी बातें कहनी है ।

Chairman : Please wind up now.

श्री सागर राम गुप्ता : मैं जल्दी कह लूंगा । मैं यह अर्ज़ करने लगा था कि लेबर के मुताल्लिक कुछ कानून बनाने का फैसला किया गया था लेकिन वह अभी तक बनाए नहीं गए । वे जल्दी बनाए जाएं खास तौर पर वह कानून जिस से मज़दूरों की छुट्टियों को स्टेंडर्डाइज़ करने का ख्याल है । सरकार को मालूम है कि जहां छुट्टी नहीं दी जाती वहीं मज़दूरों के झगड़े खड़े हो जाते हैं । यह एक मुनासिब सी बात है कि हालीडेज़ और लीवज़ को स्टेंडर्डाइज़ कर दिया जाए ।

इस के अलावा एक और निहायत ज़रूरी बात है कि मालिक मज़दूरों को निकाल देते हैं लेकिन उन्हें कोई रिलीफ नहीं दिया जाता । और जब तक सबस्टांशल गिनती में मज़दूर न निकाले जाएं और किसी अकेले मज़दूर को निकाल दिया जाए तो वह रिलीफ कलेम नहीं कर सकता । इस लिए ऐसा कानून जल्दी बना देना चाहिए जिस के तहत वह रिलीफ क्लेम कर सके ।

एक बात मैं इंडस्ट्रियल बोनस के बारे में कहना चाहता हूं । हम देखते हैं कि हर साल मज़दूर मालिकों से बोनस की मांग करते हैं और हर साल मालिक बोनस देने से इनकार करते हैं और हर साल इस तरह के डिस्पयूट्स खड़े हो जाते है और फिर कई दफा तो यह झगड़े बढ़ जाते हैं । इन चीज़ों को देखते हुए सैंट्रल गवर्नमैंट ने एक बोनस कमिशन मुकर्रर किया हुआ है और उस कमिशन ने अपनी रिपोर्ट भी दे दी हुई है और मुझे पता चला है कि सैंट्रल गवर्नमैंट ने उस रिपोर्ट पर स्टेट गवर्नमैंट की राय मांगी है । इस लिए मैं सरकार से अर्ज़ करता हूं कि वह जल्द से जल्द उस रिपोर्ट को एपरूव कर के सेंट्रल गवर्नमैंट को वापस भेज दे ।

अब मैं ने एग्रीकलचर के बारे में एक अर्ज़ करनी है । जिस दिन वह डिमाण्ड टेक अप हुई थी मैं ने एक कट मोशन भी दे रखी थी लेकिन मुझे टाइम नहीं दिया गया था । मैं ने इस बारे में सिर्फ अपनी भिवानी तहसील के बारे में ज़िक्र करना है । पेशतर इस के कि मैं उस बारे में कुछ अर्ज़ करूं मैं समझता हूं कि यह बड़ी अच्छी बात है कि जो गवर्नमैंट ने यह फैसला किया है कि एग्रीकलचरल प्रोडक्शन को डबल करना है । मेरी भिवानी तहसील में जहां कि इस वक्त कहत पड़ा हुआ है वहां अभी 6 लाख 20 हज़ार एकड़ टोटल एरिया ऐसा पड़ा है जिस में अभी तक पानी नहीं लगा क्योंकि वहां सिंचाई के साधन नहीं है । इस तरह से बहुत सारी लैण्ड फैलो पड़ी रहती हैं । उस तहसील में 208 गांव सारे है जिन में से सिर्फ 30 गांव को पानी मिला है और वह भी थोड़ा मिला है । पूरा पानी नहीं मिलता । जहां तक मुझे पता चला है वहां की डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने भी गवर्नमैंट को लिखा है कि वहां पर सौयल कानज़र्वेशन आप्रेशन्ज़ जारी किए जाने चाहिएँ । वहां पर बड़े २ टीले हैं जिन पर पानी जाने का सवाल ही पैदा नहीं हो सकता फिर गर्मियों के दिनों में जब

[श्री सागर राम गुप्ता]

वहां धुआंधार आंधियां चलती हैं तो वह एक जगह से उन टीलों को उड़ा कर दूसरी जगह पर लगा देती हैं इस तरह से जो सौयल पहले काबले काश्त होती है उस को भी बहुत नुकसान पहुंचता है और जो ज़मीन उन टीलों के नीचे दब जाती हैं वह नाकारा हो जाती है। इस लिए मैं सरकार से अर्ज़ करूंगा कि वहां पर फोरी तौर पर सौयल कंनज़र्वेशन आप्रेशन्ज़ जारी कर देने चाहिएं।

गवर्नर साहब ने अपने एड्रेस में ज़िक्र किया है कि वहां लिफ्ट केनाल बना दी जाएगी। मैं कहता हूं वह भी ठीक है लेकिन उस में वक्त लगेगा इस लिए अभी वहां पर सौयल कनज़र्वेशन आप्रेशन्ज़ जल्दी शुरू कर देने चाहिएं। इस से एक तो वहां पर एग्रीकल्चरल प्रोडक्शन भी बढ़ेगी और दूसरा कहत ज़दा लोगों को रिलीफ भी मिल जाएगा। इस के अलावा मैं सरकार का ध्यान उस इलाके में वाटर कंनज़र्वेशन की अहमीयत की तरफ भी दिलाना चाहता हूं। वहां क्योंकि पानी की बहुत कमी रहती है तो जब वहां बारिश होती है तो वहां जो टैंकस और कुण्ड होते हैं उन में पानी स्टोर करने के लिए पूरा इंतज़ाम होना चाहिए। इसी तरह से वहां नालों में पानी ठीक तरह से रखने के लिए सरकार को जल्दी इंतज़ाम करना चाहिए।

जहां तक फेमिन रिलीफ का ताल्लुक है सरकार इस बारे में पूरी कोशिश कर रही है लेकिन जितना फेमिन रिलीफ दिया जाना चाहिए उतना नहीं दिया जा रहा, और वहां के हालात को मदे नज़र रखते हुए यह कहा जा सकता है कि वहां उतना रिलीफ वर्क हो नहीं रहा। वहां तीन चार साल से लगातार बारिश न होने की वजह से कोई फसल नहीं हो सकी, और इस साल भी फसल मारी गई है। सरकार ने कुछ पैसा रोडज़ के लिए वहां रिलीफ वर्क के लिए दिया है जो कि एक महीने के काम के बाद खत्म हो गया है। वहां कहतज़दा लोगों को इस से एक महीना तक तो रोज़गार मिल गया था लेकिन अब वे फिर बेकार हो गए हैं। और उन के खेतों में तो अब मई के महीने से काम शुरू होगा। इस लिए वे उस वक्त तक बेकार बैठे रहेंगे। इस लिए वहां पर फोरी तौर पर और कुछ रिलीफ देने का कोई तरीका निकाला जाए। इस से एक तो लोगों को रिलीफ मिलेगा और दूसरा वहां पर कुछ डिवेल्पमैंट का काम हो जाएगा।

एक बात और है जो मैं लेबर मिनिस्टर साहिब के नोटिस में लाना चाहता हूं और वह यह है कि हमारी सरकार की यह पालिसी है कि जिस जगह पर 300 या इस से ज़्यादा मज़दूर काम करते हों तो वहां कंज़्यूमर स्टोर्ज़ खोले जाएं लेकिन यह देखने की बात है कि जहां तक मुझे मालूम है हमारी स्टेट में कहीं भी कंज़्यूमर स्टोर काम नहीं कर रहा है हां यह बात अलग है कि नाम मात्र में तो खोले हुए हैं। जब कभी वहां लेबर कमिश्नर या कोई दूसरा अफसर चला जाता है तो वह कहीं पर साबन शाबन और तेल वगैरह कई खानों में उसे दिखा देते हैं कि स्टोर खोल रखा हुआ है और जब वह चला जाता है तो उस पर ताला लगा दिया जाता है। ऐसे स्टोरज़ से मज़दूरों को क्या फायदा पहुंच सकता है। आजकल इस महंगाई के ज़माने में मज़दूरों को सस्ती चीजें मिलनी चाहिएं। जहां मज़दूरों के लिए कंज़्युमर स्टोर खोलने ज़रूरी हैं वहां अमली तौर पर काम कराना भी ज़रूरी है।

चौधरी राम प्रकाश (मुलाना, एस० सी०) : चेयरमैन साहिबा, यह बात तो आप भी और देश के सब आदमी जानते हैं कि पंजाब की जनरल एडमिनिस्ट्रेशन तमाम देश के सूबों की एडमिनिस्ट्रेशन से अच्छी है और इस के लिए मैं मुख्य मंत्री साहिब को और होम मिनिस्टर साहिब को मुबारिकबाद देता हूं । चेयरमैन साहिबा, सरकार की तरफ से इंतहाई कोशिश की जाती है कि हरेक मज़लूम को इनसाफ मिले । इस के लिए सरकार की नीयत पर शक नहीं किया जा सकता । लेकिन यहां सरकार पर इस बारे में बड़े हमले होते हैं आपोज़ीशन की तरफ से । मुझे इस बात पर बड़ा अफसोस है यहां पर जो बातें होती हैं उन में ज़यादा तर ज़ाती हमले ही होते हैं और मेम्बर साहिबान अपनी अपनी कानस्टीचूएंसी का जिक्र कम करते हैं जहां से वे इलेक्ट हो कर आते हैं । मैं उन आदमियों में से हूं जो तामीरी कामों में विश्वास रखते हैं और गालियाँ वालियां या कीचड़ उछालने में विश्वास नहीं रखते । हम जिस मकसद से यहां इलेक्ट हो कर आते हैं वह यह है कि हमारी कानस्टीचूएंसी की जो डिवेल्पमेंट के लिए और तरक्की के लिए जो लोगों की डिमांडज़ हैं वह हम गवर्नमेंट के सामने पेश करें और गालियाँ देने या ज़ाती बातें करने के लिए नहीं आते । यह ठीक है कि हम सब धर्मात्मा नहीं हैं हम सब में कमज़ोरियाँ हो सकती हैं क्योंकि कोई इनसान इस दुनियाँ में ऐसा नहीं जिस के अन्दर कोई न कोई कमज़ोरी न हो लेकिन मेम्बर साहिबान को यहां एक ऐसा माहौल पैदा करना चाहिए जिस में हम जातियात में न पड़ कर अपनी कानस्टीचूएंसी की डिमांडज़ पेश कर सकें ।

चेयरमैन साहिबा, हमारे सूबे की 87 फीसदी देहात में बसती है और उन में से कमाबेश आदमियों का गुज़ारा जरायत पर है या खेतीबाड़ी पर है। तो उस में ज़यादा तादाद हरिजनों की है । सरकार ने सिक्योरिटी आफ टैन्योर्ज़ ऐक्ट बनाया। सरकार का मकसद यह था कि जो टैनेंट जमीन पर काश्त करते हैं उन की हिफाजत की जाए मगर अफसोस इस बात का है कि उन में से बहुत थोड़े लोगों को फायदा हुआ है । मैं यह बात पूरे वसूक के साथ कह सकता हूं कि इस ऐक्ट से न तो मुजारों को ही फायदा हुआ है और न ही ज़मींदारों को । दोनों ही रोते हैं । खैर इस बात को छोड़िये । सरकार के पास कुछ अपनी और कुछ कस्टोडियन की ज़मीन थी। जब यह यहाँ पर सोशलिस्ट नज़ाम कायम करना चाहते है तो इन का फर्ज़ बनता है कि सब के लिए रोटी, कपड़ा और मकान का इन्तज़ाम करें । जब सरकार ने कस्टोडियन वाली जमीन सैंट्रल सरकार से ली थी तो चाहिये था कि यह उसे उन लोगों को दी जाती , जिन के पास जमीन नहीं थी ताकि उन को अपने गुज़र का ज़रिया मिल जाता । मगर अफसोस है कि सरकार ने यह भी नहीं किया । सरदार अजमेर सिंह के नोटिस में हम बाराहा यह बात लाए कि जब आप के पास जमीन है तो छोड़ो टैन्युर ऐक्ट वगैरह को इसे उन हरिजनों या लैंडलैस टेनैंटस को दे दो जिन के पास ज़मीन नहीं है । मगर इन्होंने शर्त रखी कि जो मुजारा सन 1960 से उस पर काबज हो वह खरीद सकता है । चेयरमैन साहिबा, आप को भी पता

[चौधरी राम प्रकाश]

होगा कि 1960 से बहुत से मुजारे जमीन पर काबज थे, लैसी भी रहे मगर पटवारियों ने दुशमनी और दीगर वजुहात की वजह से गिरदावरियों में गलत इन्दराज कर दिये। मैं एक मिसाल पेश करता हूं। तहसील जगाधरी में एक गाँव नैनेवाल में कुछ ज़मीन फारेस्ट डिपार्टमेंट की कुछ लोगों के पास थी और वह वहाँ पर 1954 से लैसी हैं। मगर पटवारियों ने गलत इन्दराज कर दिया। बाप की ज़मीन बेटे के नाम और बेटे की जमीन बाप के नाम लिख दी नतीजा यह हुआ कि जितनी ज़मीन पर उन का कबज़ा था उस में से आधी जमीन खड़ी फसल समेत नीलाम कर दी गई। कितना ज़ुल्म है। यह एक टैस्ट केस है कि किस तरह से पटवारी गरीबों पर जुल्म करते हैं। यह कैसे उन को तबाह करते हैं, जिबह करते हैं। मैं फलाइंग स्कवैड के तहसीलदार को साथ लेकर मौके पर गया। सारी ऐवीडैंस उन के सामने रखी और यह बात साबत हो गई कि उन के सिवाए कोई और मुजारा नहीं, लैसी नहीं। वही लोग वहाँ पर 1954 से लेकर आज तक बैठे हैं कि वह ज़मीन उन के पास रहेगी। उन के वहाँ पर मकान हैं, बैल वगैरह सब कुछ है। गाँव वालों ने, पंचायत ने गवाही दी कि यही 1954 से वहाँ पर आबाद हैं अब रिपोर्ट सरकार के पास पहुंची है देखें क्या बनता है। तो मैं समझता हूं कि अगर पटवारी इमानदारी से काम करें तो पंजाब के 50 फीसदी झगड़े खत्म हो सकते हैं। अगर ऐसा कुछ इन्तजाम सरकार रूल्ज़ वगैरह बना कर कर सके तो बड़ा अच्छा हो।

दूसरी बात मुरब्बाबन्दी की है। जब हमारे मुख्य मन्त्री हमारे सूबे के डिवैल्पमेंट मिनिस्टर थे उस वक्त मुरबाबन्दी और ऐक्सटैंशन आफ आबादी के मुताल्लिक वाड़ाजात और प्लाटस के मुताल्लिक हिदायात जारी हुई थी कि जहाँ मुरबाबन्दी हो वहाँ पर हरिजनों के लिए बाड़ाजात और आबादी की ऐक्सटैंशन के लिए जगह दी जाए। आप जानते हैं कि देश की आबादी बढ़ रही है और साथ ही साथ हरिजनों की आबादी भी बढ़ रही है। उन के लिये और जयादा जमीन भी चाहिये। अब अगर उन के लिये ज़मीन निकाली जा सकती है तो वह मुरबाबन्दी के वक्त ही निकाली जा सकती है। आप जानती हैं कि कई गाँव में कुछ पुराने ख्यालात के ज़मींदार होते हैं जो यह बरदाश्त नहीं कर सकते कि हरिजन किसी तरह से अपनी हालत सुधार सकें। वह यह देख कर कि हरिजन हमारे बराबर आ रहे हैं उन के दुशमन बन गए हैं। मुझे इस बात का तजरूबा है। मेरे इलाके में कई गांवों में मुरबाबन्दी हो रही है। अफसरान वहाँ जाते है और वहाँ के जमींदारों को कहते हैं कि देखो भाई अगर तुम हरिजनों को वाड़े देना चाहो तो दो वरना मत दो। आप की मर्जी पर मुनहसर है। तो वह जमींदार सोचते हैं कि अगर यह बात हम ने ही करनी है तो हम इन को बिना पैसे के बाड़े क्यों दें। ठीक ही बिना मुआवज़े के कुछ नहीं मिल सकता। अगर आप उन को प्लाट वगैरह दिलाना चाहते हैं तो इस के लिये अफसरों को ठीक हिदायत दें। फिर कुछ शर्तें रखी हैं।

कैसे अपने हाथ में लेगी। मैं पहले भी कह चुका हूं कि सरकार नहीं कर सकती। इस लिए मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि प्राइवेट स्कूलों में सुधार करने की तरफ ध्यान दे। स्पीकर साहिब, आप भी पठानकोट गए होंगे और हमारे होम मिनिस्टर साहिब उसी ज़िले के रहने वाले हैं। उन को वहां के हालात का पूरा पता है। वहां पर 80 हज़ार की आबादी है। लेकिन वहां पर हायर स्कूल नहीं है। (घंटी) मुझे इस सैशन में वक्त नहीं मिला है। आप की कृपा से वक्त मिला है और मैं अपनी स्पीच चार पांच मिनट में खतम कर दूंगा।

स्पीकर साहिब, मैं डिस्पैंसरियों के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं। वह इलाका हिल्ली है। वहां पर आयुर्वैदिक डिस्पैंसरी खोली गई है। वहां पर दवाइयां नहीं हैं। लोगों को बहुत तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। (विघ्न) वहां पर बहुत बुरी दशा है। पठानकोट की लगभग 80 हज़ार आबादी है लेकिन अभी तक वहां पर कोई हस्पताल नहीं है। मुझे पता चला है कि सरकार वहां पर हस्पताल बना रही है। उस के लिए सरकार शीघ्र इमारत तैयार करे ताकि वहां पर हस्पताल बने और लोग उस से लाभ उठा सकें। (घंटी)

स्पीकर साहिब, हमारा इलाका पहाड़ी है। वहां पर सड़कें बहुत कम हैं। वहां पर कुछ सड़कें मन्ज़ूर भी हुई थीं लेकिन एमर्जेंसी के कारण फंड न होने के कारण बन्द हो गई थीं। इस लिए अब मैं सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि छोटी छोटी रोड्ज़, लिंक रोड्ज़ बनाई जाएं ताकि लोगों को आने जाने की सहूलतें मिल सकें।

स्पीकर साहिब, पशु पालन के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं। सरकार इस ओर बहुत ध्यान दे रही है। यह खुशी की बात है। सरकार ने दूध के प्लांट भी लगाए हैं। यह बड़ी खुशी की बात है। लेकिन इस के विपरीत जितना सरकार अंडों की तरफ ध्यान दे रही है वह अच्छी बात नहीं है। सरकार को कभी अंडे महंगे होने के कारण और कभी सस्ते होने के कारण सोचना पड़ता है अगर सरकार इस स्कीम को छोड़ दे तो अच्छा होगा। अंडे कभी डायरी में बिकते हैं। लेकिन दूध की तो हर जगह जरूरत है। अगर इस तरफ ध्यान दें तो लोगों को भी लाभ हो सके। सरकार को गाएं की देखभाल करनी चाहिए ताकि लोगों को दूध मिल सके। इस तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिए। (घंटी) स्पीकर साहिब मैं दो मिनट में ही अपनी स्पीच खत्म कर दूंगा।

स्पीकर साहिब मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि पठानकोट की आबादी 80 हज़ार के लगभग है। वहां पर कोई इंडस्ट्री नहीं है। वहां पर इंडस्ट्रीयल एस्टेट बनायी जाए। वहां पर एक टैक्नीकल इंस्टीच्यूट है। वह बड़ी खुशी की बात है। मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि वहां पर इंडस्ट्री लगायी जाए। स्पीकर साहिब आप दो बार वहां पर गए हैं। आप को पता है कि वह शहर बहुत अच्छा है।

वह बड़ा शहर है लेकिन वहां पर इंडस्ट्रियल एस्टेट नहीं है। मैं एक बात आप के द्वारा सरकार से कह कर अपना भाषण समाप्त कर दूंगा। उस पहाड़ी एरिया में कूल्हें चल सकती हैं और इस सम्बन्ध में कुछ स्कीमें भी बनाई गई हैं लेकिन उन पर अमल कुछ नहीं किया गया। मेरा सुझाव है सरकार को इस तरफ भी ज़रूर ध्यान देना चाहिये। स्पीकर साहिब, आप का बहुत बहुत शुक्रिया, आप ने मुझे अपने कुछ विचार हाउस के सामने रखने का अवसर दिया है।

मैं ना तो और भी चाहता था लेकिन समय न होने के कारण आप की आज्ञा मान कर बैठ जाहूँ ।

ਕਾਮਰੇਡ ਮੱਖਣ ਸਿੰਘ ਤਰਸਿੱਕਾ (ਜੰਡਿਆਲਾ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਅਜ ਐਪ੍ਰੋਪ੍ਰੀਏਸ਼ਨ ਬਿਊਪਰ ਆਪਣੇ ਵਿਚਾਰ ਹਾਊਸ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਣ ਲਈ ਖੜਾ ਹੋਇਆ ਹਾਂ । ਜੈਨਰਲ ਐਡਮਨਸਟ੍ਰੇਸ਼ਨ, ਐਡਮਨਿਸਟ੍ਰੇਸ਼ਨ ਆਫ ਜਸਟਿਸ, ਪੁਲਿਸ ਐਡਮਨਿਸਟ੍ਰੇਸ਼ਨ ਅਤੇ ਪ੍ਰੀਵੀ ਪਰਸੇਜ਼ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅਜ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਲਾ ਐਂਡ ਆਰਡਰ ਦੀ ਹਾਲਤ ਨੂੰ ਵੇਖ ਕੇ ਅਤੇ ਆਮ ਪ੍ਰਬੰਧ ਦੀ ਅਵਸਥਾ ਨੂੰ ਵੇਖ ਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ ਜਿਹੜੀ ਇਹ ਡਿਮਾਂਡ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ ਪਾਸ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ । ਇਸ ਨੂੰ ਅਪ੍ਰਵਾਨ ਕਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਕਰੋੜਾਂ ਰੁਪਏ ਦੀ ਰਕਮ ਪਾਸ ਕਰਕੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਮਿਤਰਾਂ ਦੇ ਹਥ ਇਹ ਹਾਊਸ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹੈ ਉਹ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਅਨੁਕੂਲ ਨਹੀਂ ਸਾਬਤ ਹੋਏ। ਇਹ ਮਿਨਿਸਟਰੀ ਜਿਸ ਨੂੰ ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਲਾ ਐਂਡ ਆਰਡਰ ਦਾ ਕਸਟੋਡੀਅਨ ਬਣਾਇਆ ਸੀ ਉਹ **monument of corruption, vouritism Nepotism and high handedness** ਸਾਬਤ ਹੋਈ ਹੈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਤਨੀ ਵਡੀ ਰਕਮ ਨਹੀਂ ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ । ਅਸੀਂ ਦਿੱਲੀ ਜਾਂਦੇ ਹਾਂ ਤਾਂ ਲੋਕ ਉਥੇ ਬਹੁਤ ਮਖੌਲ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਉਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ:—

ਆਦਮੀ ਅੱਲਾ ਕੇ ਥੇ, ਵੁਹ ਤੋ ਰੁਖਸਤ ਹੁਏ,
ਅਬ ਮਜਾਵਰ ਰਹਿ ਗਏ, ਯਾ ਗੋਰ ਕੁਨ ।

ਜਿਹੜੇ ਚੰਗੇ ਬੰਦੇ ਸਨ ਉਹ ਤਾਂ ਨਹੀਂ ਰਹੇ ਹੁਣ ਗੋਰ ਕੁਨ ਰਹਿ ਗਏ ਹਨ। ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਡੈਮੋਕ੍ਰੇਸੀ ਲਈ ਇਕ ਚੀਜ਼ ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਐਥੇ ਅਗਜ਼ੈਕਟਿਵ ਨਾਲੋਂ ਜਿਊਡੀਸ਼ਰੀ ਨੂੰ ਅਲਗ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ । ਸਮੁਚੇ ਭਾਰਤ ਵਿਚ ਇਹ ਮੰਗ ਮੰਨ ਲਈ ਗਈ ਹੈ ਪਰ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਇਹ ਮੰਗ ਸਰਕਾਰ ਨਹੀਂ ਪਰਵਾਨ ਕਰਦੀ । ਪਿਛਲੇ ਕੁਝ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਸੁਪ੍ਰੀਮ ਕੋਰਟ ਨੇ 16 ਕੇਸ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚੋਂ ਬਾਹਰ ਭੇਜੇ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਰੀਮਾਰਕਸ ਅਤੇ ਵਰਡਿਕਟ ਜਜ ਪਾਸ ਕਰਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਵੀ ਪਰਵਾਹ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ । ਪਿਛਲੇ ਮਹੀਨੇ ਵਿਚ ਸੁਪ੍ਰੀਮ ਕੋਰਟ ਦੇ ਚੀਫ ਜਸਟਿਸ ਗਜੇਂਦਰ ਗਾਡਕਰ ਨੇ ਦਿੱਲੀ ਬਾਰ ਐਸੋਸੀਏਸ਼ਨ ਨੂੰ ਸੰਬੋਧਨ ਕਰਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਡੈਮੋਕ੍ਰੇਸੀ ਦੀ ਪਾਲਣਾ ਲਈ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਅਗਜ਼ੈਕਟਿਵ ਨਾਲੋਂ ਜਿਊਡੀਸ਼ਰੀ ਨੂੰ ਅਲਗ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਹਾਲਾਤ ਨੂੰ ਮਦੇਨਜ਼ਰ ਰਖ ਦਿਆ ਹੋਇਆਂ ਉਥੇ ਤਾਂ ਇਹ ਹੋਰ ਵੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ । ਐਥੇ ਕੁਰਪਸ਼ਨ ਅਤੇ ਹਾਈ ਹੈਂਡਿਡਨੈਸ ਇਸ ਲਈ ਵਧ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਐਥੋਂ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਹੀ ਕੁਰਪਟ ਹੈ । ਯਥਾ ਰਾਜਾ, ਤਥਾ ਪਰਜਾ । ਜਿਹੋ ਜਿਹੇ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਰਾਜੇ ਹਨ ਉਹੋ ਜਿਹੇ ਇਥੋਂ ਦੇ ਅਫਸਰ ਹੁੰਦੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ । ਉਹ ਵੇਖਦੇ ਹਨ ਕਿ ਵਜ਼ੀਰ ਕੁਰਪਸ਼ਨ ਕਰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਤਸਾਹ ਮਿਲਦਾ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਪਰ ਬੁਰਾ ਅਸਰ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਦੀ ਗਲ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ । ਮੈਂ ਦੂਸਰੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹਿਆਂ ਦੀ ਗਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ । ਕਿ ਕਿਸਤਰ੍ਹਾਂ ਐਡਮਿਨਿਸਟ੍ਰੇਸ਼ਨ ਨੂੰ ਕੁਰਪਸ਼ਨ ਅਤੇ ਹਾਈ ਹੈਂਡਿਡਨੈਸ ਦਾ ਮਾਨੂੰ ਮੈਂਟ ਬਣਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ ਹੋਰੀ ਬੈਠੇ ਹੋਏ ਹਨ । ਮੈਂ ਪਰਸੋਂ ਹੀ ਪੜ੍ਹ ਕੇ ਆਇਆ ਹਾਂ ਤੁਸੀਂ ਸੁਣ ਕੇ ਹੈਰਾਨ ਹੋਵੋਗੇ । ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਜਾਲੰਧਰ ਵਿਚ ਇਕ ਐਸ. ਓ. ਲਗੇ ਹੋਏ ਹਨ, ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਬੈਡ ਰੀਮਾਰਕਸ ਪੜ੍ਹ ਕੇ ਆਇਆ ਹਾਂ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ **personal** ਰੀਮਾਰਕ ਦਿੱਤੇ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੰਮ ਬੜਾ ਚੰਗਾ ਹੈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਗਲਾਂ ਦਾ ਅਸਰ ਇਹ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਚੰਗਾ ਕੰਮ ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਕੁਝ ਅਫਸਰ ਡੀਮੌਰੇਲਾਈਜ਼ ਹੁੰਦੇ

[ਕਾਮਰੇਡ ਮੱਖਣ ਸਿੰਘ ਤਰਸਿੱਕਾ]

ਹਨ ਅਤੇ ਕੁਝ ਟੈਰੋਰਾਈਜ਼ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਪ੍ਰਸ਼ੰਸਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ ਅਤੇ ਵਜ਼ੀਰ ਆਪਣੇ ਰਿਸ਼ਤੇਦਾਰਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਕਰਦੇ ਹਨ ਇਸ ਕਰ ਕੇ ਉਹ ਵੀ ਚੰਗਾ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਕਰਨਗੇ ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਐਡਮਿਨਿਸਟ੍ਰੇਸ਼ਨ ਵਿਚ ਰੁਕਾਵਟਾਂ ਪੈਣਗੀਆਂ ਅਜ ਜਿਹੜੀ ਹਾਲਤ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਲਾ ਐਂਡ ਆਰਡਰ ਦੀ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਉਹ ਬਿਆਨ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ। ਪਹਿਲਾਂ ਤਾਂ ਸਿਨਮਿਆਂ ਲਈ ਅਤੇ ਕੋਲਡ ਸਟੋਰਜ਼ਾਂ ਵਾਸਤੇ ਸਾਡਾ ਬਜ਼ੁਰਗ ਹੀ ਮਸ਼ਹੂਰ ਸੀ ਹੁਣ ਛੋਟਿਆਂ ਨੇ ਵੀ ਇਹ ਕੰਮ ਕਰਨਾ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਹੈ। ਚੌਧਰੀ ਅਮਰ ਸਿੰਘ ਦਾ ਪਹਿਲੇ ਫਗਵਾੜੇ ਵਿਚ ਇਕ ਸਿਨਮਾ ਸੀ ਹੁਣ ਹੋਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਵਿਚ ਵੀ ਅਮਰ ਟਾਕੀ ਬਣ ਗਈ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਉਹ ਡਿਪਟੀ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਨ ਉਦੋਂ ਕੋਆਪ੍ਰੇਟਿਵ ਫਲੋਰ ਮਿਲ, ਹੋਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਲਈ 6 ਲਖ ਰੁਪਿਆ ਕਰਜ਼ ਲਿਆ ਸੀ। ਉਹ ਮਿਲ ਅਜੇ ਤਕ ਨਹੀਂ ਲਗਾਈ ਗਈ ਅਤੇ ਉਹ ਰੁਪਿਆ ਸਾਰਾ ਜ਼ਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਫਿਰ ਇਹ ਸਾਨੂੰ ਕਹਿਣ ਗੇ ਕਿ ਇਸ ਰੁਪੈ ਨੂੰ ਮਾਫ ਕਰ ਦਿਉ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਕੁਰਪਸ਼ਨ ਵਡੇ ਤੋਂ ਛੋਟੇ ਸਭ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਸ ਦੀ ਵਜ੍ਹਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਅਗਜ਼ੈਕਟਿਵ ਤੇ ਜੀਉਡੀਸ਼ਰੀ ਇਕੱਠੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਡੈਮੋਕ੍ਰੇਜ਼ੀ ਨੂੰ ਬਚਾਉਣ ਲਈ ਅਤੇ ਜ਼ੁਲਮੋ ਸਿਤਮ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਵਾਸਤੇ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰੀ ਗਲ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸੈਪਰੇਟ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਹੁਣ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜ਼ੈਲਦਾਰਾਂ ਅਤੇ ਸਫੇਦ ਪੋਸ਼ਾਂ ਦਾ ਨਵਾਂ ਸ਼ੋਸ਼ਾ ਖੜਾ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਹੈ। ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਖੁਦ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਲੜਾਈਆਂ ਲੜਦਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਜਦੋਂ ਡਾਕਟਰ ਗੋਪੀਚੰਦ ਅਤੇ ਸਚਰ ਸਾਹਿਬ ਇਹ ਇੰਸਟੀਚਿਊਸ਼ਨ ਕਾਇਮ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਸਨ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਬੜੀ ਮੁਖਾਲਫਿਤ ਕੀਤੀ ਸੀ। ਹੁਣ ਝੂਠੀਆਂ ਗਵਾਹੀਆਂ ਦੇਣ ਲਈ ਅਤੇ ਝੂਠੇ ਮੁਕਦਮੇ ਬਣਾਉਣ ਲਈ ਇਹ ਆਪਣੇ ਏਜੰਟ ਬਣਾ ਰਹੇ ਹਨ। ਤੁਸੀਂ ਹੈਰਾਨ ਹੋਵੋਗੇ ਕਿ ਮੇਰੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹੇ ਵਿਚ ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਤੇ ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਮੇਜ ਸਿੰਘ ਸ਼ਹਬਾਜ਼ਪੁਰੀ ਜਿਹੜੇ ਕਿ 1957 ਵਿਚ ਖੜੇ ਹੋਏ ਸਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਪਰ 23 ਮਾਰਚ, 1959 ਵਿਚ ਮੁਕਦਮਾ ਬਣਾਇਆ ਸੀ, ਉਸ ਮੁਕਦਮੇ ਦਾ ਅਜੇ ਤਕ ਕੁਝ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਲਗਾ। ਉਹ ਉਦੋਂ 17 ਦਿਨ ਜੇਲ ਵਿਚ ਵੀ ਰਹਿ ਆਏ ਸਨ। ਉਹ ਮੁਕਦਮਾ ਨਾ ਅਜੇ ਤਕ ਵਿਦਡਰਾ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਉਹਦਾ ਫੈਸਲਾ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਜਿਸ ਨੂੰ ਚਾਹੁਣ ਚੁਕ ਕੇ ਅੰਦਰ ਕਰ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਆਪਣੇ ਮੁਕਦਮੇ ਦੀ ਗਲ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ। ਸਰਦਾਰ ਮੋਹਣ ਸਿੰਘ ਤੁੜ ਦੀ ਜੀਪ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਪਕੜ ਲਈ। ਉਹ ਜੀਪ ਮਾਸਟਰ ਤਾਰਾ ਸਿੰਘ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਦਿੱਲੀ ਵਿਚੋਂ 14,000 ਰੁਪੈ ਦੀ ਖਰੀਦੀ ਗਈ ਸੀ। ਜਦੋਂ ਉਹ ਜੀਪ ਤਰਨਤਾਰਨ ਵਿਚ ਤੁੜ ਲਈ ਇਲੈਕਸ਼ਨ ਪ੍ਰੋਪੇਗੈਂਡਾ ਕਰਦੀ ਫਿਰਦੀ ਸੀ ਤਾਂ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਝੂਠਾ ਮੁਕਦਮਾ ਬਣਾ ਕੇ ਉਹ ਖੋਹ ਲਈ। ਗੁਰੂ ਕਰਦਾਰ ਦਾਸ ਜੰਡਿਆਲੇ ਵਾਲੇ ਨੂੰ ਝੂਠਾ ਮੁਦੱਈ ਬਣਾ ਦਿੱਤਾ। ਉਹਦੇ ਵਡਿਆਂ ਨੇ ਵੀ ਕਦੀ ਜੀਪ ਨਹੀਂ ਸੀ ਖਰੀਦੀ। ਉਹ ਜੀਪ ਅਜੇ ਤਕ ਸਾਡੇ ਥਾਣੇ ਵਿਚ ਪਈ ਹੋਈ ਹੈ, ਉਹ ਦੇ ਪੁਰਜ਼ੇ ਲਾਹ ਕੇ ਲੈ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਟਾਇਰ ਵੀ ਲਾਹ ਕੇ ਲੈ ਗਏ ਹਨ। ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਅਜਿਹੀ ਡੀਮੋਰੇਲਾਈਜ਼ੇਸ਼ਨ ਹੋਈ ਹੈ। ਮੈਂ ਕਾਮਰੇਡ ਰਾਮ ਪਿਆਰੇ ਦੀ ਮਿਸਾਲ ਨਹੀਂ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ। ਤੁਸੀਂ ਆਪ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾਉ ਕਿ ਕਿਸ ਢੰਗ ਨਾਲ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਜ਼ੁਲਮ ਅਤੇ ਅਤਿਆਚਾਰ ਹੋ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਸ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਮੈਂ ਇਕ ਮਿਸਾਲ ਦੇਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਅੱਲਾਹਾਬਾਦ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਵਾਲਿਆਂ ਨੇ ਪੰਜ ਹਜ਼ਾਰ ਸਾਲ ਸੰਸਕ੍ਰਿਤ ਦੀਆਂ ਪੁਰਾਣੀਆਂ ਕਹਾਣੀਆਂ ਦੀ ਇਕ ਕਿਤਾਬ ਛਪਵਾਈ ਹੈ। ਉਸ ਨੂੰ ਰਾਹੁਲ ਸਾਂਸਕ੍ਰਿਤਾਇਨ ਨੇ ਐਡਿਟ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਉਸ ਵਿਚ ਇਕ ਕਹਾਣੀ ਆਉਂਦੀ ਹੈ। ਇਕ ਰਾਜਾ ਸੀ ਅਤੇ ਇਕ ਉਹਦਾ ਵਜ਼ੀਰ ਸੀ। ਉਹ ਵਜ਼ੀਰ ਬਹੁਤ ਜ਼ੁਲਮ ਕਰਦਾ ਹੁੰਦਾ ਸੀ। ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਰਾਜੇ ਪਾਸ ਫਰਿਆਦ ਕੀਤੀ ਕਿ ਰਾਜਾ ਜੀ ਮੰਤਰੀ ਬੜਾ ਦੁਖ ਦਿੰਦਾ ਹੈ। ਬੜਾ

ਅਤਿਆਚਾਰ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਰਾਜੇ ਨੇ ਉਸ ਵਜ਼ੀਰ ਤੇ ਮੁਕਦਮਾ ਚਲਾ ਕੇ ਸਜ਼ਾ ਦੇ ਦਿੱਤੀ । ਸਜ਼ਾ ਦੇਣ ਦੇ ਵਕਤ ਰਾਜਾ ਉਸ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਹਥ ਨਾਲ ਕਤਲ ਕਰਨ ਲਗਾ । ਰਾਜੇ ਨੇ ਕ੍ਰਿਪਾਣ ਪਕੜ ਕੇ ਵਾਰ ਕੀਤਾ ਤਾਂ ਵਜ਼ੀਰ ਜ਼ਖਮੀ ਹੋ ਗਿਆ ਪਰ ਮਰਿਆ ਨਾ । ਵਜ਼ੀਰ ਨੇ ਸ਼ੈਤਾਨ ਕੋਲ ਫਰਿਆਦ ਕੀਤੀ ਕਿ ਮੈਂ ਤਾਂ ਤੇਰੇ ਕਹਿਣ ਤੇ ਜ਼ੁਲਮ ਕਰਦਾ ਰਿਹਾ ਹਾਂ, ਮੈਨੂੰ ਹੁਣ ਬਚਾ। ਸ਼ੈਤਾਨ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਹੁਣ ਤੈਨੂੰ ਰਾਜੇ ਨੇ ਮਾਰ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਬਚਾ ਸਕਦਾ । ਤੂੰ ਕਲਜੁਗ ਵਿਚ ਜਨਮ ਲੈ ਕੇ ਫਿਰ ਆਪਣੀ ਮਨ ਮਰਜ਼ੀ ਕਰ ਲਵੀਂ । ਵਜ਼ੀਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਉਦੋਂ ਫਿਰ ਰਾਜਾ ਮੈਨੂੰ ਮਾਰ ਦੇਵੇਗਾ । ਤਾਂ ਸ਼ੈਤਾਨ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਉਦੋਂ ਰਾਜੇ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ ਕਰਨਗੇ, ਤੂੰ ਆਪਣੇ ਆਪ ਨੂੰ ਖੁਸ਼ ਕਰ ਲਈਂ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਉਹ ਵਜ਼ੀਰ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਜ਼ੁਲਮ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ । ਮੇਰੇ ਸਾਹਮਣੇ ਦਰਖਾਸਤ ਪਈ ਹੈ, ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕਿਵੇਂ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਮਰਡਰ ਹੁੰਦੇ ਹਨ । ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਜਾਲੰਧਰ ਦਾ ਕਮਿਊਨਿਸਟ ਲੀਡਰ ਸਰਦਾਰ ਧਰਮ ਸਿੰਘ ਸੁਜੋਂ ਸੀ ਉਸ ਨੇ ਤਿੰਨ ਦਿਨ ਪਹਿਲਾਂ ਐਸ. ਪੀ. ਨੂੰ ਅਤੇ ਡੀ. ਸੀ. ਨੂੰ ਦਰਖਾਸਤ ਦਿੱਤੀ ਕਿ ਮੈਨੂੰ ਕਾਂਗ੍ਰਸੀ ਮਾਰਨ ਨੂੰ ਫਿਰਦੇ ਹਨ । ਪਰ ਕਿਸੇ ਨੇ ਪਰਵਾਹ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ । ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਇਆ ਕਿ ਉਸ ਨੂੰ ਦਰਖਾਸਤ ਦੇਣ ਦੇ ਤਿੰਨ ਦਿਨ ਬਾਦ ਕਤਲ ਕਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਸਿਆਸੀ ਮਰਡਰ ਕੀਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ । ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਦੋਰਾਹੇ ਦਾ ਵੀ ਕਤਲ ਹੋਇਆ। ਕਾਮਰੇਡ ਰਾਮ ਪਿਆਰੇ ਤੇ ਹਮਲਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸੁਜੈਸ਼ਨ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਕਰ ਤੁਸਾਂ ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਬਚਾਉਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਮੀਜਿਏਟਲੀ ਜਿਉਡੀਸ਼ਰੀ ਅਤੇ ਐਗਜ਼ੈਕਟਿਵ ਨੂੰ ਅਲਗ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ । ਦੂਸਰੇ ਸਰਵਿਸਿਜ਼ ਦਾ ਪੈਟਰਨ ਤਬਦੀਲ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਲੈਜਿਸਲੇਟਿਵ ਮੈਜ਼ਰਜ਼ ਠੋਸ ਲਏ ਜਾਣ, ਰੂਲਜ਼ ਨੂੰ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਲਾਗੂ ਕਰੋ, ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਖੁੱਲੇ ਨਾ ਛਡੋ । ਪਬਲਿਕ ਸੈਕਟਰ ਵਿਚ ਜਿਹੜੇ ਬੋਰਡ ਬਣਾਉਂਦੇ ਹੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਚੰਗੇ ਬੰਦੇ ਰਖੋ, ਆਪਣੇ ਘਰ ਦੇ ਹੀ ਬੰਦੇ ਨਾ ਲਗਾਓ । ਡਿਸਟ੍ਰਿਕਟ ਲੈਵਲ ਤੇ ਐਡਮਿਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਨੂੰ ਓਵਰਹਾਲ ਕਰੋ । ਸਾਰੇ ਦੇ ਸਾਰੇ ਪ੍ਰਬੰਧ ਠੀਕ ਕਰੋ (ਘੰਟੀ)।

Mr. Speaker : Please resume your seat now.

ਕਾਮਰੇਡ ਮੱਖਣ ਸਿੰਘ ਤਰਸਿੱਕਾ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਿਰਫ ਦੋ ਮਿਨਟ ਹੋਰ ਦੇ ਦਿਓ।

Mr. Speaker : No please.

(*At this stage the Chair called upon Shri Babu Dayal Sharma to speak*)

पंडित लाल चन्द प्रार्थी : आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर । स्पीकर साहिब मुझे 20 तारीख को कुछ मिनट बोलने के लिए मिले थे । उस वक्त मुझे बहुत जल्दी बैठा दिया गया था । लेकिन डिप्टी स्पीकर साहिबा ने, जो उस वक्त चेयर में थी, मुझे यकीन दिलाया था कि फिर मुझे बोलने का मौका दिया जाएगा । उस मौके का जो आफीशल रिपोर्ट का रिकार्ड है उसमें से मैं आप को पढ़कर सुनाता हूं :

> "I would request the hon. Member to resume his seat now. He will be accommodated at some other time."

तो स्पीकर साहिब, अर्ज यह है कि बजट पर बोलने का तो आज आखिरी दिन है । जो यकीन मुझे डिप्टी स्पीकर साहिबा ने दिलाया था उसके मुताबिक कुछ समय मुझे बोलने को मिलना चाहिए !

Mr. Speaker : This discussion will close at 12.30 p. m. I will try to accommodate as many hon. Members as possible. I will try to accommodate such hon. Members who have not so far spoken on the Budget proposals.

Shri Lal Chand Prarthi : Thank you.

श्री बाबू दयाल शर्मा (पटौदी) : स्पीकर साहिब, मैं आप को बधाई देने के बाद इस गवर्नमैंट को बधाई देता हूं कि उसने यहां पर एक वैलफेयर स्टेट का सा बजट पेश किया। इस एप्रोप्रिएशन बिल के अनुसार जहां कुल खर्च 2, 25, 67,67,210 रुपये का होगा वहां बैनीफीसैंट महकमों पर 1,34,06,14,220 रुपए का खर्च होने जा रहा है । इसका मतलब यह हुआ कि लोगों की, जनता की वैलफेयर के लिए यह गवर्नमैंट इस बजट का 80 फीसदी खर्च करेगी। निस्सन्देह यह बधाई की बात है और हमें अवश्य इस पर गवर्नमैंट की प्रशंसा करनी चाहिए ।

सरदार लच्छमन सिंह ने भी मुबारिकबाद दी है । उन्होंने भी इस बात का एहसास किया जिसको मैं हमेशा से महसूस करता था कि उन दोस्तों का ज्यादातर वक्त बजाए इस तरह जाया होने के स्टेट की बहबूदी की स्कीमो पर खर्च हो. . . .उन लोगों का जो वज़ीरों की मुखालिफत करने के लिए डंडा हाथ में लेकर उन के पीछे पड़े हुए हैं । स्पीकर साहिब, मैं आप के द्वारा उन दोस्तों को यह बताना चाहता हूं कि हर शोअबे में वज़ीर साहिबान चाहे कितना कुछ सुधार करने की कोशिश क्यों न करें जब तक सारी की सारी मशीनरी, जनता उन को इस दिशा में पूर्ण सहयोग न देगी तब तक देश की भलाई और देश का निर्माण सम्भव नहीं हो सकता । इसलिए मैं आशा करता हूं कि वह दोस्त भी जो कि हमेशा सरकार की निन्दा करते हैं, व्यर्थ में नुक्ताचीनी करने की बजाय सरकार का सहयोग दें ।

सब से ज्यादा खर्च, मिसाल के तौर पर, पुलिस के महकमे पर किया जा रहा है । इस के लिये 11,45,66,220 रुपये की व्यवस्था की गई है। अब कांस्टेबल, हैड कांस्टेबल और पुलिस सब-इन्स्पैक्टरों की तन्खाह भी काफी घटा दी गई है। मैं यह मानता हूं कि मेरे जिले का ऐस० पी० एक बहुत अच्छा, ईमानदार और बेहद काम करने वाला आदमी है। मैं रूलिंग पार्टी का मैम्बर हूं। आज से करीब एक साल पहले जब मैं यहां मीटिंग अटैंड करने आ रहा था तो एक कंडक्टर ने मेरा हाथ पकड़ कर मुझे बस से नीचे गिरा दिया। मेरा अटैची भी ले गए। मैं ने पुलिस में टैलीफून किया कि मेरी रिपोर्ट दर्ज करो। वापिस जाने पर जब मैं मालूम करता हूं तो मुझे पता लगा कि कोई ऐसा केस रजिस्टर नहीं हुआ था। मेरे कहने का यह मतलब नहीं कि वज़ीर या गवर्नमैन्ट केस रजिस्टर करना नहीं चाहती थी। मेरे कहने का यह भी मतलब नहीं कि एस० पी० नहीं करना चाहता था। बात यह है कि जब तक ऊपर से नीचे तक सभी लोग अपना अपना फर्ज़ सही तरह से नहीं समझेंगे और जब तक उसको ईमानदारी के साथ निभाने की कोशिश नहीं करेंगे तब तक हम देश का उद्धार नहीं कर सकते। इस लिये अब वक्त आ गया है कि हर एक आदमी को, हर एक कर्मचारी को अपनी ड्यूटी का पूरी तरह से एहसास करते हुए काम करना चाहिये ताकि जनता को किसी प्रकार की शिकायत करने का मौका न मिले।

एक बात मेरे भाई पंडित भगीरथ लाल जी ने कही कि आज कल अंडों पर ज़्यादा ज़ोर दिया जा रहा है। पोल्ट्री के ऊपर ज़्यादा ध्यान दिया जा रहा है। मैं भी इस बात को मानता हूं कि अंडों में कुछ सफात होंगे और अंडों को खाने वाले भी बहुत से लोग हैं (घंटी) मगर दूध की तरफ तवज्जोह नहीं दी जाती। दूध से कई ऐसी चीज़ें बनती हैं जो अंडों से नहीं बनती। दूध की अपनी सफात है और अंडों की अपनी सफात हैं। दूध से लस्सी बन सकती है मगर अंडों से लस्सी नहीं बन सकती . . . दूध से मक्खन बनता है परन्तु अंडों से मक्खन नहीं निकलता अंडों को सब लोग नहीं खाते परन्तु दूध को सब लोग पीते हैं! इस लिये दूध की वृद्धि की ओर अधिक ध्यान देना चाहिये।

श्री अध्यक्ष : यह तो उन्हों ने कह दिया है। टाइम थोड़ा है, कोई नई बात कहें। (He has already said about it. The time is short. The hon. Member should say something new.)

श्री बाबू दयाल शर्मा : बहुत अच्छा जी, इसे मैं यहीं खत्म करता हूं। इस के अलावा मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि प्राईवेट स्कूलों का भी ख्याल रखा जाये। उन को सरकार की तरफ से सहायता मिलनी चाहिए या गवर्नमैंट को चाहिए कि उन सब को टेक-ओवर कर ले। जहां तक ऐजूकेशन का सवाल है इस बजट के ज़रिये 16 करोड़ रुपया खर्च किया जा रहा है। इतनी बड़ी रकम और कोई नहीं है जितनी कि यह है लेकिन कुछ फैसले ऐसे किए हैं जो मेरे ख्याल में अभी देश को मुआफिक नहीं आते। जैसे, मिसाल के तौर पर, कोऐजूकेशन है। लोगों ने मुताल्बा किया। गुड़गांव के अन्दर विमैन कालेज खोला गया। लेकिन वहां पर भी को ऐजूकेशन कर दी गई है। इस का नतीजा यह हुआ कि लड़कियों की तादाद तो वहां पर 236 की 236 ही रही एक लड़की भी ज़्यादा नहीं बढ़ी लेकिन वहां 198 लड़के दाखिल हो गए। इस का ज़रूरी तौर पर बच्चों पर बुरा असर होता है। वहां पर एस० डी० कालेज पर भी इस का प्रभाव बुरा पड़ा। वहां पर भी विद्यार्थी कम हो गए हैं। तो मैं निवेदन करूंगा कि जो बातें स्वतः स्पष्ट हैं उन को हमें, गवर्नमैन्ट को इग्नोर नहीं करना चाहिये (घंटी)। स्पीकर साहिब, अगर आप हुकम करें तो मैं बैठ जाता हूं लेकिन अपनी कांस्टीच्यूऐंसी के कुछ ग्रीवैंसिज़ आप के द्वारा गवर्नमैंट के सामने रखना चाहता हूं।

श्री अध्यक्ष : ब्रीफली एक दो मिन्ट में खत्म कर दें। (Making out his points briefly, the hon. Member should wind up within a minute or two.)

श्री बाबू दयाल शर्मा : बहुत अच्छा जी, जैसी आप की आज्ञा। तो मैं अपनी कान्स्टीच्यूऐंसी की बाबत अर्ज़ करना चाहता हूं कि वहां पर सड़कों की तरफ सरकार को ध्यान देने की ज़रूरत है। बार बार दरखास्तें करने के बावजूद अभी तक होडल-नूह-ताओड़ू-पटौदी-पटौदा सड़क को पूरी तरह से कम्पलीट नहीं किया गया। उसका जो अनइम्पार्टैंट हिस्सा है उसको तो पूरा कर दिया गया है मगर जो निहायत ही इम्पार्टैंट हिस्सा है मिसाल के तौर पर नूह से ताऊडू का उसको नहीं किया। इस के बीच में एक पहाड़ी आती है। इधर पहाड़ी के पश्चिम का इलाका तहसील नूह में शामिल है। उसके लिए ट्रांस्पोर्ट का सन्तोषजनक

[श्री बाबू दयाल शर्मा]
इन्तज़ाम नहीं है क्योंकि जो बसें जाती हैं वह सीधी देहली को जाती हैं। ताग्रोड़ू से नूह को जाने के लिए पहले सोहना जाना पड़ता है ग्रौर फिर वहां से नूह। इस तरह से लोगों को कोई बाईस मील का फासला फज़ूल तह करना पड़ता है। यह जो ग्यारह मील का टुकड़ा है यह बहुत इम्पार्टेंट है इस की तरफ ग्रवश्य ध्यान दिया जाये। (घंटी)।

चौधरी रण सिंह (राडौर) : स्पीकर साहिब, ग्राज सरकार को इस बात की इजाज़त देने जा रहे हैं कि इस एप्रोपरिएशन बिल के ज़रिये मुख्तलिफ मदों के लिये जिस खर्च की मांग की गई है, उसे ग्राने वाले माली साल में खर्च करें। मुझे इस बात का भरोसा है कि ग्रगले साल जब बजट सैशन में हम यहां पर इक्ट्ठे होंगे तो सरकार को इस बात की बार बार बधाई दी जायेगी कि पिछले साल जो सोशलिस्टिक समाज लाने वाला बजट पास किया गया था उस के मुताबिक बहुत ही तबदीलियां स्टेट में ग्राई हैं ग्रौर स्टेट ने बहुत तरक्की की है।

इस वक्त स्पीकर साहिब, ग्राप की मारफत मैं ने दो तीन बातों की तरफ सरकार का ध्यान दिलाना है। सब से पहली बात जिस की तरफ मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं वह यह है कि कई दफा सरकार बहुत ग्रच्छे ग्रच्छे ग्राडर्ज़ पास करती है ग्रौर वह ग्राडर सम्बन्धित महकमों में भेजे जाते हैं। मगर बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि जो ग्राडर पास होते हैं वह कैरी ग्राऊट नहीं होते बल्कि मैं तो यह समझता हूं कि न मालूम कई महकमों के ग्रन्दर किस कदर निकम्मे ग्रफसर बैठ रहे हैं कि वह उन ग्राडर्ज़ को दबा कर बैठ जाते हैं, जनता को उन की बाबत पता ही नहीं लगने देते कि क्या ग्राडर्ज़ सरकार ने पास किए हैं। मिसाल के तौर पर सरकार हर साल सरप्लस इवैक्वी लैंड ग्राक्शन परचेज़ करती है उस मतलब के लिए रुपया रखा जाता है। मिनिस्टर इन्चार्ज के ग्राडर हैं कि ग्रगर कुछ हरिजन हाईएस्ट बिडर्ज़ हों तो तीन हज़ार रुपया पर बिडर इन्हें लोन दिया जाए ताकि वे हरिजन लोग ज़मीन खरीद सकें। लेकिन जो बात देखने में ग्राई है वह यह है कि इस बात का ग्रभी तक हरिजनों को पता ही नहीं दिया गया कि कोई ऐसे ग्राडर सरकार ने किए हुए हैं। परसों चौथे मैं कहीं गांव में गया था। वहां पर ऐसी ज़मीन की बोली हो रही थी। वहां तहसीलदार साहिब मुझे बता रहे थे कि हमारे पास कितना रुपया हरिजनों को देने के लिये पड़ा हुग्रा है लेकिन ग्रब वह लैप्स हो जायेगा। बड़े दुख की बात है कि ग्रब तक उनको मालूम नहीं था कि वह रुपया खर्च करना है। जब पूछा गया कि रुपया क्यों नहीं खर्च किया जा सका तो उसका कोई जवाब नहीं था। ग्रब वह रुपया लैप्स हो जायेगा ग्रौर गरीब लोगों को ग्रगर उसका कोई फायदा हो सकता था तो वह नहीं होगा। (घंटी)। स्पीकर साहिब, मैं ग्राऊट ग्राफ दी स्कोप कोई बात नहीं करूंगा। सिर्फ दो चार प्वायंट ग्राप की मारफत गवर्नमैंट के नोटिस में लाने जा रहा हूं। तो मैं बता रहा था कि वह रुपया इस तरह से लैप्स हो जायेगा लेकिन इस से गरीब हरि-जनों को कोई फायदा नहीं पहुंचाया गया। ग्राज जब हम यहां का सोशलिस्ट समाज लाने की बातें करते हैं ग्रौर जब हम चाहते हैं कि यहां सोशलिस्ट समाज लाया जाये तो यह बड़ा ज़रूरी है कि जो पैसे बजट में गरीब लोगों के लिये रखे जाते हैं उन में से एक पैसा भी लैप्स नहीं होने देना चाहिये।

इस के बाद मैं एक बात विलेज कामन लैन्ड्ज़ के बारे में ग्रर्ज़ करना चाहता हूं। सरकार ने ग्राडर किया था कि हरिजनों को विलेज कामन लैण्ड्ज़ में हिस्सा दिया जाए मगर मुझे यह

दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज तक उस आर्डर पर अमल नहीं किया गया। इस बारे में एक स्टार्ड क्वेस्चन हाऊस में पूछा गया था लेकिन वह क्वेस्चन पोस्टपोन करना पड़ा है। इस सवाल में पूछा गया था कि क्या उन पंचों के खिलाफ कोई एक्शन लिया गया है जो उस आर्डर पर अमल नहीं कर रहे हैं। परन्तु आफीसर्ज़ की इनऐफीशैंसी देखिये कि चीफ मिनिस्टर साहिब स्वयं भी हाऊस में इस सवाल का उत्तर नहीं दे सके। मेरे कहने का मतलब यह है कि सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिये।

इस के साथ ही साथ मैं प्रोमोशनल पोस्ट्स के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सरकार ने एक आर्डर पास किया है कि हरिजनों को प्रोमोशनल पोस्ट्स में रिज़र्वेशन दी जाए। सैक्रेटेरियेट में जो इस वक्त प्रोमोशन्ज़ होती हैं एसिस्टैंटस से डिप्टी सुपरिनटैन्डैन्ट और डिप्टी सुपरिनटैन्डैन्ट से सुपरिनटैंडैंट की उन में हरिजनों को परेफरेंस दी जाए। लेकिन मैं दावे के साथ कहता हूं कि किसी भी हरिजन को इस तरह से प्रोमोट नहीं किया गया। आज जितनी ही पोस्टें भरी जा रही हैं वे तमाम की तमाम अदर दैन हरिजनों से फिल अप की जा रही हैं। इस बारे में बड़ी इर्रेगूलेरिटी चल रही है। इस तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिये।

इस के अलावा, स्पीकर साहिब, मैं आप के द्वारा सरकार के नोटिस में एक ऐसा मसला लाना चाहता हूं जो आज तक शायद इस के नोटिस में आया ही नहीं। वह है सीरीं लोगों का मसला जो ज़मींदारों के लिये खेतों में काम करते हैं और जिन पर खेती की पैदावार बढ़ाने के काम का दारोमदार है। उन की तरफ सरकार ने आज तक कोई तवज्जोह नहीं दी। उन की तरफ तवज्जोह दी जानी चाहिये। वे बेचारे सारा साल खेतों में मेहनत करते रहते हैं लेकिन जब फसल उठाने का वक्त आता है तो ज़मींदार उन से बहुत बुरा वर्ताव करते हैं और उनकी बड़ी दयनीय दशा होती है। आज हम ने देखा है कि उन्हें खाने के लिए आटा भी नहीं मिलता। मैं कहता हूं कि गांव में अगर किसी की सब से बुरी हालत है तो वह इन सीरीं लोगों की है। आप जानते हैं कि हर साल के पिछले दिनों में जब उन के पास अनाज खत्म हो जाता है तो वह उधार ले लिया करते हैं। अगर वे एक मन किसी से उधार लेते हैं तो उन्हें फसल में उस के बदले डेढ़ मन देना पड़ता है लेकिन सब से ज्यादा दुख की बात यह है कि आज उन्हें डेवढ़े पर भी कोई उधार अनाज नहीं देता और उन लोगों के पास कैश तो होता ही नहीं जिस से वह बाज़ार से अनाज खरीद कर सकें।

पंडित मोहन लाल दत्त (अम्ब) : स्पीकर साहिब, मैं आप के द्वारा चन्द बातों की तरफ सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। हमारा इलाका ज्यादातर बारानी है और वहां फसलें बिल्कुल तबाह हो चुकी हैं और कमर्शियल क्राप्स सेस एक्ट के तहत कुछ क्राप्स पर टैक्स लगाया गया है। यह ठीक है कि सरकार ने फार ओन यूज़ के लिये किसानों को इस टैक्स से कुछ छूट दी हुई है। अगर दो कनाल से कम फसल बोई गई हो तो उस किसान को इस टैक्स से एग्ज़म्पशन दी गई है लेकिन यह अजीब बात है कि अगर दो कनाल से एक आध कनाल भी ज्यादा किसी किसान ने कमाद बोया हुआ हो तो उस को यह एग्ज़म्पशन बिल्कुल नहीं दी जाती। और उसके सारे खेत पर यह टैक्स लग जाता है। मुझे समझ नहीं आती कि क्यों इतना ज़ुल्म किया जा रहा है। मैं ने यह चीज़ फाइनैंशल कमिश्नर रैविन्यू के नोटिस में भी

[पंडित मोहन लाल दत]

लाई थी। सब लोग जानते हैं कि इस साल कमाद की फसल को कीड़ा लग गया था, फिर बारिश नहीं हुई और कुछ फसल तो फ्रास्ट से तबाह हो गई थी फिर भी उन की फसल पर यह टैक्स लगाया जा रहा है। कम अज़ कम किसानों को अपने निजी इस्तेमाल के लिये जो फसल इन्होंने बो रखी हो उस पर तो इन्हें इस टैक्स से एग्ज़ैम्पशन देनी चाहिये।

फिर हमारे पहाड़ी इलाकों में टीन की चादरों की लोगों को सख्त जरूरत है लेकिन उन्हें नहीं दी जा रही। उस इलाके के लोग बड़े गरीब हैं। उन के मकान कोई बड़े २ तो होते नहीं हैं। छोटे 2 मकान होते हैं जिन पर टीन की चादरें न मिलने के कारण उन्हें घास फूस की छत्तें उन पर डालनी पड़ती हैं जो हर साल गल जाती हैं। खास तौर पर गरीब हरिजनों के तो ऐसे ही मकान होतें हैं जिन की छत्तें हर साल गल जाती हैं। इस लिये मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करता हूं कि कम अज़ कम हरिजनों को तो जरूर टीन की चदरें दो जाएं क्योंकि वे अपने मकानों पर पक्की छत्तें नहीं डाल सकते। इस वक्त उन लोगों की हज़ारों अर्जियां पड़ी हुई हैं लेकिन उन्हें टीन की चादरें नहीं दी जा रहीं।

इस के अलावा मैं एक बात तालीम के सिलसिले में पंडित मोहन लाल जी से कहना चाहता हूं जो कि तालीम के महकमे के मन्त्री हैं। हमारे पहाड़ी इलाके में जो कि बड़ा पिछड़ा हुआ है, प्राईवेट स्कूल बहुत हैं और सरकार ने अब जो कम आमदनी के आधार पर जिन लोगों की सालाना आमदनी एक हज़ार से कम है उन्हें इस सरकार ने "बैकवर्ड" करार दिया है, और हरिजनों के अलावा जो दूसरे गरीब लोग हैं जिन में ब्राह्मण और क्षत्री भी आ जाते हैं उन को भी फीस माफी का हक हासल है लेकिन उन्हें यह कंसैशन प्राइवेट स्कूलों में नहीं मिलता। सरकारी स्कूलों में जिस तरह से फीस माफी की सहूलत मिलती है इसी तरह से इन लोगों को प्राइवेट स्कूलों में भी मिलनी चाहिये। अगर सरकार सारे प्राइवेट स्कूलों में इस तरह से फीसें माफ नहीं कर सकती तो कम अज़ कम इसे पहाड़ी इलाके के स्कूलों में तो ज़रूर फीसें माफ कर देनी चाहिएं।

एक चीज़ मैं आप के द्वारा सदन के सामने रखना चाहता हूं। आज हम एक बड़े नाज़ुक दौर से गुज़र रहे हैं इस लिये ज़रूरी है कि हमें बचत की तरफ बहुत ज़ोर देना चाहिए। इस वक्त क्योंकि मेरे पास इस चीज़ की तफसील में जाने के लिये वक्त नहीं है जो मैं बता सकूं कि कहां २ बचत की जा सकती है। इस के लिए मैं तो कहता हूं कि हमें अपने राजनैतिक ढांचे को भी तबदील करना पड़ेगा। मैं समझता हूं कि हमारी लैजिस्लेटिव कौंसल और यह रिजनल कमेटियां जो हैं यह भी बिल्कुल फज़ूल खर्ची के साधन हैं। इस वक्त इन की बिल्कुल कोई ज़रूरत नहीं है क्योंकि इन के सिवाए डुप्लीकेशन आफ वर्क के और कोई काम नहीं हो सकता। आप सुन कर हैरान होंगे कि पिछले कुछ दिनों में 20 हज़ार रुपये इन रिजनल कमेटियों के मैम्बरों के टी० ए० और डी० ए० पर खर्च हुए हैं जब कि मामूली सी सिटिंग होती रही है और काम कुछ होता नहीं रहा, बार बार पोस्टपोन होती रही है। इसी तरह से हिल्ली एरियाज की एक डिवेलपमैंट कमेटी बनी हुई है। जिस पर हर साल तकरीबन 90 हज़ार रुपये खर्च होते हैं। आप वहां की हालत देखिये कि किस तरह खर्च किया जा रहा है। यह ठीक है कि डिवैल्पमैन्ट कमिश्नर बड़े नेक आदमी हैं लेकिन दुख की बात यह है कि सारे का सारा रुपया

उस आर्गेनाइजेशन पर खर्च होता है। दूसरी बात देखने वाली यह है कि उस कमेटी का हैड-क्वार्टर शिमला में रखा हुआ है। आप अन्दाजा लगायें पंजाब का पहाड़ी इलाका तो ज़िला कांगड़ा का ही ज्यादातर इलाका है जो शिमला से कितना दूर है। यह हैडक्वार्टर यहां चंडीगढ़, या नंगल या पालमपुर में रखा जा सकता है जो कि सैंटरल पलेसिज हैं। अगर इस तरह कर दिया जाए तो एक तो लोगों को सहूलत होगी दूसरा खर्च में भी बचत हो सकेगी।

इसी तरह से सरकार ने एक और योजना बनाई है जिस के मुताबिक दो महीनों के लिये मिनिस्टर और उनके आफिसिज़ गर्मियों के दिनों में जाया करेंगे। मैं समझता हूं कि एयाशी के लिये यह योजना बनाई गई है। जब हम गरीब लोगों के मसले के लिये किसी काम पर खर्च करने के लिये कहते हैं तो यह कहते हैं कि सरकार के पास रुपया नहीं है लेकिन इन के पास इन फज़ूल खर्चों के लिये रुपया होता है। मैं इन से पूछता हूं कि क्या उन से यहां काम नहीं हो सकेगा, इन को यहां रहने में क्या तकलीफ होगी ?

इसी तरह इन के दौरों पर हज़ारों रुपये खर्च हो रहे हैं। मैं ने, स्पीकर साहिब, एक सवाल पूछा था कि चार महीनों में कितना रुपया मिनिस्टरों के दौरों पर खर्च किया गया है। तो उसके जवाब में मुझे बताया गया था कि तकरीबन सात सात या आठ आठ हज़ार रुपये फी मिनिस्टर का टी० ए० और डी० ए० का चार महीनों का खर्च आया है। सारे मिनिस्टरों में से सिर्फ एक सरदार दरबारा सिंह ऐसे मिनिस्टर हैं जिन का खर्च सिर्फ 770 रुपये आये थे। बाकी सब मिनिस्टरों के दौरा का खर्च सात सात हज़ार रुपये के करीब आया था। इस से, स्पीकर साहिब, मुझे बड़ी हैरानी हुई कि बाकी मिनिस्टरों को इतने दौरे पड़ते हैं और सरदार दरबारा सिंह को कम दौरे पड़ते हैं। मैं समझता हूं कि वज़ीरों का इतना महंगा इंतज़ाम है जिस में बड़ी फज़ूल खर्ची होती है।

इसी तरह से हम सब की भी ड्यूटी है कि हम किराए पर जितने पैसे खर्च करें उतने ही सरकार से लिया करें। सफर तो हम बसों में करते हैं लेकिन किराया हम फस्ट क्लास का लेते हैं, इस तरह से हम खर्च तो 10 या 20 रुपए करते हैं लेकिन हमें मिलता 70 या 80 रुपए है, यह प्रेक्टिस भी तब्दील होनी चाहिए। अगर यहीं हालत रही तो हम इस भूखे नंगे देश की हालत को कैसे सुधार सकेंगे। स्पीकर साहिब, जिन बुजुर्ग की वह सामने तसवीर लटक रही है और जिस की यह पूजा करते हैं उन्होंने बताया है कि कैसा राज बनना चाहिए। वह मैं पढ़ देता हूं।

> "A nation that runs its affairs smoothly and effectively without much State interference is truly democratic. Where such a conditon is absent the form of government is democratic only in name.
> I look upon an increase in the power of the State with the greatest fear, because, although while apparently doing good by minimizing exploitation, it does the greatest harm by destroying individuality which lies at the roof of all progress."

तो मैं यह निवेदन करूंगा कि हम कहते तो हैं कि हम ने पंचायती राज को कामयाब बनाना है मगर हम उस को ठीक ढंग से नहीं बना रहे हैं। वह तो एक स्टेट का ही एक छोटा सा यूनिट या हिस्सा बन कर रह गया है। यह पंचायती राज वैसा नहीं है जैसा कि बापू जी यहां पर लाना चाहते थे।

गृह मंत्री (पंडित मोहन लाल) : स्पीकर साहिब, आप जानते हैं कि ऐपरोप्रियेशन पर बहस का स्कोप बड़ा महदूद होता है। इस लिए मैं सिर्फ उन्ही बातों का ज़िक्र करूंगा जिन का सम्बन्ध इम्पलीमैंटेशन से है। कुछ मैम्बर साहिबान ने ला ऐंड आर्डर का ज़िक्र किया और दूसरी भी ऐसी ही बातों का ज़िक्र किया जो इस वक्त बहुत रैलेवैंट बात नहीं थी। ला ऐंड आर्डर, पुलिस वग़ैरह की सारी डिमांड्ज़ पर बहस हो चुकी है। उस बहस में इन साहिबान ने हिस्सा लिया, सरकार की तरफ से जवाब भी दिया गया मगर फिर भी उन का ज़िक्र आज भी इस बहस में किया गया। मैं ने यहां पर आंकड़े देकर यह दावा किया था कि पंजाब सारे हिन्दुस्तान में बैस्ट ऐडमिनिस्टर्ड स्टेट्स में से एक स्टेट है। यहां वहां एक आध केस को लेकर बढ़ा चढ़ा कर ज़बानी बातें करने से फैक्ट्स ऐंड फिगर्ज़ को झुठलाया नहीं जा सकता। बहर सूरत मैं इस बात की तरफ ज़्यादा ध्यान नहीं देना चाहता।

मुझे इस बात के इकबाल करने में खुशी है कि आपोज़ीशन की तरफ से जिस मैम्बर साहिब ने बहस शुरू की थी उन्होंने जो चन्द एक बातें कहीं वह बहुत ज़रूरी और रैलेवैंट थीं। मुझे खुशी है कि जिस तरह से आपोज़ीशन की तरफ से ऐपरोपरिएशन बिल की बहस में होना चाहिए था वैसा हुआ। उन्होंने कहा कि यह जो हम इतनी बड़ी रकम को खर्च करने के मुताल्लिक इम्पलीमैंटेशन करने जा रहे हैं इस में सरकार और आपोज़ीशन को मिल कर इस की इम्पलीमैंटेशन की तरफ ध्यान देना चाहिए ताकि जो रकूम पास की जा रही हैं उन का इस्तेमाल लोक भलाई के लिए हो। मुझे इस बात की भी खुशी है कि आपोज़ीशन की तरफ से अभी जो मैम्बर साहिब बोल रहे थे उन्होंने भी एक सही बात का ज़िक्र किया कि हमें खर्च में मुनासिब कफायत शुआरी से काम लेना चाहिए। मैं मानता हूं इन दोनो बातों को एक पहलू से। हम पर जिन पर इतनी बड़ी बड़ी योजनाओं को चलाने की इतनी बड़ी ज़िम्मेदारी है उन को खुशी होगी कि हम इस सम्बन्ध में आपोज़ीशन वालों से कोआपरेशन कर पाएं इस लिए जो उन्होंने आफर की थी उस को मैं वैलकम करता हूं। और खुले तौर पर उन से कहता हूं कि आपोज़ीशन का जो हक था नुक्ताचीनी करने का वह डिमांडज़ पर बहस के दौरान काफी हो गया है। अब हम इस बजट के ज़रिये पंजाब के लोगों की भलाई करने जा रहे हैं। इस लिए आपोज़ीशन और सरकार को मिलकर इस बात को देखना चाहिए कि जितना खर्च हो वह लोगों की भलाई के लिये हो और एक पाई भी ज़ाया न हो। मैम्बर साहिबान ने कहा था कि हमें तालीम, हैल्थ, ला ऐंड आर्डर की मदों पर काम के सिलसिले में मिल कर चलना चाहिए। मैं इस बात को वैलकम करता हूं। अभी अभी दत्त साहिब इकौनोमी के बारे में फरमा रहे थे। इस सिलसिले में मैं काफी कुछ कह सकता था कि हम इकौनोमी करने के लिये क्या कुछ कर रहे हैं मगर इस वक्त टाइम नहीं है। उन्होंने वज़ीरों के टूरज़ का ज़िक्र किया और कहा कि कुछ वज़ीरों ने सफर खर्च कम लिया है और कुछ ने ज़्यादा लिया है। ऐसा उन्होंने चर्चा किया। एक मिनिस्टर साहिब का ज़िक्र किया कि उन का खर्च कम था दूसरों का ज़्यादा था। तो यह कैसे हुआ यह मामूली बात है। वज़ीरों के पास दो

किस्म की कनवेयेंस है। एक तो वह है जिन के पास सरकारी कनवेयेंस है। मोटर कार सरकारी है। वह सिर्फ डेली अलाउंस ही लेते हैं। उन को ट्रैवलिंग या कोई और अलाउंस नहीं मिलता। कुछ वज़ीरों के पास अपनी कारें वगैरह हैं। उन को माइलेज मिलता है। यह है वजह जो फर्क इन को दिखाई देता है उस की जिन की अपनी कारें हैं वह सारा ट्रैवलिंग का खर्च अपने पास से करता है और माइलेज लेते हैं। फिर यह जो माइलेज है यह पार्टीशन के वक्त की मुकर्रर की हुई है हालांकि तब से लेकर अब तक पैटरोल वगैरा की कीमत ज्यादा हो गई है।

फिर उन्होंने रिजनल कमेटियों और लैजिसलेटिव कौंसल के मुताल्लिक भी फरमाया। यह एक बहुत बड़ा मसला है कि रिजनल कमेटियां कैसे बनीं, रिजनल फारमूला कैसे बना। यह एक लम्बी बात है। इस थोड़े समय में इस का सही जवाब नहीं दे सकता।

गिल साहिब ने कुछ सरकारी मुलाजमीन के मुताल्लिक भी कहा था। उन्होंने गिला किया था कि सरकारी अफसरान और लोगों में कुछ खलीज है। आप को पता है कि सरकार ने कोआर्डीनेशन कमेटियां बनाई थीं जो हर जिले में बनी हुई हैं इन की मीटिंगों में वज़ीर साहिबान भी जाया करते थे। वहां पर सारे सरकारी कर्मचारी इकट्ठे होते हैं और लोग खुल कर अपनी शिकायात उन के सामने रखा करते हैं। मकसद यह था कि इस खलीज को दूर किया जाए। लोग सीधे सरकारी कर्मचारी तक अपनी शिकायत पहुंचा सकें और जो ठीक फैसला हो वही कर दिया जाए। आज भी यह कमेटियां काम करती हैं जो अब वज़ीर सिवाए जब दौरे पर हों तो वहां जाते हैं वरना डिप्टी कमिशनर ही इन पर प्रीज़ाइड करते हैं। यह हर जिले में चलती हैं। सारे सरकारी कर्मचारी इकट्ठे होते हैं और लोगों को खुली दावत होती है कि वह अपनी शिकायतें सुनाएं। हां अगर कोई सरकारी कर्मचारी कोई ऐसी बात करता है कि जिस से उस में और लोगों में खलीज पैदा हो तो वह अपने फर्ज़ से कोताही करता है। कोई थोड़ी बहुत इधर उधर कहीं ऐसी बात हो तो मगर आम तौर पर ऐसी बात नहीं है। लेकिन ऐसी बात नहीं है। थोड़ी बहुत इधर उधर की एक आध शिकायत हो सकती है। यह इसी लिए है कि सरकार तक लोगों की पहुंच हो सरकारी कर्मचारियों तक और लोगों की मांग को सुना जाता है. ध्यान दिया जाता है। और मुनासिब हद तक फैसला दिया जाता है मौके पर ही कर्मचारियों की मौजूदगी में।

इस बात का ज़िक्र किया गया कि तनखाहों में फर्क है बड़े कर्मचारियों में और छोटे कर्मचारियों में। जैसा कि आप जानते हैं स्पीकर साहिब इस सरकार की कांग्रेस सरकार की नीति यही है कि इन की तनखाहों में फर्क कम किया जाए। बड़े और छोटे कर्मचारियों की तनखाहों में और उनकी आमदन में न सिर्फ सरकारी कर्मचारियों में हो बल्कि आम आदमी की आमदन में जो डिस्पैरिटी है उसे जहां तक हो सके दूर किया जाए। यह बड़ा काम है और सरकार इसे करना भी चाहती है लेकिन कई बातों में सरकार को मजबूर होना पड़ता है मिसाल के तौर पर आई. सी. एस.

[गृह मंत्री]

अफसरों की तनखाहें हैं उनका एक प्रिविलेज है जिस में हम दखल नहीं दे सकते। यह एक कांस्टीच्यूशनल बात है लेकिन फिर भी सरकार की यह नीति है कि कम से कम डिस्पैरिटी रहे और वह दिन आए जब सरकार छोटे से छोटे मुलाजम की तनखाह 100 रुपया माहवार कर सके। इस से कुदरती तौर पर ऊपर उठाना होगा। नीचे के मुलाजमों को। यह बड़ा काम है।

लेकिन मैं यह अर्ज कर दूं। मैम्बर साहिबान को पता होगा कि बड़े बड़े कमयुनिस्ट देश हैं जिन के अन्दर भी इन्कम में डिस्पैरिटी कोई कम नहीं है। और उन की निस्बत 1 : 100 है और कहीं इस से भी ज्यादा है। एक मजदूर को 220---250 रुबलज़ मिलते हैं और कई वहां पर 20 हज़ार रुबलज से भी ज्यादा लेते हैं। (विघ्न) यह रूस की बात है। इस लिए डिस्पैरिटी को दूर करना आसान काम नहीं। आहिस्ता आहिस्ता डिस्पैरिटी कम होती चली जाएगी।

कीमतों के बारे में जिक्र किया गया है कि फलोर प्राइस फिक्स होनी चाहिए और ग्रोअर को देनी चाहिए। मैं इस सुझाव को वैलकम करता हूं। इसके बारे में मैं अर्ज करूं कि व्हीट ज़ोन गवर्नमैंट आफ इंडिया ने मुकर्रर किए हैं। हमारे साथ दिल्ली, हिमाचल और जम्मू कशमीर मिला दिया है वहां पर गंदम जा सकती है। मैं आपको विश्वाश दिलाता हूं कि जहां तक ग्रोअर का ताअलुक है हमारी बुनयादी पालीसी है और इस पर अमल होगा। इसी फसल से इस पर अमल होगा कि ग्रोअर को फेयर प्राइस मिले। फलोर प्राइस मिले। जिस का मकसद यह है कि जो कीमत सरकार फिक्स करे अगर उस से मण्डी में कीमत गिरे तो सरकार खुद खरीदार बन जाए। हम समझते हैं कि काशतकार इस सूबे के आर्थिक ढांचे की रीड़ की हड्डी हैं हमारे ख्याल में अगर उन्हें प्रोटेक्शन न मिले तो उपज नहीं बढ़ सकती। इसलिए इसी फसल से ऐसा किया जाएगा।

इसके बाद एक ज़िक्र स्कूलों की अपग्रेडिंग का किया गया। और गिला किया गया कि इस तर्फ ध्यान नहीं दिया जा रहा। यह भी कहा गया कि सरकार ने जो शर्तें रखी हैं वह कड़ी हैं कि लोकल पापुलेशन की तर्फ से इतनी रकम दी जाए। मैं मानता हूं कि स्कूलों की अपग्रेडिंग के बारे में बड़ी मांग है। मैं ने जब से एजूकेशन का महकमा हाथ में लिया है यह महसूस किया है कि इस बात की बहुत मांग है। सरकार ने जो शर्तें रखी हैं वह इस लिए क्योंकि सरकार के पास रिसोर्सिज इतने नहीं होते जिन से वह खुद स्कूलों को अपग्रेड कर दे। चाहती तो सरकार है कि उसके पास रिसोर्सिज इतने हों कि वह खुद स्कूलों को अपग्रेड कर दें। प्राइमरी से मिडल और फिर हाई और हायर सैकंडरी। इनकी मांग बहुत है दिहाती इलाके में। इस लिए जहां लोकल कंट्रीब्यूशन का सिलसिला जारी रखना चाहिए वहां सरकार खुद भी चाहती है कि ज्यादा से ज्यादा तालीम देने की ओर कदम उठाए जाएं।

कुछ मैम्बरों ने कहा है कि स्कूल बिल्डिंगज की मुरम्मत नहीं की गई। इमारतें अच्छी नहीं। यह पैसे की बात है। अगर इतना पैसा हम इमारतो पर खर्च कर सकें लेकिन यह मुश्किल बात है। कोशिश तो हमारी रहती है (विघ्न)

स्पीकर साहिब, कुछ बातें मैम्बर साहिबान ने कही थीं लेकिन टाइम इतना कम है कि मैं शायद कम बातों का जिक्र कर सकूंगा।

सरदार गुरमीत सिंह ने कुछ जरूरी और मुनासिब बातें कहीं हैं और हाऊस का ध्यान दिलाया है कि डेयरी, पिगरी और पौलटरी और दूध के लिए लिब्रेली रुपया देना चाहिए। फिर इन्होंने पावर टिलर्ज़ का भी जिक्र किया, बैकवर्ड एरियाज और फलडज़ का भी जिक्र किया। इन सब बातों की तरफ सरकार पहले ही अपने रिसोर्सिज़ के मुताबिक ध्यान दे रही है। बजट स्पीच में इन बातों का हवाला दिया हुआ है।

और भी बहुत सी बातें हैं जिनका एक आध मिन्ट में जवाब देना मुश्किल है। एक आध बात का ही और जिक्र कर सकूंगा।

प्राईवेट स्कूलों को ग्रांट देने के बारे में कहा गया है यह ठीक है कि इन स्कूलों ने तालीम देने में सेवा की है और गवर्नमेंट ने भी आंकड़े रखे थे कि कितनी ग्रांट दी गई है। हम जो ग्रांट देते हैं वह आहिस्ता आहिस्ता बढ़ाई जा रही है। मैं इसका ज्यादा चर्चा नहीं करना चाहता। संस्थाओं का मसला होता है जिस के मुताल्लिक सरकार को सोचना पड़ता है।

अब गिलोटीन का टाइम हो चुका है इस से ज्यादा वक्त लेने का हक मेरा नहीं है, इस लिए मैं आशा करूंगा कि दोनों तरफ के मैम्बर साहिबान आपोज़ीशन से भी और गवर्नमेंट बैन्चो से भी प्रार्थना करूंगा कि आज हम बहुत बड़ी रकम पंजाब की भलाई के लिए पास करने जा रहे हैं। इस लिए हमारा कर्तव्य है कि यह देखें कि इस रकम का अच्छी तरह से इस्तेमाल हो और लोगों की भलाई में किसी किस्म को देरी न हो जैसा कि श्री रण सिंह ने कहा था कि हरिजनो की ग्रांट लैप्स हो गई है ऐसी बात न हो इस की तरफ हम सब को ध्यान देना चाहिए। और हम सब देखें कि जो जो स्कीमें जिस जिस इलाका और जिस जिस कांस्टीच्यूएंसी के लिए मन्जूर हुई हैं वह वक्त पर लागू हो सकें और लोगों की भलाई हो। जो इस डिबेट के दौरान गर्मी आ गई थी उसे भूल कर आपोज़ीशन और गवर्नमेंट बैन्चिज़ पर बैठे मैम्बर साहिबान की तरफ से इस बिल को मुतफिका तौर पर पास करना चाहिए।

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Appropriation (No. 2) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Now, the House will take up the consideration of the Bill clause by clause.

Clause 2

Mr. Speaker : Question is—

That Clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 3

Mr. Speaker : Question is—

That Clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

SCHEDULE

Mr. Speaker : Question is—

That the Schedule be the Schedule of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker : Question is —

That Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker : Question is—

That the Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Appropriation (No. 2) Bill be passed

The motion was carried.

Mr. Speaker : The House stands adjourned till 9:00 a.m. tomorrow.

(*The Sabha then adjourned till 9.00 a.m. on Thursday the 26th March, 1964.*)

453P.V.S.—386—26-10-64—C.P.&.S., Pb., Chandigarh.

APPENDIX

To

PUNJAB VIDHAN SABHA DEBATES, VOL. I—NO. 24, DATED THE 25TH MARCH, 1964.

Procedure to verify the representative character of a Union

1524. Comrade Babu Singh Master : Will the Home Minister be pleased to state—

(a) the details of the procedure being followed by the Labour Department to verify the representative character of a Union in an industrial dispute or demand notice;

(b) whether the said procedure is being followed in all the cases; if not, the nature of cases in which it is separate from and the reasons therefor ?

Shri Mohan Lal : (a) Whenever a management challenges the representative character of a Union and the Conciliation Officer or any other Officer of the Department dealing with the cases is of the view that *prima facie* the contention of the management appears genuine, he makes a test check by enquiry from some workers on random-sampling basis. In cases, however, as a result of this enquiry or otherwise it is felt that a full enquiry is necessary to establish the representative character, that all the workers are interviewed by the Conciliation Officer separately to know their view point.

(b) Above mentioned procedure is followed in all cases.

Loans sanctioned for construction of Houses at Chandigarh.

1529. Sardar Pritam Singh Sahoke : Will the Minister for Excise, Taxation and Capital be pleased to state—

(a) the number of applications received by Government Capital Project Administration, Chandigarh, for the grant of house building loans to construct houses in Chandigarh under the Middle Income-Group Housing Scheme during the period from 1st January, 1963 to 15th March, 1964 together with the names of the applicants and the amount of loan applied for and sanctioned in each case with criteria kept in view for giving such loans;

(b) whether any intimation was sent to those applicants who were not sanctioned any loan stating the reasons for the same ?

Shri Ram Saran Chand Mittal : (a) (i) 154. A list is laid on the Table.

(ii) The criteria for granting loan is first come first served. However, preference has been given in the following type of cases:—

(1) Army Personnel and their relatives.
(2) Houses to be completed by 31st March, 1964.
(3) Houses incomplete for want of funds.

(b) No.

Serial No.	Name of the loanee	Date of application	Amount of Loan applied for	Loan sanctioned	Criteria kept for giving loan
			Rs	Rs	
1	Shri Tara Chand ..	1st January, 1963	16,000	..	..
2	Shri A.P. Bedi ..	1st January, 1963	16,000	6,000	The house was incomplete for want of funds
3	Shri Kishori Lal ..	1st January, 1963	20,000	..	..
4	Shri Dharam Singh ..	8th January, 1963	20,000	..	..
5	Capt. S.M. Verma ..	18th January, 1963	20,000	..	..
6	Shri Ram Chand ..	18th January, 1963	16,000	..	The applicant was ineligible under this scheme. He had also applied for loan under L.I.G.H. Scheme and was granted loan of Rs. 8,000 in turn.
7	Major Piara Singh ..	21st January, 1963	20,000	..	..
8	Shri Banwari Lal Sharma ..	28th January, 1963	20,000	..	..
9	Shri Amrit Lal ..	29th January, 1963	20,000	..	..
10	Shri Jatinder Nath ..	30th January, 1963	20,000	..	..
11	Shri Harcharan Singh ..	31st January, 1963	20,000	..	..
12	Shri Gulzari Lal ..	13th February, 1963	20,000	..	..
13	Shri Baldev Raj Marwaha ..	6th March, 1963	20,000	..	..
14	Shri Gurdial Singh ..	6th March, 1963	16,000	12,000	Loan granted out of turn because house was incomplete for want of funds and was to be completed before 31st March, 1964
15	Shri Amrit Lal ..	6th March, 1963	20,000	..	

16	Shri Tirlok Singh	...	6th March, 1963	20,000	...	..
17	Shrimati Harbans Kaur	..	6th March, 1963	25,000	...	..
18	Shrimati Rajinder Kaur	..	6th March, 1963	20,000	...	..
19	Shri Ram Kishan Chaudhry	..	6th March, 1963	20,000	..	..
20	Shri Prem Chand Jain	..	7th March, 1963	20,000	12,000	Loan was granted out of turn as house was to be completed before 31st March, 1964
21	Shri Udey Singh	..	7th March, 1963	16,000	12,000	Loan was granted out of turn as the house was incomplete
22	Shri J.N. Bhatnagar	..	12th March, 1963	20,000	..	...
23	Lt. Col. J.S. Khurana	...	21st March, 1963	20,000	..	Loan of Rs 12,000 was granted under H.B.L. Scheme, the applicant being a Military Personnel
24	Shri Raghbir Singh Bali	..	22nd March, 1963	12,000	...	...
25	Shri Shanti Sarup Abbee	..	25th March, 1963	20.000	..	..
26	Shri Surjit Singh	...	25th March, 1963	30,000	..	...
27	Shri Babu Singh Gandhi	...	26th March, 1963	16,000	12,000	Loan was granted out of turn as the house was incomplete for want of funds
28	Shri Gurdial Singh	..	4th April, 1963	30,000	..	..
29	Shri Ajit Singh	...	4th April, 1963	20,000	...	...
30	Shri Gurdit Singh	..	8th April, 1963	20,000	..	...
31	Shri Mohinder Paul Mitra	..	8th April, 1963	20,000	..	..
32	Shri Bal Krishan Rawal	..	10th April, 1963	20,000	..	..
33	Shri Harkishan Lal Bakhsi	...	11th April, 1963	30,000	...	..
34	Shri Ran Singh	...	11th March, 1963	20,000	...	...

Serial No.	Name of the loanee	Date of application	Amount of loan applied for	Loan sanctioned	Criteria kept for giving loans
			Rs	Rs	
35	Prof. Krishan Chandra Sachdev	16th April, 1963	20,000	..	...
36	Shri Gurcharan Singh Pal ...	17th April, 1963	26,630	...	...
37	Shri Shyamji Shinghal ...	17th April, 1963	20,000	...	..
38	Shri Satish Chander Sibal ..	23rd April, 1963	10,000	10,000	Loan granted out of turn because the house was incomplete and was to be completed before 31st March, 1964
39	Dr. B.D. Narang ..	23rd April, 1963	16,000	..	...
40	Shri Nand Lal ...	23rd April, 1963	20,000	..	...
41	Major Ranjit Singh ...	23rd April, 1963	20,000	12,000	The applicant is a member of the Armed Forces
42	Shri Inderjit Sharma ...	9th May, 1963	16,000	...	...
43	Shri Ranjit Singh Virk ..	10th May, 1963	20,000	..	...
44	Major Gurcharan Singh ..	10th May, 1963	20,000	...	...
45	Shri K.C. Chib ..	17th May, 1963	20,000	..	..
46	Shri Chanan Singh ..	22nd May, 1963	20,000	..	..
47	Shri Gurbax Singh ...	27th May, 1963	20,000	..	..
48	Shrimati Harinder Kaur ..	30th May, 1963	12,000	..	..
49	Dr. Parkash Kaur ...	1st June, 1963	..	..	...
50	Shri Ram Nath ..	4th June, 1963	25,515	..	..
51	Shri Mohinder Singh ...	12th June, 1963	30,000	...	...

50	Shri Ram Nath	.. [illegible]	30,000	--	
51	Shri Mohinder Singh	.. 12th June, 1963			
52	Shri Ram Lal Anand	.. 14th June, 1963	14,000	..	..
53	Shri Des Raj	.. 17th June, 1963	42,000	..	..
54	Shri T.N. Kaul	.. 25th June, 1963	25,000	..	..
55	Shri Ram Dayal	.. 26th June, 1963	..	..	..
56	Shri B.R. Bhawara	.. 28th June. 1963	40,083	..	..
57	Shri Prem Singh	.. 1st July, 1963	27,000	..	..
58	Shri Chaman Lal Bhasin	.. 20th July, 1963	32,000	..	..
59	Shri Jagjit Singh Chadha	.. 26th July, 1963	15,000	..	..
60	Shri Mathura Dass	.. 30th July, 1963	10,000	..	The applicant was ineligible under M.I.G.H. Scheme. He had also applied under L.I.G.H. Scheme. He was, therefore, granted loan of Rs 8,000 under the said scheme in turn
61	Shri Partap Singh	.. 2nd August, 1963	30,000	..	..
62	Shri Sat Parkash	. 3rd August, 1963	..	..	..
63	Shri Tara Singh	.. 16th August, 1963	20,000	..	..
64	Shri Deva Singh	.. 17th August, 1963	20,000	1,60,000	Loan was granted out of turn as the time limit for the construction of house was about to expire and construction had started
65	Shri Avtar Singh	.. 21st August, 1963	20,000	..	..
66	Shri Harmel Singh	.. 22nd August, 1963	20,000	12,000	Loan was granted out of turn as the house was incomplete for want of funds
67	Shri Gurdit Singh	.. 27th August, 1963	25,000	..	..
68	Shri Kartar Singh	.. 27th August, 1963	20,000	..	..
69	Shri Som Nath	.. 27th August, 1963	16,000	..	..

Serial No.	Name of the loanee	Date of application	Amount of loan applied for	Loan sanctioned	Criteria kept for giving loans
			Rs	Rs	
70	Major Kishore Chand Kapoor	28th August, 1963	20,000	..	..
71	Shri Ganesh Dass ..	28th August, 1963	20,000	..	..
72	Shri Ram Lal Parbhakar ..	29th August, 1963	20,000	..	..
73	Shri Amar Nath Mela Ram ..	29th August, 1963	20,000	..	..
74	Shrimati Harbans Kaur ..	30th August, 1963	12,000	..	..
75	Shrimati Gurbinder Kaur ..	30th August, 1963	20,000	12,000	Loan was granted as the applicant was the sister of a member of Armed Forces
76	Shrimati Hari Rattan Kaur ..	2nd September, 1963	12,000	12,000	Loan was granted out of turn as son and other relatives are members of Armed Forces
77	Shri Ajit Singh ..	2nd September, 1963	23,000	..	..
78	Shri Gopal Dass Sardana ..	7th September, 1963	20,000	..	..
79	Shri Milkhi Ram ..	7th September, 1963	16,000	..	..
80	Shri Raghbir Singh ..	8th September, 1963	20,000	..	..
81	Shri Kirpal Singh ..	10th September, 1963	20,000	..	..
82	Shri Narinder Singh ..	16th September, 1963	20,000	..	..
83	Shrimati Harjeet Gill ..	17th September, 1962	20,000	12,000	Loan was granted out of turn being wife of Military Officer
84	Shri Mohan Singh Lali ..	18th September, 1963	12,000	..	..

85	Shri Nand Lal	.. 18th September, 1963	17,000	12,000	The applicant had also applied for loan under H.B.L. Scheme. He was granted loan under M.I.G.H. Scheme on the basis of his turn under H.B.L. Scheme
86	Mrs. Rita Handal	18th September, 1963	20,000	12,000	Loan was granted out of turn being wife of Military Officer
87	Shri Rajinder Singh	.. 21st September, 1963	20,000	..	..
88	Shri Budh Singh	.. 21st September, 1963	16,000	12,000	Loan was granted out of turn as the house was to be completed upto 31st March, 1964
89	Shri Ram Kishan	.. 25th September, 1963	16,000	12 ,000	Loan was granted out of turn as the house was lying incomplete for want of fund.
90	Shri Sunder Lal	.. 25th September, 1963	16,000	..	..
91	Shri G.C. Trehan	.. 30th September, 1963	15,000	..	..
92	Shri Bhagat Ram	.. 30th September, 1963	22,000	..	..
93	Shri Balbir Singh	.. 1st June, 1963	15,000	..	..
94	Shri Nirmal Singh	.. 5th October, 1963	16,000	..	..
95	Shri Hans Raj Chaudhry	.. 5th October, 1963	20,000		..
96	Shri Sohan Singh	.. 5th October, 1963	16,000		..
97	Shrimati Gurcharan Kaur	.. 9th October, 1963	12,000	..	..
98	Shri Des Raj Jain	.. 10th October, 1963	16,000	..	..
99	Shrimati Jatinder Kaur	.. 15th October, 1963	20,000	..	..
100	Shrimati Shakuntla Bansal	.. 18th October, 1963	20,000	12,000	Loan was sanctioned out of turn as house was to be completed before 31st March, 1964
101	Shri Harbans Lal	.. 22nd October, 1963	20,000	..	..

Serial No.	Name of the loanee	Date of application	Amount of loan applied for	Loan sanctioned	Criteria kept for giving loans
			Rs	Rs	
102	Shri Kartar Singh Chadha ..	30th October, 1963	20,000	..	..
103	Lt.-Genl. Gurdial Singh ..	30th October, 1963	25,000	..	..
104	Shri Bakhshi Singh Dhillon ..	4th November, 1963	15,000	..	..
105	Shrimati Dewan Kaur ..	6th November, 1963	12,000	..	..
106	Shri Bharat Lal ..	11th November, 1963	12,000	12,000	Loan was granted to applicant who is mmeber of Defence Services
107	Mrs. Krishna Bhagat ..	19th November, 1963	20,000	..	..
108	Shri Satish Chander ..	20th November, 1963	12,000	..	..
109	Shri Ganga Singh ..	23rd November, 1963	20,000	..	..
110	Shri S.R.K. Chopra ..	28th November, 1963	20,000	..	..
111	Shri Nand Lal Sharma ..	28th November, 1963	20,000	..	..
112	Shri Ram Lal ..	28th November, 1963	11,000	..	..
113	Shri Mohinder Singh (Major)	30th November, 1963	20,000	..	..
114	Major C.D. Dass ..	5th December, 1963	20,000	..	..
115	Shrimati Harbans Kaur ..	7th December, 1963	20,000	20,000	Loan was granted out of turn being the wife of a Military Officer
116	Shri Gopal Singh ..	11th December, 1963	12,000	..	..
117	Shrimati Harbans Kaur ..	13th December, 1963	20,000	..	..

118	Shri Tarlok Nath	..	21st December, 1963	20,000	..	—
119	Shri Anand Parkash	..	20th December. 1963	1,20,000	..	...
120	Shrimati Harwant Kaur	..	28th December, 1963	16,000	12,000	Loan was granted out of turn, the applicant being the mother of a Military Officer
121	Shrimati Harbhajan Kaur	..	30th December, 1963	20,000	..	..
122	Shri Gurcharan Singh	..	31st December, 1963	25,000	..	...
123	Mrs. Shakuntla Sharma	..	3rd January, 1964	16,000	...	...
124	Shri Ganesh Datt	..	6th January, 1964	16,000	...	...
125	Mrs. Niranjan Kaur	..	8th January, 1964	8,000	...	...
126	Shri Prithvi Chand	..	8th January, 1964	12,000	12,000	Loan was granted out of turn as house was to be completed before 31st March, 1964
127	Shri Parkash Nath Puri	..	13th January, 1964	18,000	..	...
128	Dr. Shakuntla Kapila	..	13th January, 1964	18,000	...	...
129	Shri Joginder Singh Sidhu	..	20th January, 1964	12,000	...	...
130	Shri Jaswant Singh	..	22nd January, 1964	20,000	..	...
131	Shrimati Gurdip Kaur	..	22nd January, 1964	20,000	...	...
132	Shrimati Manjit Kaur	..	22nd January, 1964	20,000	...	...
133	Shrimati Vimla Devi	...	23rd January, 1964	20,000	...	...
134	Shri Siri Krishan Sharma	..	31st January, 1964	15000	...	...
135	Capt. Amarjit Singh	..	3rd February, 1964	20,000	...	...
136	Shri Satinder Mohan Sapra	..	...	12,000	...	...
137	Shri Krishan Sharma	..	3rd February, 1964	20,000	...	...

Serial No.	Name of the loanee	Date of application	Amount of loan applied for	Loan sanctioned	Criteria kept for giving loans
			Rs	Rs.	
138	Shri Sewa Singh ..	4th February, 1964	..	..	...
139	Mrs. Satya Baldevi Anand ..	5th February, 1964	15,000	..	...
140	Shrimati Chander Rani Bedi ..	7th February, 1964	15,000	—	—
141	Shri Gurpartap Singh Brar ..	8th February, 1964	15,000	...	..
142	Dr. K.S. Thind ..	10th February, 1964	30,000	—	—
143	Shri Man Mohan Singh Gujral	17th February, 1964	15,000	..	...
144	Shri Devinder Singh Sidhu ..	25th February, 1964	20,000	...	—
145	Mrs. Indra Rani Dhingra ..	26th February, 1964	16,000	—	—
146	Shri Som Parkash Ishar ..	29th February, 1964	20,000	—	—
147	Shri Inder Singh ..	6th March, 1964	16,000	...	—
148	Shri Mehl Singh ..	9th March, 1964	12,000	...	—
एक बात मैं एजुकेशन के मुताल्लिक अर्ज़ करना चाहता हूं । वह यह कि हमारे मुल्क में इस बात की बड़ी चर्चा है कि यहां पर फ्री एजुकेशन दी जा रही है । मगर इस का फायदा गरीब लोगों को होना चाहिये । मैं उन आदमियों में से हूं जो इस बात के हक में हैं कि जिन लोगों की इन्कम थोड़ी हो उनके बच्चों की ही फीस माफ होनी चाहिये । मैं यह समझता हूं कि वीकर सैक्शन के लड़के लड़कियों की फीस माफ होनी चाहिये, इन के बचों की तालीम जारी रखने के लिय इनको वज़ीफे और अलाउंसिज़ दिये जाने चाहियें । इस के इलावा मैं यह भी कहूंगा कि स्टेट ट्रेडिंग को और बढ़ावा दिया जाना चाहिये । बैंकों की नैशनलाइज़ेशन होनी चाहिये ताकि इस के जरिये से वह मनौपली जो चन्द अशखास की बनाई हुई है वह तोड़ी जा सके । स्टेट ट्रेडिंग के साथ साथ हमें फूड प्राइसिज़ पर भी कंट्रोल रखना चाहिये । टेक्सेशन की जो इनडायरेकट पालिसी एडाप्ट की गई है मैं कहूंगा कि इस के लिये हमें डायरेकट पालिसी अडाप्ट करनी चाहिये । इन अल्फाज़ के साथ मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं ।

टिक्का जगजीत सिंह (नारायणगढ़) : चेयरमैन साहिब, मैं आपका बहुत मश्कूर हूं जो आप ने मुझे बोलने का मौका दिया । आज जो रैज़ोल्यूशन इस हाउस में पेश किया गया है वह बहुत अच्छा रैज़ोल्यूशन है । इस के लिये इस में चार चीज़ें बताई गई हैं वह हैं नेसैसिटी आफ लाइफ एट रीज़नेबल प्राइसिज़, फ्री एजुकेशन और फ्री मैडीकल एड । अगर आप आल–इंडिया कांग्रेस कमेटी के भुवनेश्वर रैज़ोल्यूशन को देखें तो इस में भी वही बातें हैं कि लोगों को रोटी कपड़ा मिले और रोज़गार के सारे साधन मुहैया किये जायें (विघ्न) में अर्ज़ कर रहा था खाने पीने के इलावा और जो ज़रूरियाते जिंदगी हैं वह भी सभी पूरी हों, और यह हर छोटे बड़े की पूरी होनी चाहियें । यह भी एक ज़रूरी चीज है कि बूढ़ों को पैनशन मिले । आज हमें बहुत सी मिसालें ऐसी मिलती हैं कि जब तक कोई खुद कमा सकते हैं तो ठीक है लेकिन बाद में उनकी कोई केयर नहीं की जाती, अब तो महज़ यह इम्पलीमेंटेशन की बात है (एक माननीय सदस्य : यह तो कांग्रेस सरकार को करनी चाहिये और किसी को कया जरूरत है) कांग्रेस ही करेगी, यह तो इम्पलीमैंटशन की बात है, जो आहिस्ता आहिस्ता हो रही है।

इस के बाद मैं यह भी कहूंगा कि जो नेशनेलाईज़ेशन आफ बैंक्स है यह भी होनी चाहिये इस से सरकार के घ्यान में सारा सरमाया रहेगा और इसकी तकसीम

[टिक्का जगजीत सिंह]

भी सरकार की निगरानी में होती रहेगी । आज हम अगर स्टेट बैंक का दूसरे बैंकों से मुकाबला करें तो हमें पता लगेगा कि इन में ज़मीन आसमान का फर्क है । स्टेट बैंक में आप जायें तो पता लगेगा कि चाहे पैसा जमा करवाना हो या निकलवाना हो आप को घंटे लगते है जहां दूसरे बैंकों में यह काम मिंटों में होते हैं । अगर किसी गरीब आदमी को वहां पर कोई जानता ही ना हो तो उसका काम हो ही नहीं सकता । इसी तरह से मैं कहुंगा कि ट्रांस्पोर्ट की भी नैश्नेलाइ-ज़ेशन होनी चाहिये, मगर इस बात का सरकार को ध्यान रखना चाहिये कि जो वर्कर्ज़ हैं इन का नैशनेलाइज़ेशन से कोई नुकसान नहीं होना चाहिये ।

एक बात मेरे एक भाई ने ब्लैक मनी की यहां पर की थी । यह मुमकिन है कि हमारे मुल्क में ब्लैक मनी हो, मगर जैसे पहले किया गया था इस का सब से आसान तरीका तो यही है कि 5—10 साल के बाद करंसी चेंज कर दी जाये । अगर इस तरह की ब्लैक मनी किसी के पास होगी वह आटोमैटीकली चेंज हो जायेगी । पिछली दफा जिन लोगों ने इस तरह से जो पैसा दबाया हुआ था वह सारे का सारा ज़ाया गया था । यही एक आसान तरीका है जिस से ब्लैक मनी निकाली जा सकती है । एक बात जो मैं कहनी चाहता हूं वह यह है कि अगर कोई स्कीम बनती है तो हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि इस का जो ओवर आल इफैक्ट पड़ता है वह हमें पहले देख लेना चाहिये । मिसाल के तौर पर अगर हम किसी की ज़मीन ऐक्वायर करते हैं तो हमें पहले यह देखना चाहिये कि इस का दूसरे लोगों पर इफैक्ट क्या पड़ेगा । मेरे हल्के में सरकार ने एक रक्बे को जिस में कि 11,000 की पापुलेशन थी उजाड़ने का प्रोग्राम बनाया, मगर इस बात का कोई ख्याल नहीं किया गया कि आखिर इस का उन लोगों पर क्या असर पड़ेगा जो मुद्दतों से यहां आबाद हैं । सरकार को चाहिये था कि पहले इन को आबाद करने का कोई इंतज़ाम करती । इस तरह के जो वाक्यात होते हैं हम चाहते हैं कि सरकार पहले कोई इंतज़ाम करे और फिर कोई प्रोग्राम बनाये । अगर हम चाहते हैं कि हम कोई सोशलिज़म आज ला रहे हैं तो हमें चाहिये कि पहले ऐसा कदम उठायें जो दस-बारह हज़ार की पापुलेशन पर बुरा असर न डाले । अगर हम कोई ऐसा कदम उठायें जो दस-बारह हज़ार की पापुलेशन पर असर दायक हो तो हम कैसे सोशलिज़म का दावा कर सकते हैं । हमारा फर्ज यह है कि पहले हम उन को आबाद करने का कोई, प्रबन्ध करें फिर जो मालिकों को ज़मीनों की कीमत दें वह भी मुनासिब मिलनी चाहियें । मेरे अपने हलके की बात है कि लोगों को 150—200 रुपए तक वसूल हुए जहां कि उन्होंने 500-500 रुपए में अपनी ज़मीनें रहन रखी हुई थीं । यह आम तौर पर देखा है कि लोगों को प्राइसिज़ पूरी नहीं मिलतीं । यही वजह है कि सरकार की इस तरह की पालिसी की वजह से हजारों लोगों को सफर करना पड़ता है । पहले जिस आदमी को उजाड़ा जाये, मैं कहूंगा कि पहले उस को आबाद करने का बन्दोबस्त ज़रूर किया जाना चाहिये । इस तरह जो लोग दर बदर

फिरते हैं वह सरकार को लानतें–मुलामतें देते हैं जिस से सरकार पर हरफ आता है
12.00 noon (विघ्न) मेरा ख्याल तो यह है कि किसी आदमी का किसी चीज़ पर कंट्रोल नहीं होना चाहिए बल्कि उसे इस योग्य रहने देने चाहिए कि वह अपने काम से प्रेम करे और इस तरह से उसको आगे बढ़ावे । अगर आप सीलिंग करते चले जाते हैं, तो यह ठीक न होगा । हां, अगर सीलिंग करना है तो इनकम पर कीजिए इस से स्टेट को भी फायदा होगा और टैक्स वगैरह भी ज्यादा मिलेगा।

श्री मुख्तियार सिंह मलिक : चैयरमैन साहिब, राय तो ले लो इस वक्त यह कह रहे हैं लेकिन जब राय ली जाएगी तो यह कहीं बदल न जाएं।

Mr. Chairman : No interruption, please.

टिक्का जगजीत सिंह : जहां तक डिस्पैरिटी का सवाल है, मैं समझता हूँ कि इसे कम करना चाहिए । और जो पे के ग्रेड्ज़ हैं वह अपग्रेड होने चाहिएं ताकि छोटे आदमियों को जिनको 50 रुपया ही मिलता है उनका गुजारा चल सके। वैसे यह ठीक है कि सरकार इस दिशा में कोशिश कर रही है और स्वीपर्स का ग्रेड 85 रुपया कर भी दिया है। आशा है कि निकट भविष्य में आहिस्ता आहिस्ता सभी का 100 रुपया हो जाएगा ।

अब एक बात में तालीम के बारे में कहना चाहता हूं कि यह ठीक है कि पंजाब ने इस क्षेत्र में बड़ी तरक्की की है लेकिन जो पिछड़े हुए इलाके हैं उनकी तरफ ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है । लेकिन यह नहीं होना चाहिए कि जहां के लिए कोई ज्यादा ज़ोर न डाले या ज्यादा न बोले और न कहे तो उसे छोड़ दिया जाए । मैं चाहता हूं कि असूल के आधार पर हर जगह को देखा जाना चाहिए, और पिछड़े हुए इलाकों की तरफ ज्यादा ध्यान देना चाहिए (विघ्न) । जहां तक हरिजनों का यहां एम० एल० एज़० व अफसर बनने का सम्बन्ध है मैं कहूंगा कि यह तालीम ही थी जो उनको यहां ले आई (घंटी)

एक बात और कह कर मैं खत्म ही कर दूंगा और वह यह कि जो कोआपरेटिव अदारे हैं उनको तरजीह देनी चाहिए । और जो आदमी मिल कर काम करें उनको ज्यादा तरक्की दी जाए । लेकिन अब क्या होता है? वह यह कि जब लोग मिल कर कोआपरेटिव बना भी लेते हैं तो उनको पैसे नहीं दिए जाते और बैंक्स के मैम्बरशिप के मुताबिक पैसे नहीं दिये जाते हैं । और वह लोग बेचारे गालियां देते रह जाते हैं । (घंटी)

अंत में मैं यही कहूंगा कि सरकार को चाहिए कि वह लोगों के लिए रोटी, कपड़ा, इलाज और तालीम मुहैया करे । और जहां तक हो यह चीजें जैसे इलाज और तालीम, यह मुफ्त दी जाए।

कामरेड राम प्यारा (करनाल) : चेयरमैन साहब, मर्ज़ बढ़ता गया ज्यों, ज्यों दवा की। जैस जैसे सोशलिस्ट पैटर्न आफ सोसाइटी का रेजोल्यूशन आता

[**कामरेड राम प्यारा**]
रहा और अब और भी तेज़ी से आने लगे वैसे वैसे ही सोसाइटी का ढांचा बिल्कुल कमज़ोर होता जा रहा है ।

इस देश में सोशलिज्म तेजी से लाने की कोशिश की जा रही है और नतीजा यह होता जा रहा है कि वह तेज़ी से तो क्या आएगा सारी सोसाइटी ही वीक और खोखली होती जा रही है । और यहां पर जो टैनेंट्स की और लैंड की समस्या है, तो जब से आज़ादी आई है तब से आठ लाख गरीब टैनेंटस इजैक्ट हो गए हैं ।

दूसरी बात फैक्टरीज़ को इम्पोर्ट लाइसेंस देने की सरकार के सामने है जिस के ज़रिए शायद यह सोशलिज्म ला रही है उसका हाल सुन लीजिए । एक फर्म अमी चन्द प्यारे लाल को अकेले 21 इम्पोर्ट लाइसेंस दिए हैं । जनाब, 28 ग्रुप हैं इंडिया में जो सारी मेजर इंडस्ट्रीज़ पर हावी हुए हैं । जब हम पाकिस्तान से आए थे तो 50 फीसदी ऐसी इंडस्ट्रीज़ थीं जिन के पास टोटल वैल्थ डिस्ट्रीब्यूट होती थी लेकिन आज यह हालत है कि 1 परसैंट फैक्ट्रीज़ के पास टोटल वैल्थ जमा होती जा रही है । आप अंदाज़ा लगा लीजिए कि यह सोशलिज़म कहां जाएगा । जो एक परसैंट आदमी हैं उनके पास सिनेमा, कोल्ड स्टोरज और बड़ी–बड़ी फैक्टरीज़ हैं वही आज सोशलिज्म लाने का दम भरते हैं ।

Mr. Chairman: Please do not try to pass such remarks.

कामरेड राम प्यारा : अच्छा, अब मैं हाइ सैलरीड और लो-पेड एम्लाइज़ की बात करता हूं । अगर सरकार को यह कहा जाता है कि जो लो–पेड एम्लाइज़ हैं, उनकी तनखाहें बढ़ाइए तो कहा जाता है कि एमरजेंसी है ? लेकिन दूसरी तरफ 20 लाख रुपया शूगर मिल जगाधरी को दिया जा सकता है और एमरजेंसी की कहीं कोई बात ही नहीं आती । और इसी तरह से 1 लाख 22 हज़ार नेपको (कम्पनी) को दिया जा सकता है लेकिन कोई एमरजेंसी नहीं । बात यह है, जनाब, कि अमल से ज़िन्दगी बनती है, जन्नत भी और जहन्नम भी–––अगर देखा जाए कि जो वैल्थ एक्युमुलेट हो रही है, उन के पास हो रही है जो कि अथारिटी में हैं । चाहे वह आफीसर्ज़ का कुरप्ट तबका है, बिजनेसमैन में ब्लैकमार-कैटियर्ज़ हैं, यह वही आदमी हैं जो अथारिटी से वाबस्ता हैं । तो मेरे कहने का मतलब यह है, चेयरमैन साहब, अगर हम वैल्थ की फेयर डिस्ट्रीब्यूशन नहीं करेंगे तब तक कोरे रेजोल्यूशन पास करने से क्या होता है ? यह जो कुछ कर रहे हैं उस से वैल्थ चन्द हाथों में इक्टठी हो रही है । यह सब मिसचिफ, धोखा, और बददयानती पर मबनी है । देखना तो यह है कि जो गरीब जितनी रोटी पहले खाता था आया मंहगाई के वक्त में भी उसको उतनी चीज मिलती है या नहीं ? और उसके मुकाबले में जो अमीर थे वह बहुत अमीर और दो दो गुना अमीर होते जा रहे हैं तो क्यों होते जा रहे हैं ? जब कभी बात होती है तो हम मुकाबला

करते हैं कि 40 रुपया जिस को मिलता था उस को 60 रुपया दे दिया और जिस मज़दूर को डेढ़ रुपया मिलता था उस को ढाई रुपया दे दिया । यह कौम के साथ धोखा है, अन्याय है, और यह ज्यादा देर नहीं चल सकता। जो आनरेबल मैम्बर इस रैज़ोल्यूशन के पेश करने वाले और उस की ताईद करने वाले हैं मैं उन से पूछना चाहता हूं कि क्या तुम इस पर प्रैक्टीकली भी कुछ अमल करने के लिए तैयार हो । मैं कहता हूं कि अगर इस की 10 पर सैंट भी इम्प्लीमैंटेशन हो जाए तो हम गरीबों की हालत बदल सकते हैं। हम तो प्रैक्टीकल काम करने में विश्वास करते हैं । मैं कहता हूं कि अगर यहां पर सोशलिज्म लाना है तो उस के प्रिंसीपल्ज़ पर चलें और अगर फायदा पहुंचाने की बात हो तो चन्द आदमियों के पेट ही न भरते जाओ बल्कि सब को थोड़ा थोड़ा बांट कर दो । इसी तरह अगर पर्मिट देने हैं या कोटे देने हैं तो उन्हीं को मत देते जाओ जिन के पास पहले हैं बल्कि उन को दो जिन को एक्चुअली जरूरत है । मैं कहता हूं कि अगर कोई टाइम आ गया और इन लूटने वालों के खिलाफ इन्क्वायरी हुई तो इन को फांसी से कम सजा नहीं दी जाएगी । मैं हैरान हूं कि यह सरकार कर क्या रही है । इन्हों ने तो यह बिजनेस बना रखा है कि पहले यह बड़े बड़े सरमाएदारों को पर्मिट या कोटा दे देते हैं फिर बाद में झोली पसार कर कहते हैं कि हम को चन्दा दो । मैं कहता हूं कि सरकार ऐसा क्यों करती है जब आप के पास सब रिसोर्सिज़ हैं तो फिर यह चंदे क्यों मांगते हैं । अंत में मैं यह कह कर बैठ जाता हूं कि अमली तौर पर सोशलिज्म लाने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए ।

चौधरी राम सिंह (जींद) : चेयरमैन साहिब, श्री यश जी ने जो सोशलिज्म का रैज़ोल्यूशन रखा है इस के ऊपर जो एक दो दिन बहस की गई वह मैं ने सुनी है । मैं ने यह देखा है कि कुछ लोगों ने सोशलिज्म को एक्सप्लेन करने के बगैर ही इमोशनल स्पीचिज दीं और कुछ ने तो सोशलिज्म को यहां तक सीमित किया कि जमीनें छीन ली जाएं फिर सोशलिज्म आएगा या फैक्टरियां छीन ली जाएं तो सोशलिज्म आ जाएगा, इसी तरह तीसरा कहता है कि दुकानें या ट्रेड सरकार अपने हाथ में ले ले तो सोशलिज्म आ जाएगा ।

चेयरमैन साहिब, मुझे एक कहानी याद आ गई है जो मैं हाउस में सुनाना चाहता हूं । एक देहाती भाई थे उन्हों ने कभी शीशा नहीं देखा था । उन्हों ने साधुओं की तरह सिर पर खुले बाल रखे हुए थे और दाढ़ी भी रखी हुई थी । जब उस ने पहली दफा शीशा देखा तो उसे अपना चेहरा दिखाई दिया । उसे खयाल हुआ कि उस शीशे के अंदर उसे किसी साधु के दर्शन हो गए हैं । वह उस शीशे को घर पर ले आया और उस की पूजा शुरू कर दी । जब कई दिन हो गए तो उस की पत्नी को खयाल आया कि मैं भी उस संत के दर्शन करूं जिस को मेरा पति पूजा करता है । उस ने जब शीशे में देखा तो उसे और

[**चौधरी राम सिंह**]

की शक्ल दिखाई दी तो उस ने शोर डाल दिया कि मेरा पति साधु की बजाए अंदर औरत रखता है । तो शोर सुन कर उस का लड़का आया उस ने शीशे में अपना चेहरा देखा । इसी तरह से, चेयरमैन साहिब, यह सोशलिज्म को देख रहे हैं । इन को किसी को भी मालूम नहीं कि यह है क्या ? इस के कंटेंट्स तो ठीक हैं लेकिन इस की एक्सीक्यूशन गलत है । अगर कोई यह कहे कि सारे हिन्दुस्तान को रोटी, कपड़ा, घर, दवाई और तालीम मिलेगी तो यह मानने की चीज है क्योंकि सब मुलकों में ऐसा होता है लेकिन यह कह देना कि अगर मुजारों को ज़मीन न दी तो सोशलिज्म नहीं आएगा यह चीज़ गलत है क्योंकि दुनिया में किसी जगह भी सोशलिज्म का ऐसा तजुर्बा नहीं हुआ । दुनिया में दो किस्म के मुल्क हैं एक तो वह हैं जिन को कैपीटलिस्ट कहते हैं और दूसरे कम्युनिस्ट हैं । इस के बीच का रास्ता जो है वह किसी भी मुल्क ने आज तक तजुर्बा नहीं किया और न ही वह चलेगा । यहां पर तो सोशलिज्म कांग्रस ने वोट लेने के लिए एक नारा रखा हुआ है । जिस दिन से यहां पर सोशलिज्म का नारा लगाया गया । उस दिन से जो गैर ज़मीदार लोग थे उन्हों ने कहा कि ज़मीनें छीन लो, तो ज़मीनें छिननी शुरू हो गईं । और पैदावार कम हो गई । यह सोशलिज्म की गलत इन्टरप्रेटेशन है । सोशलिज्म का सही मतलब यह होता है कि पूरी ताकत से कौम ऊपर उठे और जोर से काम करे जो फैक्ट्री में है वह वहां काम करें और जो किसान है वह खेत में मेहनत करे । और जैसे पैदावार बढ़ेगी सोशलिज्म आप ही आ जाएगा । लेकिन इधर और ही मसला है, यह कहते हैं कि ज़मींदारों की ज़मीन छीन लो और फैकटरी वालों की फैकटरी छीन लो तो इस से पैदावार कम होगी । मुझे सिरीप्रकाश का एक आर्टीकल पढ़ने का मौका मिला । उन्हों ने लिखा कि एक बनिया अपने घर से अपने जेवर और मकान बेच कर आसाम की उन पहाड़ियों पर पहुचता है जहां पर कि लोगों को सूई धागा जैसी चीज़े नहीं मिलतीं । वह रिसक ले कर अपनी जान और पूंजी को खतरे में डाल कर उन लोगों को ज़रूरियाते जिन्दगी की चीज़ें बेच कर अगर दो पैसे कमा लेता है तो उस ने कौन सा गुनाह किया ? उस ने मेहनत कर के कमाई की है । मेरा कहने का मतलब यह है कि सोशलिज्म जो इधर प्रीच किया जाता है वह क्लास हेटरिड पैदा करता है । इस लिए यह कभी नहीं चल सकता । मसावात 'क्लास लव' पर बेस्ड होनी चाहिए । आज से कई सौ साल पहले मुहम्मद साहिब ने अरब में कहां था कि मुसलमान वह आदमी अच्छा समझा जाएगा जो अपने पास ज्यादा दौलत नहीं रखेगा । इसी तरह महात्मा बुद्ध ने हिन्दुओं को कहा कि वह अच्छा बुद्ध नहीं जो अपने पास सोना चांदी रखता है । इस लिए यह चीज़ें कोई नई नहीं हैं । हमारे धार्मिक नेता भी प्रीच करते आए हैं । लेकिन आप का सोशलिज्म जो है वह इम्मॉरैलिटी पर बेस्ड है । हमारे मज़हबी लीडरों ने जो मसावात का नारा दिया था वह हकीकत पर आधारित था । हमारे जन संघी भाई जो हैं उन्हों ने उपनिषदों पर आधारित समाजवाद का नारा

लगाया है। मैं कहता हूं कि यह आप जो नारा लगा रहे हैं इस को हिन्दुस्तान की जो सभ्यता है उस के साथ फिट नहीं किया जा सकता है । जब खेत आप के हाथ में आ जाएंगे, ट्रेड और कारखाने सरकार के हाथ में चले जाएंगे तो उस वक्त क्या कोई आदमी आज़ादी से अपना वोट डाल सकेगा? नहीं, जहां पर इन्स्पेक्टर या मैनेजर मज़दूरों और क्लर्कों को कहेगा वहां पर ही उन को अपना वोट देना पड़ेगा। ऐसे तो रूस में भी डैमोक्रेसी है। उस को आप क्यों कहते हैं कि वहां डिक्टेटरशिप है इसी लिए डैमोक्रेसी और सोशिलिज्म साथ साथ नहीं चल सकते ।

चेयरमैन साहिब, वहां पर एक पार्टी का अपना राज होता है । वहां पर विहप इशू होता है कि फलां आदमी को पार्टी ने खड़ा किया है और उस को वोट दी जाए । अगर सरकार सोशलिज्म को कम्युनिस्टों की तरह बनाना चाहती है तो मैं मानता हूं कि सोशिलज्मि आएगा । मैं चीन की बात कहना चाहता हूं कि चीन के अन्दर 500 बीघे वाला बड़ा बिस्वेदार समझा जाता था और उस को कत्ल किया गया । उस के बाद 200 बीघे वाला बड़ा बिस्वेदार कहा गया और उस को भी कत्ल किया गया । लेकिन यहां पर 50 बीघे वाला बिस्वेदार माना गया है । जिन लोगों ने इस के विरुद्ध रजिस्टर किया तो उन को भी हरास किया गया । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस को लाने के लिए सरकार ने कोई कदम नहीं उठाए हैं । (विघ्न)

चेयरमैन साहिब, कांग्रेस सरकार जो कि रूलिंग पार्टी है उस ने नागपुर, जयपुर और भुवनेश्वर में रैज़ोल्यूशन पास किए जिस में कम्युनिस्टों ने भी साथ दिया है । मैं कई आदमियों को मिला लेकिन मुझे अभी तक कोई ऐसा आदमी नहीं मिला जो इस का सही तरजमा कर सके । मैंने कई बार पूछा कि इस को किस तरह से इम्पलीमेंट किया जायगा ? इस का कोई जवाब नहीं दे सका । इन का मतलब तो मुजारों और मज़दूरों तक ही सीमित है । यह कहते हैं कि ज़मीन उस को दी जाए जो कि काश्तकार हो । मैं सुझाव देता हूं कि फैक्टरीज़ उन को सौंप देनी चाहिएं जो उन में काम करते हैं क्योंकि वह अच्छी तरह स चला सकते हैं । उस का उतर दिया जाता है कि अगर इस तरह से हो गया तो प्राइवेट फैक्ट्रीज़ कम हो जाएंगी और जो मालिक हैं वह मैनेजर बन जाएंगे। तो क्या यह बात ज़मींदारों पर लागू नहीं होती । ज़मींदार भी खेत के मैनेजर बन जाएंगे और अपनी देख रेख में अच्छी पैदावार करवाएंगे। अगर करना है तो मजदूरों की तनखाहें और मुजारों को अच्छी उजरत दिलवाई जाए ताकि इंडस्ट्री और एग्रीकल्चर की प्रोडक्शन को बढ़ाया जा सके । (घंटी) मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जब तक सरकार सही चीज पर ग़ौर नहीं करती उस वक्त तक सोशलिज्म हिन्दुस्तान के अन्दर कामयाब नहीं हो सकता है । हां, अगर सरकार इस का नाम कम्युनिस्टों का सोशलिज्म रखना चाहती है तो माना जा सकता है । सरकार कहती है कि सोशलिज्म आने से कास्टिज्म खत्म हो जाएगी और छुआछात दूर

[**चौधरी राम सिंह**]

दूर हो जाएगी । लोग आपस में शादियां शुरू कर देंगे । मैं हरिजन मेम्बरों से पूछना चाहता हूं कि, मेरे तजर्बे की बात है, हर एक के तजर्बे की बात है, एक चमार वालमीकी के घर का खाना नहीं खा सकता है (विघ्न) मैं अर्ज करना चाहता हूं कि घानक कम्युनिटी वाले चमारों के कुओं पर पानी नहीं ले सकते । वालमीकि उन को अपने कूएं से पानी नहीं देते । उस के बाद स्वर्ण जाति वालों को कहा। उन्हों ने भी उन को पानी भरने नहीं दिया । बड़ी दौड़ धूप के बाद उन्हों ने चमारों के कुएं के पास अपना कुआ खुदवाया और अब वहां से पानी भरते हैं । मैं अर्ज करना चाहता हूं कि वह आपस में छुआछात को दूर नहीं कर सकते । जब वह आपस में छुआछात को दूर कर लेंगे तो हमें कहना । हम ने तो हरिजनों के साथ नफरत नहीं की और न करना ही चाहते हैं ।

चेयरमैन साहिब, इस सोशलिज्म में दिमाग, सोल और माइंड नहीं है, हमारी सरकार सब कुछ अपने हाथ में लेना चाहती है ताकि ठीक तरह से डिस्ट्रीब्यूशन कर सके । मैं समझता हूं कि ऐसा कभी भी नहीं हो सकता है । गवर्नमैंट की एंटी कुरप्शन कमेटी ने इस साल 200 अफसरों की फिगर्ज दी हैं जो कि नौकरी से निकाले गए हैं । इतना ही नहीं केन्द्रीय सरकार भी फिगर्ज़ देती है कि इस साल कुरप्शन के कारण इतने अफसर निकाले गए हैं । मैं इन से पूछना चाहता हूं कि यह अफसर कहां से आए हैं । जब समाज ही भ्रष्टाचारी है तो काम कैसे चल सकता है । इस लिए आप कैसे कह सकते हैं कि सारी फैक्टरीज, सारी जमीन और दूसरे काम सरकार अपने हाथ में ले कर ठीक काम कर सकती है । अगर यह सारा काम सरकार के हाथ में आ कर कुछ आदमियों के हाथ में आ गया तो इन्तजाम अच्छी तरह से नहीं चलेगा । आप को पता ही है कि अफसर किस तरह से काम कर रहे हैं । अगर नैशनेलाइज़ेशन किया गया तो मैं समझता हूं कि प्राइवट सैक्टर में इजाफा नहीं होगा । वह लोग अपने लिए, अपने बच्चों के लिए और अपने मुलक के लिए करेंगे । जब श्री बिरला ने एक करोड़ रुपया कमाया तो उस ने क्या 2–4 मन अनाज खाना शुरू कर दिया। जब उस ने और रुपया कमाया--दूसरी और तीसरी फैक्टरी स्थापित की । मैं अर्ज करना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में तालीम के बारे में जितनी तरक्की प्राइवेट सैक्टर ने की है उतनी और किसी ने नहीं की । अगर सरकार के हाथ में तालीम होती तो मैं समझता हूं कि पंजाब में 5 प्रतिशत जनता पढ़ी हुई न होती । इस में सनातन धर्म, आर्य समाज, जैनियों और सिक्खों ने जगह जगह पर इस्टीच्यूशन खोलें और शिक्षा का विस्तार किया । अब सरकार इन को अपने कब्जे में लेना चाहती है और नेशनलाइज़ कर देना चाहती है । मैं नहीं कहता कि तालीम मुफत दी जाए अथवा न दी जाए । लेकिन मैं अर्ज करना चाहता हूं कि इंग्लैंड में एजुकेशन का और मैडीसिन्ज़ का इन्तज़ाम प्राइवेट के हाथ में है । मैं अर्ज करना चाहता हूं कि सरकार का दवाइयों और तालीम के साथ कोई ताल्लुक नहीं होना चाहिए क्योंकि पुलिटीकल बेसिज पर विचार किया जाता है । जब सरकार बदलती है तो

उस की पालीसी भी साथ बदल जाती है । इस से इंस्टीच्यूशन पर बहुत बुरा असर पड़ता है और नुक्सान होता है (घंटी) चैयरमैन साहिब, मेरे मोहतरिम दोस्त चौधरी रणबीर सिंह मेरे सामने बैठे हुए हैं । वह मेरे हल्के में बिजली का उद्घाटन करने के लिए गए । मैं नहीं चाहता कि कोई भी वजीर जो कि सरकार का एक हज़ार रुपया प्रति महीना लेता है, वह उद्घाटन करने के लिए या बटन दबाने के लिए स्थान स्थान पर जाए ।

Mr. Chairman : What did honourable Member do when he was Minister ?

चौधरी राम सिंह : चेयरमैन साहिब, जब मैं मिनिस्टर था तो उस वक्त सैक्रेटेरियट के काम को तरजीह देता था और उद्घाटनों के फेर में नहीं रहता था ।

श्री सभापति : मिनिस्टर साहिब आप इन के हलके का उदघाटन इनसे कराएं । (हंसी) (I would request the hon. Minister to get the inauguration work in his constituency done by him.)

मन्त्री : अच्छा जी ।

चौधरी राम सिंह : चेयरमैन साहिब, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं चौधरी रणबीर सिंह ने कहीं कहा था कि जितना पिछले सौ साल में अंग्रेज़ों ने बिजली और नहरों पर रुपया खर्च किया उतना रुपया मैं ने 2 साल में खर्च किया है इस के बावजूद मेरे ऊपर इल्ज़ाम लगाया गया है कि मुझे असेम्बली में गधा कहते हैं । मैं इस का प्रोटेस्ट करता हूं । (घंटी) आपोजीशन वाले हकूमत को कोसते हैं और गद्दार कहते हैं । इसी तरह हकूमत वाले यह सोचते हैं कि यह गद्दार हैं । आपोज़ीशन वाले कहते है कि हकूमत वाले कुरप्ट हैं । ऐसी बातें चलती हैं । मैं समझता हूं कि न तो इधर के बैठने वाले और न उधर बैठने वाले ही सब कुरप्ट और गद्दार हैं । मैं समझता हूं कि यह बात दोनों तरफ में बैठने वालों को छोड़ देनी चाहिए । दोनों को प्रापर वे में सोचना चाहिए । (घंटी) चेयरमैन साहिब, मैं तो आज पहली ही बार बोला हूं और जल्दी ही खत्म कर दूंगा। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि सोशलिज्म लाने से गुरबत दूर हो जाएगी ऐसी बात बिलकुल नामुमकिन है। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि गुरबत को अमरीका, इंग्लैंड और जापान भी दूर नहीं कर सके । इस के साथ मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि यहां पर भी गुरबत खत्म नहीं हो सकती । (घंटी) चैयरमैन साहिब, मैं चौधरी सुन्दर सिंह के लिए बैठ जाता हूं क्यों कि वह अपनी स्पीच करना चाहते हैं ।

Mr. Chairman : The Honourable Member, Chaudhri Ram Singh, has made room for Chaudhri Sunder Singh. So, let Chaudhri Sunder Singh speak now. He may take ten minutes at the most. I would request the Honourable Members to maintain perfect silence to hear him. His speech will be quite interesting,

ਚੌਧਰੀ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ (ਨਰੋਟ ਜੈਮਲ ਸਿੰਘ) : ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਆਪ ਦਾ ਸ਼ੁਕ-ਰੀਆ ਅਦਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਆਪ ਨੇ ਮੈਨੂੰ ਇਸ ਬਾਰੇ ਬੋਲਣ ਦਾ ਮੌਕਾ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਚੌਧਰੀ ਰਾਮ ਸਿੰਘ ਦਾ ਧੰਨਵਾਦ ਇਸ ਲਈ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਸ ਨੇ ਮੇਰੇ ਵਾਸਤੇ ਜਗ੍ਹਾ ਛੱਡੀ... ..

Mr. Chairman : He has not given his seat but he has surrendered his time.

ਚੌਧਰੀ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ : ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਆਪ ਜੀ ਦੀ ਬਹੁਤ ਮਿਹਰਬਾਨੀ ਹੋਵੇਗੀ ਅਗਰ ਮੈਨੂੰ 30 ਮਿੰਟ ਬੋਲਣ ਲਈ ਟਾਈਮ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ। ਇਹ ਮਜ਼ਮੂਨ ਬੜਾ ਸ਼ਾਨਦਾਰ ਹੈ। ਚੌਧਰੀ ਰਾਮ ਸਿੰਘ ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਬੜੇ ਸੋਹਣੇ ਖਿਆਲਾਤ ਹਾਊਸ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖੇ ਹਨ। ਚੌਧਰੀ ਚਾਂਦ ਰਾਮ ਵੀ ਸੁਹਣਾ ਬੋਲਿਆ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਗੱਲ ਦਾ ਜਵਾਬ ਮੈਂ ਫਿਰ ਦੇਵਾਂਗਾ। ਪਹਿਲਾਂ ਚੌਧਰੀ ਰਾਮ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਦੀ ਗੱਲ ਦਾ ਜਵਾਬ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਸਕੀਮਾਂ ਦੀ ਅਤੇ ਲੈਂਡ ਰੀਫਾਰਮ ਦੀ ਇੰਪਲੀਮੈਂਟੇਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ਹੋਈ। ਸਰਕਾਰ ਤਾਂ ਲੈਂਡ ਰੀਫਾਰਮ ਕਰਦੀ ਹੈ ਪਰ ਅਫਸਰ ਇੰਪਲੀਮੈਂਟ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ। ਮੈਂ 1946 ਦਾ ਮੈਂਬਰ ਬਣਿਆ ਹੋਇਆ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਦਾ ਰਿਹਾ ਹਾਂ ਕਿ ਗਰੀਬ ਆਦਮੀਆਂ ਨੂੰ ਚੁਕ ਕੇ ਅਮੀਰਾ ਦੇ ਪੱਧਰ ਤੇ ਲਿਆਂਦਾ ਜਾਵੇ। ਚੌਧਰੀ ਛੋਟੂ ਰਾਮ ਮੇਰਾ ਦੋਸਤ ਸੀ। ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਜ਼ਤ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿਉਂਕਿ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਬੜਾ ਕੁਝ ਸਿਖਿਆ ਹੈ। ਉਹ ਮੈਨੂੰ ਕਹਿੰਦੇ ਸਨ ਕਿ ਸਭ ਤੋਂ ਪਹਿਲੇ ਆਪਣੇ ਅਫਸਰ ਬਣਾ, ਫਿਰ ਹੋਰ ਕੁਝ ਕਰੀਂ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਮੁਰੱਬੇ ਵੀ ਦਿਤੇ ਸਨ। ਉਸ ਵੇਲੇ ਦੇ ਕਈ ਹਰੀਜਨ M.L.As. ਮੁਰਬਿਆਂ ਵਾਲੇ ਹਨ ਪਰ ਹੁਣ ਜਿਹੜੇ ਸਾਡੇ M.L.As. ਹਨ ਉਹ ਢਾਈ ਢਾਈ ਰੁਪਏ ਦਿਹਾੜੀ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਨਾਲ ਟੋਕਰੀ ਢੋਂਦੇ ਫਿਰਦੇ ਹਨ। ਉਹ ਕਹਿੰਦਾ ਸੀ ਕਿ ਮੈਂ ਵੀ ਦਿਲੋਂ ਕਾਂਗ੍ਰਸੀ ਹਾਂ ਉਪਰੋਂ ਹੀ ਯੂਨੀਅਨਸਟ ਹਾਂ, ਤੁਸੀਂ ਡਰਿਆ ਨਾ ਕਰੋ, ਮੇਰੇ ਕੋਲ ਆ ਜਾਇਆ ਕਰੋ। ਮੈਂ ਡਰਦਾ ਸਾਂ ਕਿ ਦਿਲ ਦੀ ਠੀਕ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਦਸਦੇ। ਉਹ ਕਹਿੰਦੇ ਸਨ ਕਿ ਤੂੰ ਆਜਾ ਤੈਨੂੰ ਟਿਕਟ ਵੀ ਦਿਆਂਗਾ। ਵਿਚਾਰਾ ਚੰਗਾ ਆਦਮੀ ਸੀ, ਹੁਣ ਉਹ ਗੁਜ਼ਰ ਗਿਆ ਹੈ; ਮੈਂ ਅਜੇ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਬੜੀ ਇਜ਼ਤ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਮੈਨੂੰ ਕਹਿੰਦੇ ਸਨ ਕਿ ਮੁਰੱਬਾ ਲੈ ਲੈ ਪਰ ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਮੰਨਿਆ। ਉਹ ਚੰਗੇ ਦਿਲ ਨਾਲ ਗੱਲਾਂ ਕਰਦੇ ਸਨ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਚਾਂਦ ਰਾਮ ਹੋਰਾਂ ਨੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਬੇਹਤਰੀ ਲਈ ਆਪਣੇ ਖਿਆਲਾਤ ਰਾਹੀਂ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਸੁਝਾ ਦਿਤੇ ਹਨ ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਮਿਠੀਆਂ ਮਿਠੀਆਂ ਗਲਾਂ ਨਾਲ ਸਰਕਾਰ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਕਰੇਗੀ ਕਿਉਂਕਿ ਆਪਣੇ ਹਕ ਜ਼ੋਰ ਨਾਲ ਲਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਵਿਵੇਕਾ ਨੰਦ ਜੀ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ—'No man can get his rights by requests, rights are wrested from unwilling hands.' ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਹੈ ਕਿ ਦੁਨੀਆਂ ਵਿਚ ਹਕ ਹਥ ਮਰੋੜ ਕੇ ਲਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ, ਇਲਤਜਾ ਨਾਲ ਨਹੀਂ ਲਏ ਜਾਂਦੇ। ਉਹ ਐਨੀ ਦੇਰ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਬਣੇ ਹਨ, B. A. LL. B., ਅਤੇ M. A., LL. B. ਪਾਸ ਕਰ ਚੁਕੇ ਹਨ ਪਰ ਅਜੇ ਤਕ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਵੀ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿ ਦੁਨੀਆਂ ਵਿਚ ਹਕ ਹਕੂਕ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਲਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਜੇਕਰ ਅਸੀਂ ਹੱਕ ਨਹੀਂ ਲੈ ਸਕੇ ਤਾਂ ਇਹ ਸਾਡਾ ਕਸੂਰ ਹੈ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕਸੂਰ ਨਹੀਂ। ਹੈ ਮੰਨ ਲਿਆ ਕਿ ਦਿਹਾਤ ਵਿਚ ਲੋਕ ਓਵਰਸ਼ੈਡੋਡ ਹੋ ਜਾਂਦੇ ਹਨ, ਪਰ ਅਸੈਂਬਲੀ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਤਾਂ ਨਹੀਂ ਓਵਰ ਸ਼ੈਡੋਡ ਹੁੰਦੇ। ਠੀਕ ਮੇਰੇ ਦੋਸਤਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਈਮਾਨਦਾਰੀ ਨਾਲ ਕੰਮ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਇਥੇ ਈਮਾਨਦਾਰੀ ਨਾਲ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ। ਕੁਝ ਲੋਕ ਅਜਿਹੇ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਈਮਾਨਦਾਰੀ ਨਾਲ ਕਾਂਗ੍ਰਸ ਦਾ ਕੰਮ ਨਾ ਚਲੇ।

ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ : ਆਨ ਏ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਆਰਡਰ, ਸਰ। ਕੀ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਕਿਸੇ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਇੰਟਰਨਲ ਵਰਕਿੰਗ ਉਪਰ ਗੌਰ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ? (ਵਿਘਨ)

ਚੌਧਰੀ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ : ਚੌਧਰੀ ਰਾਮ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਨੇ ਸੋਸ਼ਲਿਜ਼ਮ ਦੇ ਬਾਰੇ ਗੱਲ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਮੇਰੀ ਅਰਜ਼ ਹੈ ਕਿ ਹਰ ਇਕ ਦਾ ਆਪਣਾ ਆਪਣਾ ਖਿਆਲ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਮੇਰਾ ਤਅੱਲੁਕ ਹੈ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੋਈ ਵੀ ਸੋਸਾਈਟੀ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿਚ ਸਹੀ ਤੌਰ ਤੇ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਕਰ ਰਹੀ, ਸਹੀ ਫੰਕਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ਕਰਦੀ। ਜੇਕਰ ਸਹੀ ਫੰਕਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ ਤਾਂ ਇਸ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੋਇਆ ਕਿ ਕਿਧਰੇ ਨਾ ਕਿਧਰੇ ਨੁਕਸ ਜ਼ਰੂਰ ਹੈ। ਸਵਾਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਨੁਕਸ ਨੂੰ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਬਾਹਰ ਕਢਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਸਵਾਮੀ ਵਿਵੇਕਾ ਨੰਦ ਨੇ ਲਿਖਿਆ ਹੈ 'India was rich in spiritualism, but poor in materialism.' ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਹਮੇਸ਼ਾ ਈਮਾਨਦਾਰੀ ਅਤੇ ਸਪਿਰਚੁਲਿਜ਼ਮ ਵਿਚ ਪ੍ਰਫੁਲਿਤ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਮੈਟੀਰਿਅਲਿਜ਼ਮ ਵਿਚ ਬੈਕਵਰਡ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਹੁਣ ਜ਼ਮਾਨਾ ਬਦਲ ਗਿਆ ਹੈ, ਪਹਿਲੇ ਨਾਲੋਂ ਫਰਕ ਪੈ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹ ਚੀਜ਼ ਉਲਟ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਈਮਾਨਦਾਰੀ ਦੇ ਗਿਫਟ ਨੂੰ ਛਡ ਦਿੱਤਾ ਹੈ। ਅਫਸਰ ਲੈਂਡ ਰੀਫਾਰਮਜ਼ ਦੇ ਰੂਲਜ਼ ਨੂੰ ਈਮਾਨਦਾਰੀ ਨਾਲ ਫਾਲੋ ਨਹੀਂ ਕਰ ਰਹੇ। ਮਹਾਤਮਾ ਗਾਂਧੀ ਦੀ ਤਸਵੀਰ ਸਾਹਮਣੇ ਲਗੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਸਵੀਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਇਹ ਲਫਜ਼ ਯਾਦ ਦਿਲਾਂਦੀ ਹੈ :

> 'I do not want to be reborn. But, if I have to be born again, I should be born as an untouchable, so that I may share their sorrows, sufferings and affronts levelled on them, in order that I may endeavour to free myself and them out of their miserable conditions. I, therefore, pray that if I should be born again, I should do so not as Brahmana, Kashatria, Vaish or Shudra, but as an Attishudra'.

ਕਿਸੇ ਨੇ ਠੀਕ ਕਿਹਾ ਹੈ :

ਭਲਾ ਹੋਇਆ ਹਮ ਨੀਚ ਭਏ,
ਜਬ ਕੁਲ ਕੋ ਕੀਆ ਸਲਾਮ।
ਜਨਮ ਲੇਤੇ ਘਰ ਊਂਚ ਕੇ,
ਡੂਬ ਮਰਤੇ ਅਭਿਮਾਨ।

ਜਿਥੇ ਉਹ ਜਾਂਦੇ ਸਨ, ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਬਸਤੀ ਵਿਚ ਠਹਿਰਦੇ ਅਤੇ ਖਾਂਦੇ ਸਨ। ਵੈਸੇ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ you are serving the most. ਤੁਸੀਂ ਸਭ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਸਰਵਿਸ ਕਰ ਰਹੇ ਹੋ। ਅਸੀਂ ਤਾਂ ਟ੍ਰੇਜ਼ਰੀ ਬੈਂਚਾਂ ਉਪਰ ਬੈਠੇ ਹਾਂ, ਤੁਸੀਂ ਸਾਡੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਵਿਚ ਨੁਕਸ ਕਢਦੇ ਹੋ। ਜਿੰਨੇ ਜ਼ਿਆਦਾ ਨੁਕਸ ਕਢਦੇ ਹੋ ਉਨੀ ਜ਼ਿਆਦਾ ਸਰਵਿਸ ਕਰਦੇ ਹੋ। ਜੇ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਤਕੜੀ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਹੀ ਸਰਕਾਰ ਚੰਗੀ ਚਲਦੀ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਤੁਸੀਂ ਮਾੜੇ ਹੁੰਦੇ ਹੋ ਤਾਂ ਸਾਡਾ ਭੱਠਾ ਬਹਿ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Opposition is a healthy sign......

Mr. Chairman The hon. Member has spoken for 10 minutes. He is, however, permitted, as a special case, to speak for 5 minutes more.

ਚੌਧਰੀ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸਾਂ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਸਭ ਕੰਮ ਈਮਾਨਦਾਰੀ ਨਾਲ ਕਰਨੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ। ਜੇਕਰ ਸਾਡਾ ਹਮਸਾਇਆ ਭੁਖਾ ਹੈ ਤਾਂ ਸਾਨੂੰ ਰੋਟੀ ਨਹੀਂ ਖਾਣੀ

[ਚੌਧਰੀ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ]

ਚਾਹੀਦੀ । ਸਵਾਮੀ ਵਿਵੇਕਾ ਨੰਦ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ :

> "Where should you seek for God? Are not the poor, the miserable, the down-trodden Gods? Worship them first. I do not believe in a God or religion which cannot wipe out the tears from the widow's face and cannot bring a morsel of food to the orphan's mouth."

ਮੈਂ ਉਸ ਪਰਮਾਤਮਾ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਮੰਨਦਾ, ਮੈਂ ਉਸ ਧਰਮ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਮੰਨਦਾ ਜਿਹੜਾ ਵਿਧਵਾ ਦੇ ਅਾਂਸੂ ਨਹੀਂ ਪੂੰਝ ਸਕਦਾ ਅਤੇ ਗਰੀਬ ਨੂੰ ਰੋਟੀ ਨਹੀਂ ਦੇ ਸਕਦਾ (cheers) । ਇਹ ਸਾਡਾ ਆਦਰਸ਼ ਸੀ । India was rich in spiritualism । ਤੁਸੀਂ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਪੜਾ ਪਾ ਸਕਦੇ ਹੋ ਜੇਕਰ ਤੁਹਾਡ ਹਮਸਾਏ ਕੋਲ ਕਪੜਾ ਨਹੀਂ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹ ਨੰਗਾ ਹੈ ? ਤੁਹਾਡਾ ਦਿਲ ਕਿਵੇਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਰੋਟੀ ਖਾਣ ਨੂੰ ਅਤੇ ਚੰਗੀਆਂ ਸਬਜ਼ੀਆਂ ਖਾਣ ਨੂੰ ਕਰਦਾ ਹੈ ਜੇਕਰ ਤੁਹਾਡਾ ਹਮਸਾਇਆ ਭੁਖਾ ਸੌਂਦਾ ਹੈ ? ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਮੌਜੂਦਾ ਜ਼ਮਾਨੇ ਦਾ ਸਬੰਧ ਹੈ, ਹਿੰਦੋਸਤਾਨ ਵਿਚ ਪੜ੍ਹੇ ਲਿਖੇ ਛਾਏ ਹੋਏ ਹਨ; ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੇ ਸੁਖ ਦੇ ਸਾਧਨ ਬਣਾਏ ਹੋਏ ਹਨ, ਢੰਗ ਬਣਾਏ ਹੋਏ ਹਨ । Swami Viveka Nand says : As long as millions live in hunger and ignorance, I hold every man a traitor who has been educated at their expense and pays not a heed to them.

ਇਹ ਚੀਜ਼ ਜ਼ਿਆਦਾ ਦੇਰ ਤਕ ਨਹੀਂ ਚਲ ਸਕਦੀ। ਮੈਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਕਮਜ਼ੋਰ ਨਹੀਂ ਸਮਝਦਾ । ਮੈਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਆਪਣੇ ਭਰਾ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਬਰਾਬਰ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ । ਤਕੜੇ ਹੋ ਕੇ ਕਾਂਗ੍ਰਸ ਦੀਆਂ ਕਮਜ਼ੋਰੀਆਂ ਨੂੰ ਕਢੋ । ਜਦੋਂ ਮੈਂ ਮਹਾਤਮਾ ਗਾਂਧੀ ਨੂੰ ਵੇਖਦਾ ਹਾਂ ਤਾਂ ਚੰਗੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਰਨ ਨੂੰ ਦਿਲ ਕਰਦਾ ਹੈ; ਮਾੜੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਰਨ ਨੂੰ ਜੀ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ । 1952 ਤੋਂ ਲੈਂਡ ਰੀਫਾਰਮਜ਼ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ । ਅਸੀਂ ਬੜੀ ਜਦੋ ਜਹਿਦ ਨਾਲ ਇੰਪਲੀਮੈਂਟ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਹੈ । ਪਰ ਜੇ ਇੰਪਲੀਮੈਂਟੇਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ਹੋਈ ਤਾਂ ਕਿਸ ਦਾ ਕਸੂਰ ਹੈ ? ਸਾਡਾ ਕਸੂਰ ਹੈ ਜਾਂ ਹੋਰ ਕਿਸੇ ਦਾ ਕਸੂਰ ਹੈ ? ਕਸੂਰ ਹਮੇਸ਼ਾਂ ਬਰ ਸਰੇਇਕਤਦਾਰ ਪਾਰਟੀ ਦਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਕਾਂਗ੍ਰਸ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ ਸੋਸ਼ਲਿਜਮ ਨੂੰ ਲਿਆਉਣ ਦੀ । ਉਹ ਛਾਨ ਬੀਨ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ ਕੰਮ ਅਧੂਰਾ ਕਿਉਂ ਰਹਿ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਮੰਨਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕਮ ਅਧੂਰਾ ਰਹਿ ਗਿਆ ਹੈ । ਹਰ ਇਕ ਆਦਮੀ ਲਈ ਕੰਮ ਕਰਨ ਦੀ ਗੁੰਜਾਇਸ਼ ਹੈ । ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਵੀ ਸੋਹਣਾ ਕੰਮ ਕਰ ਸਕਦੀ ਹੈ । ਉਹੀ ਸੁਸਾਇਟੀ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰਹਿ ਸਕਦੀ ਹੈ, ਤਰੱਕੀ ਕਰ ਸਕਦੀ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿਚ ਗਰੀਬੀ ਨਾ ਹੋਵੇ । ਜਿੱਥੇ ਗਰੀਬੀ ਹੈ, ਉਹ ਸੁਸਾਇਟੀ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਸਕਦੀ, ਉਥੇ ਡੇਮਾਕਰੇਸੀ ਠੀਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਨਹੀਂ ਜੇ ਚਲ ਸਕਦੀ, ਇਸ ਗੱਲ ਨੂੰ ਗੰਢ ਬੰਨ ਲਓ (cheers) । ਕਿਵੇਂ ਨਹੀਂ ਚਲ ਸਕਦੀ ? ਸਾਫ ਹੈ ਕਿ ਜਿਥੇ ਦਿਹਾਤਾਂ ਵਿਚ ਲੋਕ ਗਰੀਬੀ ਨਾਲ ਓਵਰ ਸ਼ੈਡੋ ਹੋਏ ਹੋਏ ਹੋਣ ਉਹ ਸੁਖੀ ਕਿਵੇਂ ਹੋ ਸਕਦੇ ਨੇ ? ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਸਿਵਲ ਰਾਈਟਸ ਮਿਲ਼ੇ ਹਨ, ਕਾਫੀ ਫਰਕ ਪਿਆ ਹੈ । ਦੇਹਾਤਾਂ ਵਿਚ ਅਜੇ ਕਿਸੇ ਗੱਲ ਦਾ ਅਸਰ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ । ਕਿਸਾਨ ਹਲ ਤੇ ਪੰਜਾਲੀ ਲੈ ਕੇ ਵਿਹਲੇ ਫਿਰਦੇ ਹਨ । ਉਥੇ ਹੁਣ ਵੀ ਇਹੋ ਹਾਲ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਕੋਈ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮੈਂ ਚੌਧਰੀ ਰਾਮ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਇਧਰੋਂ ਨਹੀਂ ਨਿਕਲਣ ਦੇਣਾ ਤੇ ਦੂਜਾ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਮੈਂ ਤੈਨੂੰ ਇਧਰੋਂ ਨਹੀਂ ਨਿਕਲਣ ਦੇਣਾ । ਇਸ ਲਈ ਵੀ ਜਰੂਰੀ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਹੁਣ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਰਲਕੇ ਸੋਸ਼ਲਿਜ਼ਮ ਲਿਆਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਜਦ ਤਕ ਰੋਟੀ ਖਾਣ ਨੂੰ ਨਾ ਮਿਲੇ ਤਦ ਤਕ ਦਿਮਾਗ ਦਰੁਸਤ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦੇ । ਗਰੀਬੀ ਆਦਮੀ ਦੀ ਸਭ ਤੋਂ ਵਡੀ ਕਮਜ਼ੋਰੀ ਹੈ । ਮਹਾਤਮਾ ਗਾਂਧੀ ਨੇ ਗਰੀਬੀ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਹੀ ਸਭ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਆਪ ਲੰਗੋਟੀ ਬੰਨ੍ਹੀ । ਉਹ ਸੀ ਅਸਲੀ ਸੋਸ਼ਲਿਜ਼ਮ ਦਾ ਚਿੰਨ੍ਹ । ਹੁਣ ਅਸੀਂ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ

ਕਿ ਟਾਰਗੇਟ ਤਾਂ ਠੀਕ ਹੈ । ਉਸ ਨੂੰ ਪ੍ਰੈਕਟਿਸ ਵਿਚ ਲਿਆਉਣ ਲਈ ਪਿਛੇ ਨਾ ਹੋਇਆ ਜਾਏ ਇਹ ਹੈ ਅਸਲ ਵਿਚ ਸਹੀ ਪਾਸੇ ਚਲਣ ਵਾਲੀ ਗੱਲ । ਦਿਹਾਤ ਵਿਚ ਜ਼ਿਆਦਾ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਜ਼ੋਰ ਲਗਾਉਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ । ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿਚ ਔਰ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਦੇਹਾਤਾਂ ਦਾ ਬੁਰਾ ਹਾਲ ਹੈ । ਮੈਂ ਸਾਰਾ ਜ਼ੋਰ ਲਗਾ ਦਿੱਤਾ ਹੈ—ਮਿਨਿਸਟਰ ਬਣ ਕੇ ਵੀ ਤੇ ਬਾਹਰ ਰਹਿ ਕੇ ਵੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜਾ ਦੇਹਾਤਾਂ ਵਿਚ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਰਜ ਕੇ ਰੋਟੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੀ, ਪਹਿਨਣ ਨੂੰ ਕਪੜਾ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ ਤੇ ਪ੍ਰੋਟੈਕਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੀ, ਇਸ ਦਾ ਮੁਨਾਸਬ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਹੋਵੇ । ਆਖਿਰ ਇਸ ਗਰੀਬੀ ਦੀ ਵਜਾਹ ਕੀ ਸੀ ? ਸਾਫ਼ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੀਆਂ ਲੈਂਡ ਰੀਫਾਰਮਜ਼ ਹਨ ਉਹ ਬਿਲਕੁਲ ਨਿਕਮੀਆਂ ਔਰ ਅਧੂਰੀਆਂ ਹਨ (Cheers from the Opposition). ਲੈਂਡ ਰੀਫਾਰਮਜ਼ ਦਾ ਸਿਲਸਲਾ ਕਮਜ਼ੋਰ ਹੈ । ਜੇ ਲੈਂਡ ਰੀਫਾਰਮਜ਼ ਸਹੀ ਹੋ ਜਾਣ ਤਾਂ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਥੇ ਗਰੀਬੀ ਰਹਿ ਸਕਦੀ ਹੈ ? (Cheers from the Opposition) ਕਮਿਊਨਿਜ਼ਮ ਨੂੰ ਮੈਂ ਮਾੜਾ ਨਹੀਂ ਸਮਝਦਾ । ਇਹ ਵੀ ਸੋਸ਼ਲਿਜ਼ਮ ਹੀ ਹੈ ਪਰ ਇਸ ਵਿਚ ਔਰ ਸਾਡੇ ਸੋਸ਼ਲਿਜ਼ਮ ਵਿਚ ਫਰਕ ਹੈ । ਤੁਹਾਡਾ ਹੋਰ ਤਰੀਕਾ ਹੈ ਸਾਡਾ ਤਰੀਕਾ ਦੂਜਾ ਹੈ ਅਸੀਂ ਤੋੜ ਫੋੜ ਨੂੰ ਚੰਗਾ ਨਹੀਂ ਸਮਝਦੇ ।

Mr. Chairman : Chaudhri Sunder Singh, Members of the Opposition have not so far been able to follow what socialism is. I hope you will kindly define it.

ਚੌਧਰੀ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਸੋਸ਼ਲਿਜ਼ਮ ਨੂੰ ਡੀਫਾਈਨ ਹੀ ਕਰਦਾ ਪਿਆ ਹਾਂ । ਸੋਸ਼ਲਿਜ਼ਮ ਤਦ ਆਇਆ ਸਮਝਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਜਦ ਸਾਰਿਆਂ ਦੀ ਇਨਕਮ ਬਰਾਬਰ ਹੋ ਜਾਏ । ਹੁਣ ਕੀ ਹਾਲ ਹੈ ? ਜਿਸ ਕੋਲ ਕੋਈ ਜ਼ਮੀਨ ਨਹੀਂ, ਜਿਸ ਦੇ ਮੋਢੇ ਤੇ ਸਿਰਫ ਹਲ ਪੰਜਾਲੀ ਹੀ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਤਾਂ ਜ਼ਮੀਨ ਦਿੱਤੀ ਨਹੀਂ ਜਾਂਦੀ ਤੇ ਜਿਹੜਾ ਹਲ ਚਲਾਉਣਾ ਨਹੀਂ ਜਾਣਦਾ ਉਸ ਕੋਲ ਜ਼ਮੀਨ ਪਈ ਹੋਈ ਹੈ । ਇਹ ਸੋਸ਼ਲਿਜ਼ਮ ਨਹੀਂ । ਭਾਵੇਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਮੇਰੇ ਹੱਕ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਪਰ ਮੈਂ ਦਾਹਵੇ ਨਾਲ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਲੈਂਡ ਰੀਫਾਰਮਜ਼ ਦਾ ਮਸਲਾ ਹਲ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ ਕਿਉਂਕਿ ਇਸ ਦੀ ਚਾਬੀ ਗਰੀਬ ਨਹੀਂ ਅਮੀਰ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਹੱਥ ਵਿਚ ਹੈ । ਗਰੀਬ ਆਦਮੀ ਅਦਾਲਤਾਂ ਵਿਚ ਆਪਣੇ ਕੇਸ ਨੂੰ ਫਾਲੋ ਅਪ ਹੀ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦਾ, ਉਹ ਅਸਾਨੀ ਨਾਲ ਆਪ ਪਰਸੂ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦਾ । ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਹੀ ਮੈਂ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਹੁਣ ਤਕ ਜਿੰਨੀਆਂ ਵੀ ਲੈਂਡ ਰੀਫਾਰਮਜ਼ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਉਹ ਨਿਹਾਇਤ ਨਿਕੰਮੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ । ਇਥੇ ਕਿਸੇ ਗਰੀਬ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਕੋਈ ਜ਼ਮੀਨ ਨਹੀਂ ਮਿਲੀ । ਹਾਲਤ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਵੀ ਘਬਰਾਏ ਹੋਏ ਨੇ ਔਰ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਵੀ ਘਬਰਾਏ ਹੋਏ ਨੇ । ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਇਆ ਕਿ ਜਿਵੇਂ ਚੌਧਰੀ ਚਾਂਦ ਰਾਮ ਨੇ ਕਿਹਾ ਜਿਥੇ ਪਹਿਲਾਂ ਸਰਪਲਸ ਜ਼ਮੀਨ 16 ਲਖ ਏਕੜ ਸੀ ਹੁਣ ਚਾਰ ਲਖ ਰਹਿ ਗਈ ਹੈ । ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਚਾਰ ਲਖ ਵੀ ਨਹੀਂ ਜੇ ਰਹਿਣੀ । ਇਹ ਮੇਰਾ ਦਾਅਵਾ ਹੈ ਕਿ ਲੈਂਡਲੈਸ ਟੈਨੈਂਟਸ ਨੂੰ ਹੁਣ ਤਕ ਵੀ ਜ਼ਮੀਨ ਨਹੀਂ ਮਿਲੀ । ਫਿਰ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਸੋਸ਼ਲਿਜ਼ਮ ਆ ਸਕਦਾ ਹੈ ? ਜਿਥੇ 75 ਫੀ ਸਦੀ ਆਬਾਦੀ ਦੇਹਾਤਾਂ ਵਿਚ ਰਹਿੰਦੀ ਹੋਵੇ, ਜਿਥੇ ਉਸ ਦਾ ਇਹ ਹਾਲ ਹੋਵੇ ਕਿ ਰੋਟੀ ਕਪੜਾ ਨਹੀਂ ਉਥੇ ਕੀ ਹਾਲ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ? ਮੈਂ ਦਸਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਕੁਝ ਸੁਧਾਰ ਹੋਇਆ ਹੈ ਤਾਂ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਹੋਇਆ ਹੋਵੇਗਾ । ਦੇਹਾਤੀ ਬਿਲਕੁਲ ਉਸੇ ਢੰਗ ਨਾਲ ਰਹਿ ਰਹੇ ਹਨ ਜਿਸ ਢੰਗ ਨਾਲ ਪਹਿਲੇ ਰਿਹਾ ਕਰਦੇ ਸਨ । ਦਿਹਾਤ ਵਿਚ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਹਕ ਨਹੀਂ ਦਿਤੇ ਗਏ । ਕੋਈ ਫਰਕ ਨਹੀਂ । ਚਾਹੇ ਇਧਰ ਹੋਣ ਚਾਹੇ ਉਧਰ, ਗਰੀਬ ਆਦਮੀ ਦੀ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਸੁਣਦਾ ।

Mr. Chairman : The hon. Member has already taken 17 minutes. He should please wind up now.

ਚੌਧਰੀ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਵਾਈਂਡ ਅਪ ਹੀ ਕਰ ਰਿਹਾ ਹਾਂ । ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਸੋਸ਼ਲਿਜ਼ਮ ਦਾ ਤਅੱਲੁਕ ਹੈ ਇਹ ਤਦ ਹੀ ਆ ਸਕੇਗਾ ਜੇ ਇਸ ਪਰਾਬਲਮ ਨੂੰ ਈਮਾਨਦਾਰੀ ਨਾਲ ਹਲ ਕਰਨ ਦੇ ਯਤਨ ਕੀਤੇ ਜਾਣ । ਈਮਾਨਦਾਰੀ ਨਾਲ ਤਾਂ ਹੀ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਜੇ, ਜਿਵੇਂ ਮੈਂ ਪਹਿਲਾਂ ਕਹਿ ਚੁਕਿਆ ਹਾਂ, ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਸਟਰਾਂਗ ਹੋਵੇ । ਜੇ ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਸਟਰਾਂਗ ਨਾ ਹੋਈ ਤਾਂ ਸਾਡਾ ਭੱਠਾ ਬਹਿ ਜਾਣਾ ਹੈ (Laughter) । ਮੈਂ ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਨੂੰ ਬੁਰਾ ਨਹੀਂ ਸਮਝਦਾ । ਇਕਵਾਰੀ, ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਚੀਫ਼ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨਾਲ ਵੀ ਮੇਰੀ ਗਲ ਹੋਈ । ਉਹ ਕਹਿਣ ਲਗੇ ਕਿ ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਹੁਣ ਬਹੁਤ ਹੋ ਗਈ ਹੈ । ਮੈਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਕੀ ਹੋਇਆ ? ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਤਾਂ ਇਕ ਹੈਲਦੀ ਸਾਈਨ ਹੈ । ਜੇ ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਮਾੜੀ ਹੋਈ, ਸਟਰਾਂਗ ਨਾ ਹੋਈ ਤਾਂ ਸਾਡਾ ਮੋਰੇਲ ਵੀ ਮਾੜਾ ਹੋਵੇਗਾ । ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਔਰ ਮਜ਼ਬੂਤ ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਤਾਂ ਡੈਮੋਕਰੇਸੀ ਵਿਚ ਲਾਜ਼ਮੀ ਤੌਰ ਤੇ ਹੋਣੀ ਹੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਤਾਂ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਚਲ ਪਉ ਜਲੰਧਰ ਔਰ ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ ਤਕ ਚਲੇ ਜਾਉ ਕਿਸੇ ਹਰੀਜਨ ਨੂੰ ਕਿਧਰੇ ਵੀ ਕੋਈ ਜ਼ਮੀਨ ਮਿਲੀ ਹੈ ? ਜਿਥੇ ਮਿਲੀ ਵੀ ਹੈ ਤਾਂ ਕਿਤੇ ਜਗਤ ਰਾਮ ਨੂੰ ਮਿਲੀ ਹੈ, ਕਿਤੇ ਰਤਨ ਚੰਦ ਨੂੰ । ਕਿਸੇ ਹਰੀਜਨ ਨੂੰ ਨਾ ਦੁਕਾਨ ਲਈ ਜ਼ਮੀਨ ਮਿਲੀ ਹੈ ਨਾ ਮਕਾਨ ਲਈ ਔਰ ਨਾ ਵਾਹੁਣ ਲਈ । ਵੋਟਾਂ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮਰਜ਼ੀ ਹੈ ਲਈ ਜਾਂਦੇ ਹਾਂ ਲੇਕਿਨ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਦਿਲਚਸਪੀ ਨਹੀਂ ਰਹਿੰਦੀ । ਉਹ ਵੋਟਾਂ ਤੁਸੀਂ ਵੀ ਲਈਆਂ । ਪਰ ਗਲ ਇਥੇ ਮੁਕਦੀ ਹੈ ਕਿ ਗਰੀਬਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਕਰੋ । ਅਖੀਰ ਵਿਚ, ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਾਂਗਾ ।

"To be in good cheer, and believe that we are selected by the Lord to do great things. We will do them."

ਸਾਨੂੰ ਇਹ ਸਮਝ ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡਾ ਧਰਮ ਕੀ ਹੈ । ਅਸੀਂ ਦੁਨੀਆਂ ਵਿਚ ਵਡੇ ਵਡੇ ਕੰਮ ਕਰਨ ਲਈ ਪੈਦਾ ਹੋਏ ਹਾਂ ।

"Hold yourself in readiness, be pure and holy. Love for love's sake. Love the poor, the miserable, the down trodden and God will bless you ." (Cheers)

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक (सोनीपत) : चेयरमैन साहिब, यह जो सोशलिज्म का जानवर है इसे पहिले तो इन्होंने भुवनेश्वर के कांग्रेस पार्टी के रैजोल्यू-शन से पकड़ा । खैर, वह आया । यश साहिब बड़े काबिल आदमी है, उन्होंने यहां इस हाऊस के अन्दर उसकी बाबत रैज़ोल्यूशन पेश किया और रैजोल्यूशन के अन्दर उन्होंने बड़े अच्छे अच्छे सुझाव दिए । एक सुझाव, सोशलिज्म से ताल्लुक रखने वाला जो यश साहिब ने दिया वह यह था कि प्रिवि पर्सिज़ को खत्म किया जाए । चेयरमैन साहिब, जैनरल एडमिनिस्ट्रेशन के साथ साथ जैनरल डिमांड्स पेश हुईं और उस खास डिमांड पर यहां आपोज़ीशन की तरफ से डिवीज़न डिमांड की गई । जिस वक्त यह डिवीज़न होने लगी तो सभी यश साहिब की तरफ देख रहे थे । आशा थी कि कम से कम वह तो इस के हक में राए देने के लिए इधर आएंगे । लेकिन क्या बताऊं, बड़ी मायूसी हुई । मेरे कहने का मतलब, चेयरमैन साहिब, यह है कि यह जो कांग्रेस वाले हैं, यह जो कांग्रेस पार्टी है यह लोगों को महज़ कनफ्यूज़न में डाल रहे हैं । हमें पता है कि इन्हें कहां कहां से कैसे उपदेश मिलते हैं और उन्हें वह यहां लाकर खड़ा कर

देते हैं । मतलब यह कि इन की इन्टैनशंज़ बिल्कुल साफ नहीं है, क्लियर नहीं हैं कि उस को इम्पलीमैंट किया जाए या उसको कोई प्रेक्टिकल शेप दी जाए।

श्री सभापति : जनसंघ तो इन को दिन में भी दीपक दिखा देता है ।

चोधरी मुख्तियार सिंह मलिक : मुआफ करें, आप वहां बैठे हैं, जवाब तो इसका भी दे सकता था । तो मैं अर्ज़ करना चाहता हूं, चेयरमैन साहिब, कि जिस वक्त भुवनेश्वर में रैज़ोल्यूशन पास किया तो कांग्रेस के वरकर्ज़ देहात में फिर गए, कहने लगे, "सोशलिज्म आ रहा है, सोशलिज़्म आ रहा है"। हम भी गए वहां । लोग कहने लगे कि यह कहते हैं सोशलिज़्म आ रहा है, सोशलिज़्म आ रहा है। वह सोशलिज़्म क्या है उसकी डैफिनेशन यहां पर भी जो मैम्बर बोलते रहे उन्होंने अपने अपने ख्याल से कह दी । आप ने भी चौधरी राम सिंह से पूछा, उधर के मेम्बर साहिबान से भी पूछा कि आखिर सोशलिज़्म की डैफिनेशन क्या है । तो मैं बता रहा था कि वह लोग देहातों में गए । कहने लगे कि कांग्रेस सोशलिज़्म ला रही है । हम ने पूछा कौन कहता है? वह लोग कहने लगे कि कांग्रेस के वरकर्ज़ यहां पर फिरते रहे हैं और कहते रहे हैं कि हम सोशलिज़्म ला रहे हैं । वह पूछने लगे कि सोशलिज़्म कहां आ गया है । मैंने कहा कि अमृतसर के पास तक आ लिया, भुवनेश्वर से चलकर अमृतसर के पास आ लिया । वह कहने लगे कि फिर ? मैंने कहा कि वहाँ से आगे चला था और अब उस से निपट रहे हैं सरदार प्रताप सिंह कैरों और पंडित मोहन लाल। पंडित जी अपनी तरफ खैंचा लगा रहे हैं कि बटाले ले जाएंगे और प्रताप सिंह कैरों कहते हैं कि नहीं अमृतसर में कैरों गांव में ले जाना है । तो वह कहने लगे कि हमारे भी वहां चोधरी रणबीर सिंह बैठे हैं वह यहां भी ला छोड़ेंगे लेकिन उस के बाद? मैंने कहा कि उस के बाद वह देहली में ले जाएंगे । तो चेयरमैन साहिब, सोशलिज़्म की बाबत इनकी जो डैफिनेशन है उसकी बाबत मैंने काफी डिकशनरियां देखीं हैं, इन के भाषणों को भी पढ़ा है उन के मुताबिक तो सोशलिज़्म की इनकी जो डैफिनिशन है वह यही है कि भूखे को भूखे के साथ लड़ा दो । इस के अलावा शुरू से लेकर आखीर तक अगर आप देखें तो कांग्रेस की लुगात के अन्दर सोशलिज़्म की डैफिनेशन कोई दूसरी और नहीं मिलेगी । एक दिन चोधरी चांद राम, मैं और आप भी चयरमैन साहब बैठे थे, एक आदमी ने चोधरी चांद राम से सवाल कर दिया कि सोशलिज़्म क्या है तो उस वक्त मैं ने एक मिसाल दी वहां पर कि शुरू शुरू में जब ऊंट जानवर चला तो एक जाट और एक जाटनी जा रहे थे । जब जाटनी ने ऊंट को देखा तो वह जाट से कहने लगी कि यह क्या है । इस पर जाट हंसने लगा तो जाटनी ने पूछा कि तुम हंसते क्यों हो तो जाट ने कहा कि मैं हंसता इस लिए हूं कि जब मैं मर जाऊंगा तो फिर तुमें कौन बताएगा । इस पर जाटनी कहने लगी कि फिर तो ज़रूर बता दे । तो वह कहने लगा कि उस का उसे तो खुद पता नहीं है । यह तो मिसाल दी

[चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक]

है लेकिन सोशलिज़्म का इन को खुद पता नहीं है और इन के सोशलिज़्म की हमें तो खुद कुछ समझ नहीं आती क्योंकि सोशलिज़्म और कुरप्शन जो हैं यह दोनो साथ साथ कैसे चल सकते हैं । यानी इस कांग्रेस हकूमत के वक्त के अन्दर कुरप्शन और सोशलिज़्म दोनों सिनानीमस हैं । इन की तरफ से कोई चीज़ मूव हो और कुरप्शन से खाली हो तो हम समझ सकते हैं कि शायद यह सोशलिज़्म ले आएं जिस का नाम यह बहुत लेते हैं । लेकिन हम देखते हैं कि यह नाम किसी चीज़ का बाद में लेते हैं लेकिन उस में कुरप्शन पहले चली आती है । अब चौधरी साहिब ने ज़िक्र किया है कि यह ज़मीन लेंगे और यह समझते हैं कि इस से इन की तरफ सोशलिज़्म आ जाएगी पर मैं कहता हूं कि इन की यह सोशलिज़्म तो 17 सालों से चली आ रही है । पहले शुरू में इन को कहा गया कि हम तुम्हें कूओं पर चढ़ाएंगे यानी हरिजन भाइयों को कहा गया कि हम आप को स्वर्ण जातियों के कूओं पर चढ़ाएंगे । असल में इन का मतलब इन को उन से लड़ाने का था लेकिन वे इस से भी नहीं लड़े । फिर इन्हों ने कहा कि हम तुम्हें मन्दिरों में जहां पत्थर की मूर्तियां पड़ी हैं वहां ले जाएंगे लेकिन इस से भी वे आपस में नहीं लड़े । इस के यह चार साल बाद उन से कहने लगे कि हम तुम्हें ज़मीन दिलाएंगे । चौधरी सुन्दर सिंह जो हैं उन को तो ज़मीन का.............

पंडित **भागीरथ लाल** : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर । अभी चौधरी मुख्तियार सिंह ने कहा है कि मन्दिरों में पत्थर की मूर्तियां रखी हैं । मैं यह कहना चाहता हूं कि इन्हों ने यह कह कर हमारी संस्कृति और धर्म की हतक की है । मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि हम मन्दिरों में पत्थर की मूर्ति के आगे सर नहीं झुकाते हम तो उस के अन्दर ईश्वर बैठा मान कर उस के आगे अपना सिर झुकाते हैं....

श्री सभापति : यह तो कानफिलिक्ट आफ आइडियालोजी है । आप एक चीज़ को कुछ समझते हों दूसरा उसी चीज़ को कुछ और समझ सकता है। He has a right to go his own way. this is no point of order. (This is a conflict of ideology if the Hon. Member holds a particular view about some thing the other may be holding a different view about that. He has a right to go his own way. This is no point of order)

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक : चेयरमैन साहिब, मैं कोई नास्तक नहीं हूं । "जैसे मन्दिर इन के लिए हैं वैसे ही वह मन्दिर मेरे लिए हैं । यह पंडित हैं तो इस का मतलब यह नहीं हो जाता कि मन्दिरों पर इन की मनौपली हो गई है । इन की कोई मनौपली नहीं है ।

Mr. Chairman : Malik Sahib, please do not make it a matter of controversy. Otherwise you will be losing your own time.

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक : चेयरमैन साहिब, इन को सेनीटोरियम भेजना चाहिए ।

तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि फिर इन्हों ने कहा कि उन्हें यह ज़मीन दिला देंगे । चौधरी सुन्दर सिंह जी तो लाबीज़ में बैठे बैठे कहते रहते हैं कि ज़मीन कब आयेगी । इस बारे में मैं अर्ज़ करता हूं कि यहां पर एक आनरेबल मेम्बर ने कहा था कि पंजाब में किसी किसान के पास इतनी ज़मीन ही नहीं है जो इकनामिक होल्डिंग की डेफीनीशन में आ जाए लेकिन यहां यह ज़मीन का नाम ले ले कर हरिजनों को कन्फ्यूज़न में डाल रहे हैं और किसान को तो इन्हों ने एक तरह से क्रिमिनल ट्राइब सा बना दिया है । वैसे जो क्रिमिनल ट्राइबज़ थीं उन को तो इन्हों ने छाती से लगा लिया है । अब तो किसानों को उन की ज़मीन के बारे में बार बार कह कर उन को टीज़ किया जाता है सवाए इस के और कुछ नहीं है । यह हमेशा चिढ़ाने की बातें करते हैं । अब कहते हैं कि यह इन्हीं होल्डिंगज़ से प्रोडक्शन दुगनी करेंगे और साथ कहते हैं कि सोशलिज़्म लाएंगे ; लेकिन हो सब इस के उल्ट रहा है । कभी ओले पड़ जाते हैं, कभी पाला पड़ जाता है । कभी फ्लड्ज़ आ जाते हैं । पीछे सर्दी से फसल तबाह हो गई थी । अब घनपुर चल पड़ी है । चेयरमैन साहिब, इस साल पहले चने की फसल में अनाज नहीं था, खाली पत्ते पत्ते थे अब घनपुर चलने से वह पत्ते भी जल गए हैं जिस के कारण चारा भी नहीं रहेगा । चने की फसल चारे के लिए भी इस्तेमाल नहीं हो सकेगी । हमारे लिए यह सोशलिज़्म आई है । चेयरमैन साहिब, पता नहीं यह किस किस्म की सोशलिज़्म की बातें करते हैं । मैं समझता हूं कि सोशलिज़म का एक ही मतलब है कि देहात की तरफ देखो जहां हरिजन मज़दूर हैं और वहीं बैक्वर्ड कलासिज हैं । इन लोगों की तरफ देखना चाहिए जिन के जिसम पर कपड़ा भी नहीं है । देहात के अन्दर एक बाल्मीकि औरत जो होती है उस के पास जो पोशाक होती है उसे बदलने के लिए तीन साल की ज़रूरत पड़ती है यानी वह जो कपड़े बनवा कर पहनती है वह तीन साल तक उन्हीं कपड़ों से काम चलाती है लेकिन इन की बेगम साहिबा जो हैं वह एक दिन के अन्दर तीन दफा अपने सूट बदलती हैं । अगर यह देहात के लोगों की हालत को सुधारने की तरफ ध्यान दें तो उस का नाम सोशलिज़म होगा । लेकिन जब हम यहां चण्डीगढ़ में होटलों के अन्दर, सिनेमाघरों के अन्दर और रेस्टोरेंट्स को देखते हैं, तो हमें पता चलता है कि इन की सोशलिज़म तो महज़ एक नारा ही नारा है । इस के सिवा और कुछ नहीं है । अगर इन की सोशलिज़म को देखना हो तो आप शिमला के होटलों में देखें, वहां के सिनेमा घरों के अन्दर देखें और वहां के रेस्टोरेंटस के अन्दर देखें और फिर देहात के लोगों की हालत को देखें । कितना फर्क है उन के रहन सहन में । देहात में एक कोठा बना होता है । उस में एक किसान के कुन्बे के पांच आदमी रहते हैं । उसी जगह पर किसान का जवान लड़का सोता है, उसी कमरे में उस के लड़के की औरत सोती है, उसी जगह पर

[**चौधरी मुख्तियार सिह मलिक**]

किसान की औरत सोती है और दरवाज़े के पास उस का बुस्किया हुआ ढूंढ बांधा हुआ होता है और उस के पावों की तरफ किसान की अपनी चारपाई होती है । क्या यही इन की सोशलिज्म है । हम तो कहते हैं क्यों लोगों को कनफ्यूज़न में डालना चाहते हो इस किस्म का समाजवाद लोगों को दे कर । कभी आप ने उन को यह कहा कि आप को कूओं पर ले जाएंगे, कभी आप ने उन से यह कहा कि आप को मन्दिरों में ले जाएंगे और कभी यह कहा कि आप उन को ज़मीन देंगे । वायदे ज़बानी सब तरह के करते हो लेकिन उन की डिमाण्ड कोई भी पूरी नहीं करते । अब कहने लगे हैं कि यह यहां सोशलिज़म लाएंगे । वैसे चेयरमैन साहिब, इन बातों में यह काबल बड़े हैं साथ ही यह कह रहे हैं कि इन के सोशलिज्म के रेज़ोल्यूशन की जो शेप होगी वह 1965 में जा कर ड्राफ्ट करनी पड़ेगी । चेयरमैन साहिब हम और आप जब खतम हो जाएंगे उस वक्त शायद इन का सोशलिज़्म यहां आ सके । यह चीज़ शायद 1965 तक या 2000 तक नहीं हो सकेगी और तब तक यह अमीर और गरीब का तफर्का चलता रहेगा । अब यह आमदनी की सीलिंग की बात करते हैं । अब यह लोगों की आमदनी पर सीलिंग लगाना चाहते हैं । मैं कहता हूं कि यह इस बारे में यह लोगों की राए ले कर देख लें । अगर इन की तरफ एक भी राए आ जाए तो देख लेना । इस का तो एक ही तरीका है कि जो भी बात यह

1.00 p.m.

करते हैं उस में इन की इन्टैनशन क्या होती है, इन की असली राय क्या है । (घंटी) गरीब तो गुरबत की वजह से सिस्क सिस्क कर मर रहे हैं और यह अपनी रंग रलियां मना रहे हैं । साज़ बाज बजाते हैं, होटलों में ऐश करते हैं, ठंडी हवा खाते हैं । दूसरी तरफ सुबह से शाम तक गरीब किसान खेत में मरता है और मज़दूर कारखाने में मगर फिर भी उस के बच्चों को रोटी नहीं मिलती । यह लोग यहां हाउस के अन्दर या चण्डीगढ़ के अन्दर बैठ कर ही सोशलिज़्म की बात करना जानते हैं । मगर देहात जिन में हिन्दुस्तान की 85 फी सदी आबादी रहती है उस की तरफ नहीं देखते । चेयरमैन साहिब, जुलाई के महीने में पी० ए० सी० के साथ मैं सात आठ दिन के लिए शिमला चला गया । वहां पर हम एक होटल के अन्दर गए। मेरे साथ उस पार्टी के दूसरे मेम्बर साहिबान भी बैठे हुए थे । वहां पर यह बात देखने का मौका मिला कि आज हिन्दुस्तान के अन्दर लड़के लड़कियां और लड़कियां लड़के बनने की कोशिश कर रहे हैं । (हंसी) मैं ने सोचा कि खूब सोशलिज़म बन रहा है और उधर चीन के साथ लड़ाई लगी हुई है, उस से मुकाबला है । हम ने माल रोड पर देखा कि लड़कों ने बड़े अजीब ढंग से बालों को बांधा हुआ है और लड़कियों न भी पीछे से यूं कर के बाल बांधे हुए थे । मैं तो हैरान था कि यह हिन्दुस्तान है या कि फ्रांस का पैरिस । मेरी बातों पर जब कुछ नौजवानों ने आंखें दिखाई तो कंवर रामपाल सिंह जी ने कहा कि चलो यहां से तुम पिटवाओ गे । मैं ने कहा

कि सचाई कहे बिना नहीं रह सकता। क्या बालों की इस बनावट से ही सोशजिज़म

[*Shrimati Dr. Parkash Kaur in the Chair.*]

आयगा या चीन का मुकाबला होगा। क्या क्या बताऊं। हमारे डिप्टी स्पीकर श्रीमती शन्नों देवी एक बार हमें एक सब कमेटी के साथ जगाधरी ले गए। वहां पर हम ने एक अमीर आदमी के कारखाने को देखा। वहां पर पता लगा कि गवर्नमेंट ने उस कारखाने के लिए बड़ी बड़ी ग्रांट्स दे रखी हैं। उस के बाद एक दूसरे कारखाने को देखने के लिए गए। यह एक मजदूरों की सोसाइटी का कारखाना है साढ़े तीन सौ मज़दूर उस सोसाइटी के मैम्बर हैं। और कई साल से वह सोसाइटी चलती आ रही है, कारखाने में बरतन बनते हैं। उन लोगों के पास पूरा रिकार्ड है कि कितना माल तैयार हुआ, कितनी सेल हुई और कोई नहीं कह सकता कि मज़दूरों के सिवाए उस सोसाइटी का कोई और भी मैम्बर है। वह सोसाइटी तीन साल से चली आ रही है मगर उस को सरकार ने एक आने की भी ग्रांट नहीं दी। ऐसा सोशलिज़म हम ने जगाधरी में देखा कि मज़दूर को देने के लिए एक पैसा नहीं मगर करोड़पतियों को लाखों की ग्रांट्स दी जाती हैं। आप के सामने ही 20, 20 लाख रुपये इस काम के लिए पास कराया जाता है। (*Interruption by Chaudhri Ram Singh*) चौधरी राम सिंह डो. डी. पुरी का क्यों नाम लेते हो, मुझे मरवाओगे। सोशलिज़्म की बातें यहां बैठ कर करते हैं उस की डैफीनेशन का इन को पता नहीं। मेरे साथ देहात में चलें इन को पेटे में चलाऊंगा—हमारी तरफ तो पेटा ही कहते हैं इधर पंजाब में पता नहीं क्या कहते हों एक एक महीना इन को बैलों के पीछे फिराऊंगा तब इन को पता चलेगा कि सोशलिज़म क्या होता है। किस जानवर या पक्षी का नाम है।

सभापति : चौधरी साहिब, यह सब भी देहात के रहने वाले हैं और इन्होंने यह सब कुछ कर रखा है। (The other Members too belong to the rural areas and have the practical experience of these things.)

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक : नहीं किसी ने नहीं किया हुआ। यह सब हवाई बातें करते हैं। प्रैक्टीकल कुछ नहीं (विघ्न) इन्होंने गरीबों के नुक्तानिगाह से कभी इस बत को नहीं सोचा। पता तो गरीबों को चलता है। मुझे एक दिन बस में एक दोस्त मिल गया। मैं ने कहा शर्मा जी आओ चाय पियो। वह कहने लगा कि क्यों बुरी आदतें डालते हो। मुझे डेढ़ सौ रुपया तनखाह मिलती है दो बच्चों को पालना और पढ़ाना है अगर चाय पीने की आदत डाल लूंगा तो मुश्किल हो जायगी। मैं ने कहा कि ऐसी क्या बात है डेढ़ सौ रुपया तनखाह पाते हो दो बच्चे हैं सब कुछ ठीक है। वह सुनाने लगा कि एक दिन शाम को खाने पर बैठे तो एक बच्चे ने कहा कि डैडी क्या हम गरीब हैं। मैं ने कहा कि क्या बात है। वह कहने लगा कि जब हम स्कूल जाते हैं तो हमारे पास तो कुछ नहीं होता मगर दूसरे बच्चे कोई टाफी खाता है,कोई चाकलेट खाता है, किसी के पास आठ आने होते हैं और वह कुछ खरीद कर

[चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक]

खाता है । हमारे पास कुछ नहीं होता। मैं ने अपनी वाइफ से कहा कि इन को जाते वक्त पराठा बना कर दे दिया करो । अगर बच्चे अभी से यह महसूस करने लग जाएंगे कि हम गरीब हैं तो आगे को पता नहीं उन पर क्या असर होगा । ऐसी ऐसी बातें हैं कि सुन कर आंखों में पानी आता है । कहने को तो डेढ़ सौ तनखाह पाते हैं मगर हालत यह है कि बच्चों को ठीक से पढ़ा भी नहीं सकते । जब इस से भी बहुत बुरी हालत हो और दूसरी तरफ अमीर गुलछर्रे उड़ाएं तो सोशलिज्म कैसे आयगा । इन दोनों को एक सतह पर लाना होगा । इस वक्त सिर्फ चौधरी साहिब ही हैं जो वज़ीर यहां बैठे हैं ....

सभापति : नाबराबरी दूर करने के लिए कनक्रीट सजैशन्ज़ भी दें ।

(Kindly give concrete suggestions also for removing inequality.)

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक : कनक्रीट सुजैशज़ तो यहां पर देते ही रहते हैं । और इस में ऐसी कौन सी बात है, अमीर गरीब को बराबर ही तो करना है । मुझे तीन महीने दो, मैं यह कर सकता हूं । अब भला कोई लिस्ट बना कर दूं कि यह ऐसा ऐसा करें। चीफ मिनिस्टर साहिब ने सन 1956 से लेकर असली नकशा दिखा दिया है कि कैसे एक आदमी पांच छे साल के अन्दर अन्दर डेढ़ दो करोड़ रुपए की जायदाद का मालिक बन सकता है । अगर मैं चाहूं कि मैं करोड़ पति बन जाऊं तो क्या यह मुमकिन है? सुझाव तो यहां रोजाना दिये जाते हैं वरना और क्या सब यहां पर बकवास करते हैं । पता नहीं उन के दिमाग में क्या है जो कहते रहते हैं कि कनक्रीट सुजैशन दो । यह वही लोग हैं जो एक ही सांस में सरकार की तारीफ के पुल बांधेंगे कि सरकार ने यह कर दिया और वह कर दिया। बड़े तमतराक से बातें करेंगे मगर दूसरे ही सांस अपने हलके का रोना रोएंगे कि साहिब मेरे हलके में तो कुछ नहीं किया गया (घंटी) बस जी मैं खत्म ही कर रहा हूं । वजीर साहिबान की आंखों की तरफ देखते रहते हैं और सोचते हैं कि अगर वज़ीर साहिब की तारीफ न की तो उन के ज़ाती काम कैसे निकलेंगे और अगर हलके का रोना नहीं रोएंगे तो हलके वाले मारेंगे। चेयरमन साहिबा, यहां तो हकूमत सिर्फ एक आदमी की निगाह की तरफ देख कर चलाई जाती है । मैम्बरों पर टूल मास्टर का डण्डा रहता है । सरकस में रिंग मास्टर यार्ड में जिस तरफ को आर्डर करता है शेर घूम जाता है इधर या उधर बैठ जाता है । उस में अपनी कोई ज़मीर नहीं रहती । यहां पर तो अपनी ज़मीर को इन लोगों ने छोड़ रखा है ।

मैं अर्ज़ करूं, चेयरमैन साहिबा, कि कहते हैं कि सुझाव दें ठोस बातें बताएं । हम तो बता ही रहे हैं इन्हें तो खुद सोशलिज्म की डैफीनेशन का ही नहीं पता कि क्या है, यह तो अंधेरे में लठ लिए फिरते हैं तो इस से यह कहां तक सोशलिज्म को आगे ले जा सकते हैं । बस मैं इतना ही अर्ज़ करना चाहता था।

श्रीमती ओम प्रभा जैन (कैथल) : चेयरमैन साहिबा, आज जिस रैज़ोल्यूशन पर बहस चल रही है, इस बात में शक नहीं कि यह एक अहम रैज़ोल्यूशन है और इसका डैमोक्रेसी के साथ सम्बन्ध है । इस बात के असूलों पर तो एतराज़ नहीं हो सकता कि सोशलिज्म के साथ हमारे देश का फ्यूचर हमारे देश का भविष्य बनना है। श्री यश जी ने इस रैज़ोल्यूशन में सुझाव भी दिए हैं कि यह यह जीवन की सुविधाएं हरेक को फ्री मिलनी चाहिएं । उन्हों ने तजवीज़ किया है कि एक कमेटी बनाएं जो 31 मार्च, 1965 तक अपने सुझाव सरकार के सामने रखें । मैं यह समझती हूं कि यह एक कदम है जिस से आगे आने वालों का भविष्य बन सकता है । लेकिन चेयरमैन साहिबा, मैं मानती हूं कि इन चीज़ों को लाने के लिए, सोशलिज्म को लाने के लिए जो फंडामेंटल और बेसिक पालिसीज़ हैं, उन में चेंज करने की ज़रूरत है । हमारी प्लैनिंग में तबदीली लाने की ज़रूरत है हमारे टैक्स सिस्टम में तबदीली लाने की ज़रूरत है ऐडमिनिस्ट्रेटिव सेट अप में रैडीकल चेंज लाने की ज़रूरत है, इस रैज़ोल्यूशन का सोसाइटी से सम्बन्ध है इस लिए सरकार कोई भी कानून बनाए, टैक्स पालिसी को अडाप्ट करे जब तक लोगों की कुआप्रेशन न मिले, सोसाइटी में एवेकनिंग न हो, बड़े लोग छोटे लोगों के साथ मिल कर न चलें सोशलिज्म को नहीं लाया जा सकता । मैं तो यहां तक कहूंगी कि इस सोशलिज्म को लाने के लिए स्टेट की सरकार, राज्य सरकार ही जिम्मेवार नहीं हो सकती , सेंट्रल गवर्नमेंट की पालिसी, उनकी टैक्सिज़ की पालिसी, उनकी इंडस्ट्रियलाइजेशन की पालिसी या नैश्नेलाइज़ेशन की पालिसी पर भी मुनहसर है ।

यहां पर डिस्पैरिटी इन इन्कमज़ का ज़िक्र किया गया है । जिसका टैक्सेशन पालिसी के साथ गहरा सम्बन्ध है । जहां तक हमारी स्टेट गवर्नमेंट के टैक्सिज़ का सवाल है हमारे पर सेल्ज़ टैक्स हैं, पैसेंजर टैक्स और एंटरटेनमेंट टैक्सिज़ हैं । इन तीनों टैक्सों को लागू करने में हम लोगों में डिफरेंनशियेट नहीं कर सकते । इन टैक्सों को किसी बड़े आदमी पर ज्यादा और छोटे पर कम नहीं लगा सकते । यह तो यूनिफार्म ही लगाया जा सकता है। अगर हम ने डिस्पैरिटी को कम करना है और सोशलिज़म को लाना है तो सेंट्रल सरकार के पास जो सब्जैक्टस हैं और जो सेंट्रल टैक्स हैं उन में चेंज की ज़रूरत है । जैसे कि इन्कम टैक्स, एस्टेट ड्यूटी टैक्स, डैथ ड्यूटी टैक्स Taxes on Assests or capital of Banks and big Industries हैं । इन में इस तरीके को एडाप्ट किया जा सकता है ताकि डिस्पैरिटी कम हो सके ।

इसी तरह फिनांशल कार्पोरेशन्ज़ हैं, इंडस्ट्रियल कार्पोरेशन्ज़ हैं और इस तरह की बड़ी बड़ी कम्पनियों को नैश्नेलाइज़ किया जा सकता है। बैंकों को नैश्नेलाइज़ किया जा सकता है । इस लिए मैं कहना चाहती हूं कि यह ज़िम्मेदारी राज्य सरकार की नहीं। यह ज़िम्मेदारी केन्द्रीय सरकार पर अधिक है । ऐसी पालिसी को देश के अन्दर

[श्री मती ओम प्रभा जैन]

लागू किया जा सकता है कि जिस से सोशलिज़्म लाया जा सके । हमारी सरकार का तो स्कोप ही लिमिटिड है ।

नो कान्फीडेंस मोशन पर बहस करते हुए पट्टी के चुनाव का जिक्र किया गया । यह कहा गया कि आपोजीशन को शिकस्त हुई है। हम तस्लीम करते हैं कि यह हमारी बदकिस्मती है कि आपोज़ीशन एक जगह पर इकट्ठी नहीं हो सकी । हकीकत यह है कि कुछ इन्सान ऐसे हैं, जनता के लोग कुछ ऐसे हैं कि जिनको कांग्रेस ने अपने हाथ में रखा हुआ है। उनको वे मजबूर कर सकते हैं कि वे किसी की बात न मानें । यह हमारी बदकिस्मती है। लेकिन अभी अभी राज्य सभा का इलैक्शन हुआ और उसका रिज़ल्ट सब लोग जानते हैं। कांग्रेस पार्टी के 101 मैम्बर और आपोजीशन के 51, उनको अपने ग्रेबां में मुंह डाल कर देखना चाहिए कि इसके बावजूद भी नतीजा क्या निकला है। उनको 85 वोट मिले हैं, 16 वोट नहीं मिले । लीडर ने खुद हाई कमांड के भेजे हुए आदमी को शतरंज की चाल चल कर हरा दिया है। जहां पर हाई कमांड में तो लीडर का ईमान न हो, विश्वास न हो और नीचे वाले मैम्बरों का लीडर में विश्वास न हो, ईमां न हो, वहां पर ऐसे लोगों का क्या हक है कि वे हमें ताना दें । लीडर खुद हाई कमांड के कहने में ईमां नहीं रखता और नीचे वाले उस पर ईमां नहीं रखते तो ऐसी गवर्नमेंट के बारे में क्या कहा जा सकता है । गवर्नमेंट की कुछ ज़िम्मेदारी है, उसको कुछ सोचना होगा । डैमोक्रेसी में सब से पहली बात यह है कि देश की जनता सरकार की सोई हुई ज़मीर को जगाने की कोशिश करे। लेकिन बदकिस्मती यह है कि लोग चाहे कुछ कहें लीडर इस तरफ ध्यान ही नहीं देता । उनके मैम्बर उनको छोड़ कर इधर आ गए, उनमें कमी आ गई, कमज़ोरी हो गई। लेकिन जो आदमी हज़ार गालियां प्राइम मिनिस्टर को निकाल कर आए हों, हजारों गालियां लीडर को खुद निकाल कर आए हों, उन की पार्टी को छोड़ कर इधर आ गए जब उनके बारे में कहा जाता है कि वे अपना रैज़िगनेश्न वापस लेते हैं और पार्टी लीडर भी कहता है कि हम उनको वापस एकसेप्ट करते हैं तो हमें बड़ी हैरानी होती है । जब किसी रूलिंग पार्टी की ज़मीर इतनी गिर चुकी हो तो उसकी हकूमत का क्या बनेगा । जिस पार्टी पर लोगों का कैरेक्टर बनाने की जिम्मेदारी हो अगर उसका अपना कैरेक्टर ही इतना गिर गया हो तो वह पार्टी लोगों का कैरेक्टर क्या बनाएगी ? जहां पर मैम्बर बिकते हों वहां पर लोगों का कैरेक्टर क्या बनेगा ? जहां पर मैंबरों के चरित्र को भ्रष्ट करने की कोशिश की जाती हो। [X X X] क्या वहां गवर्नमेंट पर कुछ ज़िम्मेदारी नहीं आती ?

Note.— Expunged as ordered by the Chair.

ਸ੍ਰੀ ਮਤੀ ਡਾਕਟਰ ਪਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਆਨ ਏ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਆਰਡਰ, ਸਰ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਚੰਗਾ ਹੋਵੇ ਜੇਕਰ ਟੰਡਨ ਸਾਹਿਬ ਆਪਣੀ ਸਪੀਚ ਵਿਚ ਡੀਸੈਂਟ ਲਫਜ਼ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕਰਨ। ਕਈ ਦਿਨਾਂ ਤੋਂ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਅਜਿਹੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਦਾ ਹਵਾਲਾ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੋ ਫੀਮੇਲ ਸੈਕਸ ਲਈ ਬਾਇਸੇ ਸ਼ਰਮ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ। ਇਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵਿਦਡਰਾ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਆਇੰਦਾ ਲਈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਅਜਿਹੇ ਹਵਾਲੇ ਦੇਣ ਤੋਂ ਗੁਰੇਜ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

श्री बलरामजी दास टन्डन : मैं आपसे यह दरखास्त कर रहा था कि राज्य सभा के चुनाव में जो कुछ हुआ है वह किसी से छिपा नहीं है......(विघ्न) फिर दो चार घंटे प्रेम और प्यार की पींघें चढ़ाते रहे और चीफ मिनिस्टर के लड़के भी किस ढंग से काम करते रहे यह सब पर अयां है। यह बात परदा डालने से किसी से छिप नहीं सकती। खुद हाई कमांड पर लीडर का और मैंबरों का लीडर पर एतबार न हो तो उनको किसी को कुछ कहने का हक नहीं बनता। यहां पर खड़े होकर मैंबर साहिबान की तरफ से और भी बहुत सी बातें कही गई। मेरी अर्ज़ है कि जो लोग ज़मीर बेच कर काम करते हैं, जो लोग खुद किसी न किसी बात में एंटैंगल होते हों उनको हमेशा डर लगा रहता है कि अगर हम लीडर की गलत बात में भी हां न कहेंगे तो चूंकि उसके हाथ में ताकत है वह किसी न किसी ढंग से हम को जेल की सिलाखों के पीछे धकेल देगा।

इसका क्या नतीजा होता है? एक मैम्बर साहिब जो कांगड़ा ज़िला से आए हैं, कांग्रेस की वोटों से आए हैं और वहां पर सनातन धर्म स्कूल के मैनेजर हैं उन्होंने सन् 1948 में पांच हजार रुपया गवर्नमेंट से रीहैबीलीटेशन ग्रांट के तौर पर लिया। उन्होंने कहा कि मैं वहां उस स्कूल का मैनेजर हूँ, हमने तीन महीने की तन्खाह पहले ही अध्यापकों को दे दी हुई है, ग्रांट ले ली। हालांकि कहा यह गया था कि हम पहले ही उनको तनखाह दे चुके हैं लेकिन स्टाफ के मैंबर अभी तक मारे मारे फिर रहे हैं, कहते हैं कि हमें तनखाह नहीं मिली। वह रो रहे हैं, लिख के दे रहे हैं। क्या इस मामला में कोई एनक्वायरी हुई है? न रुपया उस मतलब के लिए इस्तेमाल किय गया और न ही कोई पूछने वाला है। स्पीकर साहिब, मैं आपको क्या बताऊं और क्या न बताऊं................

पंडित अमरनाथ शर्मा : आन ए प्वायंट आफ परसनल ऐक्सप्लेनेशन सर।

श्री अध्यक्ष : आप अपना परसनल ऐक्सप्लेनेशन इनकी स्पीच खत्म होने के बाद दे देना। (The hon. Member may give his personal explanation after the hon. Member in possession of the House has concluded his speech.)

गृह मन्त्री : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। मैं यह प्वायंट आफ आर्डर रेज़ करना चाहता हूँ कि यह नो कान्फीडेंस की मोशन गवर्नमेंट और मिनिस्टरी के ख़िलाफ है। क्या इसके दौरान इस हाउस के दूसरे आनरेबल मैम्बर साहिबान पर, जिनको कि जवाब देने का कोई मौका नहीं मिलेगा, कोई ज़ाती इल्ज़ामात लगाए जा सकते हैं?

[गृह मन्त्री]

मेरी नाकस राए यह है कि इस तरह से ज़ाती इल्ज़ामात नहीं लगाए जा सकते और मैंबर साहिब को इस तरह की इजाजत नहीं होनी चाहिए । उन्हें ये अल्फाज़ वापिस लेने चाहिएं ।

श्री अध्यक्ष : श्री टंडन ।

श्री बलरामजी दास टंडन—इसी तरह से यहां पर और मैम्बर भी हैं, जो कि कांग्रेस बैंचों पर बैठते हैं। जो मैम्बर साहिब कांग्रेस की तरफ से बड़े ज़ोरोशोर के साथ बोले हैं, क्या हम नहीं जानते कि इन्हें सरकार की तरफ से बड़ी बड़ी एडवर्टिजमेंट्स मिलती हैं ? स्पीकर साहिब, जहां पर यह हालात हों, जहां पर सरकार ने खुद ऐसे हालात पैदा किए हों कि अपने आदमियों को, अपने रिश्तेदारों को खुश करने के लिए नाजायज़ पग उठाए गए हों वहां हम इनका भांडा फोड़ न करें तो क्या करें। एक तरफ जुडीशरी को कत्ल किया जा रहा है, कोई पूछने वाला नहीं। उसे ऐग्ज़ैक्टिव से अलग करने की कोई बात ही नहीं सोची जाती । सुप्रीम कोर्ट हर रोज़ हमारे मुंह पर चपत लगाती है—चीफ मिनिस्टर के ऊपर, सूबे की सारी की सारी मशीनरी के ऊपर चपत लगाती है लेकिन उसके बरअक्स यहां पर सारी की सारी मशीनरी को किस तरह से मिसयूज़ किया जा रहा है। यहां पर रजिस्ट्रार और सब-रजिस्ट्रार बनाए गए । मैं हैरान होता हूँ। कुरप्शन को कुचलने की बातें कहते हैं लेकिन सब-रजिस्ट्रार , वह आदमी जिनकी बाबत सभी लोग जानते हैं कि किस तरह से इनकी पार्टी का काम करते हैं, उनको किसी न किसी ढंग से पैसा देने के लिये पहिले डैढ़ सौ रुपया दिया फिर बढ़ा कर एक एक व्यक्ति को चार–चार पांच–पांच सौ रुपया माहवार दिया जा रहा है। जहां पहले एक एक आदमी काम करता था अब चार–चार आदमी लगाए हुए हैं। यह कुरप्शन वही लोग करते हैं जो जनता की ज़मीर को ऊंचा करने का नारा लगाए हुए हैं। किस तरह से वह कुरप्शन करते हैं, कैसे हज़ारों रुपया उनकी जेबों में जाता है, इस सम्बन्ध में बाकायदा रिपोर्टस हैं लेकिन कोई पूछने वाला नहीं । क्या अंग्रेज़ों के वक्त भी कुरप्शन का यह हाल था ? मैं आपको बताना चाहता हूँ कि जो अंग्रेज़ों के दिलदादा थे, अंग्रेज़ों की हकूमत को यहां पर जारी रखना चाहते थे, उनके बारे में भी अगर कुरप्शन का चार्ज लगाया जाता था तो क्या होता था। अमृतसर में तीन आदमी सब-रजिस्ट्रार थे। एक राए साहिब थे, एक सरदार साहिब थे और एक खान बहादुर थे। उनके खिलाफ अल्ज़ाम लगाए गए कि उन्होंने फलां फलां काम किया । सब लोग जानते हैं कि राए बहादुर, राए साहिब, खान बहादुर वगैरा ऐसे आदमी हुआ करते थे जोकि अंग्रेज़ों के वफादार थे, अंग्रेज़ों की हकूमत को चलाने वाले थे । उनके खिलाफ भी केस चला। एक आदमी का तो उसी वक्त हार्ट फेल हो गया । एक आदमी का फैसला होने के बाद ही हार्ट फेल हो गया और तीसरे का छ: महीने के बाद हार्ट फेल हो गया। इस तरह से अंग्रेज के जमाना में भी कुरप्शन को जगह नहीं थी लेकिन यहां पर हर रोज़ इस तरह की बातें होती हैं। स्टेट का रुपया बुरी तरह से ज़ाया किया जा रहा है लेकिन कोई सुनने के लिए तैयार नहीं है।

श्री अध्यक्ष : अब आप वाइंड अप करें। (The hon. Member, may please wind up now).

श्री बलरामजी दास टंडन : स्पीकर साहिब, दो तीन मिनट में खत्म करता हूँ, जहां तक अटानोमस बोर्डज़ का ताल्लुक है वह पवित्र विधान के अनुसार बनाए जाते हैं। इनके बनाने का मतलब यह होता है कि सरकारी नौकरियों में वह आदमी लाए जाएं जो मैन आफ कैरेक्टर हों, मैन आफ इंटैलीजैंस हों, खास कुआलिटीज़ रखने वाले लोग हों जो कि सूबा की एडमिनिस्ट्रेशन में आएं। लेकिन जैसा कि पहले कहा गया है आपने इस सूबा में पब्लिक सर्विस कमीशन और सबार्डीनेट सर्विसिज़ सिलेक्शन बोर्ड को मज़ाक बना कर रख दिया है। सरदार भाग सिंह, जिसके चरित्र के बारे में आप जानते हैं, जिसके चरित्र के बारे में जनता जानती है, जिसके खिलाफ केस बना उसे सबार्डीनेट सर्विसिज़ सिलैक्शन बोर्ड का मैम्बर बनाया गया। दूसरे भी जो मैम्बर हैं उनकी बाबत भी आप जानते हैं कि किस तरह से रिश्वत देकर रखा गया, कैसी कुआलीफिकेशन के आदमी हैं यह भी आप जानते हैं। दूसरा जो कमीशन है उसमें भी आप जानते हैं कि किन किन आदमियों को लगाया गया। एक मैट्रिक पास को वहां अपर हाउस से लेकर लगाया गया। एक डिप्टी मिनिस्टर को जिसे जनता ने भी नामंजूर कर दिया उसे भी यहां पर लगा दिया। आप अन्दाज़ा लगाएं कि इस कैलीबर के लोग सर्विसिज़ के साथ क्या इन्साफ कर सकते हैं? तो मैं यह कहूँगा कि जिस सरकार ने कान्स्टीच्यूशन की इस तरह से मिट्टी प्लीद की हो, जिस सूबे के चीफ मिनिस्टर के खिलाफ इस तरह के अल्ज़ामात लगाए गए हों, जिस सरकार ने पंजाब के अन्दर इस तरह से मैंबरों की भी मिट्टी पलीद की हो, असूलों की मिट्टी पलीद की हो उसे इससे ज्यादा क्या कहा जाए। ज़ातियात में आकर हर कदम पर जिस सरकार ने ताकत का मिसयूज़ किया हो उस पर तो रीटायर्ड जज साहिब उन बातों का फतवा देंगे लेकिन मैं कहना चाहता हूँ कि आज पंजाब के अन्दर इस सरकार ने जो हालात पैदा कर दिए हैं, मैं नहीं समझता कि पंजाब का कोई भी इन्सान सिर ऊंचा उठा कर बाहर जा सकता हो। और किसी की क्या बात करूँ, मुझे खुद अपने आपको मैंबर असैम्बली कहते हुए भी शर्म महसूस होती है। जब पंजाब में इस किस्म के हालत बने हुए हैं कि जिसमें मैंबर असेम्बली को भी लोगों में जाते हुए शर्म आए, अगर ऐसे हालात पैदा करने के लिये इस सूबे का चीफ मिनिस्टर जिम्मेदार नहीं है तो और कौन है? इसलिये मैं कहूँगा कि इस सरकार ने इस सूबे को बरबाद किया है, इस सरकार ने सूबे के मौरेल को गिराया है, इस सरकार ने अपना और सूबे का कैरेक्टर कम किया है। इन हालात के अन्दर इस बात की ज़रूरत है कि यह सरकार बदली जाए। इसलिये मैं इस नो–कान्फीडेंस मोशन की हिमायत करता हूँ।

PERSONAL EXPLANATION BY SHRI AMAR NATH SHARMA, M.L.A

श्री अमरनाथ शर्मा : आन ए प्वायंट आफ परसनल ऐक्सप्लेनेशन, सर। स्पीकर साहिब, मेरा ख्याल था कि श्री बलरामजी दास टंडन जिस गरोह या जिस ग्रुप से ताल्लुक

[श्री अमर नाथ शर्मा]

रखते हैं जिन्होंने नारा लगाया हुआ है कि हम पुरानी संस्कृति को कायम रखेंगे........

श्री अध्यक्ष : आप अपना परसनल ऐक्सप्लेनेशन दें। इन बातों में न जाएं। (The hon. Member should given his personal explanation. He should not go into these things.)

श्री अमर नाथ शर्मा : मैं परसनल ऐक्सप्लेनेशन ही दे रहा हूँ। उन्होंने नारा लगाया हुआ है कि हम पुरानी संस्कृति को कायम रखेंगे, हिन्दुओं की रक्षा करने वाले हैं। (विघ्न) मिशन हाई स्कूल पालमपुर में हर क्लास में दो सैक्शन्ज़ थे । 1948 में हर क्लास में से एक एक सैक्शन बन्द कर दिया। लड़के इधर उधर घूमने लगे। सरकार कोई इन्तज़ाम न कर पाई थी। जिस तरह सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब ने कई और जगहों पर डिसरप्टिड स्कूल खोले उसी तरह से पालमपुर में श्री कृष्ण हाई स्कूल कुंजा खोला गया और सभा के रेज़ोल्यूशन के मुताबिक खोला गया । 1948 में वह स्कूल खुला (विघ्न) बात सुनिए, क्यों घबराते हैं ? दर असल बात यह थी कि उसकी लोकल मैनेजमेंट एक साल पहले प्री-पार्टीशन सभा को लिख कर दे चुकी थी कि यह स्कूल सभा सम्भाले । लेकिन बद बख्ती यह थी कि पार्टीशन के वक्त सभा के सारे के सारे कागज़ात वहां लाहौर में रह गए और प्रावीडेंट फंड की पास बुक्स जो थीं वह पुराने मैनेजर के पास रह गईं। इससे पहले सरकार को कहा जा चुका था कि पालमपुर में कोई स्कूल खोलो। 1949 में 5,000 रुपए की रीहैबिलीटेशन ग्रांट मिली। इस सम्बन्ध में डी. पी. आई. के दफ्तर में बाकायदा फाइलें मौजूद हैं । वह केस चला। पुरान मैनेजर ने कहा कि सभा को हमने यह स्कूल मुकम्मल तौर पर नहीं दिया था। उस पर स्वर्गीय सरदार गुरचरन सिंह, डिप्टी डाइरैक्टर ने फैसला दिया कि जब तक सभा असली कागज़ात पेश न करे, यह स्कूल पुरानी कमेटी को दिया जाता है । चूंकि पुरानी कमेटी ने पालमपुर से वह स्कूल बन्द करके समालखा, जिला करनाल में खोला इसलिये वह ग्रांट जो मिल चुकी थी वह एक साल पहले 1948 में खर्च हो चुकी थी। इसी सम्बन्ध में पुराने स्टाफ के दो टीचरों के कुछ क्लेम्ज़ थे । यह कहना कि मैंने बतौर मैनेजर यह कहा कि खुदा रा ग्रांट दी जाए, मैं समझता हूँ कि जैसे बाकी झूठ बोले हैं यह भी झूठ ही बोला गया है ।

श्री अध्यक्ष : पंडित जी, आप, झूठ का लफ्ज़ वापिस लें। (The hon. Member should withdraw the word 'Jhooth')

श्री अमरनाथ शर्मा : बहुत बेहतर जनाब, मैं आपके हुक्म के मुताबिक यह 'झूठ' का लफ्ज़ वापस लेता हूँ। मैं यह अर्ज़ करता हूँ कि यह गलत बातें हैं जो कि इनकी तरफ से कही गई हैं। हर सेवा की बात को हर असूल की बात को गलत कहना ठीक नहीं। मैं अर्ज़ करता हूँ कि वह रुपया 1948 में सारे स्टाफ पर खर्च हुआ। उस वक्त विद्यार्थियों की संख्या कम थी और स्टाफ ज्यादा था। उसके बाद दो टीचर मैदान में आ

गए। उन्होंने क्लेम किया हुआ है कि उनका ड्यू है। हमने माना हुआ है कि हम देंगे । यह कहना कि हमने रुपया ऐम्बैजल किया है, गलत है और इसमें कोई सचाई नहीं।

श्री मंगल सेन : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर । मैं आपकी इस बारे में रूलिंग चाहता हूँ कि क्या इस बारे में हमारे रूलज़ में कोई ऐसी प्रोवीज़न है कि जब किसी मैंबर के बारे में कोई बात कही जाए तो वह पर्सनल एक्सप्लेनेशन का फायदा उठाते हुए किसी दूसरे मैम्बर की बात को रिबट करने लगे । इस बारे में मैं आपकी रूलिंग चाहता हूँ कि क्या वह ऐसे कर सकता है? यहां पर कहा गया कि पांच हजार रुपए यह खा गए । इन्होंने इस बारे में तो कोई अपनी सफाई दी नहीं बल्कि दूसरे मैंबर की बात को रिबट करने की कोशिश की है लेकिन....

श्री अध्यक्ष : प्वायंट आफ एक्सप्लैनेशन तो इनका था और इन्होंने अपनी एक्सप्लेनेशन दे दी है। इसमें इनकी यह ज़िम्मेदारी नहीं कि आप को सैटिसफाई कराएं। आप अपनी राए इस बारे में जो आप की मर्ज़ी आए रख सकते हैं । (Shri Amar Nath Sharma had stood up on a point of personal explanation and he has explained his position. He is not bound to satisfy the hon. Mcmber. The hon. Member is free to hold what ever opinion he may like.)

RESUMPTION OF DISCUSSION ON NO--CONFIDENCE MOTION

चौधरी रिज़क राम (राए):स्पीकर साहिब, इस रैज़ोल्यूशन पर तीन दिनों से..

Sardar Gurnam Singh : I request that time may be fixed now.

चौधरी रिजक राम : स्पीकर साहब, मैं अर्ज़ —

श्री अध्यक्ष : आप ज़रा एक मिनट के लिये बैठ जाएं।

मैं हाउस को बताना चाहता हूँ कि पिछले दो दिनों में जब इस नो–कन्फीडैंस मोशन पर बहस होती रही है तो इस बहस में कांग्रेस बैंचिज़ के मैम्बर 170 मिनट बोले हैं और आपोज़ीशन के बैंचिज ने 168 मिनट लिये हैं हालांकि पार्टी स्ट्रेंगथ के मुताबिक दो–तिहाई वक्त ट्रेज़री बैंचिज़ को मिलना चाहिए था और एक–तिहाई आपोज़ीशन वालों को मिलना चाहिए था । आज साढ़े चार घंटे टाइम है । अगर मैं पार्टी स्ट्रेंग्थ के मुताबिक चलूं तो गवर्नमेंट बैंचिज़ को 170 मिनट दिये जायेंगे और 34 मिनट बाकी के मैम्बरों को दिए जाने चाहिएं क्योंकि आध घंटा तो दूसरी चीज़ों में चला गया है । लेकिन मैंने यह ठीक समझा है कि बजाए 170 मिनट और 34 मिनट देने के गवर्नमेंट चिज़ को अढ़ाई घंटे दिये जाएं और डेढ़ घंटा आपोज़ीशन वालों को दिया जाय। मैं यह प्रोपोरशन रखूंगा ।

[श्री अध्यक्ष]

इसके अलावा मैं यह भी अर्ज़ कर देना चाहता हूँ कि प्रजातंत्र पार्टी के मैंबर अब तक 75 मिनट बोल चुके हैं, कम्युनिस्ट पार्टी के 21 मिनट, अकाली पार्टी के 25 मिनट और टण्डन जी को छोड़ कर जनसंघ पार्टी वाले 22 मिनट बोल चुके हैं। इसके अलावा मेरे पास चौधरी हरद्वारी लाल और सरदार त्रिलोचन सिंह रियास्ती की भी चिटें आई हैं। वह आपस में कोई अरेंजमेंट कर लें और एक दूसरे को ही एकामोडेट कर लें। एक पार्टी अगर दूसरी पार्टी को एकामोडेट करना चाहेगी तो मुझे इसमें कोई एतराज़ न होगा। इस तरह से जो पार्टी दूसरी पार्टी को इस तरह से टाइम देगी तो उतना टाइम उसमें से निकाल लिया जाएगा। That seemes to be all right.

(I request the hon. Member to resume his seat for a minute I would like to inform the House that during the two days' discussion on this No-Confidence Motion, the Congress Benches took 170 minutes while the Opposition parties took 168 minutes, though according to their party strength 2/3rd time was to be allotted to the Treasury Benches and 1/3rd time to the rest. Today the House will discuss this motion for $4\frac{1}{2}$ hours and according to the party strength,the Treasury Benches are eligible for 170 minutes and the Opposition for 34 minutes. I have excluded half-an-hour time that has been spent on other things. Instead of giving 170 minutes to Treasury Benches and 34 minutes to Opposition, I think it would be more proper to allot $2\frac{1}{2}$ hours to the Treasury Benches and $1\frac{1}{2}$ hours to the Opposition.

Besides this, I also want to inform the House that uptil-now the Prajatantar Party has taken 75 minutes, the Communist Party 21 minutes, the Akali Party 25 minutes and the Jan Sang Party (excluding the time taken by Shri Balramji Dass Tandon) 22 minutes. I have received chits from Chaudhri Hardwari Lal and Sardar Trilochan Singh Riasti also. I would request the hon. Members to aocommodate each other. I will have no ojection if a party gives its time to some Members of another party. Of course, the time given in this way will be deducted from that party's time. That seems' to be alright.)

चौधरी देवी लाल : पी. आई. पी. की तरफ से चौधरी हरद्वारीलाल को टाइम दिया जाय।

चौधरी रिजक राम : स्पीकर साहिब, इस अदम एतमाद की मोशन पर आज तीन दिनों से बहस जारी है और अभी अभी मेरे साथी श्री बलरामजी दास टंडन जी इस पर बोले हैं और उन्होंने फरमाया कि अविश्वास के मते का यहां मुद्दा यह था कि गवर्नमेंट को सही तसवीर दिखाई जाए जिससे इस को पता चल सके कि इसका तरज़े-अमल ग़लत रहा है। मैं समझता हूँ कि जब से यह बजट सैशन शुरू हुआ है तब से 15 या 20 दिन का वक्त तो केवल इन्हीं बातों में गया है। आपोज़ीशन की तरफ से हर मौके पर यानी गवर्नर ऐड्रैस पर, जनरल डिस्कशन आफ दी बजट पर, एप्रोप्रिएशन बिल पर और दूसरी डिमांड्ज़ पर यही कहा जाता रहा है कि इस हकूमत का तरज़ेअमल गलत रहा

है और इसी लिये यह इस मोशन को ले आए हैं। मैं समझता हूँ इस मोशन के दो मतलब होते हैं, एक तो यह कि आपोज़ीशन यह ख्याल करती हो कि उन की ताकत ट्रैजरी बैंचिज़ से ज्यादा है और वह इस मते पर उसे डिफीट दे सकती है और दूसरा यह कि जो प्रोग्राम इस गवर्नमेंट ने इलैक्शन के वक्त पब्लिक को दिये उनको पूरा करने में यह सरकार नाकामयाब रही हो या मौजूदा हालात में इनका कोई प्रोग्राम हो और उसमें यह सरकार नाकामयाब रही हो और उसके लिये अगर यह बताते कि अगर उसके लिये यह ज़रिया इस्तेमाल करती या यह नुस्खा इस्तेमाल करती तो यह कामयाब हो जाती लेकिन अफसोस है कि ज्यादातर इन बातों में वक्त लगाने की बजाए ज़ाती हमलों में इन्होंने वक्त गुज़ारा है। स्पीकर साहिब, मैं इसके मुताल्लिक दो बातें अर्ज़ करना चाहता हूँ। जहां तक बुनियादी प्रोग्राम का सवाल है मैं समझता हूँ कि यह आपोज़ीशन वाले इस सूबे के अन्दर तीन आम चुनाव हार चुके हैं और उनमें कांग्रेस कामयाब होती रही है और जो लोग इस वक्त ट्रैजरी बैंचिज़ पर बैठे हैं इन्हें जनता ने कामयाब करके यहां राज्य चलाने के लिये भेजा है। जहां तक विरोधी पार्टियों का ताल्लुक है उन्होंने इलैक्शन के वक्त अपने जो जो मैनीफैस्टो रखे उन्हें जनता ने नहीं माना। अभी कोई ज्यादा अर्सा नहीं गुज़रा, अभी सिर्फ दो साल ही हुए हैं जब आम चुनाव हुए थे। उस में भी गवर्नमेंट पार्टी ने अपने प्रोग्राम पब्लिक के सामने रखे और आपोज़ीशन की पार्टियों ने भी अपने प्रोग्राम रखे और उस पर चुनौती हुई थी और पब्लिक ने, कांग्रेस गवर्नमेंट ने उसे यह जो पांच साला प्लेन का प्रोग्राम दिया था जिससे यह सूबे की तामीर को चलाना चाहती है, उसके हक में अपना फैसला दिया है। इससे मैं समझता हूँ कि विरोधी दलों को तीन हारें हुई हैं। इसके बाद पंजाब की पालिटिक्स में एक मोड़ आया है, एक तब्दीली आई है और एक ज़बरदस्त तग़य्यर आया है और एक बड़ी हलचल मची हुई है और यह हलचल सिर्फ पंजाब में ही नहीं बल्कि सारे हिन्दुस्तान में है। अगर आप नज़र मार कर देखें तो आपको पता लगेगा कि अब आपोज़ीशन पार्टियों को यह विश्वास हो गया है कि मौजूदा कांग्रेस गवर्नमेंट ने जो तामीरी प्रोग्राम जनता के सामने रखे हुए हैं उनका मुकाबला इनके प्रोग्राम नहीं कर सकते और यह उनके सामने ठहर भी नहीं सकते। तो इसका नतीजा यह हुआ है कि इन विरोधी पार्टियों ने मिनिस्टरों के खिलाफ और गवर्नमेंट पार्टी के दूसरे मैम्बरों के खिलाफ कैरेक्टर एसेसीनेशन यानी इलज़ाम तराशी करनी शुरु कर दी है। अब यह तरह तरह के इलज़ाम लगाने लगे हैं। यह चीज़ सिर्फ पंजाब में ही शुरू नहीं हुई बल्कि यह सारे हिन्दुस्तान में शुरू हो गई है, यहां तक कि अब तो प्राइम मिनिस्टर साहिब के खिलाफ इलज़ाम तराश किए जाते हैं। जो जनसंघ के मैंबर अभी बोल रहे थे मैं उनसे पूछना चाहता हूँ, बल्कि बाकी सभी पार्टियों के रुकनों से पूछना चाहता हूँ कि वह अपने सीना पर हाथ रख कर कहें कि जो कमियां वह कांग्रेस की हकूमत में देखते हैं क्या वही कमियां उनमें अपने में नहीं हैं। जो उन्हें कांग्रेस में दिखाई देती हैं, वही इनमें भी हैं, मिल सकती हैं लेकिन फिर भी सियासी कुरप्शन के इलज़ाम बार बार इस गवर्नमेंट पर लगाए जाते हैं और कहा जाता है कि सियासी तरज़ेअमल में बेकायदगियां होती हैं। यही कहा जाता है कि गलतियां कांग्रेस वाले करते हैं। करते होंगे, मैं इस बात की बहस में नहीं पड़ना चाहता। अभी आपोज़ीशन पार्टी की तरफ

[चौधरी रिज़क राम]

से पंडित मोहनलाल जी पर इलज़ाम लगाया गया था लेकिन मैं एक बात समझता हूँ कि कांग्रेस की जो जमात है वह इलैक्शन के लिये उम्मीदवार चुनते वक्त एक स्टैंडर्ड को अपने सामने रखती है। एक यार्डस्टिक का इस्तेमाल करती है। मगर दूसरी तरफ मैं मिसाल के तौर पर चौधरी देवीलाल जी का केस लेता हूँ। यह 1957 में कांग्रेस के उम्मीदवार थे। तब कांग्रेस हाई कमांड ने इनसे कहा कि कुछ समय प्रायश्चित के लिये लो। यह उनको सलाह दी और उनको टिकट न दी। मगर वही आज आपोजीशन की युनाइटिड फ्रंट के प्रैजीडेंट हैं। इससे आप अन्दाज़ा लगा सकते हैं कि कांग्रेस के सामने अपने कैंडीडेट चुनते वक्त एक स्टैंडर्ड होता है। इस बात का ख्याल रखा जाता है कि इस आदमी का कैरियर कैसा रहा है, बतौर मैम्बर के उसका चलन कैसा रहा है। मगर आपोज़ीशन वालों के सामने कोई असूल नहीं है। फिर कहते यह हैं कि कांग्रेस वाले ग़लत हैं। अभी ढिल्लों साहिब और टंडन जी ने भी कहा कि जो राज्य सभा की अभी इलैक्शन हुई उसमें इनके मैम्बर इधर से उधर हो गए, या उन्होंने यह किया या वह किया। मगर ढिल्लों साहिब या टंडन साहिब भी किसी हार या जीत के लिये डींग नहीं मार सकते, फख्र नहीं कर सकते। मैंबर साहिबान का जो तर्जअमल है वह तो एक आईना है, मगर और भी बातें हैं। वह चले गए, मैं उनसे पूछना चाहता हूँ कि पिछली दफा भी राज्य सभा के इलैक्शन हुए थे और अथवाल साहिब मैंबर थे। इस बार दुग्गल साहिब थे। यह दोनों ही अमीर आदमी हैं। मुझे नहीं पता कि यह अफसोस की बात है या खुशी की कि यह दोनों अमीर आदमी असैम्बली के मैम्बरों की राये से कामयाब हुए हैं। आप इस बात से कुछ अन्दाज़ा लगा सकते हैं और मुझे जनसंघ के एक ज़िम्मेदार मैम्बर ने बताया है कि पिछली दफा जनसंघ के मैम्बरों ने अपनी 5 राएं देने के लिये 30,000 रुपया लिया। अगर इनमें हिम्मत हो तो कन्ट्राडिक्ट करें। मगर यह कहते नहीं थकते कि कांग्रेस वाले उधर चले गए। मैं यह नहीं कहता कि कांग्रेस वाले सारे ही अच्छे हैं, हम में खराब भी हैं मगर यह कहना कि आपोजीशन वाले सारे ही अच्छे हैं यह कोई बेकायदगी नहीं करते, गलत बात है। पट्टी के इलैक्शन में अकाली पार्टी को राज्य सभा के उम्मीदवार ने कितना रूपया दिया, महलकलां के लिये कम्युनिस्ट मैम्बर को कम्युनिस्ट पार्टी ने कितना रुपया दिया है? (तालियां) यह कोई अच्छी दलील नहीं है कि अकाली पार्टी वाले, कम्युनिस्ट पार्टी वाले और जन संघ वाले तो सारे ही अच्छे हैं मगर कांग्रेस वाले सारे ही खराब हैं। यह जो ऐसी बातें होती हैं यह अफसोस का मकाम हैं। सोचने वाली बातें हैं, आपोजीशन वाले भी अपने फर्ज को पहचानें। यहां पर आ कर गंद उछाल देना ठीक नहीं है। अगर किसी में हिम्मत है तो एलान करे कि उनके ग्रुप ने पैसा नहीं लिया है। जन संघ वाले बताएं जिन्होंने 30,000 रुपया बतौर एक ग्रुप की वोटें देने के लिये लिया, अकाली बताएं या दूसरे बताएं। कहीं कोई एक आध मैम्बर ऐसी बात करे तो कोई बात नहीं है मगर जब एक पार्टी के तौर पर राए देने के लिये पैसे लिए जाएं तो यह पुलिटीकल कुरप्शन है और फिर वही दूसरों पर इलज़ाम लगाएं तो बड़ी अजीब बात है, हां अगर कोई इतना ही ढीठ हो कि चोर की तरह कोतवाल को डांटे तो उसका जवाब नहीं हो सकता। फिर सियासी कुरप्शन जिसका

इतना शोर मचाया जाता है इस बारे यह देखने की बात है कि बाकी जगह पर क्या हाल है। मुझे दिल्ली में एक बहुत बड़े आदमी से बात करने का इत्तफाक हुआ। उसने मुझे बताया कि बिहार से राज्य सभा के लिए वहां का रहने वाला एक ऐसा आदमी कामयाब होकर आया जिसकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह पैसे वाला है। यह है मियार जो सारे देश में चल रहा है। मगर क्या इस सब के लिये सारी ज़िम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही है? अभी टंडन जी ने कहा कि कांग्रेस गवर्नमेंट का हर मैम्बर रिश्वत लेकर आया है। मगर जब टंडन साहिब की पार्टी 30 हज़ार रुपया रिश्वत का लेती है तो उसके लिए सरदार प्रताप सिंह कैसे जवाब देह है? फिर यह जो हालत है यह सिर्फ इसी देश में हो ऐसी बात भी नहीं है। आप ज़रा अमरीका की तारीख पढ़ें। 1920 में वहां पर भी हालत ऐसी ही थी। बड़े जोरों से सियासी कुरप्शन चलती थी। वाशिंगटन ने लिखा है कि कोई अफसर बिना रिश्वत के काम नहीं कर सकता और उसको रिश्वत दे देनी चाहिए। और अगर कोई एतराज़ करता है तो वह गलती करता है। एक प्रैज़ीडेंसी के उम्मीदवार श्री हल ने लिखा है कि अगर पुलिटीकल पावर हासिल करने के लिये रुपया दिया जाता है तो वह जायज़ है। ऐसे हालात अमरीका और बरतानिया में भी रहे हैं। (विघ्न) मैं आपके मुताल्लिक नहीं कहता। फिर बाद में तबदीली आई। वहां पर जो पुलिटीकल पार्टीज़ थीं वह नैशनल पार्टीज़ बनी। वहां पर रिपबलीकन और डैमोक्रैटिक दो पार्टियां हैं। दोनों का एक दूसरे पर दबाव है जिसकी वजह से दोनों का चलन सुधरता है क्योंकि जो भी पार्टी इन पावर होती है उसे डर होता है कि दूसरी पार्टी हमें सैट एसाइड कर देगी। मगर पंजाब में क्या हालत है? एक दर्जन ग्रुप्स हैं, जिनका बिल्कुल अलग अलग प्रोग्राम है, कोई भी निश्चित नीति नहीं है, समान प्रोग्राम नहीं है। (विघ्न) ज़रा सुनिये। अगर हम सही तौर पर सोचते हैं तो मैं यह कहने के लिये तैयार हूँ कि अगर आज कुछ खराबी देश में नज़र आती है, सियासी तौर पर या दूसरी किस्म की, तो वह इस वजह से है कि यहां पर एक ज़िम्मेदार और एक मुनज्ज़म किस्म की एक खास प्रोग्राम वाली आपोज़ीशन पार्टी नहीं है। (तालियां)। यह जो आपोजीशन के ग्रुप्स हैं यह लोगों के सामने आज तक कोई कामन प्रोग्राम नहीं रख सके। आपोज़ीशन एक चैक के तौर पर काम करती है और एक बैलेंस लाती है। यहां पर इस इलैक्शन के बाद एक ऐसा बैलेंस पैदा करने की कोशिश की गई। यह एक दूसरा मोड़ था। एक तो था कैरेक्टर असैसीनेशन का और दूसरा यह था कि यहां पर सियासी ग्रुप्स ने गठजोड़ कर लिया। (घंटी) बस जी, दो तीन मिनट में खत्म कर दूंगा। मैं पूछता हूँ कि यह जो गठजोड़ हुआ है यह किसी असूल को मद्देनज़र रख कर किया गया है? क्या इससे पंजाब का कुछ भला हो सकता है? क्या यह नेकनीयती पर मबनी है? नहीं; इस का मकसद सिर्फ किसी तरह से ताकत हासिल करना है। इसको तो ग्रुप इंट्रैस्ट्स की रीमैरेज कहना चाहिए। यह जुदा जुदा ग्रुप्स हैं जिनकी आइडियोलोजीज़ अलग अलग हैं, ख्याल मुख्तलिफ हैं। यह तो पुलिटीकल कुरप्शन है, पुलिटीकल हिपोक्रिसी है बल्कि अगर इसे पुलिटीकल प्रास्टीट्यूशन कहा जाए तो बेहतर होगा। आप जरा देखें कि अगर यह गठजोड़ ताकत लेने के लिये नहीं किया गया तो किस लिये किया गया है। एक इनमें अकाली पार्टी है जोकि पंजाबी सूबे की मांग करती है और चाहती है कि उसके लिये सूबाई इख्तियार

[चौधरी रिज़क राम]

ज्यादा हों। इसके बिल्मुकावल जन संघ पार्टी है जो चाहती है कि पंजाबी सूबा ना बनाया जाए और साथ ही यह भी कहती है कि मुल्क में यूनिटरी फार्म आफ गवर्नमेंट हो, यानी सूबाई सरकारों को खत्म किया जाए । इस तरह से उनके मुत्जाद प्रोग्राम हैं, मुत्जाद आइडियोलिजी है। दोनों मुतजाद हैं। और आज अगर ये दोनों मिले हैं तो यह सब लोग जानते हैं । गवर्नमेंट को फाल करने में यकीन रखते हैं और इन्होंने गठजोड़ किया है। इसे पुलिटिकल फ्राड कहा जाता है और लोग भी इस फ्राड को समझते हैं। इसका ज्यादा असर नहीं पड़ने वाला। इसी तरह कम्युनिस्ट और संत ग्रुप की हालत है। मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं कहना चाहता । श्री भगवत दयाल जी ने कल कहा था।

मुझे इनके गठजोड़ करने पर एक बात याद आ गई। एक आदमी एक टट्टू पर बैठा जा रहा था कि रास्ते में खाल आ गया, नाला आ गया और उसे पार करने से पहले टट्टू खाल पर अटक गया । सवार ने सोचा कि यह बहुत बेइज्ज़ती की बात है और लोग ख्याल करेंगे कि इसका टट्टू खराब है जो खाल पर आकर रुक गया है। उसने एक तरकीब निकाली कि अपनी जेब से एक खत निकाल कर पढ़ने लगा । इतने में एक घुड़सवार भी उधर से आ गया । घोड़ा भी खाल पर अटक गया। उस घुड़सवार ने सोचा कि मेरी बेइज्जती होगी और वह टट्टू वाले के खत को झुक कर पढ़ने लगा । टट्टू वाले ने कहा कि यह क्या करते हो दूसरों का खत पढ़ते हो। घोड़े वाले ने कहा फिक्र मत करो, दोनों का मज़मून एक ही है, दोनों के घोड़े अटक गए हैं। इसी तरह संत ग्रुप का गठजोड़ है, जन संघ और अकालियों का गठजोड़ है। मज़मून एक ही है। यह ताकत हासिल करने के लिये, एक नापाक रिश्ता आप इसे कह लें या पुर्नविवाह कह लें, बनाया है। और यह इलज़ाम लगाते हैं कांग्रेस के खिलाफ। (विघ्न)

मैं एक बात कह कर खत्म करता हूँ । स्पीकर साहिब, अफसरान के मुताल्लिक आपोज़ीशन की तरफ से इल्ज़ाम लगाये गए कि गवर्नमेंट अफसरान में से कुरप्शन को खत्म नहीं कर सकी। मैं यह कहना चाहता हूँ कि क्या कभी इस काम में आपोज़ीशन ने भी मदद की है, या कभी कोशिश की है मदद करने की ?

इनकी तरफ से जो मदद की जाती है उसकी मिसाल आपको दूं। डी. आई. जी. साहिब हमारे इलाका में सोनीपत में स्मगलिंग के बारे में तहकीकात करने गए। सोनीपत के लोग उन्हें मिले । वहां की कम्युनिस्ट पार्टी वाले गांव गांव में फिर कर लोगों को ठेले में बिठा कर यह कहने के लिए लाए कि वह थानेदार बहुत ईमानदार है । और स्पीकर साहिब, उसकी ईमानदारी का यह हाल है कि लाखों रुपए उसने रिश्वत लेकर इकट्ठे किए हैं । यह वह लोग हैं जो कुरप्शन के बारे में यहां पर ज़िक्र करते हैं (घंटी) एक बात और कह कर खत्म करता हूँ । यहां हाउस में ग्रेवाल केस और डाक्टर प्रताप सिंह के केस का ज़िक्र किया गया। इस केस में सुप्रीम कोर्ट की फाइंडिंज़ हैं इसलिये मैं कुछ कहना नहीं चाहता । एक बात कहना चाहूँगा कि डाक्टर प्रताप सिंह अच्छा आदमी नहीं था। ग्रेवाल केस के बारे में भी यह कह दूं कि वह केस किस तरह

का था। मैं भी जानता हूँ और दूसरे मैंबर साहिबान भी जानते हैं। असेम्बली के मैम्बरों ने फिर भी एफिडैविट दिये हैं कि धक्का हुआ है। मैं सुप्रीम कोर्ट को चैलेंज नहीं करता लेकिन अगर आप इन आपोज़ीशन के भाइयों से अलग अलग पूछो तो यह बताएंगे कि डा० प्रताप सिंह का इखलाक क्या है। अगर इसके बावजूद भी यह ऐसे आदमियों की मदद करना चाहते हैं तो इससे और क्या तवक्को हो सकती है। (विघ्न) करनाल से आए हुए मैम्बर एतराज़ करते हैं क्योंकि यह जैलस हैं, इनके दिल में भी जो कुछ है वह पता है। यह कुरप्शन के खिलाफ क्या करेंगे ? मैं तो यह कहूँगा कि जो अच्छा काम हो उसकी दाद दो और जो बुरा हो उसकी बुराई करनी चाहिए।

ਸਰਦਾਰ ਕੁਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਗੱਲ ਕਹੀ ਹੈ ਕਿ 30 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਿਆ ਲਿਆ ਹੈ। ਅਤੇ ਜਨ ਸੰਘ ਪਾਰਟੀ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਆਈ ਐਮ ਵਨ ਆਫ ਦੀ ਮੈਂਬਰਜ ਆਫ ਦੀ ਪਾਰਟੀ। ਮੈਂ ਇਹ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਡਿਸਆਨੇਸਟਲੀ ਅਤੇ ਇਰਰਿਸਪਾਂਸੀਬਲੀ ਇਲਜ਼ਾਮ ਲਗਾਇਆ ਹੈ ਜਿਸ ਮੈਂਬਰ ਨੇ ਇਹ ਬਤਾਇਆ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਇਹ ਗੱਲ ਕਹਿ ਦਿੰਦੇ। ਪਿਛੇ ਗੱਲ ਕਰਨ ਦਾ ਕੀ ਕੰਮ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜਾਣ ਬੁਝ ਕੇ ਝੂਠ ਬੋਲਿਆ ਹੈ (ਵਿਘਨ)

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਲਫਜ਼ "ਝੂਠ" ਅਨਪਾਰਲੀਮੈਂਟਰੀ ਹੈ। ਇਸ ਨੂੰ ਵਾਪਸ ਲੈ ਲਉ। (The word "Jhooth" is unparliamentary. It should be withdrawn.)

ਸਰਦਾਰ ਕੁਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਜਨਾਬ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਝੂਠ ਬੋਲਿਆ ਹੈ ਇਸੇ ਲਈ ਮੈਂ ਕਿਹਾ ਹੈ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਇਹ ਲਫਜ਼ ਅਨਪਾਰਲੀਮੈਂਟਰੀ ਹੈ। ਇਸ ਨੂੰ ਵਾਪਸ ਲਉ। (This word is unparliamentary. It should be withdrawn.)

ਸਰਦਾਰ ਕੁਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹੋ ਤਾਂ ਮੈਂ 'ਝੂਠ' ਲਫਜ਼ ਵਾਪਸ ਲੈਂਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਇਹ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜੋ ਕੁਝ ਕਿਹਾ ਹੈ ਜਾਣ ਬੁਝ ਕੇ ਗਲਤ ਬਿਆਨੀ ਤੋਂ ਕੰਮ ਲਿਆ ਹੈ। (ਵਿਘਨ)

ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਡਾਕਟਰ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ (ਮਜੀਠਾ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ........(ਵਿਘਨ) ਮੈਂ ਤੁਹਾਡੀ ਮਾਰਫਤ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗੀ ਕਿ ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਾਰੀ ਕਦੇ ਵੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇੰਟਰਫੀਅਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਕਦੇ ਇੰਨਟਰਪਟ ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਹਰ ਇਕ ਮੈਂਬਰ ਦੀ ਸਪੀਚ ਸੁਣੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬੀਹੇਵ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਮੈ ਆਪਣੇ ਖਿਆਲ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰੱਖ ਸਕਾਂ।

श्री जगन्नाथ : पहले लाइसेंस ले लो ....(विघ्न)

ਸ੍ਰੀ ਮਤੀ ਡਾਕਟਰ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਅਜ ਹਾਊਸ ਦੇ ਅੱਗੇ ਜੋ ਬੇਪਰਤੀਤੀ ਦਾ ਮਤਾ ਹੈ ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਕੁਝ ਗੱਲਾਂ ਹਾਊਸ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਣੀਆਂ ਹਨ।

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿਲ : ਹੱਕ ਵਿਚ ਜਾਂ ਖਿਲਾਫ਼ ?

ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਡਾਕਟਰ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਇਹ ਤਾਂ ਤੁਸੀਂ ਆਪ ਹੀ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾ ਲੈਣਾ। ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਜੋ ਬੇਪ੍ਰਤੀਤੀ ਦਾ ਮਤਾ ਅਜ ਪੇਸ਼ ਹੈ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮਤਾ ਪਹਿਲਾਂ ਵੀ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ । ਜਦੋਂ ਇਹ ਮਤਾ ਪਹਿਲਾਂ ਆਇਆ ਸੀ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਡਿਸੀਡੈਂਟ ਗਰੁਪ ਨੇ ਮੰਗ ਕੀਤੀ ਸੀ ਕਿ ਇਨਕੁਆਰੀ ਕਰਵਾ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਕੋਈ ਕਮਿਸ਼ਨ ਬਿਠਾ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਜੋ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਦੀ ਪੜਤਾਲ ਕਰੇ । ਅੱਜ ਸਾਡੇ ਲੀਡਰ ਆਫ ਦੀ ਹਾਊਸ ਦੀ ਇਹ ਵਡਿਆਈ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਚੈਲੰਜ ਨੂੰ ਕਬੂਲ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਇਨਕੁਆਰੀ ਦਾਸ ਕਮਿਸ਼ਨ ਕਰ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਪਰ ਫਿਰ ਵੀ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਨੇ ਇਸ ਗੱਲ ਨੂੰ ਮਹਿਸੂਸ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹਾਊਸ ਦਾ ਕਿੰਨਾ ਕੀਮਤੀ ਵਕਤ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜ਼ਾਇਆ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਇਹ ਵਕਤ ਗੰਭੀਰਤਾ ਨਾਲ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਸੋਹਣੇ ਮਤੇ ਲਿਆਣ ਦਾ ਸੀ ਜਿਸ ਤੇ ਸੁਹਣੇ ਢੰਗ ਨਾਲ ਇਹ ਸ਼ਾਨਦਾਰ ਹਾਊਸ ਵਿਚਾਰ ਕਰ ਸਕਦਾ । ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਮਤੇ ਲਿਆ ਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੀ ਸ਼ਾਨ ਨੂੰ ਘਟਾਣ ਦਾ ਯਤਨ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਹਰ ਵਕਤ ਇਹ ਇਸੇ ਤਾਕ ਵਿਚ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਐਲੀਗੇਸ਼ਨਜ਼ ਲਗਾਏ ਜਾਣ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਲੋਂ ਗਵਰਨਰ ਐਡਰੈਸ ਤੇ ਵਿਚਾਰ ਵੇਖ ਲਉ ਜਾਂ ਬਜਟ ਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਤਕਰੀਰਾਂ ਵੇਖ ਲਉ, ਸਿਵਾਏ ਇਨ੍ਹਾਂ ਐਲੀਗੇਸ਼ਨਾਂ ਦੇ ਹੋਰ ਕੋਈ ਪ੍ਰੋਗ੍ਰਾਮ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਨਹੀਂ । ਗ਼ਲਤ ਗਲਾਂ ਕਰਨ ਵਿਚ ਇਹ ਆਪਣਾ ਅਤੇ ਹਾਊਸ ਦਾ ਵਕਤ ਜ਼ਾਇਆ ਕਰਦੇ ਹਨ । ਮੈਂ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਅਜ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਵਲੋਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤੁਸੀਂ ਨੁਮਾਇੰਦਗੀ ਕਰਦੇ ਹੋ ਕੋਈ ਖ਼ਿਆਲ ਅਤੇ ਨਿਗਰ ਵਿਚਾਰ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਰਖਦੇ ਅਤੇ ਅੱਛੇ ਕਾਨੂੰਨ ਬਣਵਾਉਂਦੇ ਤਾਂ ਚੰਗਾ ਹੁੰਦਾ ਅਤੇ ਵਕਤ ਕਿਸੇ ਚੰਗੇ ਕੰਮ ਵਿਚ ਲਗਦਾ । ਦਾਸ ਕਮਿਸ਼ਨ ਬੈਠਾ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਇਸ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਵੀ ਇਹ ਇਸ ਮਤੇ ਨੂੰ ਲਿਆਏ ਹਨ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਪਾਰਟੀਆਂ ਦਾ ਆਪਣਾ ਕੋਈ ਪਰੋਗਰਾਮ ਨਹੀਂ, ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਤੋਂ ਵਧ ਇਹ ਕਰ ਵੀ ਕੀ ਸਕਦੇ ਸਨ । ਸਾਡੀ ਪਾਰਟੀ ਦਾ ਜਿੰਨਾ ਪਰੋਗਰਾਮ ਹੈ ਇਸ ਵਿਚ ਜੋ ਅਸੀਂ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਤਰੱਕੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਇਸ ਨਾਲ ਅਜ ਸਾਰਾ ਪੰਜਾਬ ਆਪਣਾ ਸਿਰ ਉੱਚਾ ਕਰ ਕੇ ਉਠ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਜਿੰਨੀ ਵੀ ਡੀਵੈਲਪਮੈਂਟ ਹੋਈ ਹੈ ਇਹ ਇਸ ਪਾਰਟੀ ਦੀ ਪਾਲਿਸੀ ਦਾ ਹੀ ਕਾਰਨ ਹੈ । ਨੈਸ਼ਨਲ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਵਿਚ ਕੀ ਕੁਝ ਪੰਜਾਬ ਨੇ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਜੇਕਰ ਬਾਕੀ ਸਾਰੀ ਡੀਵੈਲਪਮੈਂਟ ਨੂੰ ਛਡ ਵੀ ਦਿਉ ਤੇ ਇਕੱਲਾ ਨੈਸ਼ਨਲ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਨੂੰ ਹੀ ਸਾਹਮਣੇ ਲਓ ਤਾਂ ਸਾਡਾ ਸੂਬਾ ਮਾਣ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਨਾਲ ਨਾ ਕੇਵਲ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿਚ ਸਗੋਂ ਸਾਰੀ ਦੁਨੀਆ ਵਿਚ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਸ਼ੋਭਾ ਹੋਈ ਹੈ । (ਪ੍ਰਸ਼ੰਸਾ)

ਅਜ ਇਹ ਮਤਾ ਜੋ ਲਿਆਂਦਾ ਗਿਆ ਹੈ ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਕਹਿ ਸਕਦੀ ਕਿ ਇਸ ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਇਹ ਕੁਝ ਦਾਸ ਕਮਿਸ਼ਨ ਤੇ ਕੋਈ ਪ੍ਰੈਸ਼ਰ ਪਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਜਾ ਓਸ ਨੂੰ ਇਨਫਲੂਐਂਸ ਕਰਨਾਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ । ਜਾਂ ਸ਼ਾਇਦ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਿਲ ਵਿਚ ਇਹ ਡਰ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਫਲਾਇੰਗ ਕਲਰਜ਼ ਨਾਲ ਆ ਰਹੀ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਬੇਪ੍ਰਤੀਤੀ ਦਾ ਮਤਾ ਲਿਆ ਕੇ ਐਟਮਾਸਫੀਅਰ ਨੂੰ ਗੰਧਲਾ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਜੋ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਨੂੰ ਖਲੋਣ ਲਈ ਕੋਈ ਜਗ੍ਹਾ ਹੋਵੇ । ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਮੈਨੂੰ ਕੋਈ ਹੋਰ ਵਜ੍ਹਾ ਨਹੀਂ ਜਾਪਦੀ ਕਿ ਇਸ ਵੇਲੇ ਕਿਉਂ ਇਸ ਮਤੇ ਨੂੰ ਲਿਆਏ ਹਨ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਨਾਲ ਕੋਈ ਯੂਜ਼ਫੁਲ ਪਰਪਜ਼ ਸਰਵ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗਾ । ਐਵੇਂ ਗਗੜਿਆਂ ਵਾਲੀ ਲੜਾਈ ਵਿਚ ਪੈ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਥੇ ਡਰਟੀ ਲਿਨਨ ਧੋਣ ਦੇ ਯਤਨ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ । (ਵਿਘਨ)

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : ਆਨ ਏ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਆਰਡਰ, ਸਰ । ਮੇਰਾ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਆਰਡਰ ਇਹੋ ਹੈ ਕਿ ਬੀਬੀ ਜੀ ਨੇ ਦੋ ਗੱਲਾ ਕਹੀਆਂ ਹਨ । ਇਕ ਤਾਂ ਇਹ ਕਿ ਦਾਸ ਕਮਿਸ਼ਨ ਤੇ ਇਨਫਲੂਐਂਸ ਪਾਉਣ ਵਾਸਤੇ ਇਹ ਮਤਾ ਲਿਆਂਦਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਦੂਸਰੇ ਇਹ ਵੀ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਪਾਰਟੀ ਹੁਣ ਫਲਾਇੰਗ ਕਲਰਜ਼ ਨਾਲ ਬਾਹਰ ਆ ਗਈ ਹੈ । ਮੈਂ ਇਹ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਆਇਆ ਕਿਸੇ ਮਤੇ ਰਾਹੀਂ ਦਾਸ ਕਮਿਸ਼ਨ ਤੇ ਇਨਫਲੂਐਂਸ ਵੀ ਪਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ? ਦੂਸਰੀ ਗੱਲ ਇਹ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਪਾਰਟੀ ਕਿਹੜੇ ਫਲਾਇੰਗ ਕਲਰਜ਼ ਨਾਲ ਬਾਹਰ ਆ ਗਈ ਹੈ । ਕੀ ਉਹ ਇਸ ਦੇ ਉਤੇ ਕੋਈ ਰੋਸ਼ਨੀ ਪਾਉਣਗੇ ?

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਪਹਿਲੇ ਪੁਆਇੰਟ ਬਾਰੇ ਤਾਂ ਇਹੋ ਕਿਹਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਆਪਣੀ ਰਾਏ ਹੈ । ਦੂਸਰੀ ਗੱਲ ਬਾਰੇ ਜੇਕਰ ਬੀਬੀ ਜੀ ਕੁਝ ਜਾਣਦੇ ਹੋਣ ਤਾਂ ਦੱਸ ਦੇਣ । (Regarding the first point it can be said that it is her personal opinion. The Lady Member may elucidate the second point if there is anything in her knowledge about it)

ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਡਾਕਟਰ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੁਝ ਵੀ ਦੱਸਣਾ ਨਹੀਂ ਚਾਹੁੰਦੀ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਪਾਰਟੀ ਬਾਰੇ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਤਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਤਾਂ ਏਥੇ ਇਕ ਆਪਣੀ ਰਾਏ ਰਖਦੀ ਹਾਂ ਅਤੇ ਇਸ ਬਾਰੇ ਜੋ ਕੁਝ ਵੀ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਉਹ ਮੈਨੂੰ ਕਹਿਣ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ, ਖਾਹ ਮਖਾਹ ਇੰਟਰਪਟ ਨਾ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਾਡੇ ਵਰਦੀ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਇਹ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਅਸੀਂ ਦੁੱਗਣੀ ਕਰ ਦੇਣੀ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਕਹਿਕੇ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਜਨਤਾ ਨੂੰ ਪਰੇਰਿਆ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਪੈਦਾਵਾਰ ਦੁੱਗਣੀ ਕਰਨ ਵਿਚ ਜਿਤਨੇ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਾਧਨ ਹਨ, ਜਿਤਨੇ ਵੀ ਮੀਨਜ਼ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵਰਤਣ ਅਤੇ ਇਸ ਪਾਸੇ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਨ । ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰ ਅਜ ਅਨਾਜ ਦੁੱਗਣਾ ਪੈਦਾ ਕਰਨ ਦਾ ਯਤਨ ਕਰਦਾ ਹੈ । (ਵਿਘਨ) ਜੇਕਰ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਬਾਰਸ਼ ਘਟ ਹੋਣ ਦੇ ਕਾਰਨ, ਜਾਂ ਕੋਲਡ ਵੇਵ ਦੀ ਵਜ੍ਹਾ ਨਾਲ ਫਸਲਾਂ ਮਾਰੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ ਤਾਂ ਤੁਸੀਂ ਮੈਨੂੰ ਦੱਸੋ ਕਿ ਇਸ ਵਿਚ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਕੀ ਕਸੂਰ ਹੈ । ਇਹ ਗੱਲ ਮੰਨਣੀ ਪਵੇਗੀ ਕਿ ਜਦੋਂ ਦੀ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਜਾਕੇ ਅਫਸਰਾਂ ਦੇ ਜਰੀਏ ਖਾਦ ਵੰਡੀ ਹੈ ਅਤੇ ਹੋਰ ਫੈਸਿਲੀਟੀਜ਼ ਦਿੱਤੀਆਂ ਹਨ, ਉਸ ਦਾ ਇਹ ਅਸਰ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਹਾਲੇ ਵੀ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲਾਂ ਦੀਆਂ ਫਸਲਾਂ ਨਾਲੋਂ ਚੰਗੀ ਫਸਲ ਹੋਈ ਹੈ । ਮੈਂ ਇਸ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਦਾਦ ਦਿੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਡੀਵੈਲਪਮੈਂਟ ਦੇ ਕੰਮਾਂ ਵੱਲ ਕਿਤਨਾ ਜ਼ਿਆਦਾ ਧਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਹੈ । ਸਾਡੀ ਅੰਨ ਸੰਕਟ ਨੂੰ ਤੇ ਮਹਿੰਗਾਈ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰਨ ਲਈ ।

ਮੈਂ ਇਕ ਚੀਜ਼ ਜ਼ਰੂਰ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਦੇਣੀ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ 19 ਤਾਰੀਖ ਨੂੰ ਬੇ-ਪ੍ਰਤੀਤੀ ਦੇ ਮਤੇ ਤੇ ਬੋਲਦਿਆਂ ਸਰਦਾਰ ਮਖਣ ਸਿੰਘ ਤਰਸਿੱਕਾ ਨੇ ਤਕਰੀਰ ਕਰਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਕਿਹਾ ਅਤੇ ਇਹ ਇਲਜ਼ਾਮ ਮੇਰੇ ਹਸਬੈਂਡ ਤੇ ਲਗਾਇਆ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੀ ਕੁਝ ਜ਼ਮੀਨ ਸੀਡ ਫਾਰਮ ਲਈ ਵੇਚੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਚਾਹੁੰਦੀ ਕਿ ਮੈਂ ਵੀ ਕਿਸੇ ਦੀਆਂ ਪਰਸਨਲ ਗੱਲਾਂ ਜਾਂ ਕਿਸੇ ਦੇ ਰਿਸ਼ਤੇਦਾਰਾਂ

(ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਡਾਕਟਰ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ)

ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਕੁਝ ਕਹਾਂ । ਜਿਸ ਮੈਂਬਰ ਨੇ ਇਹ ਇਲਜ਼ਾਮ ਲਗਾਇਆ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਗੱਲ ਸਾਫ ਕਰ ਦੇਣੀ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀਆਂ ਕੁਰਬਾਨੀਆਂ ਕੋਈ ਘਟ ਨਹੀਂ ਹਨ । ਮੈਂ ਆਪਣੇ ਮੂੰਹੋਂ ਤਾਰੀਫ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਬਲਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਅੱਜ ਸਾਰਾ ਪੰਜਾਬ ਜਾਣਦਾ ਹੈ । ਹਾਲੇ ਤੱਕ ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਗੱਲ ਸਮਝ ਨਹੀਂ ਆਈ ਕਿ ਐਮ. ਐਲ. ਏ. ਬਣਨ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਜੇ ਕੋਈ ਮੈਂਬਰ ਜ਼ਮੀਨ ਖਰੀਦੇ ਤਦ ਤਾਂ ਇਹ ਕੋਈ ਡਿਸਕੁਆਲੀਫੀਕੇਸ਼ਨ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਕਿ ਇਤਨਾ ਪੈਸਾ ਇਸ ਪਾਸ ਕਿਥੋਂ ਆਇਆ ਪਰ ਜੇ ਕੋਈ ਮੈਂਬਰ ਜ਼ਮੀਨ ਵੇਚਦਾ ਹੈ ਉਸ ਤੇ ਵੀ ਇਤਰਾਜ਼ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਇਹ ਬੜੀ ਅਜੀਬ ਗੱਲ ਹੈ । (ਵਿਘਨ)

Comrade Ram Piara : On a Point of Order, Sir. This issue is before the Das Commission, and, I think, it should not be discussed on the floor of the House. An affidavit about this land has been filed before the Das Commission.

ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਡਾਕਟਰ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਮੇਰਾ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਾਸ ਕਮਿਸ਼ਨ ਦੇ ਕੇਸ ਨਾਲ ਕੋਈ ਵਾਸਤਾ ਨਹੀਂ । ਮੈਂ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਗੱਲਾਂ ਦੇ ਜਵਾਬ ਦੇ ਰਹੀ ਹਾਂ ਜੋ ਮੇਰੇ ਜਾਂ ਮੇਰੇ ਹਸਬੈਂਡ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੇ ਵਿਚ ਕਹੇ ਗਏ ਹਨ ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਬੀਬੀ ਜੀ, ਮੁਨਾਸਿਬ ਇਹੋ ਹੋਵੇਗਾ ਕਿ ਇਹ ਪੁਆਇੰਟ ਤੁਸੀਂ ਨਾ ਛੇੜੋ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਮੁਆਮਲਾ ਦਾਸ ਕਮਿਸ਼ਨ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਹੈ । (I would request the Hon'ble Lady Member not to discuss this matter as it is before the Dass Commission.)

ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਡਾਕਟਰ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜਿਹੜੇ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਇਕ ਮੈਂਬਰ ਨੇ ਇਲਜ਼ਾਮ ਲਗਾਏ ਹਨ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਲੀਅਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ।

श्री जगन्नाथ : मैं ने यह मुआमला दास कमिशन में दिया है इस लिए मैं कहूंगा कि बीबी जी इस तरफ ज़रूर ध्यान रखेंगी ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਬੀਬੀ ਜੀ, ਤੁਸੀਂ ਜਨਰਲ ਤੌਰ ਤੇ ਹੀ ਕੁਝ ਕਹੋ, ਜੇ ਕਰ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ । (I would request the Lady Member to touch this point in a general manner only.)

ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਡਾਕਟਰ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਮੈਂ ਏਥੇ ਲਾਏ ਗਏ ਇਲਜ਼ਾਮ ਦਾ ਜਵਾਬ ਦੇ ਰਹੀ ਹਾਂ । ਸਾਡੀ ਜਾਇਦਾਦ ਕੋਈ ਕਿਸੇ ਨਾਲੋਂ ਘਟ ਨਹੀਂ ਸੀ, ਅਸੀਂ ਕੋਈ ਘਟ ਕੁਰਬਾਨੀਆਂ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀਆਂ । ਇਸ ਨੂੰ ਸਾਰਾ ਪੰਜਾਬ ਜਾਣਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੀ ਕੁਰਬਾਨੀਆਂ ਵਾਲੀ ਫੈਮਿਲੀ ਹੈ । ਸਾਡੇ ਵੀ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮਹਿਲ ਰਹਿਣ ਲਈ ਸਨ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮਹਿਲਾਂ ਵਿਚ ਸਰ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ ਮਜੀਠੀਆ ਜਾਂ ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿਲੋਂ ਵਰਗੇ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ । ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਮਹਿਲ ਸਨ ਪਰ ਜਦੋਂ ਕੁਰਬਾਨੀ ਦੇਣੀ ਪਈ ਸਾਡੀਆਂ ਜਗੀਰਾਂ ਜਾਇਦਾਦਾਂ ਜ਼ਬਤ ਹੋਈਆਂ । ਕਈ ਵਾਰੀ ਸਾਡੇ ਸਾਰੇ ਘਰ ਦੀ ਕੁਰਕੀ ਹੋਈ । ਮਦਰ ਮੇਰੀ ਦੇ ਸਮਾਲ-ਪੌਕਸ ਨਿਕਲੀ ਹੋਈ ਸੀ ਕੁਰਕੀ ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਇਸ ਦੇ ਲਈ ਇਕ ਮੰਜੀ ਤੱਕ ਵੀ ਨਹੀਂ ਛੱਡ ਕੇ ਗਏ

ਸੀ । ਬੀਮਾਰ ਦੇ ਮੂੰਹ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਪਾਉਣ ਵਾਸਤੇ ਇਕ ਗਲਾਸ ਜਾਂ ਚਮਚਾ ਤੱਕ ਨਹੀਂ ਸੀ ਮਿਲਦਾ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਕੁਰਬਾਨੀਆਂ ਦੇਣ ਵਾਲੀ ਫੈਮਿਲੀ ਹੋਵੇ, ਮੈਂ ਇਹ ਸੁਣ ਕੇ ਬੜੀ ਹੈਰਾਨ ਹੋਈ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਸੀਡ ਫਾਰਮ ਲਈ ਜਿਹੜੀ ਜ਼ਮੀਨ ਵੇਚੀ ਹੈ ਉਸ ਦੀ ਵੱਧ ਕੀਮਤ ਲੈ ਕੇ ਦਿੱਤੀ ਹੈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਸ ਦੇ ਘਟ ਪੈਸੇ ਮਿਲਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਸਨ । ਜਿਸ ਮੈਂਬਰ ਨੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਇਲਜ਼ਾਮ ਲਗਾਇਆ ਹੈ ਮੈਂ ਸਮਝਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਉਸ ਨੇ ਬੜੀ ਗ਼ੈਰ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਤੋਂ ਕੰਮ ਲਿਆ ਹੈ । ਜੇਕਰ ਉਹ ਪਿੰਡ ਜਾਕੇ ਇਹ ਜ਼ਮੀਨ ਵੇਖਦੇ ਤਾਂ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਕਿ ਇਹ ਪਿੰਡ ਦਰਿਆ ਤੋਂ ਕਿਤਨੀ ਦੂਰ ਹੈ । ਇਹ ਘਟ ਤੋਂ ਘਟ 20 ਮੀਲ ਹੈ । ਹੜ੍ਹਾਂ ਦਾ ਪਾਣੀ ਉਥੇ ਨਹੀਂ ਪਹੁੰਚਦਾ । ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਵਿਚ ਹੜ੍ਹ ਆਏ ਹਨ ਉਸ ਵੇਲੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਕਿ ਸੱਕੀ ਨਾਲਾ ਅਤੇ ਦਰਿਆ ਦੇ ਦਰਮਿਆਨੀ ਇਲਾਕਾ ਹੜ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਆ ਗਿਆ ਸੀ ਅਤੇ ਸਾਰੇ ਦੇ ਸਾਰੇ ਪਿੰਡ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਰੁੜ੍ਹ ਗਈ ਸੀ, ਇਹ ਬਿਲਕੁਲ ਗ਼ਲਤ ਹੈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਝੂਠ ਬੋਲਿਆ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਸਾਡੇ ਆਪਣੇ ਪਿੰਡ ਵਿਚ 8, 9 ਕੁਨਬੇ ਰਹਿੰਦੇ ਸਨ ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਬੀਬੀ ਜੀ, ਤੁਸੀਂ "ਝੂਠ" ਦਾ ਲਫ਼ਜ਼ ਵਾਪਸ ਲੈ ਲਉ । (I would request the hon'ble Lady Member to with draw the word "Jhooth".

ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਡਾਕਟਰ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਅੱਛਾ ਜੀ, ਮੈਂ ਸ਼ਬਦ ਝੂਠ ਵਾਪਸ ਲੈਂਦੀ ਹਾਂ ਪਰ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰ ਕਹਾਂਗੀ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੇ ਵਿਚ ਗਲਤ ਬਿਆਨੀ ਕੀਤੀ ਹੈ । (ਵਿਘਨ)

ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ : ਆਨ ਏ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਆਡਰ, ਸਰ । ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜਦੋਂ ਆਪ ਨੇ ਇਹ ਰੂਲਿੰਗ ਦੇ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਮੁਆਮਲਾ ਦਾਸ ਕਮਿਸ਼ਨ ਦੇ ਜ਼ੇਰੇ ਗ਼ੌਰ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਤੇ ਕੋਈ ਬਹਿਸ ਨਾ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਮੈਂ ਇਹ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੀ ਕੋਈ ਮੈਂਬਰ ਆਪ ਦੇ ਰੂਲਿੰਗ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਵੀ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਜ਼ਿਕਰ ਛੇੜ ਸ਼ਕਦਾ ਹੈ ?

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਮੈਂ ਬੀਬੀ ਜੀ ਨੂੰ ਫਿਰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ ਇਸ ਦੀ ਬਜਾਏ ਕੋਈ ਦੂਸਰਾ ਪੁਆਇੰਟ ਛੇੜ ਸਕਦੇ ਹਨ । (I would again request the Lady Member to kindly take up another point.)

ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਡਾਕਟਰ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜਦੋਂ ਮੇਰੇ ਹਸਬੈਂਡ ਤੇ ਇਹੋ ਇਲਜ਼ਾਮ ਇਹ ਇਥੇ ਲਗਾ ਰਹੇ ਸਨ ਤੇ ਉਹ ਆਪ ਇਥੇ ਆ ਕੇ ਆਪਣੀ ਪੁਜ਼ੀਸ਼ਨ ਐਕਸ-ਪਲੇਨ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ ਤੇ ਮੈਨੂੰ ਸਮਾਂ ਮਿਲਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਉਸ ਵੇਲੇ ਇਹ ਸਾਰੇ ਸੁਣਦੇ ਰਹੇ । ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਬੋਲਿਆ ਕਿ ਇਹ ਮੁਆਮਲਾ ਦਾਸ ਕਮਿਸ਼ਨ ਵਿਚ ਹੈ ਪਰ ਅੱਜ ਜਦੋਂ ਮੈਂ ਜਵਾਬ ਦੇਣਾ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤਾ ਹੈ ਤਾਂ ਸਾਰੇ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਹ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ । ਚੰਗਾ ਹੁੰਦਾ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜੇ ਇਹ ਮੁਆਮਲਾ ਉਸ ਵੇਲੇ ਹੀ ਮਨ੍ਹਾਂ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਜਿਸ ਵੇਲੇ 19-3-64 ਨੂੰ ਸਰਦਾਰ ਮੱਖਣ ਸਿੰਘ ਜੀ ਨੇ ਇਸ ਤੇ ਸਪੀਚ ਕੀਤੀ ਸੀ ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਬੀਬੀ ਜੀ, ਤੁਹਾਡਾ ਟਾਈਮ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ । (The time allotted to the hon. Lady Member is over.)

ਸ਼੍ਰੀ ਮਤੀ ਡਾਕਟਰ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਅੱਛਾ ਜੀ, ਜੇ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਹੁਕਮ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਂ ਬੈਠ ਜਾਂਦੀ ਹਾਂ । ਮੈਂ ਤਾਂ ਜਿਹੜੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਹੀਆਂ ਹਨ ਉਹ ਸਬੂਤ ਦੇ ਕੇ ਗ਼ਲਤ ਸਾਬਤ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਸੀ ।

PERSONAL EXPLANATION BY SARDAR NARAIN SINGH SHAHBAZPURI M.L.A.

ਸਰਦਾਰ ਨਾਰਾਇਣ ਸਿੰਘ (ਸ਼ਾਹ ਬਾਜ਼ਪੁਰੀ) : ਆਨ ਏ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ਼ ਪਰਸਨਲ ਐਕਸਪਲੇਸ਼ਨ, ਸਰ । ਮੇਰੀ ਅਰਜ਼ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਮੇਰੀ ਗ਼ੈਰਹਾਜ਼ਰੀ ਵਿਚ ਕਲ ਏਥੇ ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿੱਲੋਂ ਨੇ ਬਲਟੋਹਾ ਕੇਸ ਦੇ ਸਿਲਸਲੇ ਵਿੱਚ ਕਿਹਾ ਕਿ ਠਾਕਰ ਸਿੰਘ ਮੇਰੇ ਹੱਥੋਂ ਮਾਰਿਆ ਗਿਆ ਹੈ । ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ ਠਾਕਰ ਸਿੰਘ ਨਹੀਂ ਮਾਰਿਆ ਗਿਆ ਉਹ ਜਿਉਂਦਾ ਹੈ, ਮਾਰਿਆ ਤਾਂ ਮਖਣ ਸਿੰਘ ਗਿਆ ਹੈ । (ਵਿਘਨ)

ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਬਿਆਨ ਅਸੀਂ ਦਿੱਤਾ ਸੀ । ਹੁਣ ਵੀ ਮੈਂ ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿਲੋਂ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਉਥੇ ਬਹੁਤ ਬੇਗੁਨਾਹੇ ਆਦਮੀ ਮਾਰੇ ਗਏ ਹਨ । ਉਹ ਇਨਕੁਆਇਰੀ ਕਰਵਾ ਕੇ ਵੇਖ ਲੈਣ । ਉਥੇ ਪੁਲਿਸ ਨਾਲ ਕੋਈ ਮੁਕਾਬਲਾ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ । ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਨੇ ਜਿਹੜੇ ਬਿਆਨ ਦਿੱਤੇ ਹਨ ਉਹ ਪੁਲਿਸ ਨੂੰ ਖੁਸ਼ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਦਿੱਤੇ ਹਨ ।

ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ : ਆਨ ਏ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ਼ ਆਰਡਰ, ਸਰ । ਮੈਂ ਇਹ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਸ ਕੇਸ ਵਿੱਚ ਕਤਲ ਹੋਇਆ ਹੋਵੇ ਅਤੇ ਉਸ ਦੇ ਮਰਡਰ ਬਾਰੇ ਪੁਲਿਸ ਨੇ ਇਨਵੈਸਟੀ-ਗੇਸ਼ਨ ਤੇ ਉਸ ਦੀ ਫ਼ਾਈਂਡਿੰਗ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਹੋਵੇ ਕੀ ਉਸ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿੱਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ?

ਕਾਮਰੇਡ ਗੁਰਬਖਸ਼ ਸਿੰਘ ਧਾਲੀਵਾਲ : ਇਹ ਕੇਸ ਅਜੇ ਦਾਇਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਕੋਰਟ ਵਿੱਚ ਚਲਦਾ ਹੈ ।

ਸ਼੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਜੇ ਕੇਸ ਕੋਰਟ ਵਿੱਚ ਚਲਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸ ਦਾ ਕੋਈ ਜ਼ਿਕਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ। (It cannot be mentioned here if the case is Sub-judice.)

ਸਰਦਾਰ ਨਾਰਾਇਣ ਸਿੰਘ ਸ਼ਾਹਬਾਜ਼ਪੁਰੀ : ਕਿਉਂਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਮੇਰੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਕਿਹਾ

11-00 A. M.

ਸੀ ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਜਵਾਬ ਦਿਤਾ । ਬਲਾਕ ਸਮਿਤੀ ਨੇ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਕਿ ਪੁਲਿਸ ਨੇ ਜ਼ਿਆਦਤੀ ਕੀਤੀ ਔਰ ਉਸ ਦੇ ਖਿਲਾਫ਼ ਐਕਸ਼ਨ ਲਿਆ ਜਾਏ, ਇਹ ਰਿਕਮੈਂਡ ਕੀਤਾ । ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਨੇ ਸਿਰਫ਼ ਪੁਲਿਸ ਨੂੰ ਖੁਸ਼ ਕਰਨ ਲਈ ਬਿਆਨ ਦਿਤਾ ਔਰ ਗਵਾਹੀ ਦਿਤੀ । ਜਿਹੜੀ ਗੱਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜਜਮਾਨਾਂ ਦੀ ਸੇਵਾ ਕਰਨ ਬਾਰੇ ਕਹੀ ਹੈ, ਉਹ ਠੀਕ ਹੈ, ਮੈਂ ਸੇਵਾ ਕੀਤੀ ਉਸ ਦਾ ਫਲ ਮਿਲਿਆ । ਜੇ ਉਹ ਵੀ ਸੇਵਾ ਕਰਦੇ ਤਾਂ ਕਿਉਂ 3700 ਵੋਟਾਂ ਨਾਲ ਨਾ ਜਿਤ ਜਾਂਦੇ । ਕਾਂਗਰਸ ਦਾ ਕੈਂਡੀਡੇਟ 3700 ਵੋਟ ਲੈ ਕੇ ਜਿਤਿਆ ਹੈ ।

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : ਕੁਰੈਕਟ ਕਰ ਲਓ । 3,700 ਨਹੀਂ 2,700 ਵੋਟਾਂ ਨਾਲ ਜਿਤਿਆ ਹੈ ।

Sardar Narain Singh Shahbazpuri : Sorry.

RESUMPTION OF DISCUSSION ON NO CONFIDENCE MOTION

चौधरी नेत राम : आपने बतलाया था कि लिस्ट के अनुसार सभी पार्टियों को टाईम दिया है और देंगे तो मैं प्रार्थना करूंगा कि सोशलिस्ट ग्रुप का भी ध्यान रखिएगा ।

श्री अध्यक्ष : मेरी कोशिश होगी कि मेन स्पीकर के बाद थोड़ा थोड़ा टाइम हर एक को दिया जाए । (I will try to give a few minutes time to every one after the main speaker)

ਕਾਮਰੇਡ ਸ਼ਮਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਜੋਸ਼ (ਰੋਪੜ) : ਸ੍ਰੀ ਮਾਨ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਇਹ ਬੇਪਰਤੀਤੀ ਦਾ ਪ੍ਰਸਤਾਵ ਉਸੇ ਨੀਤੀ ਦਾ ਅੰਗ ਹੈ ਜਿਸ ਨਾਲ ਕਿ ਕਮਿਊਨਿਸਟ ਪਾਰਟੀ ਲੋਕ ਹਿਤਾਂ ਦੀ ਰਾਖੀ ਲਈ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਨੀਤੀ ਦੇ ਵਿਰੁਧ ਲੜਦੀ ਆਈ ਹੈ । ਮੈਂ ਇਹ ਨਹੀਂ ਚਾਹੁੰਦਾ ਕਿ ਕਿਸੇ ਵਿਅਕਤੀ ਦੀ ਕੇਰੈਕਟਰਾਈਜ਼ੇਸ਼ਨ ਕੀਤੀ ਜਾਏ ਲੇਕਿਨ ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਦੀ ਸ਼ਖਸੀਅਤ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਉਤੇ ਇਤਨੀ ਭਾਰੂ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਜਦ ਤਕ ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਕਢਿਆ ਨਾ ਜਾਏ ਤਦ ਤਕ ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਮਸ਼ੀਨਰੀ ਠੀਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੀ। ਇਸ ਲਈ ਮੁਖ ਮੰਤਰੀ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਇਹ ਬੇਪਰਤੀਤੀ ਦਾ ਮਤਾ ਲਿਆਂਦਾ ਗਿਆ ਹੈ ।

ਇਥੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿਉਂਕਿ ਪੱਟੀ ਦੀ ਇਲੈਕਸ਼ਨ ਵਿਚ ਜਨਤਾ ਨੇ ਇਕ ਵਰਡਿਕਟ ਦੇ ਦਿਤਾ ਕਿ ਕਾਂਗਰਸ ਦੀ ਪਾਲੀਸੀ ਠੀਕ ਹੈ ਤਾਂ ਫਿਰ ਇਸ ਪ੍ਰਸਤਾਵ ਦੀ ਲੋੜ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਜਾਂਦੀ । ਮੈਂ ਇਹ ਵੀ ਦਸਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਕੇਰਲਾ ਦੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੋਈ ਮਨਿਸਟਰ ਉਥੇ ਨਾ ਗਿਆ ਹੁੰਦਾ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿ ਕੇਰਲ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦਾ ਕੋਈ ਵਜ਼ੀਰ ਚੋਣਾਂ ਵਿਚ (ਬਾਈ-ਇਲੈਕਸ਼ਨਜ਼) ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਗਿਆ ਸੀ ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਮਝ ਸਕਦਾ ਸੀ ਕਿ ਇਹ ਗੱਲ ਠੀਕ ਹੈ । ਲੇਕਿਨ ਕੀ ਇਸ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਕੋਈ ਮਨਿਸਟਰ ਜਾਂ ਮੈਂਬਰ ਇਹ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਥੇ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਗਿਆ । ਜੇ ਉਹ ਨਾ ਜਾਂਦੇ ਤਾਂ ਮੈਂ ਦਾਅਵੇ ਨਾਲ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕਾਂਗਰਸੀ ਉਥੇ ਜ਼ਰੂਰ ਹਾਰਦੇ । ਇਹ ਜਿੱਤ ਕਾਂਗਰੇਸ ਦੀ ਮਸ਼ੀਨਰੀ ਦੇ ਸਬਬ ਨਾਲ ਔਰ ਨਾਨ ਕਮਿਊਨਿਸਟ ਯੂਨਾਈਟਿਡ ਫਰੰਟ ਦੀ ਧਾਂਧਲੀ ਨਾਲ ਹੋਈ ਹੈ । ਔਰ ਫਿਰ ਇਹ ਵੀ ਕਹਿਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਿਰਫ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ 2,700 ਵੋਟਾਂ ਲਈਆਂ ਹਨ ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿ ਹਾਲਾਤ ਨੂੰ ਵੇਖਦੇ ਹੋਏ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ।

ਇਥੇ ਇਹ ਵੀ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਕਮਿਊਨਿਸਟ ਸੰਤ ਫਤਿਹ ਸਿੰਘ ਗਰੁਪ ਨਾਲ ਮਿਲੇ ਹੋਏ ਹਨ ਜਦ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਪਾਰਟੀ ਇਕ ਕਮਿਊਨਲ ਪਾਰਟੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਇਹ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦ ਸਾਡੇ ਮੁਲਕ ਦੀ ਸਰਹੱਦ ਤੇ ਚੀਨ ਨੇ ਹਮਲਾ ਕੀਤਾਂ ਔਰ ਇਥੇ ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਔਰ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਕੁਝ ਅਜਿਹੀਆਂ ਪਾਰਟੀਆਂ ਵਜੂਦ ਵਿਚ ਆਈਆਂ ਸਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਨਹਿਰੂ ਨੂੰ ਗੱਦੀ ਤੋਂ ਲਾਹੁਣ ਦਾ ਨਾਅਰਾ ਦਿਤਾ ਸੀ ਔਰ ਅਮਰੀਕਾ ਦੀ ਝੋਲੀ ਚੁਕਣੀ ਚਾਹੀ ਸੀ ਉਸ ਵੇਲੇ ਸੰਤ ਫਤਿਹ ਸਿੰਘ ਦੀ ਪਾਰਟੀ ਔਰ ਸਾਡੀ ਪਾਰਟੀ ਨੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਨਹਿਰੂ ਨੂੰ ਔਰ ਨਹਿਰੂ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਮਜ਼ਬੂਤ ਕਰੋ ।

श्री जगन्नाथ : आन ए प्वांयट आफ आर्डर, सर । क्या जोश साहिब संत फतेह सिंह पर बोल रहे हैं ?

Mr. Speaker : This is no point of order.

ਕਾਮਰੇਡ ਸ਼ਮਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਜੋਸ਼ : ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਗਿਆਨ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡਾ ਅਸੂਲ ਕੀ ਹੈ । ਜਿਹੜੇ ਬੁਨਿਆਦੀ ਖਿਆਲ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੈਂ ਅਤੇ ਸਾਡੀ ਪਾਰਟੀ ਹਰ ਵੇਲੇ ਸਟਿਕ ਕਰਦੀ ਹੈ ਔਰ ਅਕਾਲੀ ਪਾਰਟੀ ਨਾਲ, ਜਨ ਸੰਘ ਦੇ ਨਾਲ, ਯੂਨਾਈਟਿਡ ਫਰੰਟ ਦੇ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਅਸੂਲਾਂ ਦੇ ਕਾਰਨ ਮੈਨੂੰ ਅੰਦਰ ਵੀ ਇਖਤਲਾਫ ਹੈ, ਬਾਹਰ ਵੀ ਇਖਤਲਾਫ ਹੈ ਜਿਹੜੇ ਅਸੂਲ ਕਿ ਅਸੀਂ ਮੰਨਦੇ ਹਾਂ ਔਰ ਇਹ ਪਾਰਟੀਆਂ ਵਿਰੋਧ ਕਰਦੀਆਂ ਹਨ । ਜਿੱਥੋਂ ਤਕ ਸੰਤ ਫਤਿਹ ਸਿੰਘ ਦੀ ਪਾਰਟੀ ਨਾਲ ਰਲੇਂ ਰਹਿਣ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ, ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਸ ਨਾਲ ਰਲ ਕੇ ਮੈਂ ਕਮਿਊਨਲ ਪਾਰਟੀਆਂ ਨੂੰ ਮਜ਼ਬੂਤ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਸਗੋਂ ਕਮਜ਼ੋਰ ਕੀਤਾ ਹੈ ।

ਮੈ ਇਕ ਪ੍ਰਸਤਾਵ ਨੈਸ਼ਨਲਾਈਜ਼ੇਸ਼ਨ ਦੀ ਪਾਲਿਸੀ ਗੌਰਮਿੰਟ ਵਲੋਂ ਅਡਾਪਟ ਕਰਨ ਬਾਰੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਸੀ ਜਿਸਦੀ ਸਪੋਰਟ ਸੰਤ ਫਤਿਹ ਸਿੰਘ ਦਾ ਗਰੁਪ ਕਰਦਾ ਰਿਹਾ ।

ਇਕ ਗੱਲ ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ ਨੇ ਕਹੀ ਕਿ ਜੇ ਕੈਰੋਂ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਰਿਪਲੇਸ ਕਰਨਾ ਪਿਆ ਤਾਂ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੋਵੇਗਾ । ਕੀ ਜਨ ਸੰਘ, ਅਕਾਲੀ, ਜਾਂ ਯੂਨਾਈਟਿਡ ਪਾਰਟੀ ਰਿਪਲੇਸ ਕਰੇਗੀ ? ਠੀਕ ਹੈ, ਕਿ ਮੈਂ ਇਸ ਦਾ ਹਾਮੀ ਨਹੀਂ ਲੇਕਿਨ ਮੈਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦ ਸੁਪਰੀਮ ਕੋਰਟ ਨੇ 16 ਵਰਡਿਕਟਸ ਔਰ ਸਿਟਰਿਕਚਰਸ ਕੈਰੋਂ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਪਾਸ ਕੀਤੇ ਔਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕੋਈ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਜਦ ਕਿ ਸੰਜੀਵ ਰੈਡੀ ਨੇ ਸਿਰਫ ਇਕ ਸਿਟਰਿਕਚਰ ਦੇ ਪਾਸ ਹੋਣ ਤੇ ਹੀ ਰਿਜ਼ਾਈਨ ਕਰ ਦਿਤਾ ਤਾਂ ਕਿਹੜੀਆਂ ਮੌਰਲ ਗ੍ਰਾਊਂਡਜ਼ ਰਹਿ ਗਈਆਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਨ ਵਿਊ ਰਖਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ।

ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰੇਮ ਸਿੰਘ ਪ੍ਰੇਮ : ਜੋਸ਼ ਸਾਹਿਬ, ਕਮਿਊਨਿਜ਼ਮ ਦੇ ਬੁਨਿਆਦੀ ਅਸੂਲਾਂ ਦੀ ਗੱਲ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ, ਤਾਂ ਕੀ ਮੈਂ ਜਾਣ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਰਾਂਜਯ ਸਭਾ ਵਿਚ ਦੁੱਗਲ ਨੂੰ ਭੇਜਣ ਵਿਚ ਕਿਹੜਾ ਅਸੂਲ ਅਪਨਾਇਆ ਹੈ ? ਇਸ ਗਲ ਨਾਲ ਤਾਂ ਲੈਨਿਨ ਦੀ ਰੂਹ ਵੀ ਤੜਪ ਉਠੀ ਹੋਵੇਗੀ ।

ਕਾਮਰੇਡ ਸ਼ਮਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਜੋਸ਼ : ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਕਾਂਗਰਸ ਦੀ ਮਜੋਰਿਟੀ ਹੈ, ਮਗਰ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਮੈਂਬਰਾਂ ਤੋਂ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਨੇ ਕੀ ਗਿਦੜ ਸਿੰਘੀ ਸੁੰਘਾਈ ਹੋਈ ਹੈ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਉਸ ਨੂੰ ਛਡ ਨਹੀਂ ਸਕਦੇ । ਮੈਂ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਪੂਰੇ ਜ਼ੋਰ ਨਾਲ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦ ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਕੁਰਪਸ਼ਨ ਦਾ ਮਾਨੂਮੈਂਟ ਬਣ ਜਾਏ ਤਾਂ ਫਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਪੁੱਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕਾਂਗਰਸ ਪਾਰਟੀ ਉਸ ਨੂੰ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਛੱਡਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ । ਤੁਹਾਡੀ ਸਭਾ ਵਿਚ ਹੋਰ ਵੀ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਲੀਡਰਜ਼ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਕੋਈ ਲੀਡਰ ਚੁਣ ਲਉ ਵਰਨਾ ਆਉਣ ਵਾਲੀਆਂ ਇਲੈਕਸ਼ਨਾਂ ਵਿਚ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਲੋਕ ਨਾ ਸਿਰਫ ਕੈਰੋਂ ਨੂੰ ਬਲਕਿ ਸਾਰੀ ਪਾਰਟੀ ਨੂੰ ਬਰੋ ਕਰ ਦੇਣਗੇ । ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਾਡਾ ਸਰਕਾਰ ਦੀਆਂ ਕੁਝ ਨੀਤੀਆਂ ਨਾਲ ਵਿਰੋਧ ਹੈ । ਪਹਿਲੇ ਟੈਕਸਾਂ ਸਬੰਧੀ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਜੋ ਨੀਤੀ ਹੈ ਮੈਂ ਉਸ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਦਾ ਹਾਂ । ਸਨ 1960-61 ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਟੋਟਲ ਡਾਇਰੈਕਟ ਟੈਕਸ 8 ਕਰੋੜ 29 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦੇ

ਲਾਏ । ਔਰ ਸਨ 1964-65 ਦੇ ਵਿਚ ਇਨਡਾਇਰੈਕਟ ਟੈਕਸ 11 ਕਰੋੜ 73 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦੇ ਲਾਏ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕੇਵਲ ਤਿੰਨ ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦੇ ਟੈਕਸਾਂ ਦਾ ਵਾਧਾ ਧਨਾਢ ਲੋਕਾਂ ਲਈ ਕੀਤਾ ਮਗਰ ਇਸ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਵਿਚ ਗਰੀਬਾਂ ਤੇ 1960-61 ਵਿਚ 22 ਕਰੋੜ 14 ਲੱਖ ਦੇ ਟੈਕਸ ਲਾਏ ਔਰ 1964-65 ਵਿਚ 39 ਕਰੋੜ 79 ਲੱਖ ਦੇ ਟੈਕਸ ਲਾਏ । ਇਸ ਦਾ ਮਤਲਬ ਹੈ ਕਿ 17 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਜਨਤਾ ਤੇ ਟੈਕਸਾਂ ਦਾ ਵਾਧਾ ਕੀਤਾ ਲੇਕਿਨ ਧਨਾਢਾਂ ਤੇ ਸਿਰਫ ਤਿੰਨ ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦੇ ਟੈਕਸਾਂ ਦਾ ਵਾਧਾ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਇਹ ਜੋ ਨੀਤੀ ਹੈ ਇਹ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਵੀ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਜਾਪਦੀ । ਇਸ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਕਰਾਚੀ ਦੇ ਵਿਚ ਇਸ ਕਾਂਗਰਸ ਨੇ ਆਜ਼ਾਦੀ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਮਤਾ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਸੀ ਕਿ ਪੰਜ ਏਕੜ ਤਕ ਜਿਸ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਹੋਵੇਗੀ ਉਸ ਆਦਮੀ ਦਾ ਮਾਲੀਆ ਮਾਫ ਹੋਵੇਗਾ । ਮਗਰ ਸਾਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਦੇ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅਜ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 16 ਸਾਲ ਰਾਜ ਕਰਦਿਆਂ ਹੋ ਗਏ ਹਨ ਮਗਰ ਉਸ ਮਤੇ ਰਾਹੀਂ ਕੀਤੇ ਗਏ ਵਾਅਦੇ ਨੂੰ ਇਹ ਪੂਰਾ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕੇ । ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਾਂਗਰਸ ਨੇ ਜਿਹੜਾ ਯੂਨੀਅਨਿਸਟਾਂ ਦਾ ਜ਼ੈਲਦਾਰੀ ਸਿਸਟਮ ਸੀ ਉਸ ਨੂੰ ਹਟਾਇਆ ਸੀ ਲੇਕਿਨ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਅਜ ਫੇਰ ਮੁੜਕੇ ਜ਼ੈਲਦਾਰੀ ਸਿਸਟਮ ਲਿਆ ਰਹੀ ਹੈ ਔਰ ਦਲੀਲ ਇਹ ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਜਨਤਾ ਦੇ ਨਾਲ ਸਾਡਾ ਲਿੰਕ ਟੁਟ ਗਿਆ ਸੀ । ਮੈਂ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੀ ਪਬਲਿਕ ਰੀਲੇਸ਼ਨਜ਼ ਡੀਪਾਰਟਮੈਂਟ ਤੁਹਾਡਾ ਲਿੰਕ ਨਹੀਂ ਸੀ ਜੋੜ ਸਕਦਾ । ਪਰ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਕੁਝ ਹੋਰ ਹਨ ਔਰ ਕਰਦੇ ਕੁਝ ਹੋਰ ਹਨ । ਇਕ ਇਥੇ ਰੀਸੋਰਸਿਜ਼ ਐਂਡ ਰੀਟਰੈਂਚਮੈਂਟ ਕਮੇਟੀ ਬਣੀ ਸੀ ਜਿਸ ਦੇ ਪ੍ਰਧਾਨ, ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ ਤੁਸੀਂ ਸੀ ਔਰ ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ ਹੋਰੀਂ ਮੈਂਬਰ ਸਨ ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਮੈਂ ਪ੍ਰਧਾਨ ਨਹੀਂ ਸੀ, ਜੋਸ਼ ਸਾਹਿਬ ਸਨ । I was not Chairman of that committee but Josh Sahib.

ਕਾਮਰੇਡ ਸ਼ਮਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਜੋਸ਼ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਤੁਸੀਂ ਉਸ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਸੀ । ਉਸ ਕਮੇਟੀ ਨੇ ਜਿਹੜੀਆਂ ਰਿਕਮੈਂਡੇਸ਼ਨਜ਼ ਕੀਤੀਆਂ ਸਨ ਜੇ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੰਨ ਲੈਂਦੀ ਤਾਂ ਉਸ ਦੇ ਨਾਲ 9 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਸਾਲਾਨਾ ਬੱਚਤ ਹੋਣੀ ਸੀ ਔਰ ਲੋਕਾਂ ਤੋਂ ਟੈਕਸਾਂ ਦਾ ਬੋਝ ਘਟ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਸੀ । ਮਗਰ ਇਹ ਨਹੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਕਿ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਭਾਰ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਹੌਲਾ ਹੋਵੇ ਅਤੇ ਉਹ ਸੁਖ ਦਾ ਸਾਹ ਲੈਣ । ਮੈਂ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਚਾਰਜ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਜਾਣ ਬੁਝ ਕੇ ਜਨਤਾ ਤੇ ਟੈਕਸਾਂ ਦਾ ਭਾਰ ਪਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਮੈਂ ਸਬਾਰਡੀਨੇਟ ਸਰ-ਵਸਿਜ਼ ਵੱਲੋਂ ਵੀ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਚਾਰਜਸ਼ੀਟ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿਉਂ ਕਿ ਇਸ ਮਹਿੰਗਾਈ ਦੇ ਜ਼ਮਾਨੇ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਵਧਾਉਣ ਵਲ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਜਦੋਂ ਕਿ ਸੈਂਟਰ ਦੇ ਵਿਚ ਕਲਰਕਾਂ ਅਤੇ ਚਪੜਾਸੀਆਂ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਵਾਧਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਥੇ ਕਲਾਸ IV ਦੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਦੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਸਿਰਫ ਪੰਜ ਰੁਪਏ ਮਹੀਨਾ ਵਧਾਏ ਹਨ ਬਾਕੀ ਕਲਾਸ III ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ । ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਹ ਵੀ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਇਕ ਬੜਾ ਵੱਡਾ ਚਾਰਜ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਵੱਲੋਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਅਜ ਮਹਿੰਗਾਈ ਨੇ ਕਮਰ ਤੋੜੀ ਹੋਈ ਹੈ । ਅਤ ਵਿਚ ਮੈਂ ਇਹ ਗੱਲ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਸਿਆਸੀ ਲਾਈਫ ਨੂੰ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਵਿਚ ਬੜਾ ਕੁਰਪਟ ਬਣਾ ਦਿੱਤਾ ਹੈ । ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਮੈਂ ਇਕ ਦੋ ਗੱਲਾਂ ਕਹਿਣੀਆਂ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ । ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਵਿਚ ਸਿਸਵਾਂ ਸੁਪਰ ਪੈਸੇਜ ਦਾ ਠੇਕਾ ਕੈਪੀਟਲ ਕੰਸਟਰਕਸ਼ਨ ਕੰਪਨੀ ਜਿਸ ਦਾ ਮੈਨੇਜਰ ਕਿਰਪਾ ਸਿੰਘ ਹੈ, ਨੂੰ ਇਸ

[ਕਾਮਰੇਡ ਸ਼ਮਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਜੋਸ਼]

ਕਰਕੇ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਕਿਉਂਕਿ ਉਸ ਕੰਪਨੀ ਦੇ ਵਿਚ ਸੁਰਿੰਦਰ ਕੈਰੋਂ ਦੇ ਹਿੱਸੇ ਹਨ । ਉਸ ਠੇਕੇ ਦੇ ਵਾਸਤੇ ਸਭ ਤੋਂ ਘਟ ਟੈਂਡਰ ਸਾਹਿਬ ਸਿੰਘ ਦਾ ਸੀ, ਉਸ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਮਗਰ ਕਿਰਪਾ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਨੂੰ ਵੈਸੇ ਹੀ ਐਗਰੀਮੈਂਟ ਕਰਕੇ ਦੇ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਕਿਉਂਕਿ ਉਸ ਦੇ ਵਿਚ ਸਰਦਾਰ ਸੁਰਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਕੈਰੋਂ ਦਾ ਹੱਥ ਸੀ । ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਬਰਸਾਤ ਆਉਣ ਵਾਲੀ ਹੈ ਮਗਰ ਉਥੇ ਅਜੇ ਤਕ ਪੁਲ ਨਹੀਂ ਬਣਿਆ, ਅਕਤੂਬਰ ਦੇ ਮਹੀਨੇ ਤੋਂ ਇਹ ਕੰਪਨੀ ਕੰਮ ਛਡ ਕੇ ਗਈ ਹੋਈ ਹੈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਦੋ ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਐਡਵਾਂਸ ਲੈ ਲਿਆ ਹੈ ਔਰ ਪੰਜ ਹਜ਼ਾਰ ਸੀਮਿੰਟ ਦੀਆਂ ਬੋਰੀਆਂ ਚੋਰੀ ਵੇਚ ਲਈਆਂ ਹਨ । ਮਗਰ ਹੈਰਾਨੀ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਅਜੇ ਤਕ ਵੀ ਮਹਿਕਮੇ ਨੇ ਉਸ ਕੰਪਨੀ ਦਾ ਠੇਕਾ ਕੈਂਸਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ । ਇਹ ਠੇਕਾ ਕੈਂਸਲ ਹੋਣਾ ਚਾਹਿਦਾ ਸੀ । ਇਸ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੇ ਜ਼ਿਲੇ ਦੇ ਵਿਚ ਮਾਲ ਮੰਡੀਆਂ ਲਗਦੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਸੀ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਪੰਜ ਪੰਜ ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਿਆ ਸਮਿਤੀਆਂ ਨੂੰ ਆਮਦਨ ਹੁੰਦੀ ਸੀ। ਅੰਬਾਲਾ ਸ਼ਹਿਰ ਵਿਚ ਸਰਦਾਰ ਤਰਲੋਕ ਸਿੰਘ ਪੰਨੀ ਨੇ ਅਫਸਰਾਂ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਕਿ ਮੈਂ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਦਾ ਆਦਮੀ ਹਾਂ ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਨੂੰ ਮਾਲ ਮੰਡੀ ਲਾਉਣ ਦੀ ਅਜਾਜ਼ਤ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ । ਚੁਨਾਚੇ ਉਸ ਨੇ ਬਲਾਕ ਸਮਿਤੀ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਵਿਚ ਆਪਣੀ ਮੰਡੀ ਲਾ ਲਈ ਹੈ ਔਰ ਜੇਹੜੀ ਆਮਦਨ ਪਹਿਲਾਂ ਸਮਿਤੀ ਨੂੰ ਹੋਇਆ ਕਰਦੀ ਸੀ ਉਹ ਹੁਣ ਉਸ ਦੀ ਜੇਬ ਦੇ ਵਿਚ ਜਾਣ ਲੱਗ ਪਈ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੋਹਾਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਦੇ ਬਾਰੇ ਪੁਜ਼ੀਸ਼ਨ ਸਾਫ਼ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਕਿ ਜਨਤਾ ਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਨਾ ਹੋਵੇ । ਇਹ ਚੀਜ਼ਾਂ ਅਗਰ ਠੀਕ ਕਰ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾਣ ਤਾਂ ਉਸ ਦੇ ਬਾਅਦ ਵੀ ਅਸੀਂ ਇਸ ਹੱਕ ਦੇ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਕਿ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਵਿਚ ਰੂਲ ਕਰਨ ਜਾਂ ਉਸ ਦੀ ਪਾਰਟੀ ਰੂਲ ਕਰੇ । ਇਹ ਯੂਨੀਅਨਿਸਟਾਂ ਦੇ ਰਸਤੇ ਤੇ ਚਲ ਰਹੇ ਹਨ ਇਸ ਕਰਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਥੇ ਰੂਲ ਕਰਨ ਦਾ ਕੋਈ ਹੱਕ ਨਹੀਂ । ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਇਥੇ ਮੁੜ ਕੇ ਜ਼ੈਲਦਾਰੀ ਸਿਸਟਮ ਜਾਰੀ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਤਾਂ ਸਾਰੇ ਅਸੂਲ ਛਡ ਦਿਤੇ ਹਨ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਜਨਤਾ ਇਹ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੀ ਕਿ ਇਹ ਸਾਡੇ ਤੇ ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਹਕੂਮਤ ਕਰਨ । ਬਸ ਮੈਂ ਇਤਨਾ ਕਹਿ ਕੇ ਆਪਦਾ ਸ਼ੁਕਰੀਆ ਅਦਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ।

PERSONAL EXPLANATION BY SARDAR GURDIAL SINGH DHILLON.

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿੱਲੋਂ : ਆਨ ਏ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਪਰਸਨਲ ਐਕਸਪਲੇਨੇਸ਼ਨ, ਸਰ । ਮੇਰੀ ਅਦਮ ਮੌਜੂਦਗੀ ਵਿਚ ਸਰਦਾਰ ਨਾਰਾਇਣ ਸਿੰਘ ਸ਼ਾਹਬਾਜ਼ਪੁਰੀ ਹੋਰਾਂ ਨੇ ਮੇਰੇ ਬਾਰੇ ਆਪਣੇ ਪਰਸਨਲ ਐਕਸਪਲੇਨੇਸ਼ਨ ਵਿਚ ਕੁਝ ਗੱਲਾਂ ਕਹੀਆਂ । ਅਰਜ਼ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਵਲਟੋਹੇ ਦੇ ਥਾਣੇ ਵਿਚ ਥੋੜਾ ਚਿਰ ਹੋਇਆ ਚਾਰ ਸਮਗਲਰ ਪੁਲਿਸ ਐਨਕਾਉਂਟਰ ਵਿਚ ਮਾਰੇ ਗਏ । ਪੁਲਿਸ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਇਕ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਆਈ ਜਿਸ ਦਾ ਕਿ ਮੈਂ ਕੱਲ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਸੀ । ਜਿਹੜੇ ਆਦਮੀ ਮਾਰੇ ਗਏ ਸੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਡੀਫੈਂਡ ਕਰਨ ਲਈ ਜ਼ਿਲਾ ਪਰੀਸ਼ਦ ਦੇ ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਰਦਾਰ ਨਾਰਾਇਣ ਸਿੰਘ ਸ਼ਾਹਬਾਜ਼ਪੁਰੀ ਅਤੇ ਡਿਸਟ੍ਰਿਕਟ ਕਾਂਗਰਸ ਕਮੇਟੀ ਦੇ ਪਰੈਜ਼ੀਡੈਂਟ ਨੇ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਦਿੱਤਾ ਜਿਸ ਦੇ ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਪੁਲੀਸ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਬਹੁਤ ਕੁਝ ਕਿਹਾ ਮਗਰ ਉਸ ਦੇ ਬਾਅਦ ਜਦੋਂ ਜੁਡੀਸ਼ਲ ਇਨਕੁਇਰੀ ਹੋਈ ਤਾਂ ਉਸ ਦੇ ਵਿਚ ਪੁਲਿਸ ਵਰਸ਼ਨ ਨੂੰ ਠੀਕ ਮੰਨਿਆ ਗਿਆ । ਇਸ ਕਰਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੋਹਾਂ ਦੇ ਵਿਚੋਂ ਇਕ ਤਾਂ ਜ਼ਰੂਰ ਗਲਤ

